बैशाख शुक्ल पक्ष प्रतिपदा
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 9 मई 2024
वर्ष-34, अंक-102, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

लखनऊ
एक सम्पूर्ण अखबार
www.amritvichar.com



राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत 16
दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज 2




## एक नजर

### तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

**दंतेवाड़ा।** छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में तीन नक्सलियों ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण कर दिया है।आत्मसमर्पित माओवादी मलांगेर एरिया कमेटी में सक्रिय थे। आत्मसमर्पण करने वालों में कुमारी नंदे मरकाम केएएमएस सदस्यकेशा गोंचे, गोंडेरास पंचायत मिलिशिया सदस्यकुमारी मल्ले, गोण्डेरास पंचायत सीएनएम सदस्य शामिल हैं।

### गुजरात में भूकंप के झटके, 3.7 रही तीव्रता

**अहमदाबाद।** गुजरात में गिर सोमनाथ जिले के तलाला में बुधवार दोपहर 3.7 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंपीय अनुसंधान संस्थान ने बताया कि उसके शीघ्र बाद 3.4 तीव्रता का भी भूकंप आया। अपनी रिपोर्ट में कहा कि 3:14 बजे 3.7 तीव्रता का भूकंप आया जिसका केंद्र राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में तलाला से करीब 13 किमी दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था। 3:18 बजे फिर 3.4 तीव्रता का झटका लगा जिसका केंद्र तलाला से करीब 12 किमी दूर उत्तर-उत्तरपूर्व में था। जिला प्रशासन ने बताया कि भूकंप के कारण जानमाल के नुकसान की कोई खबर नहीं है।

### कर हस्तांतरण फॉर्मूले पर मांगी जनता से राय

**नई दिल्ली।** 16वें वित्त आयोग ने बुधवार को कर हस्तांतरण फार्मूला और राज्यों की समेकित निधि बढ़ाने के उपायों जैसे बिंदुओं पर आम जनता और संगठनों से विचार आमंत्रित किए। अरविंद पनगढ़िया की अध्यक्षता में 16वें वित्त आयोग का गठन 31 दिसंबर, 2023 को किया गया था। पूर्व व्यय सचिव अजय नारायण झा, सेवानिवृत्त नौकरशाह एनी जॉर्ज मैथ्यू और अर्थशास्त्री मनोज पांडा इसके पूर्णकालिक सदस्य हैं जबकि एसबीआई समूह के मुख्य आर्थिक सलाहकार सौम्य कांति घोष अंशकालिक सदस्य हैं।

# एआई एक्सप्रेस की 90 उड़ानें रद

## 200 से अधिक चालक बीमार होने की सूचना देकर छुट्टी पर चले गए

नई दिल्ली/कोच्चि, एजेंसी



- देश के अनेक हवाई अड्डों पर फंसे रहे सैकड़ों यात्री
- कंपनी ने कहा-अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेंगे

टाटा समूह के स्वामित्व वाली विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण 200 से अधिक नाराज चालक बीमार होने की सूचना देकर अचानक छुट्टी पर चले गए।

इस कारण एयर इंडिया (एआई) एक्सप्रेस को मंगलवार रात से अपनी 90 से अधिक उड़ान रद करनी पड़ी हैं। उड़ाने रद होने से देश के अनेक हवाईअड्डों पर सैकड़ों यात्री फंसे गए। केरल के कुछ हवाई अड्डों पर यात्रियों ने उड़ान रद होने के खिलाफ प्रदर्शन किया जिनमें अधिकतर खाड़ी देशों की यात्रा करने वाले थे।

कोच्चि, कालीकट तथा बेंगलुरू समेत अनेक हवाईअड्डों पर कंपनी का विमान परिचालन अवरुद्ध हो गया है। कंपनी ने उड़ानें रद होने या इनमें देरी के लिए खेद जताया। उधर, चालक दल को लेकर संकट के बीच सीईओ आलोक सिंह ने कहा कि एयर इंडिया एक्सप्रेस अगले कुछ दिन उड़ानों में कटौती करेगी

### सरकार ने कहा-तुरंत निकालें समाधान

उड़ानें रद होने के बीच नागर विमानन मंत्रालय ने एयर इंडिया एक्सप्रेस से समस्या का तुरंत समाधान निकालने को कहा और उससे उड़ानें रद होने पर रिपोर्ट मांगी है। सूत्रों के मुताबिक विमानन कंपनी में कुप्रबंधन के कारण चालक दल के सदस्य बड़ी संख्या में एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं।

## उत्तराखंड में जंगल की आग पर सुप्रीम कोर्ट सख्त

# इंद्रदेव के भरोसे न रहें, त्वरित समाधान करें

नई दिल्ली, एजेंसी



- राज्य सरकार ने बताया : वन्यजीव क्षेत्र के 0.1 प्रतिशत हिस्से में आग
- पिछले साल नवंबर से अब तक राज्य में 398 घटनाएं, सभी मानव निर्मित
- मामले में 350 आपराधिक केस दर्ज 62 लोगों को किया गया चिन्हित

सुप्रीम कोर्ट ने उत्तराखंड में जंगल की आग को लेकर राज्य सरकार से कहा कि क्लाउड सीडिंग (कृत्रिम बारिश) या इंद्र देवता पर निर्भर रहना इस मुद्दे का समाधान नहीं है और राज्य को इसके लिए शीघ्र निवारक उपाय करने होंगे। पीठ राज्य में जंगल की आग से संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी।

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में जंगल की भीषण आग पर काबू पाने के लिए उठाए गए कदमों से उच्चतम न्यायालय को बुधवार को अवगत कराया और कहा कि आग की घटना से राज्य का केवल 0.1 प्रतिशत वन्यजीव क्षेत्र प्रभावित हुआ है।

राज्य सरकार ने न्यायमूर्ति बीआर गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ को बताया कि पिछले साल नवंबर से राज्य में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुई हैं और वे सभी मानव निर्मित हैं। राज्य सरकार के अधिवक्ता ने सरकार की ओर से उठाए कदमों से अवगत कराने के अलावा पीठ को बताया कि जंगल की आग के संबंध में 350 आपराधिक मामले दर्ज किए गए हैं और उनमें 62 लोगों को चिन्हित किया गया है। अधिवक्ता ने कहा कि लोग कहते हैं कि उत्तराखंड का 40 प्रतिशत हिस्सा आग से जल रहा है, जबकि इस पहाड़ी राज्य में वन्यजीव क्षेत्र का केवल 0.1 प्रतिशत हिस्सा ही आग की चपेट में है। अधिवक्ता ने पीठ के समक्ष अंतरिम स्थिति रिपोर्ट भी रखी। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 15 मई की तारीख निर्धारित की है।

## कांग्रेस नेता के बोल-पूर्वी भारतीय चीनी लगते हैं और दक्षिण के अफ्रीकी

# सैम पित्रोदा की टिप्पणियों से देश में फिर खड़ा हुआ विवाद

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस ने टिप्पणियों को गलत बताते हुए खुद को किया अलग



कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा की एक और टिप्पणी को लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया जिसमें उन्होंने कहा है कि पूर्व के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं।

सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों को लेकर उन पर निशाना साधा और दावा किया कि इससे विपक्षी दल की विभाजनकारी राजनीति बेनकाब हो गई है। इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख पित्रोदा ने एक पॉडकास्ट में कहा कि हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें तो लोग साथ रह सकते हैं।

पित्रोदा ने सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से प्रसारित इस साक्षात्कार में कहा कि हम भारत जैसे विविधता से भरे देश को एकजुट रख सकते हैं। जहां पूर्व के लोग चीनी जैसे लगते हैं, पश्चिम के लोग अरब जैसे दिखते हैं, उत्तर के लोग गोरों और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी जैसे लगते हैं। इससे पहले पित्रोदा ने विरासत कर के बारे में बात करके विवाद खड़ा कर दिया था, जिसे भाजपा ने चुनावी मुद्दा बना लिया। पित्रोदा ने कांग्रेस के घोषणापत्र में 'संपदा के पुनः वितरण' के मुद्दे पर बात करते हुए 'अमेरिका में विरासत कर' का उल्लेख किया था।

### पित्रोदा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा ने भारतीयों की शक्ल-सूरत की तुलना विदेश के लोगों से करने संबंधी बयान से उपजे विवाद के बीच बुधवार को पद से इस्तीफा दे दिया। और पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

### पित्रोदा की टिप्पणी अस्वीकार्य : कांग्रेस

पित्रोदा की टिप्पणी से खुद को अलग करते हुए कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा भारत की विविधताओं को जो उपमाएं दी गई हैं, वह अत्यंत गलत और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से अपने आप को पूर्ण रूप से अलग करती है।

### कांग्रेस देश को बांटना चाहती है : भाजपा

भाजपा ने पित्रोदा की टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा और कहा कि जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव आगे बढ़ रहा है, विपक्षी पार्टी का मुखौटा उतरता जा रहा है। पार्टी ने दावा किया कि पित्रोदा की नस्ली टिप्पणियों ने देश को नस्ल, धर्म और जाति के आधार पर बांटने की कांग्रेस की कोशिश को उजागर किया है।

### प्रधानमंत्री मोदी बोले-आज मैं गुस्से में हूं

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सैम पित्रोदा की टिप्पणियों को लेकर बुधवार को विपक्षी दल पर निशाना साधा। तेलंगाना में प्रचार करते हुए मोदी ने कहा कि मैं आज गुस्से में हूं। अगर कोई मुझे गाली देता है तो मुझे गुस्सा नहीं आता। मैं बर्दाश्त कर सकता हूं। लेकिन शहजादे के दार्शनिक ने इतनी बड़ी गाली दे दी, जिससे मुझे गुस्सा आ गया है। मोदी ने पूछा, "क्या मेरे देश में त्वचा के रंग के आधार पर लोगों की क्षमता तय होगी?

# गठबंधन सत्ता में आया तो राम मंदिर पर लग जाएगा बाबरी ताला : शाह

## केंद्रीय गृह मंत्री बोले- ईवीएम का बटन ऐसे दबाना कि इटली में लगे झटका

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज/तिर्वा/ लखीमपुर खीरी



- जनसभा में कहा, हिंदुस्तान से पाकिस्तान का काम करते हैं राहुल बाबा

**अमृत विचार** : गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लखीमपुर खीरी में कांग्रेस और सपा पर तंज कसते हुए उन्हें हिंदू विरोधी बताया। कहा कि इनके पास न नेता है, न कोई नीति है और न ही नीयत है। आप यदि भटके और लोकसभा चुनाव के बाद अगर धोखे से भी इंडिया गठबंधन की सरकार बनी तो ये लोग राम मंदिर पर बाबरी नाम का ताला लगाने का काम करेंगे। गृह मंत्री ने बुधवार को खीरी लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि अब तक हुए तीन चरणों के मतदान में विरोधी दलों का सूपड़ा साफ हो चुका है और भारतीय जनता पार्टी 190 सीट लेकर सबसे आगे चल रही है। शाह ने कांग्रेस पर पिछड़ा वर्ग के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकार बनी है, वहां पिछड़ा वर्ग के पांच फीसदी आरक्षण को काटकर मुस्लिम समाज को दे दिया गया है। उन राज्यों में अगर भाजपा सत्ता में आई तो मुसलमानों से आरक्षण को छीनकर दोबारा पिछड़ा वर्ग समाज को दिया जाएगा। शाह ने कहा कि श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में अखिलेश, डिंपल यादव, राहुल गांधी, प्रियंका को आमंत्रित किया गया था, लेकिन मुस्लिम वोट बैंक के कारण नहीं गए।

वहीं केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कन्नौज में भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक के पक्ष में आयोजित जनसभा में इंडिया गठबंधन पर जोरदार हमला बोला। परिवारवाद को बढ़ावा देने वाले राजनीतिक दलों को लेकर शाह ने कहा कि उनको परिवार के अलावा कुछ नहीं दिखता।

उन्होंने लोगों का आह्वान किया कि ईवीएम का इतनी जोर से बटन दबाना कि झटका इटली में लगे। कहा कि अमेठी से हारे तो वायनाड गए और अब रायबरेली। राहुल अब रायबरेली से भी हारने वाले हैं, हारने के बाद इटली जाएं तो कांग्रेस का भला हो जाए। यह भी कहा कि राहुल हिंदुस्तान में बैठकर पाकिस्तान का काम करते हैं। यदि एक भी सीट यहां से इंडी गठबंधन जीती तो पटाखे पाकिस्तान में जलेंगे। भाषण के दौरान उन्होंने राम मंदिर मोदी सरकार में बनाए जाने तथा कांग्रेस, सपा व बसपा द्वारा अटकाए जाने की बात कहकर भीड़ से समर्थन भी लिया। तिर्वा के डीएन इंटर कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित जनसभा में अमित शाह ने कन्नौज से चौथी बार पार्टी से चुनाव लड़ रहे सांसद सुब्रत पाठक के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की।

# ईवीएम में छेड़छाड़ को रुपये मांगे, सेना का जवान गिरफ्तार

छत्रपति संभाजीनगर, एजेंसी

- शिवसेना (यूबीटी) नेता से मांगे थे ढाई करोड़ रुपये

महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर शहर में पुलिस ने ईवीएम में छेड़छाड़ करने के लिए शिवसेना (यूबीटी) नेता अंबादास दानवे से 2.5 करोड़ रुपये मांगने के आरोप में सेना के एक जवान को गिरफ्तार किया है।

एक अधिकारी ने मंगलवार को बताया कि राज्य विधान परिषद में विपक्ष के नेता दानवे ने पुलिस में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी कि आरोपी मारुती धाकने (42) ने एक चिप के जरिए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में छेड़छाड़ करने का दावा करके उनसे कथित तौर पर पैसे मांगे। आरोपी ने दावा किया कि इस चिप से किसी खास उम्मीदवार को अधिक वोट पाने में मदद मिल सकती है। पुलिस ने बताया कि आरोपी ने अपना कर्ज चुकाने के लिए यह दावा किया। वह ईवीएम के बारे में कुछ नहीं जानता है। पुलिस के अनुसार मंगलवार शाम करीब चार बजे आरोपी ने यहां एक बस स्टैंड के समीप एक होटल में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता अंबादास के छोटे भाई राजेंद्र दानवे से मुलाकात की। अधिकारी ने बताया कि बातचीत के बाद 1.5 करोड़ रुपये में सौदा तय हुआ।

# अल्पमत में हरियाणा सरकार, बहुमत साबित करें सैनी : दुष्यंत चौटाला

हिसार, एजेंसी

- जजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से मांगा इस्तीफा
- तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापसी से उपजा संकट

हरियाणा के पूर्व उप-मुख्यमंत्री एवं जननायक जनता पार्टी के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दुष्यंत चौटाला ने बुधवार को कहा कि तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने से प्रदेश की भाजपा सरकार अल्पमत में हैं और मुख्यमंत्री नायब सैनी विधानसभा में बहुमत साबित करें या मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें। चौटाला बुधवार को हिसार में अर्बन एस्टेट स्थित अपने आवास पर पत्रकार वार्ता कर रहे थे।

जजपा के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री नायब सैनी को 'कमजोर शासक' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का बहुमत साबित करने के लिए जजपा राज्यपाल को पत्र लिखेगी। जजपा सरकार गिराने के पक्ष में है और समूचे विपक्ष का साथ देने को तैयार है। जजपा नेता ने कहा कि भाजपा सरकार को समर्थन देने वालों में से पांच विधायक कम हुए हैं। तीन निर्दलीय विधायकों ने सरकार से कल ही समर्थन वापस ले लिया है और सत्ता पक्ष के मनोहर लाल खट्टर और रणजीत सिंह के रूप में दो विधायक पहले ही इस्तीफा दे चुके हैं।

### भाजपा सरकार को नहीं है कोई खतरा : सैनी

हरियाणा सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापिस लेने पर अपनी प्रतिक्रिया में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने साफ किया है कि बेशक विपक्षी दल सरकार के खिलाफ कितने ही मंसूबे पाल ले मगर हमारी सरकार को कोई खतरा नहीं है। हमारी सरकार निर्बाध तरीके से अपना कार्यकाल पूरा करेगी। सैनी बुधवार को भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के आवास पर पत्रकारों से बातचीत में इस आशय की बात कही।

# केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को आदेश

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में गिरफ्तार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत को लेकर 10 मई को अपना आदेश सुनाएगा। गिरफ्तारी के खिलाफ केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई कर रही पीठ की अध्यक्षता करने वाले न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने कहा कि हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर उस दिन सुनवाई भी होगी।



# झारखंड के ग्रामीण विकास विभाग में ईडी की छापेमारी

रांची, एजेंसी

- मंत्री से जुड़े नकदी बरामदगी मामले में कार्रवाई

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को धनशोधन जांच के तहत रांची में झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के परिसर में छापा मारा। इस मामले में ईडी ने हाल में भारी मात्रा में नकदी जब्त की थी।

आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक यह छापेमारी झारखंड के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल और उनके घरेलू सहायक जहांगीर आलम से पूछताछ से मिली जानकारी के आधार पर की जा रही है। दोनों को केंद्रीय एजेंसी ने सोमवार को गिरफ्तार किया था।

ईडी ने छह मई को की गई तलाशी के दौरान जहांगीर आलम के परिसर से 30 करोड़ रुपये से अधिक नकदी जब्त किया था। ईडी ने मंगलवार को यहां एक अदालत के समक्ष दावा किया था कि संजीव लाल (52) ने कुछ प्रभावशाली लोगों की ओर से कमीशन एकत्र किया। ईडी ने यह भी कहा था कि ग्रामीण विकास विभाग के ऊपर से नीचे तक के सरकारी अधिकारी कथित अवैध नकद भुगतान में संलिप्त हैं। ईडी ने दावा किया कि मामले में वरिष्ठ नौकरशाहों और नेताओं के नाम सामने आए हैं।

# इस्लाम मानने वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं : हाईकोर्ट

विधि संवाददाता, लखनऊ

**महत्वपूर्ण टिप्पणी**

- कोर्ट ने कहा, रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी हैं विधि का समान स्रोत

**अमृत विचार** : हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक शादीशुदा मुस्लिम व्यक्ति व हिन्दू लड़की की लिव-इन रिलेशन में रहने के दौरान सुरक्षा की मांग वाली याचिका को खारिज करते हुए कहा है कि इस्लाम को मानले वाले को लिव-इन में रहने का अधिकार नहीं है, विशेषतः जब वह शादीशुदा हो और उसकी पत्नी या पति जीवित हो। न्यायालय ने कहा कि रूढ़ियाँ व प्रथाएं भी विधि का समान स्रोत हैं और संविधान का अनुच्छेद 21 ऐसे रिश्ते के अधिकार को मान्यता नहीं देता जो रूढ़ियों व प्रथाओं से प्रतिबंधित हो। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने लड़की को उसके माता-पिता के पास पहुंचाने का आदेश पुलिस को दिया है।

यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति अजय कुमार श्रीवास्तव, प्रथम की खंडपीठ ने उक्त व्यक्ति व युवती की याचिका पर पारित किया। याचियों का कहना था कि वे बालिग हैं और अपनी मर्जी से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहे हैं, बावजूद इसके युवती के भाई द्वारा मामले में अपहरण का आरोप लगाते हुए, बहराइच के विशेश्वरगंज थाने में एफआईआर दर्ज करा दी गई है।

सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि याचिका में इस तथ्य का उल्लेख किया गया है कि याची शादाब खान पहले से शादीशुदा है व उसकी पाँच साल की एक बेटी है लेकिन साथ ही यह भी लिखा है कि उसने छह माह पहले अपनी पहली बीवी को तीन तलाक दे दिया है। न्यायालय ने यह भी पाया कि वर्तमान याचिका के पहले भी एक याचिका इन्हीं याचियों की ओर से दाखिल की गई थी, जिसे 25 अप्रैल को एफआईआर दर्ज हो जाने के कारण वापस ले लिया गया था।

# गूगल ने भारत में पेश किया 'गूगल वॉलेट'

**नई दिल्ली।** गूगल ने भारत में एंड्रॉयड उपयोगकर्ताओं के लिए एक निजी डिजिटल वॉलेट पेश किया है। इसमें उपयोगकर्ताओं को लॉयल्टी कार्ड और गिफ्ट कार्ड, सार्वजनिक वाहनों के पास सहित अन्य चीजें रखने की सुविधा मिलेगी।

- प्लेस्टोर से डाउनलोड कर सकते हैं वॉलेट

कंपनी के एक शीर्ष अधिकारी ने बताया कि 'गूगल वॉलेट' को प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। डिजिटल वॉलेट की सेवा बुधवार से भारत में शुरू हो गई। गूगल के महाप्रबंधक एवं इंडिया इंजीनियरिंग लीड (एंड्रॉयड) राम पापाटला ने कहा कि गूगल पे कहीं नहीं जा रहा है। यह हमारा प्राथमिक भुगतान ऐप बना रहेगा।

# एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीके वापस मंगाए

नई दिल्ली/लंदन, एजेंसी



- बाजार में उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को बताया वजह
- कंपनी ने टीकों से लोगों में दुर्लभ दुष्प्रभाव की बात कही थी
- इन टीकों को भारत में कोविशील्ड के नाम से बेचा गया था

ब्रिटेन की प्रमुख औषधि निर्माता कंपनी एस्ट्राजेनेका ने दुनियाभर से अपने कोविड-19 रोधी टीके वापस मंगाने शुरू कर दिए हैं। कंपनी ने एक बयान में कहा कि महामारी के बाद से उपलब्ध टीकों की अधिक संख्या को देखते हुए इन्हें वापस मंगाने की प्रक्रिया शुरू की गई है। कंपनी ने कुछ दिन पहले यह स्वीकार किया था कि उसके टीकों के कारण खून के थक्के जमने और प्लेटलेट कम होने के मामले सामने आए हैं। एस्ट्राजेनेका ने सीरम इंस्टिट्यूट ऑफ इंडिया (एसआईआई) के साथ मिलकर भारत को कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति की थी। एस्ट्राजेनेका ने कोविड-19 टीकों को भारत में कोविशील्ड और यूरोप में 'वैक्सजेवरिया' के नाम से बेचा था।

यूरोपीय संघ (ईयू) की औषधि नियामक यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने मंगलवार को एक नोटिस जारी कर पुष्टि की कि मार्च में एस्ट्राजेनेका द्वारा मंजूरी वापस लेने के बाद वैक्सजेवरिया अब ईयू के 27 सदस्य देशों में इस्तेमाल के लिए अधिकृत नहीं है। एस्ट्राजेनेका के बयान में कहा गया कि यूरोप में वैक्सजेवरिया के लिए विपणन मंजूरी को वापस लेने का निर्णय लिया है। बयान में कहा गया है कि चूंकि कई प्रकार के कोविड -19 टीके विकसित हो चुके हैं, इसलिए उपलब्ध टीकों की संख्या अधिक है। इससे 'वैक्सजेवरिया' की मांग में गिरावट आई है, जिसका उत्पादन या आपूर्ति अब नहीं की जा रही है।

### तीन अरब से अधिक टीकों की आपूर्ति की थी

स्वतंत्र अनुमान के अनुसार टीकों का इस्तेमाल शुरू होने के बाद के पहले वर्ष में 65 लाख से अधिक लोगों की जान बचाई गई और दुनियाभर में तीन अरब से अधिक खुराकों की आपूर्ति की गई। कंपनी ने कहा कि हमारे प्रयासों को दुनिया भर की सरकारों ने मान्यता दी है और इन्हें व्यापक रूप से वैश्विक महामारी को समाप्त करने का एक महत्वपूर्ण घटक माना जाता है।

इससे पहले, वैश्विक मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, एस्ट्राजेनेका ने स्वीकार किया था कि उसकी कोविड-19 वैक्सीन के बहुत ही दुर्लभ दुष्प्रभाव हो सकते हैं।



**आज का मुकाबला**

पंजाब किंग्स
बनाम
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु
शाम 7:30 बजे

**पर्पल कैप**

| खिलाड़ी | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| जसप्रीत बुमराह (मुंबई) | 12 | 18 |
| हर्षल पटेल (पंजाब) | 11 | 17 |
| वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) | 11 | 16 |

**ऑरेंज कैप**

| खिलाड़ी | मैच | रन |
|---|---|---|
| विराट कोहली (आरसीबी) | 11 | 542 |
| ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई) | 11 | 541 |
| संजू सैमसन (राजस्थान रॉयल) | 11 | 471 |

## मंगोलिया ने बनाया टी20 का दूसरा न्यूनतम स्कोर

**सानो (जापान)।** एशियाई खेलों के जरिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में प्रदार्पण करने वाले मंगोलिया इसके सात महीने बाद जापान के खिलाफ बुधवार को यहां केवल 12 रन पर आउट हो गया जो टी20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में दूसरा न्यूनतम स्कोर है। जापान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 217 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मंगोलिया की टीम केवल 8.2 ओवर में आउट हो गई। टी20 में न्यूनतम स्कोर बनाने का रिकॉर्ड आइल ऑफ मैन के नाम पर है जिसकी टीम 26 फरवरी 2023 को स्पेन के खिलाफ 10 रन पर आउट हो गई थी। जापान की तरफ से 17 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज काजुमा काती ने 3.2 ओवर में 5 विकेट लिए।

### पूरन और आयुष ने पांचवें विकेट के लिए की 99 रनों की साझेदारी, नटराजन को मिले तीन विकेट

# हैदराबाद ने लखनऊ को 165 पर रोका

**हैदराबाद, एजेंसी**

आयुष बदोनी नाबाद (55) और निकोलस पूरन नाबाद (48) की पारियों के दम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने बुधवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 57वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को जीत के लिए 166 रनों का लक्ष्य दिया है।

राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में लखनऊ सुपर जायंट्स के कप्तान के एल राहुल ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की शुरुआत धीमी और खराब रही। उसने तीसरे ओवर में क्विंटन डिकॉक (2) का विकेट गवां दिया। इसके बाद पांचवें ओवर में मार्कस स्टॉयनिस (3) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। कप्तान के एल राहुल और क्रुणाल पांड्या ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

10वें ओवर में पैट कमिंस ने के एल राहुल (29) को नटराजन के हाथों कैच आउट करा दिया। 12वें ओवर में क्रुणाल पांड्या (24) रनआउट हुये। उसके बाद आयुष बदोनी और निकोलस पूरन ने पारी को संभाला। आयुष बदोनी ने 30 गेंदों में नौ चौकों की मदद से नाबाद (55) बना,। वहीं निकोलस पूरन 26 गेंदों में छह चौके और एक छक्का लगाते हुए नाबाद 48 रनों की पारी खेली। लखनऊ सुपर जायंट्स ने निर्धारित 20 ओवरों में चार विकेट के नुकसान पर 165 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिए। पैट कमिंस ने एक बल्लेबाज को आउट किया।



**अंकतालिका**

| टीम | मैच | जीत | हार | अंक | रनरेट |
|---|---|---|---|---|---|
| कोलकाता | 11 | 8 | 3 | 16 | +1.453 |
| राजस्थान | 11 | 8 | 3 | 16 | +0.476 |
| चेन्नई | 11 | 6 | 5 | 12 | +0.700 |
| हैदराबाद | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.065 |
| दिल्ली | 12 | 6 | 6 | 12 | -0.316 |
| लखनऊ | 11 | 6 | 5 | 12 | -0.371 |
| बेंगलुरु | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.049 |
| पंजाब | 11 | 4 | 7 | 8 | -0.187 |
| मुंबई | 12 | 4 | 8 | 8 | -0.212 |
| गुजरात | 11 | 4 | 7 | 8 | -1.320 |

### सनवीर ने लपका गजब का कैच

लखनऊ सुपर जायंट्स की पारी के पांचवें ओवर में हैदराबाद टीम के सनवीर सिंह ने स्टोइनिस का अद्भुत कैच लपका। भुवनेश्वर के इस ओवर में सनवीर ने शानदार डाइव लगाकर ऑस्ट्रेलिया के बैटर को पवेलियन भेजा।

**लखनऊ 165/4** 20 ओवर, अतिरिक्त: 04

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| केएल राहुल कैच नटराजन बो कमिंस | 29 | 33 | 1/1 |
| डिकॉक कैच नीतिश बो भुवनेश्वर | 2 | 5 | 0/0 |
| स्टोइनिस कैच सनवीर बो भुवनेश्वर | 3 | 5 | 0/0 |
| क्रुणाल पांड्या रन आउट (कमिंस) | 24 | 21 | 0/2 |
| निकोल्स पूरन नाबाद | 48 | 26 | 6/1 |
| आयुष बदोनी नाबाद | 55 | 30 | 9/0 |

**गेंदबाजी :** भुवनेश्वर 4-0-12-2, कमिंस 4-0-47-1, शहबाज 2-0-9-0, विजयकांत 4-0-27-0, उनादकट 2-0-19-0, नटराजन 4-0-50-3

**केएल राहुल**
29 रन
33 गेंद





डिकॉक का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ खुशी मनाते भुवनेश्वर कुमार। ● एजेंसी

## लगातार चौथी जीत पर होगी आरसीबी की नजर



**धर्मशाला, एजेंसी**

- धर्मशाला की नई हाइब्रिड पिच पर आज आमने-सामने होंगी पंजाब और बेंगलुरु की टीम
- प्ले ऑफ की दौड़ में खुद को बनाए रखने के लिए दोनों ही टीमों को जीत की तलाश

आत्मविश्वास से भरी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) की टीम गुरुवार को यहां जब पंजाब किंग्स से भिड़ेगी तो उसकी नजरें इंडियन प्रीमियर लीग में लगातार चौथी जीत दर्ज करने पर टिकी होंगी। सत्र की बेहद खराब शुरुआत के बाद आरसीबी की टीम ने लगातार तीन जीत के साथ टूर्नामेंट में वापसी की है और शानदार लय में चल रही है। इन जीत से टीम का मनोबल तो बढ़ा ही है, साथ ही वह अंक तालिका में भी सातवें स्थान पर पहुंच गई है। आरसीबी के 11 मैच में आठ अंक हैं और अगर वह अपने बाकी बचे तीनों मैच जीत लेती है तो उसकी प्ले ऑफ में जगह बनाने की मामूली उम्मीद जीवंत रहेगी।

पंजाब किंग्स की स्थिति भी ऐसी ही है। टीम 11 मैच में आठ अंक के साथ आठवें स्थान पर है। इन दोनों में से हालांकि एक ही टीम 14 अंक के आंकड़े को छू पाएगी। सत्र के पहले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ जीत और पिछले तीन मुकाबले जीतने के बाद आरसीबी की टीम आत्मविश्वास से भरी है। पंजाब किंग्स ने सुपरकिंग्स के खिलाफ अपना सबसे अच्छा और सबसे खराब प्रदर्शन किया। उनके गेंदबाज सुपरकिंग्स के सभी बल्लेबाजों पर हावी रहे लेकिन बल्लेबाजी इकाई ने निराश किया। पंजाब किंग्स के लिए मौजूदा सत्र उतार-चढ़ाव भरा रहा। उन्हें अपने घरेलू मैदान पर कठिनाइयों का सामना करना पड़ा है। उन्होंने अपने मुख्य घरेलू मैदान मुल्लांपुर में पांच में से सिर्फ एक मैच जीता।

## जिनेवा ओपन में चोट से वापसी करेंगे एंडी



**जिनेवा।** तीन बार के ग्रैंडस्लैम चैम्पियन एंडी मरे इस महीने टखने की चोट से वापसी करते हुए जिनेवा ओपन में खेलेंगे। टूर्नामेंट के आयोजकों ने बुधवार को घोषणा की कि उन्होंने 18 मई से शुरू होने वाले क्ले कोर्ट टूर्नामेंट के लिए 36 साल के मरे को वाइल्ड कार्ड से प्रवेश दिया है। पिछले महीने मियामी ओपन में खेलते हुए मैच के दौरान मरे के बाएं टखने के लिगामेंट में चोट लगी थी। उन्होंने इसके लिए सर्जरी का विकल्प नहीं चुना। वर्ष 2018 में कूल्हे की चोट के बाद पूर्व नंबर एक खिलाड़ी मरे ज्यादा नहीं खेले हैं और वह कह चुके हैं कि इन गर्मियों के सत्र के बा द वह शायद संन्यास ले लेंगे। दो बार के विम्बलडन और ओलंपिक चैंपियन मरे पेरिस ओलंपिक में फिर से ब्रिटेन का प्रतिनिधित्व करने की उम्मीद कर रहे हैं। जिनेवा ओपन फ्रेंच ओपन के लिए अभ्यास टूर्नामेंट है।

## एशिया को टूर्नामेंट में खेलने के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की जरूरत : यूरी



**नई दिल्ली।** एशियाई टेनिस का चेहरा बदलने के लिए प्रतिबद्ध एशियाई टेनिस महासंघ (एटीएफ) के युवा अध्यक्ष यूरी पोलस्की चाहते हैं कि एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को विदेश में खेलने के बजाय एशियाई टूर्नामेंट में खेलने को तवज्जो देनी चाहिए। पोलस्की की निगाहें नेपाल, बांग्लादेश, म्यामांर और सीरिया जैसे देशों में टेनिस खेल का विकास करने पर लगी हैं जहां यह खेल इतना लोकप्रिय नहीं है। पोलस्की पिछले साल दिसंबर एटीएफ अध्यक्ष चुनाव में जीते थे और वह इस खेल को उन देशों में लोकप्रिय कराना चाहते हैं जो इसमें जूझ रहे हैं। एशियाई टेनिस को एशियाई टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ एशियाई खिलाड़ियों की भागीदारी की जरूरत है क्योंकि अधिकतर वे यूरोप जाकर खेलना पसंद करते हैं, वे उत्तरी अमेरिका, दक्षिण अमेरिका जाकर खेलते हैं। इसका मतलब है कि स्थानीय एशियाई खिलाड़ियों को सर्वश्रेष्ठ के साथ खेलने का मौका नहीं मिलता। इसलिए आपको देश के अंदर ही प्रतिस्पर्धा की जरूरत है और आपको एशिया में काफी टूर्नामेंट की जरूरत है।

## कैच पर असहमति जताने के लिए सैमसन पर लगा जुर्माना

**नई दिल्ली, एजेंसी**

आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन पर दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ कल खेले गए मैच के दौरान आचार संहिता के उल्लंघन के लिए मैच फीस का 30 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।

सैमसन को अंपायर के फैसले से असहमति व्यक्त करने के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2.8 के तहत लेवल एक का दोषी पाया गया। उन्होंने दोष और मैच रेफरी की सजा स्वीकार कर ली। मंगलवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मैच में 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए सैमसन 16वें ओवर में मुकेश कुमार की गेंद पर शाई होप ने लॉन्ग-ऑन पर कैच आउट हो गए थे। होप ने सीमा रेखा के करीब कैच लपका और अपने पैर जमाने से पहले थोड़ी देर के लिए लड़खड़ा गए। इस बात को लेकर अनिश्चिता थी कि उनका पैर बाउंड्री को छू गया था या नहीं, मैदानी अंपायरों ने टीवी अंपायर माइकल गफ को बुलाया गया उन्होंने कैच आउट पर फैसला दिया था। सैमसन की मैदान छोड़ने से पहले मैदानी अंपायरों से काफी देर बहस हुई थी।

## फेडरेशन कप में नीरज लेंगे भाग



**नई दिल्ली, एजेंसी**

नीरज चोपड़ा 12 से 15 मई तक ओडिशा के भुवनेश्वर में होने वाले फेडरेशन कप 2024 एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। तीन साल पहले टोक्यो 2020 में ओलंपिक चैंपियन बनने के बाद देश में नीरज चोपड़ा की यह पहली प्रतियोगिता होगी।

फेडरेशन कप 2024 का आयोजन 12 से 15 मई के बीच भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में होगा। चोपड़ा 18 जून को फिनलैंड के तुर्कू में पावो नूरमी गेम्स 2024 में भी प्रतिस्पर्धा करेंगे। चोपड़ा और जेना के अलावा, फेडरेशन कप 2024 जैवलिन इवेंट में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के रजत पदक विजेता मनु डीपी और ओलंपियन शिवपाल भी पदक की रेस में शामिल होंगे। नीरज चोपड़ा ने फेडरेशन कप 2021 में उन्होंने 87.80 मीटर के थ्रो के साथ स्वर्ण पदक जीता था। नीरज चोपड़ा 2022 में डायमंड लीग चैंपियन और 2023 में विश्व चैंपियन बने और पिछले वर्ष उन्होंने हांगझोऊ में हुए एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक जीता था।

## टी-20 विश्व कप के लिए आयरलैंड और पापुआ न्यू गिनी की टीमें घोषित

**डबलिन, एजेंसी**

अनुभवी सलामी बल्लेबाज पॉल स्टर्लिंग को वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले आगामी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के लिए बुधवार को आयरलैंड की 15 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया। स्टर्लिंग के अलावा एंड्रयू बेलबिर्नी और जॉर्ज डॉकरेल जैसे अनुभवी खिलाड़ियों को भी टीम में जगह मिली है।

आयरलैंड टी20 विश्व कप में अपने अभियान की शुरुआत ग्रुप ए में पांच जून को न्यूयॉर्क में भारत के खिलाफ करेगा। ग्रुप ए में भारत और आयरलैंड के अलावा पाकिस्तान, कनाडा और मेजबान अमेरिका को जगह मिली है। आयरलैंड की टीम टी20 विश्व कप में लगातार आठवीं बार हिस्सा ले रही है। टीम ने यूरोप क्वालीफायर के क्षेत्रीय फाइनल में स्कॉटलैंड के बाद दूसरे स्थान पर रहते हुए टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया।

वहीं, पापुआ न्यू गिनी ने भी 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है जिसकी कमान 36 साल के अनुभवी असद वाला को सौंपी गई है। उन्होंने 2021 टी20 विश्व कप में भी यह भूमिका निभाई थी। ऑल राउंडर सीजे अमिनी को उप कप्तान बनाया है।

## बॉलीवुड हलचल

### दिव्या खोसला की फिल्म सावी का टीजर रिलीज



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री दिव्या खोसला की आने वाली फिल्म सावी का नया टीजर रिलीज हो गया है। अभिनय देव निर्देशित सावी ए ब्लडी हाउसवाइफ फैंस के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है। पिछले कुछ दिनों में, दर्शको ने दिव्या खोसला को फिल्म सावी में एक साधारण हाउसवाइफ के किरदार में देख रहे हैं, जिसमे उन्होंने खुलासा किया की वह एक खतरनाक जेलब्रेक करने की योजना बना रही है। हालांकि पहले बहुत अधिक डिटेल्स नहीं दिए गए थे, पर अब इस नए टीजर में यह जानकारी शेयर की गई है कि सावी इतना कठोर कदम क्यों उठा रही है। नये टीजर में, सावी-एक घायल हाउस वाइफ यह बात करती हुई दिखाई देती है कि कैसे लोग अपने परिवार के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं और वह भी वैसा ही कर रही है। जेल से भागने में सफल होने को लेकर परेशान दिखाई देती है। फैंस भी यह देखते हुए नजर आते हैं कि कैसे एक हेल्पलेस मां यदि उसे कुछ हो गया तो अपने बच्चो के देखभाल करने की गुहार लगाते हुए नजर आती हैं। फिल्म सावी का निर्माण विशेष एंटरटेनमेंट और टी-सीरीज के बैनर तले मुकेश भट्ट, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार द्वारा किया गया है। शिव चानना और साक्षी भट्ट ने को प्रोड्यूस किया है। इस फिल्म में दिव्या खोसला के साथ अनिल कपूर और हर्षवर्द्धन राणे भी नजर आएंगे। फिल्म की पूरी शूटिंग लंदन में की गई है। फिल्म सावी 31 मई, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### मुन्नाभाई 3 के लिए हिरानी के पास हैं तीन स्क्रिप्ट : अरशद

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता अरशद वारसी का कहना है कि फिल्म मुन्नाभाई 3 के लिए फिल्मकार राजकुमार हिरानी के पास तीन स्क्रिप्ट है, लेकिन अभी यह फिल्म नहीं बन रही है। विधु विनोद चोपड़ा निर्मित और राजकुमार हिरानी के निर्देशन में बनी फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस वर्ष 2003 में प्रदर्शित हुई। फिल्म मुन्ना भाई एमबीबीएस में संजय दत्त और अरशद वारसी ने मुख्य भूमिका निभायी। इसके बाद इस फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म मुन्ना भाई चले अमेरिका की घोषणा की गई थी, लेकिन वह फिल्म ठंडे बस्ते में चली गई। अरशद वारसी ने बताया, विधु विनोद चोपड़ा चाहते हैं कि यह बने, राजकुमार हिरानी भी चाहते हैं कि यह बने, संजय भाई और मैं भी चाहता हूं कि यह बने, लेकिन फिल्म अभी बन नहीं रही है। फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म के लिए राजकुमार हिरानी के पास तीन अच्छी स्क्रिप्ट हैं, लेकिन सभी में कुछ न कुछ कमी है। मुझे नहीं लगता है कि वह हाल फिलहाल में बन रही हैं।



## विश्व कप गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी


**पेरिस, एजेंसी**



महान फुटबॉल खिलाड़ी डिएगो माराडोना की 1986 विश्व कप की गोल्डन बॉल ट्रॉफी फिर से सामने आ गई है। अगुटेस हाउस ने कहा कि दशकों से गायब इस पुरस्कार की अगले महीने पेरिस में नीलामी की जाएगी। माराडोना का 2020 में 60 बरस की उम्र में निधन हो गया था। उन्हें 1986 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन के लिए इस ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

उन्होंने मेक्सिको सिटी में फाइनल में पश्चिम जर्मनी पर 3-2 की जीत के दौरान अर्जेंटीना की कप्तानी की। इससे पहले उन्होंने क्वार्टर फाइनल में इंग्लैंड पर 2-1 की जीत में विवादास्पद 'हैंड ऑफ गॉड' गोल और 'सदी का सर्वश्रेष्ठ' गोल किया था। नीलामी घर ने कहा कि उसे उम्मीद है कि ट्रॉफी अपनी विशिष्टता के कारण लाखों यूरो में बिकेगी। टूर्नामेंट के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी को गोल्डन बॉल ट्रॉफी दी जाती है। हालांकि बाद में यह ट्रॉफी गायब हो गई जिसने काफी अफवाहों को जन्म दिया। अगुटेस ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि यह एक पोकर मैच के दौरान खो गई थी या कर्ज चुकाने के लिए इसे बेच दिया गया था। अन्य लोगों का कहना है कि माराडोना जब इटैलियन लीग में खेल रहे थे तो उन्होंने इसे नेपल्स बैंक की एक तिजोरी में रखा था जिसे 1989 में स्थानीय अपराधियों ने लूट लिया था। सुधरकर मुख्यधारा से जुड़ने वाले माफिया के एक सदस्य द्वारा बताई गई कहानी के अनुसार ट्रॉफी को पिघलाकर सोना निकाल लिया गया था।

### पीएसजी को हराकर चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंची डॉर्टमुंड



**पेरिस।** सारे पूर्वानुमानों को धता बताते हुए बोरूसिया डॉर्टमुंड ने किलियन एम्बाप्पे जैसे दिग्गजों से सजी पेरिस सेंट-जर्मेन को 1-0 से हराकर 2013 के बाद चैंपियंस लीग फाइनल में प्रवेश किया। डॉर्टमुंड और पीएसजी के बीच मंगलवार को खेले गए मुकाबले में गोल दूसरे हाफ में डॉर्टमुंड के मैट हम्मेल्स ने जूलियन ब्रांट कॉर्नर से हेडर से गोल किया। डॉर्टमुंड मैच के आखिर तक अपनी इस 1-0 की बढ़त को बरकरार रखते हुए मुकाबले में जीत दर्ज की। पीएसजी के दिग्गज खिलाड़ी किलियन एम्बाप्पे ने मैच के बाद कहा कि हम हमेशा पीएसजी में जीतना चाहते हैं, हमें गोल करना चाहिए था। हमारे पास गोल करने के मौके थे, जब आप ऐसा नहीं करते, जब आप दोनों छोर पर कुशल प्रदर्शन नहीं करते है तो आगे बढ़ना मुश्किल होता है। चैंपियंस लीग का फाइनल एक जून को लंदन के वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा।

### 25 मई को मनाया जाएगा विश्व फुटबॉल दिवस

**संयुक्त राष्ट्र।** दुनिया भर के फुटबॉल प्रशंसकों के पास अब हर साल दुनिया के सबसे लोकप्रिय खेल का जश्न मनाने के लिए एक दिन होगा और वह होगा 25 मई। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने मंगलवार को 25 मई को विश्व फुटबॉल दिवस घोषित करने का प्रस्ताव पारित किया। प्रस्ताव के अनुसार यह दिन सभी क्षेत्रों के प्रतिनिधित्व वाले इतिहास के पहले अंतर्राष्ट्रीय फुटबॉल टूर्नामेंट की 100वीं वर्षगांठ का प्रतीक है जो 25 मई 1924 को पेरिस में ओलंपिक खेलों के दौरान आयोजित हुआ था। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा ने राजनयिकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच अध्यक्ष डेनिस फ्रांसिस की मौजूदगी में आम सहमति से प्रस्ताव को अपनाया। इसे 160 से अधिक देशों द्वारा सह प्रायोजित किया गया था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी**, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

# अमित शाह ने 24 मिनट में समझाया नफा-नुकसान

## केंद्रीय गृह मंत्री ने लखीमपुर के देवस्थलों को नमन कर शुरू किया अपना भाषण, मोदी सरकार की गिनाईं उपलब्धियां


राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर जनता का हाथ हिलाकर अभिवादन करते गृह मंत्री अमित शाह। साथ में भाजपा प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी और जिले के विधायक व जनप्रतिनिधि। अमृत विचार


जनसभा में मौजूद जनसमूह। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** गृह मंत्री अमित शाह ने अपने भाषण की शुरुआत भारत माता की जय के बाद गोला के भगवान शिव, लिलौटी नाथ, संकटा देवी आदि मंदिरों को नमन कर की। उन्होंने अपनी बात कहने के दौरान पब्लिक से सवाल किया और फिर जवाब भी दिया। इस दौरान उन्होंने इंडिया गठबंधन के सत्ता में आने से नुकसान तो नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से फायदे गिनाए। उत्साहित कार्यकर्ता हामी भरते रहे। इस दौरान उन्होंने विपक्ष द्वारा कुछ न कर पाने की बात कहते हुए अपनी योजनाएं भी गिना दीं।

गृह मंत्री का हेलीकॉप्टर निर्धारित समय पर पुलिस लाइंस में उतरा। पश्चात वह मंच पर पहुंचे और जनता का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। ठीक 01.11 बजे भारत माता की जय का उद्घोष किया और जनसमूह से भी उद्घोष कराया। इसके बाद देवस्थानों को नमन करने के बाद दिवंगत कार्यकर्ता सर्वेश वर्मा के निधन पर श्रद्धांजलि भी दी। इस तरह उन्होंने मतदाताओं को साधने का काम किया। वे यहीं नहीं रुके। रामलला का राग छोड़कर सीधे लोगों के मन के तार छेड़ने में कामयाब रहे। जैसे ही गृह मंत्री ने रामलला की बात की तो पूरा पंडाल जैसे नींद से जाग गया। उन्होंने जनता से पूछा कि क्या रामलला का मंदिर बनना चाहिए थे तो जनता ने दोगुने जोश से हां में जवाब दिया। इसके बाद अमित शाह लोगों के मन से ऐसे जुड़े कि लगभग 24 मिनट तक संबोधन में जनता जोश से लबरेज नजर आई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस राज में पाकिस्तान से आए दिन घुसपैठ होती थी। जब केन्द्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनी तो उरी और पुलवामा में पाकिस्तान ने हमला करके गलती की। परिणाम क्या निकला, मोदी जी ने दसवें दिन इसका बदला पाकिस्तान को घर में घुसकर दी। सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकवाद का सफाया कर दिया। इस दौरान उन्होंने मोदी सरकार के आंकड़े भी गिनाए। उन्होंने 01.35 बजे तक जनता को संबोधित किया।

### इंडिया गठबंधन के पास नेता तक नहीं : अमित शाह

राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान पर गृह मंत्री अमित शाह ने इंडिया गठबंधन पर चुटकी लेते हुए कहा कि आप हमें बताओ, अगर इंडी गठबंधन का बहुमत आता है तो उसका प्रधानमंत्री कौन बनेगा? फिर खुद ही एक-एक नाम लेकर सवाल किया, क्या शरद पवार बन सकते हैं? ममता दीदी बन सकती हैं? क्या स्टालिन बन सकते हैं? क्या अखिलेश बन सकते हैं? और अंतिम नाम देता हूं... हंसना मत... राहुल गांधी बन सकते हैं क्या? अरे इनके पास तो प्रधानमंत्री पद का प्रत्याशी भी नहीं है। अखिलेशजी से पत्रकारों ने पूछा तो कहते हैं कि हम लोग बारी-बारी से बन लेंगे। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि अखिलेश जी, ये देश है, कोई तमाशा नहीं।

### राहुल गांधी पर खूब तजे तंज

अमित शाह ने सभा में राहुल गांधी पर जमकर तंज कसे। कहा कि राहुल बाबा कहते हैं एक झटके में गरीबी मिटा देंगे। आपकी दादी ने एक झटके में आपातकाल लगाया। पिताजी ने एक झटके में तीन तलाक इंट्रोड्यूज किया। आपकी पार्टी ने झटके में पिछड़े वर्ग का आरक्षण छीनने का काम किया। पश्चात सीएए पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल बाबा कहते हैं हम सत्ता में आए तो सीएए हटा देंगे। राहुल बाबा, आप तो आप, यदि भगवान के घर से आपकी नानी भी आ जाएं तो सीएए नहीं हटेगा।

### गृह मंत्री की जनसभा से सड़कों पर लगा जाम

गृह मंत्री की जनसभा के कारण सुबह 10 बजे से ही दूरदराज से वाहनों का आना शुरू हो गया था। दोपहर 12 बजे तक सड़कों पर जाम लगने लगा। सभा समाप्ति के बाद भीड़ सड़कों पर आई तो करीब आधे घंटे तक सीतापुर रोड, गोला रोड, मेन रोड, कचेहरी रोड और निघासन रोड पर जाम लगा रहा।

**मंच पर ये रहे मौजूद :** मंच पर सहकारिता राज्य मंत्री जीपीएस राठौर, क्षेत्रीय अध्यक्ष कमलेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, रोमी साहनी, शशांक वर्मा, अमन गिरि, मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, पूर्व सांसद जुगल किशोर, लोकसभा प्रभारी अचिन मेहरोत्रा, कुलभूषण सिंह, रामजी मौर्य जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि नरेंद्र सिंह, जिला प्रवक्ता रमेश चंद्र मिश्र, आशू मिश्रा, विनोद लोधी आदि।

# गठबंधन की सरकार बनते ही निकाली जाएंगी नौकरियां: आनंद भदौरिया

**कस्ता क्षेत्र के विभिन्न गांवों में सपा प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क**

संवाददाता, लखीमपुर खीरी


अधिवक्ताओं से जनसंपर्क करते सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया। अमृत विचार

**अमृत विचार:** लोकसभा की धौरहरा सीट से गठबंधन के सपा प्रत्याशी आनंद भदौरिया ने बुधवार को कस्ता विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का दौरा किया। उन्होंने जनसंपर्क कर वोट देने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस बार केंद्र में गठबंधन की सरकार का बनना तय है। सरकार गठन के बाद सभी सरकारी विभागों में पुरानी पेंशन नीति को दोबारा लागू किया जाएगा। विभिन्न सरकारी विभागों में रिक्त पड़े 30 लाख सरकारी पदों पर नौकरियां निकाल कर भर्ती की जाएगी और सभी सरकारी नौकरियों में 50 प्रतिशत पद महिलाओं के लिए आरक्षित किए जाएंगे। इसके अलावा निजी क्षेत्रों की नौकरियों में भी सभी वर्गों की भागीदारी हो इसको लेकर भी काम किया जाएगा।

उन्होंने साफ किया कि हमारे घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि अग्निवीर नीति मौजूदा केंद्र सरकार की एक सोची-समझी रणनीति है। इससे युवा वर्ग में भटकाव की स्थिति बनी हुई है। इस व्यवस्था को समाप्त किया जाएगा। साथ ही एमएसपी कानून होने के साथ किसानों का कर्ज माफ किया जाएगा। प्रत्येक गरीब परिवार की एक महिला को हर साल एक लाख रुपए की सहायता दी जाएगी। इसके साथ ही राशन में आटा के साथ डाटा भी मुफ्त दिया जाएगा। जिनके कच्चे मकान या फिर झोपड़ी हैं, उन्हें पक्के मकान दिए जाएंगे। किसान अपनी उपज को आसानी से और उचित मूल्य पर बेच सकें, इसको लेकर हर दस किमी पर कृषि मंडी बनाई जाएगी। इसके साथ ही किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए किसान आयोग का गठन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सपा के घोषणा पत्र में स्पष्ट है कि मनरेगा मजदूरों के जीवन स्तर को उठाने के लिए मनरेगा मजदूरी बढ़ाकर 450 रुपए की जाएगी। सपा प्रत्याशी ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं और सरकारी नौकरी के पेपर जिस तरह से लीक हो रहे हैं, उससे युवाओं का भविष्य दांव पर लगा है। लेकिन केंद्र में जब सपा होगी तो पेपर लीक जैसे भ्रष्टाचार को समाप्त करने के साथ ही लैपटॉप वितरण में व्याप्त भ्रष्टाचार को भी खत्म किया जाएगा। बेटियां शिक्षा से वंचित न रहने पाए। इसके लिए बालिकाओं को परास्नातक तक मुफ्त शिक्षा दी जाएगी। उन्होंने मतदाताओं को इस बात का भी भरोसा दिलाया कि इस बार जब केंद्र में गठबंधन की सरकार बनेगी तो धौरहरा क्षेत्र विकास के मानचित्र पर एक अलग पहचान बनाएगा।

# सीडीओ की दो टूक: मतदान के दिन स्विच ऑफ न रहे फोन

**कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल व सेक्टर मजिस्ट्रेटों को किया गया प्रशिक्षित**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जोनल एवं सेक्टर मजिस्ट्रेटो की दो पालियों में प्रशिक्षण कार्यशाला हुई। इसमें डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि निर्वाचन शांतिपूर्ण, सकुशल एवं निष्पक्ष तरीके से संपन्न कराने में सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होती है, इसलिए सभी लोग अपने दायित्वों की गंभीरता को समझकर निर्वाचन प्रक्रिया संपन्न कराएं।

समयबद्धता और अनुशासन का ध्यान रखकर चुनाव आयोग से जारी दिशा निर्देशों का पालन करें।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि मतदान दिवस में पोलिंग पार्टियों के साथ साथ सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेटों की सक्रियता मतदान कार्यक्रम को सफल बनाती हैं। सभी को व्यापक स्तर पर प्रशिक्षण के माध्यम से अधिकार एवं कर्तव्यों की जानकारी दी जा चुकी है। पोलिंग पार्टियों की रवानगी से लेकर उनके बूथों पर पहुंचने, मतदान कराने के साथ ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें जमा करने तक सेक्टर मजिस्ट्रेट अलर्ट रहेंगे। ईवीएम जमा होने के बाद संबंधित रिटर्निंग आफिसरों की अनुमति से ही सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट वापस जाएंगे। किसी का भी फोन स्विच ऑफ नहीं होना चाहिए। प्रशिक्षण कार्यशाला में 53 मास्टर ट्रेनर, 24 जोनल मजिस्ट्रेट, 207 सेक्टर मजिस्ट्रेट मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप


### चोरी की बाइक समेत एक नेपाली युवक गिरफ्तार

**संपूर्णानगर।** थाना संपूर्णानगर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक नेपाली युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की एक बाइक बरामद की है। एसओ संपूर्णानगर निराला तिवारी ने बताया कि पुलिस बसही बैरियर पर वाहन चेकिंग कर रही थी। इसी बीच बिना नंबर प्लेट लगी बाइक लेकर जा रहे नेपाल के जिला कंचनपुर के थाना आईबीआरडी के गांव रामबस्ती निवासी अविनाश गुरुड़ को रोककर पुलिस ने पूछताछ की तो वह बाइक के कागज नहीं दिखा सका। तलाशी लेने पर उसके पास एक तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ। कड़ाई से पूछताछ करने पर बाइक चोरी की निकली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी का चालान भेजा है।

### छेड़छाड़ मामले में आरोपित पक्ष ने भी दर्ज कराई रिपोर्ट

**बरवर, अमृत विचार :** चार मई को कस्बे के एक मोहल्ले में 16 वर्षीय किशोरी से छेड़छाड़, मारपीट और पॉक्सो आदि धाराओं में दर्ज कराई थी। अब तीसरे दिन आरोपित पक्ष ने किशोरी के परिजनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। कस्बा निवासी फत्ते ने लिखाई गई रिपोर्ट में कहा है कि चार मई की शाम सात बजे वह घर की गैलरी में लेटा था। पुरानी रंजिश में कस्बे के ही अमर सिंह, सुभाष, संजीव, कामता पुत्र मुन्नू ने उसकी, पत्नी जय देवी और पुत्र माताराम को लाठी डंडों से पीट कर घायल कर दिया। बाइक तोड़ने का भी आरोप लगाया है। इन घायलों का चिकित्सकीय परीक्षण भी चार मई को कराया गया था, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट अब दर्ज की है। विवाद चार मई को एक नाबालिग किशोरी के साथ छेड़छाड़ को लेकर हुआ था, पीड़ित किशोरी पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने माताराम व कामता प्रसाद, सोनपाल और एक अन्य के विरुद्ध छेड़छाड़, मारपीट और पॉक्सो आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी।

### विद्या निकेतन में विद्यार्थियों को दिलाई गई मतदान की शपथ


सरस्वती विद्या निकेतन कॉलेज में मतदान की शपथ लेते विद्यार्थी।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** विद्या कुंवरि स्मारक सरस्वती विद्या निकेतन इंटर कॉलेज में लोक सभा चुनाव में मतदान कर राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए विद्यार्थियों और शिक्षकों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई गई। विद्यालय की प्रधानाचार्य मधु त्रिपाठी ने कालेज के सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को मतदान का महत्व बताया। कहा कि आपके वोट से मनमाफिक प्रतिनिधि का चुनाव होता है तो क्षेत्र के विकास और जरूरत पड़ने पर अपने कामों को कराने में कोई दिक्कत नहीं होगी। उन्होंने 18 वर्ष की आयु प्राप्त कर चुके विद्यार्थियों को शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ दिलाई।

### यूपी टॉपर शुभम वर्मा को डॉ. कौशल वर्मा ने किया सम्मानित


यूपी टॉपर शुभम को मिठाई खिलाते डॉ कौशल वर्मा।

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ। अमृत विचार :** माध्यमिक शिक्षा परिषद उप्र द्वारा आयोजित इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षा में निंदनपुर (सीतापुर) निवासी राजेश कुमार वर्मा के पुत्र शुभम वर्मा के यूपी टॉपर बनने पर डॉ. कौशल वर्मा ने उनके घर जाकर मिठाई खिलाकर, सम्मान राशि देकर सम्मानित किया। साथ ही भविष्य में सफल होकर उच्च मुकाम हासिल करने के लिए छात्र को प्रोत्साहित कर उसका मार्गदर्शन किया। उसको कोचिंग में पढ़ने के साथ ही हॉस्टल में रहने की फ्री व्यवस्था कराने का आश्वासन दिया। उनके साथ नरेंद्र वर्मा, लालाराम वर्मा, जगतपाल वर्मा, पारसनाथ वर्मा, अभिषेक वर्मा, राजेश पटेल, सुमित वर्मा आदि मौजूद रहे।

### जागरूकता रैली निकालकर की मतदान की अपील

**मोहम्मदी, अमृत विचार :** बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने नगर में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। राष्ट्रहित में मतदान करने के लिए मतदाताओं से अपील की। पहले मतदान फिर जलपान का संदेश दिया। रैली नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए तहसील में समाप्त हुई। इस दौरान एसोसिएशन अध्यक्ष प्रद्युम्न मिश्रा, अवनीश मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, लालता प्रसाद, विपिन वर्मा, शुभेन्द्र प्रताप सिंह, कुशाग्र गुप्ता, लोकेश अवस्थी आदि रहे।

### मतदान के लिए वोटरों को भेजा जा रहा आमंत्रण

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने 13 मई को होने वाले मतदान के लिए वोटरों को आमंत्रण भेजने की शुरुआत की है। इसके तहत खीरी और धौरहरा लोकसभा क्षेत्र मतदाताओं को घर-घर निमंत्रण पत्र भेजकर वोट डालने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा बेसिक विद्यालयों में शिक्षक अभिभावक की बैठक कर अभिभावकों को वोट डालने के लिए जागरूक कर निमंत्रण पत्र दिए जा रहे हैं। शिक्षक अभिभावकों के अलावा ग्रामीणों को मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करने की प्रेरणा दे रहे है। वहीं उचित दर विक्रेता भी घर-घर जाकर के निमंत्रण पत्र बांटकर वोट डालने के लिए जागरूक कर रहे हैं। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की यह पहल मतदाताओं को खूब रास आ रही है। बता दें कि जिले में 13 मई को वोट डाले जाएंगे। शत प्रतिशत मतदान के लिए जिला प्रशासन लोगों को निमंत्रण भेज रहा है। ताकि मतदाता बूथ पर जाकर वोट डाल सकें।

## गोला में आज यहां रहेगा रूट डायवर्जन

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** गोला के राजेंद्र गिरी स्टेडियम में मुख्यमंत्री की प्रस्तावित जनसभा को लेकर गुरुवार यानी आज रूट डायवर्जन रहेगा। यातायात पुलिस ने वाहनों को खड़ा करने के लिए तीन पार्किंग स्थल भी बनाए हैं। मोहम्मदी की तरफ से आने वाली परिवहन निगम की बसें सुबह 10.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक पुराना बाईपास तिराहा विकास चौराहा होते हुए रोडवेज स्टैंड तक आयेंगे और जायेंगी। लखीमपुर की ओर आने तथा जाने वाली बसें सुबह 10.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक नानक चौकी से शिवम चौराहा होते हुए रोडवेज डिपो तक चलेंगी।

**यह पार्क होंगे वाहन**

- **पार्किंग 01-** पशु बाजार गोला (रिलायन्स पेट्रोल पम्प के पीछे) : लखीमपुर दिशा से जनसभा में आने वाले सभी वाहन रिलायम्स पेट्रोल पम्प के पास स्थित पशु बाजार मैदान में पार्क किये जायेंगे।
- **पार्किंग 02-** चीनी मिल यार्ड गोला : मोहम्मदी दिशा से आने वाले वाहन विकास चौराहा होते हुए चीनी मिल यार्ड में पार्क होंगे। इसी प्रकार खुटार, बांकेगंज दिशा से आने वाले वाहन भी विकास चौराहा होते हुए मिल यार्ड में पार्क होंगे।
- **पार्किंग 03-** मण्डी समिति गोला अलीगंज रोड- अलीगंज दिशा से आने वाहन मण्डी समिति गोला में पार्क होंगे।

**यह रहेगा रूट डायर्वजन**

- **प्रथम डायवर्जन तिवारी ढाबा तिराहा :** तिवारी ढाबा तिराहा से गोला शहर की तरफ कामर्शयल वाहनों का प्रवेश सुबह 10.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक बंद रहेगा। यह वाहन बाईपास होते हुए अपने गंतव्य की ओर जायेंगे।
- **द्वितीय डायवर्जन पुराना बाईपास तिराहा मोहम्मदी रोड :** मोहम्मदी रोड से आने वाले वाहन पुराना बाईपास तिराहा से सदर चौराहा की ओर न जाकर विकास चौराहा होते हुए अपने गंतव्य की ओर जायेंगे।
- **तीय डायवर्जन नानक चौकी से सदर चौराहा :** सुबह 10.00 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक नानक चौकी से सदर चौराहे की ओर तथा सदर चौराहे से नानक चौकी की ओर सभी चार पहिया वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। वाहन चालक सदर चौराहे से शिवम चौराहा होते हुए नानक चौकी की ओर आवागमन कर सकेंगे।

**ऑटो रिक्शा पर भी प्रतिबंध**

- कार्यक्रम समाप्ति तक सदर चौराहे से नानक चौकी तक ऑटो रिक्शा का प्रवेश निषेध रहेगा।
- कार्यक्रम समाप्ति तक पुराना बाईपास तिराहा से सदर चौराहे तक तथा शिवम चौराहे से सदर चौराहे तक ऑटो/ बैटरी रिक्शा प्रतिबंधित रहेगा।

# विद्यालयों में 40 मिनट का होगा एक पीरियड

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत निर्धारित की गई शिक्षण अवधि, शासन से जारी समय सारिणी के अनुसार होगा पठन पाठन**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत शासन ने शिक्षण अवधि में बदलाव कर दिया है। इसके अनुसार माध्यमिक विद्यालयों में अब एक पीरियड की समय 35 मिनट की जगह 40 मिनट होगी। इसके अलावा प्रार्थना सभा से लेकर भोजनकाल का समय भी तय कर समय सारणी बनाने के निर्देश दिए गए हैं।

जिले में 296 माध्यमिक विद्यालय हैं। इनमें करीब तीन लाख छात्र छात्राएं अध्ययनरत हैं। इन स्कूलों में नए शैक्षिक सत्र से पठन पाठन की न्यूनतम अवधि सुनिश्चित कर दी गई है। इसके तहत अब प्रत्येक पीरियड 40 मिनट का होगा, जबकि पहले 35 मिनट का होता था। इसके अलावा शासन स्तर से जारी नई समय सारिणी के अनुसार पठन पाठन कराने के निर्देश दिए हैं। पहले एक अप्रैल से 30 सितंबर तक सुबह 07:30 से 12:30 बजे तक और एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 08:50 से 02:50 तक स्कूलों का समय निर्धारित था। मगर, अब माध्यमिक स्कूल एक अप्रैल से 30 सितंबर तक 07:30 से 01:30 बजे तक और एक अक्टूबर से 31 मार्च तक सुबह 09:30 से 03:30 बजे तक संचालित होंगे। एक अप्रैल से 30 सितंबर तक प्रार्थना सभा 15 मिनट की होगी। पहली पाली में 40 मिनट के चार पीरियड होगें और भोजनावकाश 10:25 से 10:50 तक होगा। जबकि दूसरी पाली में भी 40 मिनट के चार पीरियड दोपहर 01:30 बजे तक होंगे।



नई शिक्षा नीति के तहत शासन से नए सत्र के लिए स्कूलों में शैक्षिक अवधि निर्धारित की गई है, जिसके अनुसार 40 मिनट की एक कक्षा होगी। प्रधानाचार्यों को आदेश भेजकर उसके अनुरूप समय सारणी बनाकर पठन पाठन कराने के लिए कहा गया है। निरीक्षण में शासन से निर्धारित समय सारिणी के अनुसार कॉलेज की समय सारिणी न मिलने पर जवाबदेही प्रधानाचार्यों की होगीं।

-डॉ. महेंद्र प्रताप सिंह, डीआईओएस



# योगी गोला, मोहम्मदी तो अखिलेश लखीमपुर व कस्ता में भरेंगे जोश

**सपा मुखिया की जनसभा को लेकर शहर में लागू रहेगा रूट डायवर्जन प्लान**

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**लखीमपुर खीरी।** चौथे चरण में होने वाले लोकसभा चुनावों में भाजपा के साथ ही इंडिया गठबंधन के दलों ने चुनावी जनसभाओं में पूरी ताकत झोंक दी है। भाजपा के साथ ही इंडिया गठबंधन में शामिल सपा के स्टार प्रचारकों की ताबड़तोड़ जनसभाएं हो रही हैं। नौ मई गुरुवार को प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जहां गोला, मोहम्मदी में भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाएंगे। वहीं, सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव लखीमपुर और धौरहरा सीट के कस्ता में चुनावी जनसभा में हुंकार भरेंगे।

जिले में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में है। भाजपा के स्टार प्रचारक केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ ने पहली खीरी प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के 25 मई को नामांकन में शामिल होने आए थे। इस दौरान उन्होंने शहर के विलोबी मैदान में एक सभा को संबोधित कर जिले में जनसभा की शुरुआत की थी। इसके बाद सात मई को बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती की जीआईसी मैदान में हुई सभा के साथ ही जिले में स्टार प्रचारकों की सभाओं ने अब जोर पकड़ लिया है। आठ मई को जीआईसी मैदान में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की चुनावी जनसभा हुई। आज यानी आठ मई को योगी आदित्यनाथ गोला और मोहम्मदी में जनसभा कर हुंकार भरेंगे। वहीं सपा के राष्ट्रीय प्रचारक अखिलेश यादव गठबंधन के सपा प्रत्याशियों खीरी से उत्कर्ष वर्मा और धौरहरा से आनंद भदौरिया के पक्ष में माहौल बनाएंगे।

### आज भी लागू रहेगा यह रूट प्लान

- **राजापुर चौराहा :** राजापुर से शहर की तरफ आने वाले वाहन रामापुर दुसड़का तिराहा से सलेमपुर कोन, नौरंगाबाद चौराहा, शाहपुरा कोठी चौराहा होते हुए अपने गंतव्य को जायेंगे ।
- **सौजन्या तिराहा :** सौजन्या तिराहा से गुरु गोविन्द सिंह चौक तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन बंद रहेगा। सौजन्या तिराहा से सभी वाहनों को डीसी रोड पर डायवर्ट करते हुए उनके गंतव्य स्थान पर भेजा जायेगा। सौजन्या तिराहा से डीसी रोड पर वाहन पार्क न हो। इसके लिए यातायात पुलिस की ड्यूटी लगाई गई है ।
- **गुरु गोविन्द चौक :** गुरु गोविन्द सिंह चौक से सौजन्या तिराहा तक कोई वाहन नहीं चलेंगे। गुरु गोविन्द सिंह चौक से सभी वाहनों को अस्पताल तिराहा, जेल रोड व धर्मशाला की तरफ डायवर्ट किया जाएगा। गुरु गोविन्द सिंह चौक से लोहिया भवन तक रोड पर वाहन पार्क न हो सके। इसको लेकर ट्रैफिक पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।
- सैंधरी मोड़ शारदा नगर, पलिया, निघासन की ओर से आने वाले बड़े/ कमर्शियल वाहन सैंधरी मोड़ बाईपास से बरगद तिराहा, एलआरपी रोड होते हुए अपने गन्तव्य स्थान को जाने के लिए डायवर्ट किये जायेंगे ।

### यहां होगी वाहनों की पार्किंग

- **पार्किंग-01 कृष्ण कुंज कालोनी गेट के सामने खाली मैदान :** राजापुर चौराहे से खीरी रोड पर कृष्ण कुंज कॉलोनी गेट के सामने खाली मैदान पर रामापुर, खीरी कस्बा, ओयल, गोला, बेहजम की तरफ से आने वाली बसें राजापुर चौराहे से सौजन्या तिराहे पर कार्यकर्ताओं को उतारकर पार्किंग में खड़ी होंगी। शारदा नगर, पलिया, निघासन की तरफ से जनसभा में आने वाली बसें सैंधरी बाईपास, बरगद तिराहा होते हुए राजापुर चौराहे से सौजन्या तिराहे पर कार्यकर्ताओं को उतारकर इसी पार्किंग में पार्क होंगी।
- **पार्किंग : 02 राजकीय आईटीआई कालेज राजापुर :** रामापुर, खीरी कस्बा, ओयल, गोला, बेहजम दिशाओं से आने वाले छोटे चार पहिया व दो पहिया वाहन राजकीय आईटीआई कालेज राजापुर में पार्क होंगे।
- **पार्किंग : 03 पुराना एसपी बंगला :** निघासन, शारदानगर व पलिया की ओर से आने वाले छोटे चार पहिया व दो पहिया वाहन मेला मैदान, इमली तिराहा होते हुए पुराना एसपी बंगला में खड़े कराए जाएंगे।
- **पार्किंग :- 04 बिलोबी हाल :** पुराना एसपी बंगला पार्किंग भर जाने पर छोटे चार पहिया वाहन विलोबी हाल मैदान में पार्क कराये जायेंगे।
- **पार्किंग :- 05 विकास भवन :** आवश्यकता पड़ने पर वीवीआईपी वाहनों की पार्किंग विकास भवन परिसर के लिए रिजर्व रहेगा ।

**इन रूटों से होगा परिवहन निगम की बसों का संचालन**

- ऐरा, धौरहरा, रुपईडिहा, लहरपुर मार्ग की बसें राजापुर चौराहा से संचालित की जायेंगी । ■ गोला, शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर एवं लखनऊ मार्ग की बसे एलआरपी चौराहा से संचालित की जायेंगी ।

### इन रूटों से होगा परिवहन निगम की बसों का संचालन

- ऐरा, धौरहरा, रुपईडिहा, लहरपुर मार्ग की बसें राजापुर चौराहा से संचालित की जायेंगी।
- गोला, शाहजहांपुर, बरेली, सीतापुर एवं लखनऊ मार्ग की बसे एलआरपी चौराहा से संचालित की जायेंगी।
- **इन स्थानों पर लगेंगे बैरियर :** राजापुर चौराहा, सौजन्या तिराहा, हीरालाल धर्मशाला, गुरुगोविन्द सिंह चौक, डानबास्को नहर पुलिया

> पांच स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था है। इसके अलावा पांच जगहों पर बैरियर लगाए जाएंगे। सुबह नौ बजे से कार्यक्रम समाप्त होने तक ई-रिक्शा और आटो का संचालन बंद रहेगा।
> –हरमीत सिंह, टीएसआई



मुख्यमंत्री की सभा के लिए लग रहा पंडाल। अमृत विचार

## सीएम की चुनावी सभा आज, तैयारियां पूर्ण

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** नगर के पब्लिक इंटर कॉलेज स्थित राजेंद्र गिरि स्टेडियम में बीजेपी के प्रत्याशी अजय मिश्र टेनी के समर्थन में जनसभा करने आ रहे सीएम योगी का हेलीकॉप्टर गुरुवार को 12 बजे कार्यक्रम स्थल के निकट बने हेलीपैड पर उतरेगा। सीएम के कार्यक्रम की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को लेकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं में काफी उत्साह है। पर्याप्त संख्या में पुलिस फ़ोर्स की ड्यूटी लगाई गई है। नगर पालिका की पानी की टंकी, सभा स्थल के निकट बनी ऊंची इमारतों पर पर्याप्त फोर्स तैनात रहेगा। पंडाल बनकर तैयार है। विधायक अमन गिरि, नगर पालिका चेयरमैन विजय शुक्ल रिंकू, जिला प्रभारी आईटी सेल प्रभात बाजपेई रूद्र, सांसद प्रतिनिधि मुन्नालाल अवस्थी, धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, विजय माहेश्वरी, डॉ प्रीती वर्मा आदि ने सभास्थल का निरीक्षण किया।

## सीएम की जनसभा में मौजूद रहेगी डॉक्टरों की टीम

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी , अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर सीएम योगी की बृहस्पतिवार को गोला और मोहम्मदी में जनसभा होगी। वह गोला और मोहम्मदी में खीरी एवं धौरहरा लोकसभा प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा करेगें। सीएम की रैली को लेकर स्वास्थ्य विभाग ने डॉक्टरों की टीम गठित कर दी है, जो एंबुलेंस के साथ जनसभा स्थल पर मौजूद रहेगी। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने बताया कि एंबुलेंस में जीवन रक्षक दवाओं एवं एबी पॉजिटिव ब्लड ग्रुप सहित महिला अस्पताल के निश्चेतक डॉ. राजेंद्र कुमार, फिजीशियन डॉ. विकास विद्यार्थी, आर्थो सर्जन डॉ. करमवीर, सर्जन डॉ. आलोक मौर्य, एलटी सुभाष वर्मा, फार्मासिस्ट पंकज वर्मा, ईसीजी टेक्नीशियन विजय यादव, वेंटीलेटर ऑपरेटर सलमान खान और वार्ड ब्वाय पवन कुमा मौजूद रहेगें।

## बाल विवाह रोकने के लिए जिला प्रशासन सतर्क

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर बाल विवाह होने की संभावना को देखते हुए डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने इस पर रोक लगाने के लिए निगरानी करने के निर्देश दिए हैं। बाल विवाह होने के संबंध में टोल फ्री नंबर-1098 सहित बाल कल्याण समिति व संबंधित थानाध्यक्ष को सूचना दे सकते हैं। डीपीओ संजय कुमार निगम ने बताया कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी में पॉलिसी धारक का नाम शांति देवी गलती से लिखा हुआ है जबकि अधार और बैंक पास बुक मे सुशीला अंकित है जिसका पालसी संख्या 276568200 है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं । अतः अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मै **सुशीला पत्नी हरिशंकर, निवासी– बाल गोविंदपुरवा, ठाकुरपुर, जनपद–गोण्डा,** मेरे पति हरिशंकर गोस्वामी की पॉलिसी संख्या 276569197 में मेरा नाम शांति देवी अंकित हैं जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड तथा बैंक पासबुक में मेरा नाम सुशीला पत्नी हरिशंकर अंकित है। सुशीला एवं शांति देवी उपरोक्त दोनों नाम मेरे है। इस नाम की कोई अन्य महिला नहीं हैं । अतः अब मुझे मेरे दस्तावेजों के आधार पर जाना व पहचाना जाय।

**सूचना**
सूचित हो कि मै बिन्दादीन उर्फ बिन्दा प्रसाद पुत्र श्रीकृष्ण, निवासी–ग्राम खेशुआ पाटन, उन्नाव, मेरे डाकघर के किसान विकास पत्र में मेरा नाम त्रुटिवश बिन्दा प्रसाद पुत्र केशन अंकित हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम बिन्दादीन पुत्र श्रीकृष्ण अंकित है। बिन्दादीन और बिन्दा प्रसाद दोनों नाम एक ही व्यक्ति के है। मुझे इन दोनों नामों से जाना व पहचाना जाता है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं खुशनाज उर्फ खूशबू बिना किसी जोर दबाव के अपना धर्म इस्लाम को त्याग कर हिंदू धर्म स्वीकार करती हूं। मैं सुखदेव के साथ बतौर पत्नी रह रही हूं। – **खुशनाज उर्फ खुशबू, निवासी– बभनी सिद्धार्थनगर, हालपता– मंगराकोहल बलदेवनगर, बलरामपुर**

**सूचना**
सूचित हो कि मै **अलीशा गौतम पुत्री राम जीवन गौतम, निवासिनी– सेक्टर एम–1,–210 एल0डी0ए0 कॉलोनी, कानपुर रोड, लखनऊ,** 226012, मेरी हाईस्कूल की मूल मार्कशीट वास्तव में कहीं खो गई है । जिसकी प्रथम सूचना रिपोर्ट थाने में दर्ज करा दी गयी है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **कमलेश पुत्र सुंदरलाल निवासी ग्राम शेखनपुर उर्फ मखदूमपुर परगना तहसील व कोतवाली डलमऊ जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरा पुत्र बृजेश कुमार मेरे कहने में नहीं है और आए दिन झगड़ा करता है। मैं अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से अपने पुत्र बृजेश कुमार को बेदखल करता हूं। उसके द्वारा किसी भी प्रकार के किए गए कृत्यों से मेरा व मेरे परिवार के अन्य सदस्यों का कोई सरोकार नहीं है।

**सूचना**
सूचित किया जाता है कि मेरे श्वसुर रामप्रकाश तिवारी (85) पुत्र राम कुमार तिवारी, निवासी–ग्राम–आदिलपुर, मिल्कीपुर, अयोध्या की दिमागी हालत ठीक नहीं रहती है। वो काफी वृद्ध हो चुके हैं, उनकी सोचने समझने की क्षमता क्षीण हो चुकी है। ऐसी स्थिति में यदि उनसे कोई लेन–देन, बैनामा, वसीयतनामा, गोदनामा या अन्य लेख के माध्यम से कोई आराजी या संपत्ति क्रय–विक्रय की जाती है तो वह अमान्य व निराधार माना जाये। – **रेनू पत्नी स्वर्गीय बृजकिशोर तिवारी, निवासी– ग्राम आदिलपुर, थाना इनायत नगर, मिल्कीपुर, अयोध्या।**

# तेंदुए के हमले में तीन घायल भीड़ ने पीटकर मार डाला

## घायलों की हालत गंभीर, गन्ने के खेत की सिंचाई कर रहे थे ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**दुधवा टाइगर रिजर्व की भीरा रेंज के रामनगर कलां गांव में घटना**

**अमृत विचार:** दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन की भीरा रेंज के गांव रामनगर कलां में गन्ने के खेत की गुड़ाई और सिंचाई कर रहे ग्रामीणों पर झाड़ियों में छुपे बैठे तेंदुए ने हमला कर दिया। इससे तीनों ग्रामीण घायल हो गए। सूचना पर लाठी-डंडे और धारदार हथियार लेकर मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने तेंदुए को घेर लिया और उसे पीट-पीटकर मार डाला।

दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन के भीरा रेंज की बिजुआ बीट से सटे रामनगर कलां के निकट खेतों में मजदूर गन्ने की गुड़ाई और सिंचाई का कार्य क्र रहे थे। दोपहर करीब 12 बजे पास में लगी झाड़ियों में छुपे बैठे तेंदुए ने गांव के ही संतराम (30) रामसागर (40) और हीरालाल 33 पर हमला कर दिया, जिससे तीनों ग्रामीण घायल हो गए। शोरगुल होने पर तमाम ग्रामीण लाठी-डंडा और धारदार हथियार लेकर खेतों की तरफ दौड़ पड़े। शोर शराबा होने पर तेंदुआ झाड़ियों में जाकर छिप गया। ग्रामीणों ने उसे घेर लिया और लाठियों व धारदार हथियारों से प्रहार कर मार डाला। बताते हैं कि तेंदुए को गुस्साए किसानों ने ट्रैक्टर से भी कुचल दिया। घटना के बाद मौके पर सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। तेंदुए की पीटकर हत्या की खबर मिलते ही वन विभाग में हड़कंप मच गया। बफर जोन के उपनिदेशक सौरीष सहाय कई रेंज अधिकारियों के साथ मौके पर पहुंच गए। वन अफसरों को ग्रामीणों के आक्रोष का सामना करना पड़ा। उपनिदेशक ने किसी तरह से लोगों को समझा बुझाकर शांत कराया और तेंदुए का शव लेकर भीरा रेंज पहुंचे। उपनिदेशक सौरीष सहाय ने बताया कि बृहस्पतिवार सुबह तीन पशु चिकित्सकों के पैनल से शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि तेंदुए के हमले में तीन ग्रामीण घायल हुए हैं। इससे नाराज ग्रामीणों ने पीट-पीटकर तेंदुए की हत्या की है। मामले की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# बैंक से तीन लाख रुपये से भरा बैग चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**बैंक शाखा में रुपये जमा करने आए थे किसान सेवा सहकारी समिति के सचिव**

**अमृत विचार:** जिला सहकारी बैंक शाखा फरधान में शाखा प्रबंधक की मेज पर रखे नोटों से भरे बैग पर एक उचक्के ने हाथ साफ कर दिया। बैग में 298398 रुपए थे, जिन्हें कैमहरा की किसान सेवा समिति के सचिव बैंक शाखा में जमा करने आए थे। घटना के बाद से बैंक में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है।

किसान सेवा सहकारी समिति लिमिटेड कैमहरा के सचिव रविंद्र कुमार ने बताया कि वह समिति का रुपया जिला सहकारी बैंक शाखा फरधान में जमा करने गए थे। बैग में 182098 रुपए खाद बिक्री का था, जबकि 116300 रुपए किसानों के कर्ज की वसूली का था। इस तरह बैग में कुल 298398 रुपए थे। रुपये भरा बैग शाखा प्रबंधक की टेबल पर रखकर कर्मचारी जमा वाउचर लेने लगा था। बैंक में पहले से विभागीय अधिकारियों की मीटिंग चल रही थी। रुपये वाला बैग रखने के बाद वह मीटिंग में शामिल हो गए। मौके का फायदा उठाकर उचक्का बैग लेकर फरार हो गया। घटना के बाद से बैंक कर्मचारियों में हड़कंप मचा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। रुपये भरा थैला ले जाने वाले युवक की फुटेज बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है, लेकिन उसका चेहरा साफ नहीं है। मौके पर पहुंची पुलिस ने फुटेज खंगाली। आरोपी की फुटेज लेकर उसकी पहचान कराने की कोशिश कर रही है। थानाध्यक्ष कौशल किशोर ने बताया कि तहरीर मिली है, जिसके आधार पर अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस छानबीन कर रही है।

## दो पक्षों में जमकर मारपीट ईंट-पत्थर चले, सात घायल

फरधान, अमृत विचार : थाना फरधान क्षेत्र गांव देवकली में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट हो गई। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर पथराव करने का आरोप लगाया है। इस संघर्ष में सात लोग घायल हुए हैं। गांव निवासी अजीज का पड़ोस के फिरोज महावत से कुछ समय पहले बातों बातों में विवाद हो गया था। अजीज का कहना है कि वह बुधवार की सुबह दूध लेकर बाइक से लखीमपुर जा रहा थे। रास्ते में घात लगाए बैठे दूसरे पक्ष के पांच लोगों ने रोक कर मारपीट शुरू कर दी।

# जनसेवा केंद्र समेत तीन जगहों से लाखों की चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार :** कोतवाली सदर क्षेत्र में चोरों ने खंभारखेड़ा चौराहा पर स्थित एक जन सेवा केंद्र का ताला तोड़ दिया। इसके अलावा दो घरों में घुस गए। तीनों जगहों से चोर नगदी–जेवर समेत लाखों रुपये का सामान बटोर ले गए। पीड़ितों ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है, लेकिन पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। गांव मकसोहा निवासी मिथलेश कुमार खंभारखेड़ा चौराहे पर एसबीआई का ग्राहक सेवा केंद्र है। मिथलेश ने बताया कि मंगलवार की शाम उसने अपने बैग में तीन लाख रुपये की नकदी रख दी और केंद्र पर अपने भाई को बैठआकर निजी काम से चला गया। रात करीब 08 :30 बजे भाई दुकान बंद कर घर चला गया। रुपये से भरा बैग दुकान में ही छूट गया। चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर रुपयों से भरा बैग लेकर भाग गए। बुधवार सुबह जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो ताला टूटा देखा। उसने पुलिस और बैंक अधिकारियों को घटना की जानकारी दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। उधर, गांव लखनापुर में आरती देवी के घर दीवार फांदकर घुसे चोर अलमारी में रखे चार हजार रुपये, कीमती जेवर समेत हजारों का माल चोरी कर ले गए। रात में ही रैनी गांव के प्रताप सिंह के घर से दो हजार रुपये, जेवर और अन्य सामान चोरी कर ले गए। सभी पीड़ितों ने चोरी की तहरीर पुलिस को दे दी है। चौकी इंचार्ज राहुल सिंह ने बताया कि चोरी हुई है। मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरो को पकड़ कर जेल भेजा जाएगा।

## जंगल से भटककर गांव पहुंचा चीतल, अफरा-तफरी

**संवाददाता, संसारपुर। अमृत विचार :** वन रेंज मैलानी की वन बीट खरेहटा के जंगल से भटककर एक चीतल ग्राम पंचायत काकोरी के मजरा ऊंचागांव में पहुंच गया, जिसे देखकर गांव में अफरा तफरी मच गई। जंगल से भटककर आया चीतल गंभीर चोटिल था। उसका एक पैर टूटा होने के कारण वह चल नहीं पा रहा था। गांव वालों के अनुसार चीतल जंगल से भागकर खेतों की तरफ आया, जहां से कुत्तों ने उसे दौड़ाया कुत्तों के चुंगल से भागकर गांव में आ गया। गांव के लोगों ने सूचना वन विभाग को दी, दो घंटे बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम के वाचर वीरपाल एवं चुम्मन दर्द से तड़प रही चीतल को अपनी बाइक पर बिठाकर वन चौकी ले गए। गांव के अखिलेश तिवारी ने बताया चीतल गंभीर घायल होने के कारण करीब दो घंटे तड़पता रहा।

## निकाली गई कलश यात्रा



मोहनपुर ग्रंट कालोनी में कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु। अमृत विचार

**उचौलिया अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम मोहनपुर ग्रंट बंगाली कालोनी में श्रीकृष्ण मंदिर पर अखण्ड महाप्रभु के नाम संकीर्तन से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकाली गई। इस कलश यात्रा में महिलाओं सहित कमेटी के लोगों ने भाग लिया। हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे का वाचन किया गया। मंदिर के पुजारी गोपीनाथ प्रसाद दास ने कलशों को मंत्रोच्चार के साथ स्थापित कराया। संकीर्तन समिति के अध्यक्ष गौरंग सिंह और सचिव नितिन राय ने बताया कि महाप्रभु नाम संकीर्तन अखंड 16 प्रहर (48 घंटे) तक चलेगा। समिति के उपाध्यक्ष भीम मंडल, डा. हीरालाल राय, बबलू मंडल, श्याम मंडल, यज्ञ कमेटी प्रबंधक मनीष और राजू डाली आदि मौजूद रहे।

# लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी करना सबकी जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।

**अमृत विचार:** जिले में लोकतंत्र के महापर्व का उत्सव 13 मई को है। इसमें सभी मतदाताओं को अपनी सहभागिता करने के लिए आह्वान किया जा रहा है, जिससे वोटर मतदान केंद्र पर जाकर भारतीय लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभा सकें। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाए जा रहे हैं। इस क्रम में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं के माता पिता को बुलाकर मतदान की अहमियत बताकर वोट डालने के लिए जागरूक किया गया तो वहीं वाईडी कॉलेज के प्रोफेसर और एनएसएस के स्वयंसेवकों ने शहर में भ्रमण कर लोगों से वोट डालने की अपील की। वहीं गोला में पब्लिक इंटर कॉलेज के शिक्षकों और छात्रों ने जागरूकता रैली निकालकर 13 मई को पहले वोट डालने का संदेश दिया।

**स्वीप कोऑर्डिनेटर ने राहगीरों को बताई वोट की अहमियत :** वाईडी कॉलेज के स्वीप कोऑर्डिनेटर डॉ. सुभाष चंद्रा ने राजगढ़ वार्ड के लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। इससे पहले एनएसएस स्वयंसेवकों ने कॉलेज में चौपाल लगाई। इसमें प्राचार्य डॉ. हेमंत पाल ने सभी को वोट डालने की शपथ दिलाई। स्वयंसेवकों ने 13 मई को मतदान के लिए प्रेरित कर वोटर हेल्पलाइन, मतदाता सूची क्रमांक जानने, वोटर स्लिप व मतदान केन्द्र पर पहचान के लिए उपयोगी प्रपत्रों की जानकारी दी। डॉ. सुभाष चंद्रा ने सड़क किनारे मौजूद लोगों को वोट की अहमियत बताकर इसका उपयोग करने के लिए प्रेरित किया।

### मतदान करने का अभिभावकों को दिलाया संकल्प

जीजीआईसी में बुधवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम हुआ, जिसमें अभिभावक शामिल हुए। प्रधानाचार्य डॉ. शालिनी दुबे ने सभी को वोट डालने के लिए प्रेरित कर मतदाता शपथ दिलवाई। अभियान की नोडल रंजना वर्मा ने कहा कि 13 मई को सारे काम छोड़कर पहले बूथ पर जाकर मतदान कर भारत को एक सशक्त राष्ट्र बनाने में अपना अमूल्य योगदान दें। छात्राओं ने गीत गाकर मतदान के लिए जागरूक किया। शशी तिवारी, शैलजा मिश्रा, अंजना गुप्ता, मुद्रिका मिश्रा, पूनम शर्मा, रेखा वर्मा सहित स्टाफ व छात्राएं मौजूद रहीं।

### शत-प्रतिशत मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान



हस्ताक्षर अभियान के तहत बैनर पर हस्ताक्षर करती छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** आर्य कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत शत प्रतिशत मतदान के लिए हस्ताक्षर अभियान चला। इसका शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर वीणा गोपाल मिश्रा ने किया। उन्होंने छात्राओं को वोट अवश्य डालेंगे की संकल्प भावना के साथ हस्ताक्षर अभियान में शामिल होने का आह्वान किया । प्रोफेसर गीता शुक्ला, सुशीला देवी, डॉ. रेखा पांडेय, डॉ. सुरचना त्रिवेदी, अर्चना सिंह, शिवांगी सक्सेना, डॉ. क्षमा तिवारी, डॉ. प्रीति सिंह, सविता शुक्ला सहित सभी छात्राएं हस्ताक्षर अभियान में शामिल हुईं।

### पहले मतदान फिर जलपान का छात्रों ने दिया संदेश

**संवाददाता गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** पब्लिक इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य बाबूराम सागर ने छात्र छात्राओं को मतदान का महत्व बताया। उन्होंने छात्रों को अपने माता पिता व आस पड़ोस के लोगों को 13 मई के दिन बूथ पर भेजने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद कॉलेज से मतदाता जागरूकता रैली निकली। इसमें शामिल छात्र छात्राओं ने नगरवासियों और राहगीरों को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की। इसके बाद शिक्षक अभिभावक संघ की एक बैठक हुई। इसमें अभिभावकों को वोट डालने के लिए कहा गया। इतिहास प्रवक्ता रमेश चंद्र एवं शिक्षक अभिभावक संघ के अध्यक्ष उमाशंकर ने जाति धर्म से ऊपर उठकर और बिना किसी भेदभाव के वोट डालने के लिए कहा।

### शत-प्रतिशत मतदान, विकसित भारत का संकल्प

**संवाददाता पलियाकलां, अमृत विचार :** जिला पंचायत बालिका इंटर कॉलेज में शिक्षक अभिभावक मतदाता जागरूकता गोष्ठी हुई। इसमें प्रधानाचार्य कृष्ण अवतार भाटी ने कहा कि मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार है। हमें नये भारत के निर्माण के लिये मतदान अवश्य करना चाहिए। मतदान कर हम सरकार को अपनी सोच से अवगत करा सकते हैं। नोडल अधिकारी आकृति गुप्ता ने कहा मतदान से हम सक्षम व समृद्ध भारत की नींव रखते हैं। शत प्रतिशत मतदान स्वच्छ व स्वस्थ लोकतंत्र के लिये आवश्यक है। पहले मतदान, फिर जलपान की भावना के तहत 13 मई को सभी लोग बूथ पर पहले वोट डाले। छात्राओं ने स्लोगन द्वारा वोट डालने का संदेश दिया। शालिनी चौधरी सहित समस्त विद्यालय परिवार मौजूद रहा।

**BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY**
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- HUMANITIES AND JOURNALISM English
- FACULTY OF PHARMACY

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf


**बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय**
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

**प्रस्तुत पाठ्यक्रम**
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
**मेडिकल साइंसेज**
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
**डेन्टल साइंसेज**
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
**नर्सिंग विज्ञान**
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/ एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्सेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
**फार्मेसी**
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
**पैरामेडिकल साइंसेज**
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/ डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/ बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
**फोरेंसिक साइंसेज**
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
**मैनेजमेंट एंड कॉमर्स**
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
**ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म**
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
**योगा एंड नेचुरोपैथी**
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

# आजादी के बाद हाल्ट घोषित होते गए रेलवे स्टेशन

## कानपुर-बालामऊ रेल मार्ग के स्टेशनों पर यात्री सुविधाओं का अभाव, निकलने का मार्ग तक नहीं



सुविधा रहित स्टेशन फतेहपुर चौरासी।




फतेहपुर चौरासी हाल्ट स्टेशन को जोड़ने वाले रास्ते पर खड़ी झाड़ियां। अमृत विचार

संवाददाता, फतेहपुर चौरासी, उन्नाव


**अमृत विचार।** चुनाव के दौरान भले ही राजनीतिक दलों व उनके प्रत्याशी लोक लुभावन वादे करते आ रहे हैं, लेकिन वास्तविकता में देश आजाद होने के बीते 75 वर्षों में किसी जनप्रतिनिधि ने क्षेत्रीय ग्रामीणों व कस्बाइयों को रेल सुविधाएं उपलब्ध कराने को तवज्जो नहीं दिया है। यही कारण है कि यात्रियों के लिहाज से कई रेलवे स्टेशन हाल्ट बनाकर सुविधाओं से मरहूम किए जा चुके हैं, जहां लंबी दूरी की टेन का ठहराव ही नहीं बैठने सहित पेयजल सुविधा भी नहीं है।

कानपुर को बालामऊ होकर लखनऊ-दिल्ली रेल रूट से जोड़ने वाले कानपुर-बालामऊ रेलवे टैक पर तहसील और ब्लाक व नगर पंचायत मुख्यालयों सहित अन्य कई स्टेशन हैं। करीब आधा दर्जन स्टेशन को हाल्ट घोषित करते हुए रेल प्रशासन ने स्टाफ हटाकर टिकट बुकिंग की जिम्मेदारी अलग-अलग ठेकेदारों को सौंप रखी है। हाल्ट कहे जाने वाले इन स्थानों पर हालांकि पैसेंजर टेन ठहरती हैं, लेकिन सुविधाओं का पूरी तरह अभाव है। ठेकेदार मनमाने समय पर पहुंचकर टिकट बिक्री करता है। वरना लोगों को बिना टिकट टेन पर सवार होकर अगले स्टेशनों पर स्वयं को वैध रेल यात्री बनाने के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। कई बार रास्ते के किसी स्टेशन पर टिकट न खरीद पाने पर टीटीई व टीसी के हत्थे चढ़ने पर जलालत के साथ जुर्माना भी भरना पड़ता है। फतेहपुर चौरासी सहित रेल रूट के अन्य हाल्ट स्टेशनों पर यात्रियों के लिए न तो टेन का इंतजार करते समय बैठने को बेंच उपलब्ध हैं और न ही टीनशेड। इससे उन्हें गर्मी व बारिश के विपरीत मौसम में खुले आसमान के नीचे मौसम की मार बर्दास्त करते हुए टेन का इंतजार करना पड़ता है। खुले में लघुशंका व शौच क्रिया से निवृत्त होने पर जुर्माना का प्रावधान किए जाने के बाद भी इन हाल्टों पर शौचालयों का निर्माण भी नहीं कराया गया है। यही नहीं पीने का शीतल नहीं सामान्य जल भी नहीं उपलब्ध रहता है। कई बार हैंड पंप खराब होने पर रेल अधिकारी महीनों बाद मरम्मत कराना मुनासिब समझते हैं। कस्बे व ब्लाक मुख्यालय के नाम से संचालित रेलवे स्टेशन पहुंचने के लिए मुकम्मल रास्ता भी नहीं है। इससे स्टेशन तक सवारी वाहन से पहुंचना मुश्किल रहता है। इसके अलावा स्टेशन के आसपास उगने वाली झाड़ियों को कटाना भी रेल अधिकारी जरूरी नहीं समझते हैं और लोगों को समस्याएं हो रही हैं।

### यात्रियों की बात



सरांय ग्रामीण निवासी मंशाराम राजपूत ने बताया कि कानपुर आवागमन के लिए रेल यात्रा सबसे मुफीद साधन है, लेकिन अधिकारियों की उपेक्षा से असुविधाओं के बीच भी सफर करने को मजबूर होना पड़ता है। -मंशाराम राजपूत।



इसी तरह छोटू चौरसिया ने हाल्ट स्टेशन पर पीने के पानी तक की सुविधा न उपलब्ध होने पर नाराजगी जताई। कहा कि लगातार मांग किए जाने के बाद भी यात्रियों को बैठने की सुविधा नहीं उपलब्ध हो सकी। -छोटू चौरसिया।



क्षेत्र के सादुल्लापुर ग्राम पंचायत के प्रधान जितेंद्र कुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत को हाल्ट स्टेशन से जोड़ने वाले मार्ग पर बनवाए गए अंडर पास पर शेड का निर्माण न होने से बारिश होते ही आवागमन बाधित हो जाता है। -जितेंद्र कुमार।



कठिघरा गांव निवासी पिंटू के मुताबिक कई पर रेल उच्चाधिकारियों से यात्री सुविधाओं की बहाली की मांग की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो सकी है। इससे रेल के बजाए बसों से गंतव्य तक पहुंचना पड़ता है। -पिंटू।

# जून में विद्युत संकट बढ़ने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, उन्नाव

- चुनाव के बावजूद जारी रहती है बिजली की आवाजाही

**अमृत विचार।** आमतौर पर चुनाव के समय उपभोक्ताओं को निर्बाध विद्युत आपूर्ति प्राप्त होती रही है लेकिन हो रहे लोकसभा चुनाव की मतदान तिथि निकट होने के बाद भी दिन में कई बार विद्युत आपूर्ति ठप होने का सिलसिला जारी है। इससे कामकाज प्रभावित होने को लेकर लोगों में नाराजगी है। वह आगे आम चुनाव के बाद गंभीर विद्युत संकट की आशंका जता रहे हैं।

इधर बीते करीब एक माह से जहां दिन में कई-कई बार बिजली आती-जाती रहती है। वहीं रात के समय भी आपूर्ति ठप किए जाने का सिलसिला जारी रहता है। बीते करीब एक सप्ताह से शहर के इब्राहिमबाग विद्युत उप केंद्र से जुड़े मोतीनगर, पीतांबरनगर, यूडीए कालोनी व कृष्णानगर आदि मोहल्लों में सुबह छह-सात बजते ही बिजली गुल होने का सिलसिला जारी है। इससे जहां नींद में खलल पड़ता है। इसी तरह अन्य विद्युत उपकेंद्र से जुड़े मोहल्लों में भी बार-बार बिजली गुल होती रहती है। इससे सबमर्सिबल सहित टुल्लू के जरिए पानी प्राप्त करने वालों की दिनचर्या प्रभावित रहती है। यही नहीं विद्युत आपूर्ति बाधित होने का सिलसिला पूरे दिन जारी रहता है, जिससे विद्युत उपयोग आधारित कारोबारियों को खाली बैठने को मजबूर होना पड़ता है। साथ ही बार-बार बिजली की आवाजाही बनी रहने से न सिर्फ रेफ्रिजरेटर, बल्कि कंप्यूटर व प्रिंटर आदि उपकरणों में तकनीकि खराबी की संभावना बढ़ जाती है। इसे लेकर लोगों में नाराजगी है। कोल्ड ड्रिंक बेचने वाले किराना दुकानदार दिनेश ने बताया कि बार-बार आपूर्ति ठप होने से रेफ्रिजरेटर के कंप्रशर पर अधिक जोर पड़ता है, जिससे खराबी होने की संभावना बढ़ जाती है। इसी तरह लोकवाणी केंद्र संचालक सूरज, विवेक व अजय ने बताया कि इंवर्टर कई कंप्यूटर सहित प्रिंटर का बहुत समय तक लोड नहीं ले पाता है। इससे देर तक आपूर्ति बाधित रहते कामकाज बंद रखना पड़ता है। कारोबारियों ने कहा कि चुनाव के दौरान लगातार आपूर्ति न मिल पाने की वजह से जून में परिणाम घोषित होते ही और अधिक समस्या खड़ी हो सकती है, जिससे दुकान संचालन में खर्च होने वाली रकम निकलना मुश्किल होगा।

## बाल विवाह कराने वालों पर की जाएगी कार्रवाई

**उन्नाव।** जिला प्रोबेशन अधिकारी क्षमानाथ राय ने बताया कि उप्र राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अक्षय तृतीया पर एक भी बाल विवाह न होने देने के निर्देश दिए हैं। विवाह के लिए बालिका की आयु कम से कम 18 और बालक के लिए 21 वर्ष निर्धारित है। तय उम्र से कम आयु में विवाह कराना गैर कानूनी करार देते हुए अपराध की श्रेणी शामिल है, जिसके लिए दोषियों को सजा व दंड का प्रावधान किया गया है। इसीलिए उच्चाधिकारियों ने अक्षय तृतीया पर इसका कड़ाई के साथ बाल विवाह रोकने पर जोर दिया है। किसी भी व्यक्ति द्वारा बाल विवाह कराया जाना संज्ञान में आने पर चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर-1098 या महिला हेल्प लाइन-181 डायल कर इसकी सूचना दर्ज करा सकता है।



वाहनों की चेकिंग करती उड़नदस्ता की टीम। अमृत विचार

# चेकिंग कर हटवाए गए स्टीकर, लगाई फटकार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को देखते हुये बुधवार को नगर के प्रमुख चौराहों और मार्गों पर उड़नदस्ता की टीम ने चेकिंग की। जहां कई वाहनों में स्टीकर लगा देख मजिस्ट्रेट ने चालकों को फटकार लगाई। इसके साथ ही कई वाहनों से राजनैतिक झंडे भी उतरवाये।

उड़नदस्ता मजिस्ट्रेट सूर्य प्रकाश शुक्ला अपनी टीम के साथ सुबह करीब साढ़े दस बजे नवीनपुल मोड़ के पास पहुंचे। जहां शुक्लागंज से कानपुर और कानपुर से शुक्लागंज की ओर आने जाने वाले वाहनों को रोका गया। जहां उनकी सघन चेकिंग की गई। चेकिंग के दौरान किसी भी वाहन में मानक के विपरीत कोई भी सामग्री नहीं मिली। इस दौरान कुछ वाहनों में राजनैतिक स्टीकर और झंडे लगे मिले। जिस पर मजिस्ट्रेट ने चालकों को फटकार लगाये हुये आदर्श आचार संहिता का पाठ पढ़ाया। मजिस्ट्रेट ने बताया पुल मोड़, मरहला चौराहा पर वाहन चेकिंग के दौरान कई वाहनों से स्टीकर व झंडे उतारवाये गये हैं।

# मतदान केंद्रों में पहुंचे जवान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

**अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुये बुधवार को नगर के मतदान केन्द्रों पर सीएपीएफ के जवान पहुंचे। जहां कोतवाली प्रभारी ने जवानों को माला पहनाकर स्वागत किया। इसके साथ ही उन्हें मतदान केन्द्रों में ठहरने की व्यवस्था कराई।

गंगाघाट क्षेत्र में लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण ढंग से निपटाए जाये, इसके लिये बुधवार को नगर में सीएपीएफ के जवान बसों से पहुंचे। जहां कोतवाली प्रभारी रामफल प्रजापति ने जवानों को माला पहनाकर स्वागत किया। जिसके बाद उन्होंने बताया कि जिन मतदान केन्द्रों में तीन से अधिक बूथ बनाये गये हैं। उन केन्द्रों में जवानों की ड्यूटी जिला निर्वाचन आयोग के निर्देश पर लगाई जायेगी। इसके साथ ही अतिसंवेदनशील बूथों पर जवान पैनी नजर बनाये रखेंगे। उन्होंने बताया कि अभी राजधानी मार्ग स्थित अंबिका प्रसाद मेमोरियल पब्लिक स्कूल और गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में जवान को रोका गया है।



सीएपीएफ के जवान को माला पहनाते कोतवाली प्रभारी। अमृत विचार

### कराएंगे शांतिपूर्ण मतदान

**पुरवा उन्नाव।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए कोतवाली क्षेत्र के चार विद्यालयों में केंद्रीय सुरक्षाबल, गैर जनपद की पुलिस व होमगार्ड के जवान ठहराने के लिये चिन्हित विद्यालयों में पहुंच गये हैं। कोतवाली प्रभारी कुवर बहादुर सिंह ने बताया कि शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए बूथों पर लगने वाले केंद्रय शस्त्र बल, पुलिस बल व होमगाड़र्स के लिए ठहरने के लिए राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, रामकली बुद्धीलाल शिक्षण संस्थान पुरवा, ऋषिकुल विद्यापीठ व ठाकुर जी महराज कालेज मूं रोका गया है। जिसमें शौचालय, पेयजल, बिजली व छाया आदि की व्यवस्था की गई। रामकली बुद्धी लाल साहू शिक्षण संस्थान में क्रेंदीय बल की एक कंपनी व ऋषिकुल विद्यापीठ व राजकीय बालिका इंटर कालेज में करीब 500 पुलिस कर्मी और ठाकुर जी महराज कालेज में 285 होमगार्ड रुकेंगे।

## जहरीले कीड़े के दंश से बच्चे की मौत

**पुरवा उन्नाव।** घर में रखी सब्जी उठाने गए 10 वर्षीय बच्चे को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे सीएचसी लाए जहां डाक्टर ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। मोहल्ला शीतलगंज निवासी सावित्री पत्नी सुरेंद्र बुधवार सुबह खाना बना रही थी उसने सब्जी में डालने के लिए 10 वर्षीय बेटे आनंद से कमरे से रखा प्याज लाने को कहा। जिसे लेने गए बेटे को किसी जहरीले कीड़े ने पैर में काट लिया। बाहर आकर उसने मां को इसकी जानकारी दी। वह कुछ समझ पाती इससे पहले आनंद की हालत बिगड़ गई और वह अचेत होकर गिर गया। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे। जहां डॉक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते मां सावित्री बदहवास हो गई। दो बहनों में इकलौते भाई की मौत से वह भी बेहाल रही। एसएचओ कुंवर बहादुर सिंह ने बताया परिजनों लिखित तहरीर देकर पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया है। परिजनों ने बताया कि बेटे मौत सर्प दंश से हुई है।

## सार-संक्षेप

### एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

**उन्नाव।** बीघापुर कोतवाली अंतर्गत छोटी पाही गांव निवासी हीरालाल की 65 वर्षीय शान्ति देवी बुधवार की शाम गांव के बाहर निकले उन्नाव-प्रयागराज रेलवे ट्रैक के किनारे अपनी बकरियां चरा रही थीं। इसी दौरान प्रयागराज से अम्बाला जा रही ऊंचाहार एक्सप्रेस ट्रेन को आता देख उसने ट्रैक के पास से बकरियों को हांक रही थी, तभी वह ट्रेन की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इसकी जानकारी पर परिजन पहुंचे और शव देख कर बेहाल हो गए। पति के मुताबिक उसकी पत्नी का मानसिक स्वास्थ्य कई सालों से खराब चल रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस और जांच के बाद शव को ट्रैक से हटवा कर रूट क्लियर कराया। एसओ राजपाल ने बताया कि मृतका के पति की सूचना पर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा है।

### गंगा में डूबे प्रेमी युगल की हुई पहचान

**उन्नाव।** बारा सगवर थाना क्षेत्र के बक्सर स्थित मां चंडिका देवी धाम में पवन तनय मंदिर के पीछे कच्चे घाट पर 28 अप्रैल को गंगा नहाते समय युवक और युवती की गंगा में डूब कर मौत हुई थी। शवों की पहचान नहीं होने से अज्ञात में शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद पुलिस ने उनका अंतिम संस्कार करवा दिया था। बुधवार को थाने पहुंचे दोनों के पिता ने उनकी शिनाख्त की। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि किसी प्रकार जानकारी पाकर थाने आए युवक के पिता राजेश कुमार पाल निवासी ठगईचा थाना सरेनी रायबरेली व युवती के पिता रामू पाल ने कपड़े, चप्पल व फोटो देख कर दोनों को पहचान लिया। राजेश ने बताया कि उसका बेटा अंकित कुमार अपने ननिहाल रघुनाथ खेड़ा थाना बारा सगवर निवासी रामू पाल की बेटी बिट्टू उर्फ आरती के साथ बक्सर घाट पर आया था। दोनों में प्रेम प्रसंग चल रहा था। परिजन शादी के लिए तैयार भी थे लेकिन क्या घटनाक्रम हुआ कैसे डूबे इस बारे में वह कुछ नहीं बता सका। चौकी इंचार्ज बक्सर प्रेम नारायण सरोज ने बताया कि दिवंगत युवती मूलत: बारासगवर थाना क्षेत्र के रघुनाथ खेड़ा की निवासी थी। वर्तमान में मुकुंदपुर समता विहार नई दिल्ली में रहती थी।

### छूटे कर्मिकों को किया गया प्रशिक्षित

**उन्नाव।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल संपंन कराने हेतु प्रशिक्षण में न शामिल होने से छूटे मतदान कार्मिकों को संतपूरनदास नगर स्थित एसवीएमआईसी में द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्मिक प्रभारी सीडीओ प्रेम प्रकाश मीना ने बताया कि अब प्रशिक्षण पूर्ण हो गया है। उन्होंने मतदान कार्मिकों का उत्साह बढ़ाते हुए भरोसा दिलाया कि उनकी सुविधाओं को पूरा बंदोबस्त किया जा रहा है। इससे मतदान कराने के लिए जाते और मतदान केंद्रों से वापसी में किसी तरह की समस्या नहीं होने दी जाएगी। मतदान कार्मिक ने दावा किया कि जिला निर्वाचन अधिकारी गौरांग राठी स्वयं सभी की सुविधाओं के लिए चिंतत हैं। इसलिए कार्मिकों को टेंशन लेने की आवश्यता नहीं है। वह समय से रवानगी स्थल पहुंचकर मतदान सामग्री सहित वाहनों पर सवार होना सुनिश्चित कराएं। इससे पहले ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के सहायक अभियंता जय सिंह व जिला प्रशिक्षण अधिकारी राम बहल ने सभी को प्रशिक्षित किया। साथ ही अलग-अलग ग्रुप बनाकर कार्मिकों को ईवीएम का प्रयोगिक प्रशिक्षण भी दिया गया।

### मां ने बेटी व ससुरालियों पर दर्ज कराई धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**हसनगंज।** कोतवाली क्षेत्र के कस्बा मोहान निवासी रानी देवी ने बताया कि बीती 6 फरवरी को हसनगंज रजिस्ट्री कार्यालय में 78 लाख रुपये की जमीन बेची थी। जिसका 14 लाख रुपये मेरे अकाउंट में ट्रांसफर किया गया। बाकी बचा 64 लाख रुपया बेटी शिवकांति, दामाद आलोक उर्फ दीपू, बेटी के ससुर जमुना व चचेरे ससुर लालता ने लेकर बैंक में जमा करने की बात कही तथा महिला से 8 लाख रुपये बैंक में जमा कराने के नाम पर और ले लिए। पीड़िता ने जानकारी होने पर अपने पैसे मांगे तो उसे जान से मार देने की धमकी देकर भगा दिया। इसे लेकर कोतवाल चंद्रकांत मिश्र ने बताया कि तहरीर के आधार पर महिला की बेटी, दामाद, ससुर व चचेरे ससुर के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# दो बाइकें भिड़ीं, युवक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता उन्नाव

- मौरावां के अकोहरी मार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** मौरावां थाना अंतर्गत अकोहरी मार्ग पर बुधवार को आमने-सामने हुई बाइक की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। वहीं दूसरा युवक गंभीर घायल हो गया। उसे सीएचसी ने प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल भेजा गया है। वहीं युवक की मौत की खबर पाकर पहुंचे परिजन शव देख कर बिलख उठे।

मौरावां थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चकसरैया के मजरा शिवदयाल खेड़ा निवासी बाबू उर्फ पावस (36) पुत्र राम आसरे बुधवार को मौरावां के रामलीला मैदान में आयोजित एक राजनैतिक कार्यक्रम में शामिल होने जा रहा था। तभी कस्बे के बेनीगंज मोहल्ले के पास उसकी बाइक की सामने से आई बाइक में टक्कर हो गई। दोनों बाइक चालक सड़क पर गिर कर घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर एंबुलेंस से उन्हे सीएचसी लाया गया। जहां बाबू को डाक्टर ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल विकास (35) पुत्र रामसुख को गंभीर हालत में जिला अस्पताल भेजा गया। युवक की मौत की खबर घर पहुंचने पर परिजन बेहाल हो गए। सीएचसी में माता-पिता जवान बेटे का शव देख कर बेहाल हो गए। मां विष्णु कुमारी को वहां मौजूद लोगों ने किसी तरह शांत कराया। दिवंगत युवक सात भाई-बहनों में छोटा था।

## खेत से चोरों ने पार किया इंजन

**बारासगवर उन्नाव।** बारासगवर थाना अंतर्गत मंगलवार की रात भटखेरवा गांव में खेत से इंजन चोरी हो गया। किसान संदीप सिंह ने बताया कि मंगलवार रात अज्ञात चोरों ने पार कर दिया। सुबह जब वह खेत पर पहुंचा तो ट्यूबवेल गायब देख उसके होश उड़ गये। उसने ट्यूबवेल चोरी की जानकारी पुलिस को दी। एसओ अखिलेश कुमार तिवारी ने बताया कि सूचना मिली है जांच की जा रही है।

## बाल श्रमिक भी करते हैं साफ-सफाई

**हसनगंज, उन्नाव।** स्कूली कापी-किताबों के बजाए बच्चों के हाथों में फावड़ा आदि थमाकर मजदूरी कराई जा रही है। साफ-सफाई के लिए नगर निकायों व ग्राम पंचायतों में सफाई कर्मचारियों की तैनाती है। जिले की पालिका परिषदों व नगर पंचायतों में भले ही सफाई कर्मचारी दायित्वों का निर्वहन करते दिखते हैं, लेकिन आमतौर पर गांवों में शायद ही कहीं सफाई कर्मी को पूरे गांव में झाड़ू लगाते हुए नालियों की सफाई करने को बाध्य किया जाता है। ब्लाक क्षेत्र के लगभग सभी ग्राम पंचायतों के सफाई कर्मचारी मौज की नौकरी कर रहे हैं। प्रधान की सख्ती के चलते उनके घर के आसपास भले ही कोई नियमित रूप से झाड़ू मारता हो। ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों को स्वयं ही घरों के आसपास साफ-सफाई रखनी होती है। बड़ी संख्या में सफाई कर्मियों ने अपनी जगह मजदूर तय कर रखे हैं, जो प्रधान व ग्राम विकास अधिकारी के बताए मुताबिक सप्ताह या पखवाड़े में एक बार गांव के प्रमुख मार्ग को साफ कर देते हैं, सफाई में बच्चे भी लगते हैं।।

परेशानी

वन विभाग के सुध न लेने पर ग्रामीणों ने अपने स्तर पर की हिंसक पशु की तलाश

# हिंसक पशु से दहशत, घर से बाहर नहीं निकले बच्चे

फॉलोअप

संवाददाता, नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** शौच के लिए गए सात वर्षीय बच्चे की हिंसक जानवर के हमला से हुई मौत के बाद ग्रामीणों में दहशत है। अधिकांश बच्चों को उनके परिजनों ने अकेले घर से नहीं निकलने दिया। वन विभाग ने घटना की सूचना के बाद भी हमलावर जानवर की तलाश करना मुनासिब नहीं समझा। इससे ग्रामीणों में रोष है। हालांकि, वन दरोगा द्वारा कांबिंग किए जाने का दावा किया गया। वहीं दिवंगत बच्चे का परिजनों ने अपने खेत में दाह संस्कार कर दिया।

बता दें कि अजगैन कोतवाली क्षेत्र के गुरुसहाय खेड़ा गांव निवासी हेमराज का सात वर्षीय बेटा रिषभ उर्फ गोलू मंगलवार दोपहर घर से कुछ दूर खेत में शौच के लिए गया था। इसी दौरान किसी हिंसक जानवर ने उस पर हमला कर लहूलुहान दिया था। घर न लौटने पर तलाश करने गए परिजनों को वह लहूलुहान हालत में पड़ा मिला था। जिसे सीएचसी ले जाने पर डाक्टर में मृत घोषित कर दिया था। घटना के बाद से गांव में दहशत है। ग्रामीणों में रमेश, कृष्णपाल, फूलनदेवी, सूबेदार, विद्याधर आदि ने बताया कि एक पखवाड़ा से एक पागल कुत्ता बकरियों को काट रहा था। मंगलवार को उसी ने बच्चे पर हमला किया है। प्रधान संतोष कुमार ने बताया कि उनके पास वनविभाग के दरोगा एसपी सिंह व जितेंद्र पांडेय का फोन आया था। लेकिन, बुधवार दोपहर बाद तक कोई भी गांव में झांकने नहीं आया। इससे ग्रामीणों में डर व गुस्सा है। वन दरोगा जितेंद्र पांडेय ने बताया की शाम को वो गांव गए थे। लेकिन जानवर नहीं मिला। कुत्ता पकड़ने का विभाग में कोई इंतजाम नहीं है। जानवर की तलाश में कांबिंग कराई गई है। ग्रामीण सचिन ने बताया कि इससे गांव में दहशत है। अब तो छोटे बच्चे के साथ बड़ों को भी डर लग रहा है। प्रशासन से कोई मदद नहीं मिल रही है। वहीं मनोहर ने कहा कि अभी तक पालतू जानवरों को खतरा था। लेकिन, अब तो बच्चों के लिए भी खतरा हो गया है। विनोद ने बताया कि कई गांव के लोग कुत्ते की तालाश कर रहे हैं। वन विभाग को आसपास के जंगलों में इसकी तलाश करनी चाहिए।



दहशत में लाठी-डंडे लेकर निकले ग्रामीण। अमृत विचार

## वाहन की टक्कर से युवक घायल, रेफर

**बांगरमऊ।** नगर के संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक अज्ञात युवक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर से युवक गंभीर घायल हो गया। लोगों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस उसे सरकारी अस्पताल लाई। जहां चिकित्सकों ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया। कई घंटे बाद उसकी शिनाख्त नगर पालिका के सफाई कर्मचारी के रूप में हुई। वह लखनऊ के कस्बा मलिहाबाद निवासी ज्ञानेंद्र मिश्रा है जो आर्यन ग्रुप के इंचार्ज है। वह बांगरमऊ नगर पालिका परिषद क्षेत्र में सफाई कार्य देखते हैं। बताते हैं कि बीती रात वह नाले की सफाई से निकली सिल्ट उठवा रहे थे। इसी दौरान नगर के संडीला मार्ग स्थित रेलवे क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। इसमें वह रूप से घायल हो गए।

# सुराग तो लगा, नहीं हो सकी पहचान

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एक्सप्रेस-वे के सर्विस लेन के पास हत्या कर फेंके गए महिला व बच्ची के शव की पहचान बुधवार को भी नही हो पाई। हालाकि पुलिस टीम के हांथ कुछ सुराग लगे है। उसी के आधार पर पुलिस पड़ताल कर रही है। बुधवार शाम को आईजी लखनऊ जोन तरुण गाबा भी घटना स्थल पहुंचे। उन्होंने सीओ से पूरी जानकारी लेने के साथ तहकीकात को तेज कर घटना के अनावरण के निर्देश दिए।

बता दें मंगलवार भोर पहर कोतवाली क्षेत्र के ताला सरांय गांव के पास लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे की सर्विस लेन के किनारे 25 वर्षीय महिला व पांच वर्षीय बच्ची का शव मिला था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जाँच की थी। जिसमे महिला के गले मे दुपट्टे का फंदा लगा हुआ था और बच्ची के गला घोंटने के निशान मिले थे। इससे उनकी दुपट्टे से गला घोंटकर हत्या करके शवो को फेंके जाने का कयास लगाया गया था। फील्ड यूनिट और फोरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए थे। एसपी भी घटनास्थल का निरीक्षण कर तीन टीमो का गठन किया था। पुलिस की टीमों ने पड़ोसी जिलों के थानों में दर्ज गुमशुदगी का ब्योरा जुटा रही है। महिला की पायल और कुछ दूर मिली पर्स में सुनार का नाम व चाबी सहित हाथ में लिखे नाम के आधार पर कुछ सुराग लगाने में सफल हुई है। आईजी तरुण गाबा ने बताया कि कुछ तथ्य पुलिस के हाथ लगे हैं। फिलहाल महिला और बच्ची की पहचान नही हो पाई है। जल्द ही हत्यारे पुलिस के गिरफ्त में होंगे।

- आईजी ने घटना स्थल का किया मुआयना



सीओ से जानकारी लेते आईजी तरुण गाबा। अमृत विचार

### फुटेज व टोल से गुजरे वाहनों का सिजरा जुटा रही पुलिस

- घटना को लेकर अभी तक यह माना जा रहा है कि हत्या कर शव सूनसान इलाका देख कर फेंका गया है। इसलिए सीसीटीवी फुटेज और पड़ोसी जिलों के रजिस्ट्रेशन वाले वाहनों का ब्योरा टोल प्लाजा से एकत्र कर रही है। इसके अलावा सर्विलांस भी घटना स्थल के पास एक्टिव मोबाइलों की पड़ताल में लगी है।

### सभी सीटों पर भाजपा के विधायक

- लोकसभा क्षेत्र में उन्नाव, बांगरमऊ, सफीपुर, मोहान, भगवंतनगर और पुरवा विधानसभा सीटें हैं। इन सभी सीटों पर भाजपा का कब्जा है। यहां तक कि जिला पंचायत अध्यक्ष पद भी भाजपा के ही पास है। कहा जा रहा है कि भाजपा के एक- दो विधायक भी सांसद से नाराज हैं, लेकिन बात पीएम मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की है तो वे लगातार क्षेत्र में भ्रमण करते हुए वोट मांग रहे हैं। हालांकि कई बार अपनों के बीच उनका दर्द छलक भी जाता है। 2017 में भाजपा के पास पांच विधानसभा सीटें थीं। पुरवा विधानसभा सीट तब बसपा के खाते में गई थी हालांकि उसके विधायक अनिल सिंह कुछ दिनों बाद ही भाजपा के संपर्क में आ गए थे। 2022 में वे भाजपा के टिकट पर ही जीते थे।



**02**

महिलाएं हीं उन्नाव सीट से बनीं सांसद, दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने भी आजमाई थी यहां से किस्मत

# साक्षी महाराज की हैट्रिक में अन्नू की चुनौती के सामने अशोक का त्रिकोण

**उन्नाव संसदीय सीट**

प्रकाश तिवारी, उन्नाव



भाजपा सांसद साक्षी महाराज।



सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन।



बसपा प्रत्याशी अशोक पांडेय।

**अमृत विचार।** 1991 की राम मंदिर लहर में पहली बार उन्नाव संसदीय सीट का किला फतह करने वाली भाजपा ने तब लगातार तीन चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई थी। अब एक बार फिर तब के भाजपा सांसद देवीबख्श सिंह की जीत के रिकार्ड की बराबरी करने के लिए साक्षी महाराज जोर आजमाइश कर रहे हैं। 2014 की मोदी लहर में जीते साक्षी महाराज ने 2019 में भी बड़े अंतर से सपा उम्मीदवार को हराया था। अबकी बार वे मोदी की गारंटी और राष्ट्रवाद के रंग को गाढ़ा कर इस सीट पर जीत की हैट्रिक दर्ज करने के लिए गुणा- भाग कर रहे हैं। अपनी इस कोशिश में वह राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मुद्दे को भी भुना रहे हैं। इसी सीट से 2009 में कांग्रेस से सांसद रहीं अन्नू टंडन इस बार सपा की साइकिल पर सवार होकर उन्हें चुनौती दे रही हैं। इस लड़ाई को पत्रकार से नेता बने अशोक पांडेय हाथी के महावत बनकर त्रिकोणीय बनाने में प्रयासरत है। अब इस बार सांसद कौन बनेगा यह तो मतदान और परिणाम बताएगा, फिलहाल उन्नाव सीट पर मुकाबला दिनों दिन रोचक होता जा रहा है।

**बदला परिसीमन तो खुली कांग्रेस की किस्मत:** 2008 में लोकसभा क्षेत्र का परिसीमन हुआ तो पुरवा, मोहान, भगवंतनगर, सफीपुर, बांगरमऊ और उन्नाव सदर विधानसभा सीट को मिलाकर उन्नाव संसदीय सीट का नए सिरे से गठन हुआ।

उन्नाव से सटी मोहनलालगंज सुरक्षित संसदीय सीट में शामिल जिले की दो विधानसभा सीटों को काटकर उन्नाव लोकसभा क्षेत्र बनाया गया था। इसके बाद जब 2009 में चुनाव हुआ तो कांग्रेस की अन्नू टंडन यहां से जीतने में कामयाब रहीं। हालांकि 1984 के बाद कांग्रेस यहां से कभी नहीं जीती थीं।

वनवास काट रही कांग्रेस का वनवास तो उस समय खत्म हो गया था लेकिन 2014 में जब मोदी लहर आई तो कांग्रेस को यह सीट भाजपा के हाथों गंवानी पड़ी। स्थिति ये रही कि पार्टी की प्रत्याशी अन्नू टंडन पिछड़कर चौथे स्थान पर पहुंच गईं। दूसरे नंबर पर सपा के अरुण शंकर शुक्ल और तीसरे पर बसपा के ब्रजेश पाठक थे। 2019 में जब सपा- बसपा का गठबंधन हुआ तो फिर भाजपा जीती और सपा के अरुण शंकर शुक्ल दूसरे और कांग्रेस की अन्नू टंडन तीसरे स्थान पर रहीं। अब अन्नू सपा के टिकट पर मैदान में हैं और उन्हें भरोसा है कि इस बार वह मैदान मार लेंगी।

### सबसे पहले कृष्ण देव त्रिपाठी ने लगाई थी हैट्रिक

- 1952 से 1971 तक इस संसदीय सीट पर कांग्रेस का कब्जा रहा। जब 1977 में जनता पार्टी की लहर आई तो कांग्रेस को यहां हार का सामना करना पड़ा था। कांग्रेस के कृष्ण देव त्रिपाठी ने 1962, 1967 और 1971 में लगातार तीन बार जीत दर्ज की थी। इस सीट पर सबसे पहले उन्होंने ही हैट्रिक लगाई थी। इसके बाद यह रिकार्ड भाजपा के देवी बख्श सिंह ने बनाया। उन्होंने 1991, 1996 और 1998 में इस सीट पर लगातार जीत दर्ज की। 1999 में सपा के दीपक कुमार ने यहां जीत दर्ज कर भाजपा के जीत के सिलसिले को तोड़ा था। हालांकि 2004 में बसपा के ब्रजेश पाठक ने सपा से यह सीट छीनी। 2014 में ब्रजेश पाठक इस सीट से हारे और फिर भाजपा में शामिल हुए।

### लोधी मतदाताओं की बहुलता


- लोधी मतदाताओं की बहुलता वाली इस संसदीय सीट पर 2004 में बसपा के टिकट पर जीते ब्रजेश पाठक इस वक्त भाजपा के वरिष्ठ नेता और प्रदेश सरकार में उप मुख्यमंत्री हैं। साक्षी महाराज की जीत की हैट्रिक की जिम्मेदारी वह बखूबी निभाते नजर भी आ रहे हैं। हालांकि पार्टी में कुछ मुद्दों पर साक्षी महाराज के प्रति नाराजगी भी है। जिसे पार्टी के बड़े नेता भी जानते हैं और उसे दूर करने की अंदरखाने कोशिश भी कर रहे हैं। साक्षी महाराज ने भी प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, पीएम किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं के लाभार्थियों के आंकड़े रट रखे हैं, वे सभाओं में इन्हें मतदाताओं को सुनाते हैं और अपनी उपलब्धियों की सूची में प्रयागराज- मेरठ एक्सप्रेस वे, रिंग रोड और कानपुर- लखनऊ एक्सप्रेस वे को जोड़ते हैं। लेकिन सपा प्रत्याशी अन्नू टंडन भी उनसे कहीं कम नजर नहीं आती हैं। वह भी मतदाताओं को बताने में लगी हैं कि रोजगार का वादा कर नौकरी न देने वालों की गारंटी में कोई दम नहीं है।
- चार सौ पार सीटें इसलिए चाहिए ताकि संविधान बदला जा सके और आरक्षण को खत्म किया जा सके। वह युवाओं को अग्निवीर योजना की कमियां बताती हैं और बेरोजगारी का दर्द उभारने की कोशिश करती हैं। इन दोनों योद्धाओं के चक्रव्यूह को तोड़कर जीत सुनिश्चित करने की कोशिश में अशोक पांडेय भी लगे हुए हैं। जल्द ही बसपा मुखिया मायावती और आकाश आनंद की सभा कराने की तैयारी कर रहे हैं। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं को भी बसपा के परंपरागत मतदाताओं और ब्राह्मण मतदाताओं के सहारे जीत की उम्मीद नजर आ रही है।

**2019 में मत प्रतिशत**

| | | |
|---|---|---|
| 56.87% | 24.46% | 15.01% |
| भाजपा | सपा | कांग्रेस |

**2014 में वोट शेयर**

| | |
|---|---|
| 43.18% भाजपा | 16.40 % कांग्रेस |
| 17.37 % सपा | 16.66 % बसपा |



| | |
|---|---|
| 1241096 | पुरुष मतदाता |
| 1095120 | महिला मतदाता |
| 98 | थर्ड जेंडर मतदाता |
| 2336314 | कुल मतदाता |

### लोधी और पासी मतदाता होते निर्णायक

इस लोकसभा क्षेत्र में पासी और लोधी वोट निर्णायक भूमिका में है। लोधी मतदाताओं की संख्या करीब ढाई लाख तो पासी मतदाता डेढ़ लाख के आसपास हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक पार्टियां दोनों ही जातियों के मतदाताओं पर विशेष नजर रखती हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यहां के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर का नाम भी बदलकर गुलाब सिंह लोधी के नाम पर कर दिया था। एक माह पहले ही स्वतंत्रता संग्राम में शहीद हुए गुलाब सिंह लोधी की प्रतिमा का अनावरण भी किया था। जातीय समीकरणों को ध्यान में रखकर ही भाजपा ने यहां विधानसभा चुनाव में भी टिकट बांटे थे। पार्टी ने जहां बांगरमऊ में कुर्मी समाज के श्रीकांत कटियार को मौका दिया तो क्षत्रिय मतों को साधने के लिए पुरवा से अनिल सिंह को फिर से चेहरा बनाया। मोहान सुरक्षित सीट से पासी जाति के बृजेश रावत तो सफीपुर से बंबा लाल दिवाकर को चुना था। भगवंत नगर से आशुतोष शुक्ला तो उन्नाव से पंकज गुप्ता को उतार कर वैश्य जाति के वोटों को साध लिया था। यह गणित लोकसभा चुनाव में काम आए इसका भी ध्यान रखा जा रहा है।

# ओएचई लाइन में ब्लास्ट होने से रुकीं ट्रेनें, हड़कंप मचा

## सहजनी के पास हुई घटना, कानपुर से लखनऊ को जाने वाली ट्रेनें हुईं प्रभावित

संवाददाता शुक्लागंज, उन्नाव

**अमृत विचार।** कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित सहजनी क्रासिंग के पास बुधवार शाम अचानक डाउन लाइन की ओएचई लाइन तेज आवाज के साथ ब्लॉस्ट हो गई। उसकी चिंगारी से ट्रैक के किनारे खड़ी झाड़ियों में आग लग गई। यह देख गेटमैन ने उन्नाव की ओर जा रही पैसेंजर ट्रेन को लाल झंडी दिखाकर रोका। जिसके बाद लखनऊ के अधिकारियों को अवगत कराया। ओएचई लाइन टूटने के कारण डाउन लाइन की ट्रेनें जहां की तहां रूक गईं। सूचना पर पहुंची ओएचई विभाग ने मरम्मत कार्य शुरू किया है।

बुधवार शाम करीब 05:50 बजे कानपुर लखनऊ रेल रूट स्थित डाउन लाइन के पास सहजनी क्रासिंग के आगे ओएचई लाइन तेज धमाके के साथ ब्लास्ट हो गई। ओएचई ब्लास्ट होने से उसकी चिंगारी ट्रैक के किनारे खड़ी झाड़ियों में जा गिरी। इस दौरान गंगाघाट रेलवे स्टेशन से चलकर मगरवारा की ओर जा रही रायबरेली पैसेंजर आ गई। जिसे देख गेटमैन सौरभ ने रायबरेली पैसेंजर ट्रेन को लाल झंडी दिखाकर रोक दिया और मामले की जानकारी लखनऊ कंट्रोल रूम मगरवारा रेलवे स्टेशन मास्टर को देखकर अवगत कराया गयाा। ओएचई लाइन टूटने से लखनऊ तक के अधिकारियों में हड़कंप मच गया। वहीं तेज हवा चलने के कारण झाड़ियां धू धू कर जलती रही। जिसकी जानकारी फायर बिग्रेड को दी गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाने के लिये काफी मशक्कत की। जिसके बाद आग बुझ सकी। इस दौरान ओएचई विभाग के अधिकारी और कर्मी मौके पर पहुंचे। जहां उन्होंने मरम्मत कार्य शुरू किया। सात बजे ओएचई लाइन जोड़ी गई।



सहजनी क्रॉसिंग के पास खड़ी रायबरेली पैसेंजर। अमृत विचार



टॉवर वैगन से होती ओएचई की मरम्मत। अमृत विचार

**जहां की तहां खड़ी हो गईं ट्रेनें**

ओएचई लाइन ब्लास्ट होने से गंगाघाट रेलवे स्टेशन पर झांसी पैसेंजर खड़ी रही। इसके अलावा सहजनी पर रायबरेली पैसेंजर रूकी रही। वहीं कानपुर से लखनऊ जाने वाली तमाम एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनें जहां की तहां खड़ी रही।

**टॉवर वैगन से हुई ओएचई की मरम्मत**

05 : 50 बजे ओएचई लाइन टूटने की सूचना पर पहुंची टॉवर वैगन से विभाग के कर्मियों ने मरम्मत कार्य शुरू किया। जिसके बाद सात बजे कार्य पूरा हुआ और डाउन लाइन का रेल संचालन सामान्य हो सका।



डाउन लाइन ट्रैक के किनारे धू-धू कर जलती झाड़ियां।

## शटर में उतरा करंट दो दुकानदार समेत तीन चपेट में आए

**शुक्लागंज-उन्नाव।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के राजधानी मार्ग स्थित एक मार्केट में बुधवार को बारिश होने के कारण करंट उतर आया। सुबह दुकानदार खोलने पहुंचे दो युवक करंट की चपेट में आ गये।

कंचन नगर निवासी अजय गुप्ता राजधानी मार्ग स्थित निषाद मार्केट में एक फुट वियर की दुकान में काम करता है। बुधवार सुबह आठ बजे वह अपने साथ आदर्श नगर निवासी करन के साथ दुकान के शटर का ताला खोल रहा था, तभी शटर में करंट आने के कारण दोनों को झटके ले गया। करंट की जानकारी बिजली विभाग को दी गई। सूचना पर पहुंचे बिजली कर्मी शिवम फाल्ट ढूंढने लगा, तभी उसे भी करंट लग गया। तीन लोगों को करंट लगने से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। जिसके बाद बिजली विभाग ने आपूर्ति बंद कराई और दुकान के ऊपर से निकली केबिलों को काट कर नई केबिल डाली।



मतदाता जागरुकता रैली निकालते एसवीएम के बच्चे। अमृत विचार

## एसवीएम के विद्यार्थियों ने किया जागरूक

**शुक्लागंज उन्नाव।** आगामी लोक सभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिये बुधवार को गोपीनाथपुरम स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के एनसीसी कैड्ट्स और स्कूली छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

गोपीनाथपुरम के सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल से बुधवार को मतदाता जागरूकता रैली निकली गई। जिसका नेतृत्व विद्यालय के प्रबन्धक राकेश कुमार, कोषाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य श्रवण कुमार सिंह, वरिष्ठ प्रवक्ता शिव सिंह व कोतवाली प्रभारी डॉ. रामफल प्रजापति गंगाघाट ने किया। प्रबंधक ने बताया कि रैली का मुख्य उद्देश्य सभी मतदाताओं को उनके वोट का महत्व बताना है और आग्रह करना है कि वह मतदान करने अवश्य ही जायें। जो राष्ट्रहित में कार्य करे उसे ही अपना अमूल्य वोट दें। जिसके बाद विद्यालय के करीब एक हजार छात्र-छात्राएं और एनसीसी कैड्ट्स ने फोरलेन के अलावा अन्य मार्गों से आने जाने वाले लोगों को मतदान के लिये जागरूक किया। जहां मतदान करने जाएंगें, उन्नाव को सशक्त बनाएंगे, सबसे पहले मतदान बाद में जलपान आदि स्लोगन एवं नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक कर प्रत्येक मतदाता से मतदान करने का संकल्प लेकर लोकतंत्र को मजबूत करने की अपील की गई। रैली विद्यालय से गंगाघाट कोतवाली तक निकाली गई।

# जाजमऊ पुल पर लगा भीषण जाम

- नवीन पुल पर सुबह-शाम जाम से जूझे राहगीर
- पुल पर कानपुर की तरफ हुए गड्ढे की हुई मरम्मत

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** लखनऊ कानपुर हाइवे स्थित जाजमऊ गंगा पुल में कानपुर की तरफ गड्ढा हो गया था, जिसकी मरम्मत का कार्य एनएचआई की ओर से कराया गया। कार्य के चलते हाइवे पर सुबह से शाम तक भीषण जाम लगा रहा। जाम में तमाम वीआईपी और एम्बुलेंस फंसी रही। जाम हटवाने में पुलिस के पसीने छूट गये। इसी तरह नवीन पुल पर भी सुबह शाम जाम लगा रहा।

कानपुर की ओर जाजमऊ पुल पर गड्ढा हो गया और उसमें दरार पड़ गई थी। जिसकी जानकारी एनएचआई को दी गई। सूचना पर सुबह के समय एनएचआई के कर्मी पहुंचे और पुल के गड्ढे की मरम्मत का कार्य शुरू किया। कार्य होने के दौरान बैरियर लगा दिये गये। जिससे पुल का रास्ता संकरा हो गया। जिस कारण बड़े वाहनों को निकलने में दिक्कतें हुई।

इस दौरान जाम लगना शुरू हो गया और कुछ ही देर में हाइवे पर जाजमऊ पुल से लेकर कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम के चलते राहगीरों को परेशानी उठानी पड़ी। वहीं जाम में तमाम वीआईपी, एम्बुलेंस और लंबी दूरी की बसें फंसी रही। शाम तक मरम्मत कार्य होने के कारण सुबह से शाम तक हाइवे पर जाम लगा रहा। जिससे वाहन सवारों को दिक्कतें उठानी पड़ी। वहीं हटवाने के लिये कानपुर और जाजमऊ पुलिस को भी खासी मशक्कत करनी पड़ी।



हाइवे पर जाम में फंसे वाहन। अमृत विचार

**जाम खुलवाने में पुलिस को करनी पड़ी मशक्कत**

सुबह पीक ऑवर में वाहनों का भार और संकरे रास्ते के कारण नवीन पुल पर जाम लगा रहा। जिससे कानपुर जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं जाम हटवाने के लिये गंगाघाट पुलिस भी खासी परेशान रहे।

# स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने के दिए गए टिप्स

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** नगर पालिका गंगाघाट को स्वच्छ सर्वेक्षण में अव्वल आने के लिये बुधवार को पालिका कार्यालय पर जीरो वेस्ट, जीरो प्लास्टिक पर एक बैठक की आयोजन किया गया। स्वच्छ भारत मिशन के डिवीजनल मैनेजर पहुंचे।

बुधवार को पालिका कार्यालय पर जीरो वेस्ट, जीरो प्लास्टिक पर एक बैठक हुई। जिसमें स्वच्छ भारत मिशन के डिवीजनल मैनेजर यशपाल सिंह और कार्यक्रम प्रबंधक कोमल शर्मा पहुंची। पालिका कर्मियों को नगर पालिका गंगाघाट स्वच्छ सर्वेक्षण में नीचे खिसकती जा रही है। जिससे सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में साफ सफाई पर अधिक ध्यान देना पड़ेगा। गंगातट से लेकर फोरलेन, प्रमुख मार्ग, सार्वजनिक स्थानों और गलियों को साफ रखने के लिए प्लास्टिक का प्रयोग न किये जाने पर जोर दिया। इसके अलावा घरों से निकलने वाले कूड़े को वेस्ट हाउस में डंप करने पर जोर दिया जाये। जिससे 2024 में पालिका स्वच्छ सर्वेक्षण में निकाय प्रतियोगिता के दौरान अव्वल आ सके। इस दौरान एसवीएम प्रभारी अनूप शुक्ला के अलावा पालिका के सफाई नायक मौजूद रहे।



पालिका कर्मियों को संबोधित करते एसवीएम के डिवीजनल मैनेजर। अमृत विचार



अमावस्या पर गंगा स्नान करते श्रद्धालु। अमृत विचार

# श्रद्धालुओं ने लगाई गंगा में डुबकी

संवाददाता, शुक्लागंज-उन्नाव

**अमृत विचार।** वैशाख माह की अमावस्या के अवसर पर बुधवार को सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने सुबह से ही गंगा में आस्था की डुबकी लगा कर पुण्य कमाया। जिसके बाद स्नानार्थियों ने घाट पर सत्य नारायन की कथा भी सुनी। गंगा तट पर लगी दुकानों पर जमकर खरीददारी भी की।

अमावस्या के अवसर पर नगर के अलावा उन्नाव, लखनऊ, रायबरेली, बालामऊ, हरदोई समेत तमाम स्थानों से सुबह से ही श्रद्धालुओं के आने का सिलसिला शुरू हो गया था। इस दौरान सैकड़ों श्रद्धालुओं ने गंगा में स्नान किया श्रद्धालुओं की भीड़ नगर के सभी घाटों पर देखी गई। कुछ श्रद्धालुओं ने गंगा तट पर बैठे पंडों को दान दक्षिणा देने के अलावा सत्य नारायन की कथा का भी श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने गंगातट पर लगी दुकानों पर खरीददारी की। गंगा तट पर सुबह से लेकर दोपहर तक स्नान करने आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। धार्मिक शास्त्रों में बैसाख अमावस्या तिथि का बड़ा महत्व बताया गया है। मान्यता है कि अमावस्या तिथि के दिन स्नान, दान, व्रत और पूजा-पाठ से भगवान का आशीर्वाद प्राप्त होता है। वहीं नित्य गंगा आरती सेवा समिति के संयोजिका शिल्पी राकेश दीक्षित ने शाम को महाआरती का आयोजन किया गया। गंगा की आरती के समय का नजारा विहंगम हो गया। घंटा घड़ियाल से घाट गूंज उठे।

## एक नजर

### मंडलायुक्त, आईजी ने किया स्ट्रांग रूम का निरीक्षण

**अमृत विचार, हरदोई।** मण्डलायुक्त और आईजी व जिलाधिकारी ने मंडी एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र में बने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया। यहां पर उन्होंने पानी, बिजली, शौचालय व सुरक्षा व्यवस्था को देखा। निर्देश दिया कि मतदान वाले दिन पोलिंग पार्टियों की रवानगी समय से की जाए। सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे क्रियाशील रहे हैं।

### गर्मी शुरू होते ही बिजली की आंख-मिचौली शुरू

**अमृत विचार, हरदोई।** कस्बे के लोगों को 13 से 15 घंटे बिजली मिल रही है। कुछ ग्रामीण इलाकों में बिजली के आने-जाने का कोई समय निर्धारित नहीं है। इससे उपभोक्ता काफी परेशान हैं। विएक तो गर्मी, दूसरी बिजली की कटौती ने उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी है। इन दिनों भीषण गर्मी के कारण तापमान 40 से 42 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। ऐसे में पिछले 15 दिनों से मरम्मत के नाम पर अथवा लोडसेंडिग के नाम पर जमकर बिजली काटी जा रही है।

### पति सहित पांच पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज

**अमृत विचार, शाहाबाद, हरदोई।** मंझिला थाना क्षेत्र के ग्राम चठिया के मजरा बद्दापुर निवासी सपना पत्नी रामबाबू ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व उसका विवाह हुआ था। उसके पिता ने हैसियत के मुताबिक दान दहेज दिया था, लेकिन उसका पति रामबाबू पुत्र रामसिंह, सास, ननद संजना, देवर बालटर और रामचरन आदि उसे कम दहेज को लेकर आए दिन प्रताड़ित करते हैं और अक्सर मारपीट करते हैं। कुछ दिन पूर्व वह बीमार हो गई थी उसे जिला अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। लेकिन दहेज की मांग पूरी करने को लेकर उसका पति उसे अस्पताल में ही छोड़ कर भाग गया था।

# अमित शाह बोले- दोनों शहजादे देश को बर्बाद करना चाहते हैं

## इंडी की सरकार बनी तो राम मंदिर पर लगेगा बाबरी ताला, घोटाले छिपाने के लिए बनाया गठबंधन

हरदोई

**अमृत विचार।** राहुल गांधी पाकिस्तान के एजेंडे को आगे बढ़ाते हैं इसीलिए पाकिस्तान सरकार उनकी प्रशंसा करती है। जब भाजपा 370 हटाती है, राम मंदिर बनती है, तब तक राहुल गांधी इसका विरोध करते हैं। अगर इंडी गठबंधन की सरकार बन गई तो राम मंदिर पर बावरी ताला लगना निश्चित है। यह बात हरदोई पहुंचे गृह मंत्री अमित शाह ने एक जनसभा में कहीं।

सीएन कॉलेज के मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि दोनों शहजादे देश को बर्बाद करना चाहते हैं। जब-जब भाजपा ने देश हित में काम किया तब इन दोनों ने इसका विरोध किया, चाहे धारा 370 हटाना हो, चाहे राम मंदिर बनाना हो और चाहे सर्जिकल स्ट्राइक हो अखिलेश और राहुल दोनों ने इन सभी पर सवालिया निशान लगाएं। उन्होंने कहा की मोदी ने जो काम किया है। वह जनकल्याण काम किया है। पहले जहां आतंकवादी घुस घुस कर हमारे सैनिकों को मारते थे वही मोदी ने सर्जिकल स्ट्राइक कर आतंकियों को धूल चटा दी। अब 370 हटाने के बाद कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है उन्होंने कहा कि 12 लाख करोड़ के घोटाले करने वाले सभी नेता इंडी गठबंधन में है। शाह ने लोगों को चेताया कि अगर धोखे से इंडी गठबंधन की सरकार बन गई तो मेहनत से बने राम मंदिर पर बाबरी ताला लग जाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो भी काम किया वह ऐतिहासिक काम किए। काशी में कॉरिडोर बनाया, राम मंदिर बनाया। राहुल गांधी थक जाने के बाद थाईलैंड में जाकर छुट्टियां मनाते हैं, जबकि मोदी दीपावली में बॉर्डर पर जाकर सैनिकों के साथ मिठाई खाते हैं। आज तक मोदी पर 25 पैसे की हेरा फेरी का आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा कि देश में भ्रष्टाचार खत्म होने के कारण सभी भ्रष्टाचारी बिलबिलाए हुए हैं। भ्रष्टाचार को आगे बढ़ाने के लिए सभी भ्रष्टाचारियों एक मंच पर आ गए हैं। करोड़ों रुपए उनके नेताओं के पास छापेमारी में मिले यह सभी अपने घोटालों को छुपाने के लिए एक साथ मिलकर गठबंधन बनाए हुए हैं।

गृहमंत्री ने हरदोई की जनता से दोनों प्रत्याशियों को संसद भेजने की अपील की। जनसभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने भी संबोधित किया। उन्होनें कहा कि मोदी ने जो कहा वह करके दिखाया गरीबों को मुफ्त राशन, किसानों को सम्मान निधि घर-घर स्वच्छ पेय जल, शौचालयों की व्यवस्था कराई। उन्होनें कहा कि देश व प्रदेश में चारों ओर विकास देखा जा सकता है। भयमुक्त समाज की भाजपा ने स्थापना की है। सभा को उच्च शिक्षा मंत्री रजनी तिवारी, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, अशोक बाजपेयी, विधायक अल्का अर्कवंशी, विधायक श्याम प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष सहित अनेक वक्ताओं ने सम्बोधित किया। इस मौके पर कानपुर के लोकसभा प्रभारी दिनेश दुबे, रामनिवास यादव, लोकसभा संयोजक हरदोई प्रीतेश दीक्षित, मिश्रिख संयोजक अशोक सिंह, अनुसूचित मोर्चा प्रकोष्ठ के पीके वर्मा सहित अनेक विधायक मौजूद रहे।



जनसभा में बोलते गृहमंत्री अमित शाह।


जनसभा में मौजूद भीड़। अमृत विचार

### शाह के स्वागत में पहुंची स्काउट गाइड

जनसभा स्थल पर स्काउट गाइडों की उपस्थिति चर्चा का विषय रही। 400 का अंक लिए गाइड लोगों का उत्साह वर्धन करती दिखीं।



जनसभा में मौजूद स्काउट गाइड।

### हेलीपैड पर हुआ स्वागत

गृहमंत्री दोपहर बाद पुलिस लाइन स्थित हेलीपैड पर उतरे जहां प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी, जिला अध्यक्ष अजीत सिह बब्बन, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती ने स्वागत किया।

### पानी की रही किल्लत

गृहमंत्री को सुनने के लिए सुबह से ही भाजपाइयों ने भीड़ इकट्ठी करनी शुरू कर दी लेकिन वह दोपहर बाद जनसभा स्थल पहुँचे। भीषण गरमी व प्यास से बेहाल लोगों ने जनसभा स्थल के बाहर बिक रहे गन्ने के रस से प्यास बुझाई। जिसके चलते गन्ने के रस वाले ठेलों पर रस खत्म हो गया। जनसभा स्थल पर पानी की कमी से लोग परेशान दिखे।

## जाम के झाम से लोग रहे परेशान


धर्मशाला रोड पर लगा जाम।


लखनऊ चुंगी पर लगी बैरिकेडिंग।

गृहमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में उतरा उनके आने से पहले पुलिस लाइन से सी एस एन कॉलेज तक का रास्ता बंद कर दिया गया। जिससे सिनेमा चौराहा, सोल्जर बोर्ड चौराहा, धर्मशाला रोड, सिनेमा रोड, सरकुलर रोड पर काफी समय तक जाम लगा रहा। जाम में फंसे लोगों को भयंकर गरमी में काफी दिक्कतें उठानी पड़ी। हांलाकि जाम की आशंका के चलते कई विद्यालयो में अवकाश कर दिया गया। लेकिन जो विद्यालय खुले थे उनके बच्चे जाम में फंसे रहे।

## अमित शाह की रैली में दिखा मुस्लिमों का रेला


शाह की रैली में मौजूद मुस्लिम समुदाय के लोग।

**अमृत विचार, हरदोई।** शहर के सीएसएन कालेज में गृहमंत्री की रैली में मुस्लिमों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। भाजपा नेता हबीब लिट्टे के नेतृत्व में सैकड़ो मुस्लिम नारेबाज़ी करते हुए सीएसएन तक पहुंचे। वहां मौजूद भाजपा के ज़िला नेतृत्व ने रैली में शामिल होने आए मुस्लिम समाज के लोगों का ज़ोरदार स्वागत किया। गृहमंत्री के ठीक सामने बैठे मुस्लिमों पर हर किसी की निगाहें टिकी रही।

# चोरी के आरोप में पकड़ा गया छात्र

अमृत विचार

**हरदोई।** मेडिकल कालेज में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब वहां के गार्ड ने मेडिकल वार्ड में चोरी के इरादे से घुसे कानपुर पीजी कालेज में अर्थशास्त्र की पढ़ाई कर रहे छात्र को पकड़ लिया। काफी हील-हुज्जत के बाद उसे वहां पहुंची यूपी-112 की पीआरवी टीम को सौंप दिया गया।

मंगलवार की रात को एक युवक मेडिकल कालेज के मेडिकल वार्ड में पहुंचा और वहां तीमारदारी में लगी महिला से उसके मोबाइल के बारे में पूछा। महिला ने कुछ नहीं बताया, युवक वहां से चला गया, फिर अगले दिन बुधवार की सुबह वही युवक फिर उसी महिला के पास पहुंचा, महिला को शक हुआ कि युवक चोरी के इरादे से उसका पास पहुंच रहा है, उस महिला ने वहां ड्यूटी पर तैनात गार्ड को सब कुछ बता दिया। उसी बीच वहां पहुंचे गार्ड ने युवक को पकड़ कर यूपी-112 को कॉल कर उसे पुलिस को सौंप दिया। युवक ने अपना नाम मोहित पुत्र लालाराम निवासी प्रगतिनगर बताया। उसने बताया कि वह कानपुर पीजी कालेज में अर्थशास्त्र की पढ़ाई कर रहा है। उसने यूं ही टहलने के लिए, मेडिकल कालेज पहुंचने की वजह बताई।


युवक से पूछताछ करती पुलिस।

### पुलिस को देखते ही बोला...कान पकड़ते है, माफी मांगते है...

**अमृत विचार, हरदोई।** मेडिकल कालेज में पकड़े गए युवक ने पुलिस को देखते ही माफी मांगने लगा, बोला कान पकड़ते है, अब दोबारा ऐसा नहीं होगा। उसने बताया कि उसके पिता सीएचसी में फार्मासिस्ट थे, उनके न रहने पर बड़ा भाई नौकरी कर रहा है। एक भाई जीएसआई के हेड ऑफिस कोलकाता में नौकरी करता है।

## चकबंदी अदालतों का बहिष्कार करेंगे वकील

**अमृत विचार, हरदोई।** बार एसोसिएशन की आम सभा की हुई बैठक में तय किया गया कि चकबंदी अदालतों का बहिष्कार किया जाएगा। बहिष्कार 18 मई तक चलेगा। 20 मई को प्रकरण पर दोबारा आम सभा की बैठक होगी। इसमें अगली रणनीति की जाएगी। अध्यक्ष के डी शुक्ला की अगुवाई में बुधवार की दोपहर आम सभा की बैठक हुई। जिसमें एस ओ सी पीसी उत्तम के कार्य व्यवहार व आचरण को लेकर चर्चा की गई। सदस्यों ने उनके आचरण को गलत बताते हुए कहा कि एसओ सी का कार्य व्यवहार कतई उचित नहीं है जिसके चलते तय किया गया कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए वकीलों की एक कमेटी बनाई गई।

# बाहर के मतदाता प्रचार समाप्ति के बाद जनपद में नहीं ठहरेंगें

हरदोई

**अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने लोक सभा सामान्य निर्वाचन हरदोई एवं मिश्रिख के प्रत्यासियों से कहा है कि मतदान के दिन कानून व्यवस्था को सुदृद करने और एक ऐसा वातावरण सुनिश्चित करने, जहाँ मतदाता किसी भी तरीके से भयभीत न हो।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा ऐसे राजनीतिक पदाधिकारी और दल कार्यकर्ता को प्रचार अवधि की समाप्ति के पश्चात् निर्वाचन क्षेत्र में नहीं रहने के निर्देश दिये गये हैं, जो निर्वाचन क्षेत्र से बाहर के रहने वाले हैं अर्थात बाहर के मतदाता हों, क्योंकि प्रचार अवधि की समाप्ति के बाद उनके वहां बने रहने से निर्वाध और न्यायसंगत मतदान के माहौल पर प्रभाव पड़ सकता है।

अतः ऐसी स्थिति में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में समस्त राजनीतिक दलों, समस्त प्रत्याशियों यह सुनिश्चित करें कि कोई भी ऐसा राजनीतिक पदाधिकारी और दलीय कार्यकर्ता, जो निर्वाचन क्षेत्र से बाहर के रहने वाले हैं अर्थात बाहर के मताता 11 मई को प्रचार अवधि की समाप्ति के पश्चात् जनपद में नहीं ठहरेगें।

## सार-संक्षेप

### मोर पर आवारा कुत्तों ने किया हमला, युवक ने बचाई जान

**अमृत विचार, पाली, हरदोई।** पाली थाना क्षेत्र के मुंडेर गांव में बुधवार सुबह को तालाब किनारे बैठे मोर पर आवारा कुत्तों ने हमला कर दिया। मौके से गुजर रहे गांव निवासी युवक ने आवारा कुत्तों से मोर की जान बचाई। कुत्तों के हमले से मोर गंभीर रूप से घायल हो गया, युवक व अन्य ग्रामीणों ने घायल मोर का इलाज किया। पाली थाना क्षेत्र के मुंडेर गांव में बुधवार सुबह को तालाब किनारे राष्ट्रीय पक्षी मोर बैठा था, तभी आवारा कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। कुत्तों के हमले से मोर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके से गुजर रहे गांव निवासी सचिन दीक्षित ने आवारा कुत्तों से मोर को बचाया और पाली थाना पुलिस व वन विभाग को सूचना दी। घायल मोर का सचिन दीक्षित व अन्य ग्रामीणों ने उपचार किया। फारेस्टर आशीष पाल के निर्देश पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम मोर को अपने साथ ले गई है।

### कमिश्नर ने किया मतदान केन्द्रों का निरीक्षण


मतदाता केन्द्र का निरीक्षण करतीं मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब।

**अमृत विचार, हरदोई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन- को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से बुधवार को मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब ने जनपद की 32 लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 161 सण्डीला विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न बूथ का औचक निरीक्षण कर मूलभूत व्यवस्थाओं की पड़ताल की। मंडलायुक्त ने एसडीएम तान्या संग संडीला क्षेत्र के प्राइमरी स्कूल तिलैया कला, प्राथमिक विद्यालय रसूलपुर, प्राइमरी स्कूल (गोशवा डोंगा) के मतदेय स्थल के बूथों का निरीक्षण किया साथ ही संबंधित को जरूरी दिशा निर्देश भी दिए। निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायज़ा लिया। उन्होंने मतदेय स्थलों पर सामान्य सूचनाओं के अंकन, विद्युत कनेक्शन, उचित क्षमता की लाईट व पंखे, प्रसाधन, पेयजल, हैण्डपम्प की क्रियाशीलता, रैम्प, साफ-सफाई, नेटवर्क की उपलब्धता, मतदान केन्द्रों पर सामान्य सूचनाओं एवं टोल फ्री नम्बर 1950 का अंकन, ईपिक वितरण इत्यादि का सत्यापन करते हुए संबंधित को निर्देश दिये। मंडलायुक्त ने लोगों से अपील की कि यदि कोई व्यक्ति शराब, रिश्वत या ज़ोर ज़बरदस्ती करके किसी के पक्ष में अथवा विरोध में वोट डालने का प्रयास करता है तो इसकी शिकायत जिम्मेदार अधिकारियों से अवश्य करें। उन्होंने बुज़ुर्गों से अपील की कि मतदान दिवस (13 मई) के दिन आप लोग इस बात का प्रयास करे कि परिवार के सभी सदस्य वोट देने जायें, यदि परिवार में कोई ऐसा सदस्य है जो कि शारीरिक रूप से कमज़ोर है तो परिवार के लोगों को चाहिए कि मतदान के लिए जाते समय उनको भी अपने साथ ले जायें।

### शतप्रतिशत मतदान करायें: डीएम


महिलाओं को जागरूक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार, हरदोई।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन की स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत आज रसखान प्रेक्षागृह में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं एवं विभिन्न विद्यालयों की छात्राओं की आयोजित मतदाता जागरूकता गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कहा कि आने वाली 13 मई को एक जिम्मेदार नारी के रूप में स्वयं, अपने परिवार के सभी सदस्यों एवं गांव के सभी महिला व पुरूष मतदाताओं को बूथ पर लाकर शतप्रतिशत मतदान करायें। जिलाधिकारी ने कहा कि विगत कई निर्वाचनों में जनपद का मतदान प्रतिशत काफी कम रहा है और इस बार संकल्प के साथ मजबूत देश तथा मजबूत लोकतंत्र बनाने के लिए जनपद के सभी महिला/पुरूष एवं युवा बढ़-चढ़ कर मतदान में हिस्सा ले और जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में अपनी जिम्मेदारी निभायें। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक बाल मुकुन्द ने उपस्थित छात्राओं से कहा कि आने वाली 13 मई को सुबह 07 बजे अपने दादा-दादी, माता-पिता, भाई, भाभी आदि को मतदान करने के लिए बूथों पर भेजे और उसके बाद जल-पान करायें। समूह के दो लाख परिवार हैं। सभी परिवार सहित शतप्रतिशत मतदान करें।

# पियक्कड़ पति से तंग पत्नी ने की आत्महत्या

**झरसा आलमपुर रेलवे क्रासिंग पर ट्रेन के आगे लगाई छलांग**

**अमृत विचार, हरदोई।** पियक्कड़ पति से तंग हो चुकी पत्नी ने ट्रेन के आगे कूद कर आत्महत्या कर ली। मंगलवार की दोपहर को बेहटा गोकुल थाने के झरसा आलमपुर की रेलवे क्रासिंग पर एक 54 वर्षीय महिला ने ट्रेन के आगे छलांग लगा कर आत्महत्या कर ली। इसका पता होते ही वहां लोगों की भीड़ लग गई। पता होने पर एसआई शहूर खां वहां पहुंचे और महिला की जामा तलाशी में उसके पास से जो आधार कार्ड बरामद किया, उसके मुताबिक महिला सुशीला पत्नी रामरतन निवासी ऐलिमपुर थाना मझिला की रहने वाली थी। पुलिस की छानबीन में पता चला कि वह अपने पियक्कड़ पति से तंग आ चुकी थी। बात-बात पर मारपीट करने वाले रामरतन को समझाने के लिए नाते-रिश्तेदारों की पंचायत जोड़ी गई। काफी समझाने के बाद भी रामरतन का रवैया नहीं बदला।

सुशीला ने लोकवाणी कर वहां अपनी शिकायत दर्ज कराई, लेकिन फिर भी कुछ नहीं हुआ। उसी से तंग हो चुकी सुशीला मंगलवार को अपने घर से निकली और झरसा आलमपुर रेलवे क्रासिंग के पास पहुंच कर आती हुई ट्रेन के आगे छलांग लगा दी, जिससे उसकी वहीं पर मौत हो गई।

## मतदान के लिए अवकाश घोषित

**हरदोई, अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के अन्तर्गत 13 मई को बन्दी दिवस घोषित किया गया है। अविरल प्रक्रिया वाले कारखानों में कार्यरत समस्त कर्मचारियों को मतदान के दिवस को सार्वजनिक अवकाश घोषित करते हुए निर्देशित किया जाता है जनपद में 13 मई 2024 दिन सोमवार को होने वाले मतदान में जहाँ कोई दुकान एवं वाणिज्यिक अधिष्ठान/कारखाना स्थित है, ऐसी दुकानों एवं वाणिज्यिक अधिष्ठानों/कारखानों द्वारा मनाया जाने वाला सामान्य साप्ताहिक बंदी का दिन नही है तो मतदान के वास्तविक दिन बंदी दिवस के रूप में मनाया जायेगा।

# जीप दर्शाकार बाइक का हुआ टेंडर!

**विद्युत विभाग का फर्जीवाड़ा: एसडीओ इटौली को बाइक चालक सहित आवंटित**

अमृत विचार

**हरदोई।** विद्युत विभाग का एक ऐसा फर्जीवाड़ा सामने आया है जिसे जानकर आप हैरान रह जायेंगे। कॉंट्रेक्टर व विभाग के एक कर्मी की मिलीभगत से एसडीओ कोयलबाग व एसडीओ इटौली के लिए आवंटित चौपहिया जीप के लिए टेंडर निकाला गया, जिसमें विभाग ने उस कांट्रेक्टर का टेंडर पास कर दिया जिसने जीप के बजाय बाइक का नंबर दर्शाकर टेंडर डाला था। टेंडर की कागजी कार्यवाही पूर्ण करते हुए अनुबंध पत्र पर नाइस एसोसिएट के अधिकृत ठेकेदार व तत्कालीन अधीक्षण अभियंता (एस.ई.) संजय गुप्ता के संयुक्त हस्ताक्षर हैं। यही नहीं ये अनुबंध पत्र 09 मई 2024 को अपना समय पूर्ण कर रहा है।

अनुबंध पत्र पर हस्ताक्षर से पूर्व शिविर सहायक की ये जिम्मेदारी होती है कि कागजों को वैरीफाई करके ही हस्ताक्षर हेतु अधीक्षण अभियंता के समक्ष प्रस्तुत करे, किंतु इस कारनामें को धन लाभ की वजह से सीए विनीत खरे ने टेंडर के वैरीफाई के लिए अनुबंध पर अपने भी हस्ताक्षर किए और एस ई को भ्रमित कर उनके भी हस्ताक्षर करा लिए। इस टेंडर के जरिये एसडीओ कोयलबाग़ को तो बोलेरो मिल गयी पर एसडीओ इटौली को बाइक चालक सहित आवंटित किया गया।

इस सम्बंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बाइक नंबर गलती से टेंडर में प्रिंट हो गया है, जबकि एसडीओ को बोलेरो ही आवंटित हुई है। नाइस एसोसिएट के विवेक श्रीवास्तव का कहना है कि बोलेरो की आरसी साफ न होने से वाहन नंबर में एक अंक साफ नहीं दिख रहा है इस कारण गलती से अनुबंध पत्र पर बाइक का नंबर प्रिंट हो गया जो बहुत बड़ी गलती नहीं है। प्राइवेट व्हीकल का नियमों के विपरीत होने के सवाल का वे जवाब नहीं दे सके। टेंडर के नियमों की बात करें तो सुस्पष्ट कागज न होने पर टेंडर निरस्त करने का प्रावधान है, किंतु इस टेंडर के एग्रीमेंट में इतनी बड़ी त्रुटि होने के बाद भी किसी ने ध्यान नहीं दिया।

**दबंगई** — दिनदहाड़े किए गए हमले में कई हुए ज़ख्मी, दो लखनऊ रेफर

# गेहूं काट रहे पूर्व प्रधान ने बोला हमला, की फायरिंग

हरदोई

**अमृत विचार।** पूर्व प्रधान दबंगई दिखाते हुए सरकारी ज़मीन पर लगे गेंहू काटने लगा। जब वहां के लोगों ने विरोध किया, पहले तो उसने गाली-गलौज की और फिर अपने भाई और समर्थको के साथ लाठी-डंडो से हमला कर कई के सिर फोड़ दिए। इलाके में दहशत फैलाने के इरादे से फायरिंग भी की गई।

कोतवाली देहात के अटवा असिगांव के पूर्व प्रधान सुधीर सिंह वहां तकरीबन 40 बीघा सरकारी ज़मीन को पट्टे की बता कर उस पर खेती कर रहे थे। गांव के कुछ लोगों की शिकायत पर प्रशासन की तरफ से फसल काटने पर रोक लगी हुई थी। बुधवार को गांव के काफी लोग अमित शाह की रैली में शामिल होने आए हुए थे, उसी बीच पूर्व प्रधान, उसके भाई प्रमोद सिंह और कुछ समर्थक जबरन उस फसल को काटने लगे, इसका पता होते ही गांव के इदरीस गाज़ी वहां पहुंचे और जबरन फसल काटने का विरोध करने लगे, उसी पर पहले तो उन्हे गाली-गलौज की गई, फिर लाठी-डंडो से हमला कर दिया गया, फायरिंग भी की गई। हमले में इदरीस गाज़ी, उनका 16 वर्षीय पुत्र नदीम, 35 वर्षीय छोटक्कू पुत्र मकुन्दी और 18 वर्षीय निजामू पुत्र अफसर के अलावा कई लोग ज़ख्मी हो गए। जिन्हे मेडिकल कालेज पहुंचाया गयां।


घायलों का इलाज करते चिकित्सक। अमृत विचार

### पुलिस ने कब्ज़े में लिए ट्रैक्टर, गेंहू से भरी ट्राली और कंबाइंड मशीन

**हरदोई।** अटवा असिगांव में सरकारी ज़मीन से जबरन गेंहू काटे जाने को ले कर हुए बवाल पर एक्शन में आई कोतवाली देहात पुलिस ने ट्रैक्टर, गेंहू से लदी ट्राली और कंबाइंड मशीन को अपने कब्ज़े में लेते हुए सारे मामले की जांच-पड़ताल शुरु कर दी है।

### मेडिकल कालेज पहुंची ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन

**हरदोई।** पूर्व प्रधान के हमले में ज़ख्मी हुए इदरीस गाज़ी ट्रक ट्रांसपोर्ट यूनियन के ज़िलाध्यक्ष है। झगड़े में उन्हे और उनके पुत्र नदीम के ज़ख्मी होने की खबर सुनते ही यूनियन के तमाम पदाधिकरी और उससे जुड़े लोग मेडिकल कालेज पहुंच गए। कुछ ही देर में वहां काफी भीड़ लग गई।

## दिव्यांग व बुज़ुर्गों के घर पर डलवाए गए वोट

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 85 वर्ष पूर्ण कर चुके सीनियर सिटीजनस् और दिवयांग मतदाताओं के वोट उनके घर पर ही डलवाए जाएं। इन्हीं निर्देशों के तहत पोलिंग टीमों ने आज कस्बे में घरों पर जाकर वोट डलवाए। पात्र मतदाताओं के वोट डलवाने के लिए बुधवार को कस्बे में घर घर वोट डलवाने पहुंची पोलिंग पार्टी ने दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं के वोट बैलेट पेपर के माध्यम से डलवाए। बुधवार को कस्बे में पोलिंग पार्टी ने 7 वोट 12 बजे तक डलवाए, जिसमें सभी वोट 85 वर्ष के ऊपर थे। 6 वोट और पड़ना है। बुधवार को पड़ने वाले वोटों में कोई भी दिव्यांग मतदाता नहीं है।

# संडीला में सपा प्रमुख ने भाजपा पर जमकर बोला हमला

## किसी को पता नहीं था कि ये हवाई अड्डे, बंदरगाह बेच देंगे, वैक्सीन कंपनी से भी इन्होंने पैसा वसूला, आरक्षण खत्म करना चाहती है भाजपा

### एक नजर

#### 455 ग्राम गांजा के साथ दो गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा पुलिस टीम ने बुधवार को थाना क्षेत्र कुर्सी के ग्राम मोहसंड निवासी इमरान उर्फ बब्लू व यहीं के निवासी शेरअली को 455 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

#### तमंचा और कारतूस के साथ गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : सतरिख पुलिस ने बुधवार को ग्राम नेवली निवासी राधेश्याम को तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

#### करंट की चपेट में आकर लाइनमैन झुलसा

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : ग्राम शहरी में हाईटेंशन लाइन पर टैपिंग करते समय अचानक करंट चालू हो जाने से बुधवार को संविदा लाइनमैन विजय गंभीर रूप से झुलस गया। साथी कर्मचारियों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बिना आवश्यक सुरक्षा उपकरण के सभी लाईन पर काम कर रहे थे।

#### दबिश में 37 लीटर कच्ची शराब बरामद

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में बुधवार को विभिन्न स्थानों पर दबिश दी गयी। इस दौरान 37 लीटर कच्ची शराब बरामद की गयी। लखेड़ा, मौघरी थाना सतरिख, ग्राम खर्वा अलियाबाद थाना दरियाबाद, ग्राम पूरे धनाई का पुरवा, मिर्चिया थाना असन्द्रा, ग्राम बेहड्डपुरवा, बसारा थाना कुर्सी, ग्राम मुरसबाद थाना सफदरगंज, ग्राम जैतपुर, पुरैना थाना रामनगर में दबिश दी गयी।

### सियासत

- भाजपा सरकार में पेपर लीक होता है
- भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है
- अपनी वादों पर खरी नहीं उतरी सरकार
- सपा प्रमुख अखिलेश यादव भीड़ को देखकर गदगद हुए

संडीला, हरदोई

**अमृत विचार।** मिश्रिख लोकसभा से सपा प्रत्याशी के पक्ष में समाजवादी पार्टी के प्रमुख अखिलेश यादव ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा चुनाव में बीजेपी का सफाया होने जा रहा है। बीजेपी सरकार में सबसे ज्यादा पेपर लीक हुए । कहा कि बीजेपी वाले संविधान खत्म करना चाहते है अभी राशन फ्री दे रहे है । उसके बाद महंगाई को बढ़ा देंगे । 2014 से लेकर 2019 तक भाजपा सरकार ने कई वादे किए, परंतु उन वादों पर खड़ी नहीं उतरी उन्होंने कहा की एक जुमलों की सरकार है । इनको जनता बदलने का काम करेगी। इन्होंने फौज की नौकरी 4 साल की कर दी किसी को क्या पता था ये हवाई अड्डे बेच देंगे। किसी को पता था ये बंदरगाह बेच देंगे, क्या किसी को पता था आधी रात में नोटबंदी होगी वैक्सीन कंपनी से भी इन्होंने पैसा वसूला.

इस सरकार ने लोगों की फ्री वैक्सीन लगाई, सरकार गरीबों का फ्री इलाज भी कराए, इन्होंने बड़े बड़े उद्योगपतियों से चंदा वसूला, ये महंगाई चंदा वसूलने की वजह से है, बड़ी बड़ी कंपनियां मुनाफा कमा रही है । सपा प्रमुख ने अपने संबोधन में कहा कि भाजपा सरकार गरीब मजलूमों किसानों के साथ नहीं है उद्योगपतियों के साथ है उद्योगपतियों का कर्ज माफ करती है किसानों का कर्ज नहीं माफ करती है उन्होंने भाजपा पर भी कटाक्ष किया उन्होंने कहा भाजपा सरकार में किसान आंदोलन कर रहा था तो लगभग एक हजार किसान मौत के मुंह में चला गया। उन्होंने कहा कि संडीला में फैक्ट्री लगाई गई है उसमे 50 प्रतिशत संडीला के लोगों को कार्य दिया जाएगा । भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है बेरोजगारी बढ़ गई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बृजेश वर्मा टिल्लू, पूर्व मंत्री रामपाल राजवंशी ,मनोज राजवंशी ,संडीला नगर पालिका के अध्यक्ष रईस अंसारी ,अमान खान अकील अंसारी , मुकेश यादव , अभिषेक दीक्षित , मुकेश यादव सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे ।

#### मंच पर नहीं दिखे कांग्रेसी नेता

सपा प्रमुख के आने पर मंच पर कांग्रेसी नेताओं के न होने की चर्चा का विषय बनी हुई है वैसे तो इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं परंतु कांग्रेस नेताओं को दरकिनार कर चुनाव लड़ना समझ से परे है ।

### डबल इंजन की सरकार में एक इंजन हुआ फेल : अखिलेश यादव

**साण्डी, हरदोई।** सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव लखपेड़ा मैदान सांडी में भाजपा पर निशाना साधते हुए बोले कि यह सरकार जान बूझकर पेपर लीक कराती है उन्होंने कहा भाजपा आरक्षण खत्म करना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। अपने 19 मिनट के संबोधन में अखिलेश ने कहा कि जनता के किसी भी सवाल का जवाब भाजपा के पास नहीं है। भाजपा सरकार में पेपर लीक बंद नहीं हो पा रहा। सभी सरकारी संस्थान बेच दिए। रेल बेच दी हवाई अड्डे बेच दिए। एलआइसी जैसे संस्थान बेच डाले।



जनसभा में बोलते अखिलेश यादव।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने किसानों के मुद्दे पर भाजपा को जमकर घेरा। भाजपा की कथनी और करनी पर प्रहार करते हुए कहा, अच्छे दिन तो नहीं आए, लेकिन हमारी सरकार में खुशियों के दिन आएंगे। किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देकर खुशहाल किया जाएगा। हमारी सरकार बनी तो मन की बात नहीं 140 करोड़ लोगों की बात होगी। भाजपा सरकार संविधान बदलना चाहती है। आरक्षण खत्म करना चाहती है। हम ऐसा नहीं होने देंगे। विपक्षियों पर तंज कसते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन को इंडिया कहने से भी बचते हैं। वह उसे इंडी कहकर बुला रहे हैं। कहा कि पहले चरण ने रुझान दे दिया है। किसान, नौजवान इस बार सपा के पक्ष में वोट कर रहा है। भाजपा को झूठो की सरकार बताया। वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया। कोई भी चंदा छह सौ करोड़, एक हजार करोड़ नहीं देता है। इलेक्ट्रॉल बांड के नाम पर भाजपा ने वसूली की है। ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स के सहारे सब रुपये वसूला गया है। कहा कि वैक्सीन बनाने वाली कंपनी से भी चंदा वसूल लिया। कहा कि भाजपा ने 16 लाख करोड़ रुपये उद्योगपतियों का कर्ज माफ किया है। इसमें कई ऐसी कंपनी हैं, जिन्हें बैंकों से दोबारा कर्ज दिला दिया और उसमें से ही चंदा ले लिया। दावा है कि इंडिया गठबंधन किसानों का कर्ज माफ करेगी।

### मंच टूटा, जनसभा में रही अव्यवस्था

**हरदोई।** जनसभा में अखिलेश यादव के आने से पहले स्थानीय नेताओं के लिए बनाया गया मंच टूटकर गिर गया। उसपर खड़े 50 से 60 नेता नीचे गिर गए। जनसभा में अव्यवस्था फैली रही।

अपना प्रभाव दिखाने के लिए नेता अपने समर्थकों के साथ गैलरी में बैठने के बजाय सीधे मंच की ओर बढ़ गए। सुरक्षा गैलरी यानी डी घेरे में समर्थक घुस गए। बेरिकेडिंग तोड़ दी।


मंच टूटने से मची अफरा-तफरी। अमृत विचार

## अपनी जेब से मुफ्त राशन नहीं दे रहे मोदीः मायावती

- भाजपा ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों से बॉण्ड के जरिए लिया पैसा
- पूंजी पतियों के लिए काम करते हैं अन्य राजनीतिक दल

मल्लावां, माधौगंज, हरदोई

**अमृत विचार।** मोदी जनता को अपनी जेब से कोई भी चीज मुफ्त नहीं दे रहे है। सबकुछ जनता के टैक्स से दिया जा रहा है। भाजपा ने बड़े-बड़े उद्योगपतियों से बॉण्ड द्वारा पैसा लिया है। वह उन्हीं इशारे पर काम करती है। बसपा हमेशा सर्व समाज को लेकर चली है यह पार्टी गरीबों से चलती है। यह बात पूर्व मुख्यमंत्री मायावती एक जनसभा में कही।



जनसभा को संबोधित करतीं पूर्व मुख्यमंत्री मायावती।

माधौगंज के नरपत सिंह इण्टर कॉलेज में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होनें कहा कि बसपा घोषणा पत्र में विश्वास नहीं रखती है वह काम करके दिखाती है। चार बार प्रदेश में बसपा का कार्यकाल लोगों ने देखा है। बसपा कर्मचारियों, गरीबों, व्यापारियों मेहनतकशों का विशेष ध्यान रखती है। बसपा सर्वजनहिताय सर्वजनसुखाय के सिद्धांत पर काम करती है। टिकट वितरण में बसपा ने सभी वर्गों को ध्यान रखा। बसपा ने कभी किसी पूँजीपति से पैसा नहीं लिया। इसका खुलासा एक रिपोर्ट में हो चुका है। जबकि अन्य दल पूँजीपतियों से धन लेते है। इसलिए यह सरकारें पूँजीपतियों के लिए काम करती है। जबकि बसपा गरीबों के लिए काम करती है। जनसभा को पूर्वमंत्री अब्दुल मन्नान, पूर्व प्रत्याशी नीलू सत्यार्थी, जिलाध्यक्ष राजेश्वर सिंह कुशवाहा ने भी संबोधित किया। इस मौके पर विधान सभी प्रभारी मुकेश वर्मा, राजवर्धन सिंह राजू, पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश चौधरी, मण्डल प्रभारी राकेश गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष अमर सिंह सहित दर्जनों बसपाई व जनता मौजूद रही।

#### कुर्सियों पर चढ़े रहे लोग

मायावती को एक झलक देखने के लिए लोग इतने उतावले थे। कि उनके आते ही कुर्सियों पर खड़े हो गए।

## कोल्डड्रिंक में नशा पिलाकर ई-रिक्शा लूटा

शाहाबाद, हरदोई

**अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र में ई रिक्शा चालक को कोल्ड ड्रिंक में नशा पिलाकर ई रिक्शा चालक को खाई में फेंक कर रिक्शा सहित नगदी और मोबाइल लूटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है।

शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नरहाई निवासी वेदपाल 18 वर्ष पुत्र गुरुदयाल ई रिक्शा चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। मंगलवार को पूर्वान्ह बस स्टैंड पर सवारियों के इंतजार में था उसी समय एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 50 वर्ष उसके रिक्शा के पास आया और उसने पाली से पांच सवारियां लाने का किराया पूछा। इस पर वेदपाल ने कहा इधर से उसे खाली जाना पड़ेगा इस पर उस व्यक्ति ने इधर से भी पूरा किराया देने की बात कही।

वेदपाल लालच में आ गया और उसको रिक्शे पर बिठाकर पाली के लिए चल दिया। रिक्शा चालक वेदपाल जब खेड़ा तिराहा पहुंचा, यहां पर रिक्शा पर बैठे व्यक्ति ने एक कोल्ड ड्रिंक खरीदी और रिक्शा चालक वेदपाल से कोल्ड ड्रिंक पीने का दबाव बनाने लगा। ज्यादा कहने पर रिक्शा चालक ने कोल्ड ड्रिंक पी ली। बकौल रिक्शा चालक जब वह आगमपुर चौराहे पर पहुंचा तो उसे चक्कर आया और वह बेहोश हो गया। उसके बाद उसे कुछ भी पता नहीं चला। इस बीच परिजनों ने ज्यादा देर हो जाने की वजह से वेदपाल को रात्रि 8:00 बजे फोन फोन लगाया तो वेदपाल का फोन स्विच ऑफ बता रहा था जिससे परिजन चिंतित हो गए और ढूंढने के लिए बासित नगर चौराहे पर आ पहुंचे। यहां पर एक व्यक्ति ने बताया की वेदपाल को रिक्शे पर एक सवारी बैठाकर पाली की ओर जाते देखा गया।

नशे की हालत में आगमपुर अमिरता रोड से वेदपाल आ रहा था। जिसने बताया कि वह खाई में पड़ा हुआ था। 24 घंटे के बाद बुधवार को शाहाबाद कोतवाली के ग्राम दौलतियापुर से एक ई रिक्शा खड़ा होने की खबर मिली तो वेदपाल के परिजन गांव पहुंचे और अपने रिक्शे की पहचान की। रिक्शे से चार बैटरी, स्टेपनी, कंट्रोलर और मोटर गायब था।

## सर्वाधिक मतदान का रिकॉर्ड बनाना है

**अमृत विचार, बेनीगंज, हरदोई।** आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जनप्रतिनिधियों के साथ साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी कमर कस ली है, जिसके लिए निर्वाचन आयोग द्वारा जारी पम्पलेट हांथों मे लेकर लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है।

बेनीगंज नगर पंचायत अधिशासी अधिकारी विजेता गुप्ता ने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि, समस्त सभासदों व नगर पंचायत कर्मचारियों को ज्यादा से ज्यादा मतदान के लिए लोगों को जागरूक करने की शपथ दिलाते हुए नगर के लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की।

## सीआरपीएफ टीम का प्रभारी निरीक्षक ने किया स्वागत



सीआरपीएफ टीम का स्वागत करते थाना प्रभारी।

**बेनीगंज, हरदोई अमृत विचार।** आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न कराने के लिए बुधवार देर शाम नगर पहुंची सीआरपीएफ टीम का बेनीगंज कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी व उनकी टीम के द्वारा माल्यार्पण कर व मुंह मीठा कराकर स्वागत किया गया, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक द्वारा मिले सम्मान के लिए सीआरपीएफ टीम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय त्यागी सहित उनकी टीम का आभार व्यक्त किया।

## स्वास्थ्य राहत कोष से दवा खरीद कर बांटने का फरमान

शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार। स्वास्थ्य केंद्रों पर एक पखवाड़े से अधिक समय से टीबी की दवा नहीं है। टीबी के मरीज दवा के अभाव में रोज अस्पतालों के चक्कर लगा रहे हैं। टीबी की दवा की किल्लत की खबरें आए दिन अखबारों की सुर्खियां बन रही है। जिसका संज्ञान लेकर सीएमओ ने सीएचसी एवं पीएचसी अधीक्षकों को स्वास्थ्य राहत कोष से टीबी की दवा खरीद कर टीबी मरीजों को वितरित करने के निर्देश जारी करते हुए पत्र लिखा है। आपको बता दें टीबी का मरीज अगर एक दिन दवा न ले तो उसका मर्ज फिर उखड़ जाता है, इसलिए स्वास्थ्य मंत्रालय से टीवी के इलाज के लिए पूरे कोर्स का इंतजाम अस्पतालों को उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी हैं, लेकिन इधर एक पखवाड़े से अधिक बीत जाने के बाद भी अस्पतालों में टीवी की दवा उपलब्ध नहीं है। शहर ही नहीं जिला अस्पताल में भी टीवी की दवा की भारी किल्लत देखने को मिल रही है। जिला क्षय रोग समन्वयक जावेद खां ने बताया पूरे प्रदेश में इस समय टीवी की दवा की किल्लत चल रही है। इस समस्या को देखते हुए सीएमओ डाक्टर रोहिताश कुमार ने जिले के सभी पीएचसी और सीएचसी प्रभारियों को आपदा राहत कोष से टीबी की दवा बाजार से खरीदकर टीबी मरीजों को वितरित करने के लिए आदेश जारी किए हैं। सीएचसी अधीक्षक डाक्टर प्रवीण दीक्षित ने बताया जिले पर टीबी की दवा उपलब्ध हो गई है। सीएचसी से एक व्यक्ति को दवा लेने के लिए हरदोई रवाना कर दिया गया है। राहत कोष से दवा खरीद कर दिए जाने का मुख्य चिकित्सा अधिकारी कोई भी लिखित आदेश नहीं दिया गया है।

## महिला को पीट कर घर से निकाला

**शाहाबाद, हरदोई, अमृत विचार।** शाहाबाद कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सहोरा निवासी पति सहित तीन पर दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की गई है। थाना पिहानी के ग्राम छतैया निवासी सरोजनी देवी पुत्री बलराम सिंह ने बताया 6 वर्ष पूर्व उसका विवाह कोतवाली के ग्राम सहोरा निवासी धर्मेंद्र उर्फ नन्हे पुत्र वेदराम के साथ हुआ था। उसके पिता ने अपनी हैसियत के मुताबिक दहेज भी दिया था। लेकिन शादी के बाद से ही दहेज में मोटरसाइकिल और पचास हजार रुपए की मांग को लेकर ससुराल वाले उसे प्रताड़ित करने लगे ।6 मई को उसके पति ने सास प्रेमवती और ससुर वेदराम के कहने से उसे दहेज की मांग को लेकर मारा पीटा और उसे घर से निकाल दिया।

## शिविर में 29 लोगो ने किया रक्तदान

हरदोई

**अमृत विचार।** बुधवार को मेडिकल कालेज में मरीजों के हित हेतु स्वच्छिक रक्त शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 30 लोगों ने पंजीकरण कराया और 29 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में एमबीबीएस कर रहे विभिन्न सत्रों के छात्र एवं छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ कम्युनिटी मेडिसिन के विभाग के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर डॉ दीपक चोपड़ा ने स्वयं रक्तदान कर किया। स्वच्छ रक्तदान शिविर कम्युनिटी मेडिसिन विभाग पैथोलॉजी विभाग एवं ब्लड बैंक के सौजन्य से आयोजित किया गया ब्लड बैंक प्रभारी डॉक्टर पवन कुमार गुप्ता ने बताया कि रक्तदान कोई भी स्वस्थ व्यक्ति जिसकी आयु 18 से 65 वर्ष की है रक्तदान कर सकता है रक्तदान एक सरल एवं कष्ट रहित प्रक्रिया है इसमें 5 से 10 मिनट का समय लगता है ब्लड बैंक की टीम में एल टी अकील खान, अमित शर्मा, ने रक्तदान की प्रक्रिया को पूर्ण कराया एवं रक्तदाताओं का उत्साह वर्धन किया तथा प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए और पुनः रक्तदान की अपील की गई। प्रोफेसर डा. संजीव दुबे, डा. निशांत,डा.ध्रुव अग्रवाल, डा. गोपाल कृष्ण दीक्षित, डा. आयुष ओमर, डा. स्मृति मिश्रा आदि ने रक्तदान किया इस मौके पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ जेके वर्मा, सहआचार्य डा.संजय चुफल एवं सहायक आचार्य डा. आदिति गर्ग एवं विभिन्न विभागों के आचार्य उपस्थित रहे।


रक्तदान करता रक्तदाता। अमृत विचार

### सार-संक्षेप

#### अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मतदाताओं को किया जागरूक

**अमृत विचार, रूपापुर, हरदोई।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने बुधवार को रूपापुर नगर इकाई में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया। जिसमें अभाविप अवध प्रांत के मंत्री पुष्पेंद्र वाजपेई ने राष्ट्रहित में शत प्रतिशत मतदान करने को कहा। मुख्य अतिथि पुष्पेंद्र बाजपेई प्रदेश मंत्री ने कहा कि सभी को मतदान अवश्य करना चाहिए आपका वोट देश का भविष्य तय करता है। इस मौके पर विमलेश दीक्षित अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के सूचित मिश्रा बिहान शुक्ला सुरजीत शुक्ला रोहित राठौर अंकित अतुल बाजपेई अनुराग शुक्ला सहित अनेक मतदाता मौजूद रहे।

#### इंटरसिटी एक्सप्रेस के पहिए के पास लगी आग

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में बुधवार को ब्रेक बाइंडिंग के चलते नीचे पहिया के पास आग लग गई। आनन-फानन में ट्रेन को चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर रोका गया। करीब एक घंटा तक चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन खड़ी रही। इस दौरान यात्री परेशान रहे। लोको पायलट और गार्ड द्वारा आग बुझायी गयी। इसके बाद ट्रेन गंतव्य के लिए रवाना हो सकी। बुधवार को गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एल्गिन ब्रिज के निकट पहुंची तो गाड़ी में नीचे से धुआं उठने की जानकारी हुई। इस बात की जानकारी मिलते ही गार्ड और लोको पायलटों ने उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए चौकाघाट रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोका। इसके बाद नीचे पहिया के पास लगी हुई आग को अग्निशमन यंत्र से बुझाया। इसके बाद इंटरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ रवाना की गई। पहिये के पास आग लगने के कारण सुबह 10 बजे रोकी गई ट्रेन आग बुझाने के बाद करीब एक घंटा बाद गंतव्य के लिए रवाना हो सकी।

#### पड़ोसी पर लगाया बेटी को भगाने का आरोप

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : ईंट भट्ठे पर परिवार के साथ काम करने वाले एक श्रमिक की बेटी को पड़ोसी के भाई के द्वारा भगा ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस में पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीतापुर जिले के महोली थाना क्षेत्र का एक परिवार सतरिख थाना क्षेत्र के रसूलपुर स्थित एक भट्ठे पर श्रमिक का काम करते हैं,और उनके पड़ोस में रहने वाली ममता भी इसी भट्ठे पर श्रमिक का काम करती है। आरोप है कि लखीमपुर जिले के मोहम्मदी थाना क्षेत्र के हकीमपुर गांव का रहने वाला युवक सोनू अपनी बहन- बहनोई के वहां आता जाता रहता था। इन्हीं लोगों के द्वारा बेटी को भगा दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि सोनू और उसके बहन बहनोई समेत पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

#### तमंचा के साथ आरोपी गिरफ्तार

**सतरिख, बाराबंकी : अमृत विचार :** पुलिस ने चेकिंग के दौरान एक युवक को एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। सतरिख थाना क्षेत्र करौंदी कला मोड़ के पास उपनिरीक्षक गजेंद्र सिंह खरवार,आरक्षी राधेश्याम नागर, मिथिलेश यादव व सुनील यादव के द्वारा चेकिंग की जा रही थी।इस दौरान एक युवक पुलिस को देखकर करौंदी गांव की ओर भागने लगा, पुलिस ने पीछा कर उसको दौड़कर पकड़ लिया, और उसकी जामा तलाशी के दौरान उसकी जेब से एक अवैध तमंचा व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपी राधेश्याम,निवासी नेवली थाना सतरिख को जेल भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक अमर कुमार चौरसिया ने बताया कि आरोपी को जेल भेजा गया है।

#### दुष्कर्म का प्रयास करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**रामनगर, बाराबंकी : अमृत विचार :** थाना क्षेत्र की एक छात्रा को अगवा कर दुष्कर्म का प्रयास करने वाले फरार मुख्य आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीते सात मई को घर से स्कूल के लिए निकली 10 वीं की छात्रा को रास्ते में मोटरसाइकिल सवार दो युवको ने जबरन बाइक पर बैठाकर सरसवां के जंगल में ले जाकर दुष्कर्म करने का असफल प्रयास किया। पीड़िता के शोरगुल मचाने पर दोनों युवक मौके से फरार हो गए थे। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की सर गर्मी से तलाश कर रही थी। बुधवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी शिवम मौर्या निवासी रानीगंज को भट्ठा तिराहा के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी रत्नेश पांडेय ने बताया कि मुख्य आरोपी को जेल भेजा गया है। दूसरे अज्ञात आरोपी की तलाश की जा रही है।

#### मॉर्निंग वॉक से लौट रही महिला की लूटी चेन

**फतेहपुर, बाराबंकी : अमृत विचार :** नगर के मोहल्ला पचघरा में बुधवार सुबह बाइक सवार लुटेरे मार्निंग वाक से लौट रही महिला के गले से सोने की चेन खींच ले गए। घटना के दौरान चेन पकड़ लेने से उसका एक हिस्सा महिला के पास रह गया। उनकी चीख पुकार सुन कर एकत्र हुए लोगों ने खोजबीन की लेकिन लुटेरों का कोई सुराग नही लगा। लुटेरे बिना नम्बर बाइक पर सवार थे। घटना के बाद भाग रहे लुटरों की फुटेज सीसीटीवी में कैद हुई है। पचघरा वार्ड एक निवासी देवेंद्र उर्फ मुकेश त्रिपाठी उप निबंधक कार्यालय फतेहपुर में बतौर लिपिक कार्य करते हैं। रोज की तरह सुबह करीब छह बजे पत्नी कंचन के साथ वह सुबह सैर के लिए गए थे। लौटते समय देवेंद्र कुछ देर श्री शक्तिधाम परिसर में रुक गए। अकेले लौट रही कंचन घर के पास पहुंची ही थी कि पीछे से अचानक आए दो बाइक सवारों ने गर्दन पर हमला कर उनकी चेन नोंच ली। हड़बड़ाहट में कंचन ने चेन पकड़ ली तो टूट कर एक हिस्सा उनके हाथ मे रह गया। उनकी गर्दन पर चोट के निशान आए। बाइक पर दो लोग सवार थे। बाइक चला रहे युवक ने हेल्मेट पहन रखा था। पीछे बैठा युवक नकाबपोश था।

**बैठक** मतदान के दिन जिलाध्यक्ष को जगाएंगें भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, जीत के लिए शत-प्रतिशत वोट डालना होगा जरूरी

## कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दे गए प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी

हरदोई

**अमृत विचार।** गृहमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने आए भूपेंद्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं को जीत का मंत्र दिया। चुनाव के दिन क्या करना है। इसे बारीकी से समझाया। उन्होनें कहा कि मतदान के दिन वह प्रातः चार बजे जिलाध्यक्ष को फोन कर जगाएंगे। इसके बाद यह प्रक्रिया बूथ अध्यक्ष तक चलेगी।

पार्टी कार्यालय पर प्रदेश अध्यक्ष ने अब तक की गई तैयारियों का फीडबैक लिया। उन्होनें कार्यकर्ताओं से दस बजे तक अपना मतदान पूरा करा लेने को कहा। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जीत तभी हो पाएगी जब हम अपना वोट शत प्रतिशत डाल पाएंगे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि वह मतदान के दिन चार बजे सुबह फोन कर वह जिलाध्यक्ष को जगाएंगे। इसके बाद जिलाध्यक्ष मण्डल अधयक्ष को, मण्डल अध्यक्ष सेक्टर संयोजक को सेक्टर संयोजक बूथ अध्यक्ष को जगाएंगे। सभी लोग यह प्रयाय करें कि दस बजे तक अपना मतदान करा लें। उन्होंने कहा कि मतदान के दिन किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें ।



बैठक को संबोधित करते प्रदेश अध्यक्ष। अमृत विचार

बैठक में लोकसभा प्रभारी दिनेश दुबे रामनिवास यादव, संयोजक प्रीतेश दीक्षित , अशोक सिंह, जिलाध्यक्ष, अजीत सिंह बब्बन, अविनाश मिश्रा, सुभाष पाण्डेय, शोभित सिंह सहित जिला कार्यकारिणी के पदाधिकारी व संचालन समिति के लोग मौजूद रहे।


बैठक में मौजूद लोग। अमृत विचार

## एक नजर

### अक्षय तृतीया पर मनाया जाएगा परशुराम जन्मोत्सव

**महमूदाबाद, सीतापुर, अमृत विचार।** अक्षय तृतीया के पर्व पर जनपद सीतापुर के नगर महमूदाबाद में पूर्व की भांति इस वर्ष भी बड़ी धूमधाम से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। यह जानकारी भगवान परशुराम ब्राह्मण सेवा समिति के अध्यक्ष सुशील अवस्थी ने मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भगवान परशुराम के जन्मोत्सव कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की कई हस्तियों को बुलाया गया है। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व डी.जी.पी. उत्तर प्रदेश सूर्य कुमार शुक्ल, ओम ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनंजय द्विवेदी, महर्षि ब्राह्मण सभा की अध्यक्ष श्वेता शुक्ला, पूर्व महा निबन्धन उत्तर प्रदेश के.के. शुक्ला, पूर्व जेल अधीक्षक गोरखपुर आर. सी. उपाध्याय सहित ब्राह्मण समाज से सीतापुर व लखनऊ की कई महान हस्तियों को भी पूजन कार्यक्रम में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है।

### 120 ग्राम मारफीन के साथ वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर एसपी चक्रेश मिश्र के निर्देश पर अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही प्रभारी कार्रवाई के क्रम में थाना कमलापुर पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान वांछित अभियुक्त अरबिन्द कुमार पुत्र अयोध्या निवासी उनसिया थाना खैराबाद को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के कब्जे से से 120 ग्राम मॉरफीन (अवैध मादक पदार्थ) बरामद किया है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर एवं अभ्यस्त अपराधी है। इसके विरुद्ध पूर्व में भी कई मुकदमें पंजीकृत हैं। अभियुक्त को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक कृष्ण बली सिंह, उनि तेजबहादुर सिंह, का. आकाश कटियार, का. अजय कुमार शामिल है।

### पांच वांछित गिरफ्तार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के लेकर एसपी चक्रेश मिश्र के निर्देश पर वांछित अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अलग-अलग थानों से पुलिस टीम ने पांच वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है। बताते चलें कि थाना पुलिस टीम द्वारा वांछित अंकित पुत्र गिरीश उर्फ कल्लू नि. ग्राम टिकौना, थाना मिश्रिख पुलिस द्वारा वांछित धर्मेंद्र पुत्र परसराम नि.सरसई, थाना अटरिया पुलिस द्वारा 03 वारण्टी मिश्रीलाल पुत्र चंद्रिका नि.केवलपुर मजरा जैपालपुर, हरीश मिश्र, राकेश धोबी पुत्र लल्लू धोबी निवासी रनुवापारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### ससुरालीजनों पर अतिरिक्त दहेज मांगने का आरोप

**लहरपुर।** बुधवार को ग्राम अकैचनपुर टप्पा निवासिनी एक विवाहिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि उसकी शादी 1 वर्ष हुई थी, मेरे पति, देवर, ससुर, सास, ननद, प्रताड़ित कर रहे हैं और अतिरिक्त दहेज में कूलर, फ्रिज, भैंस की मांग कर रहे हैं। दहेज की मांग न पूरी होने पर मुझे मारते-पीटते व जान से मारने की धमकी भी देते हैं। आरोप है कि उसके पति बाहर काम करने का बहाना बताकर मायके में छोड़ आते हैं और अपने घर में रहने नहीं देते। ससुरालीजनों ने उसके माता-पिता के साथ अभद्र व्यवहार करके उन्हें अपने घर से भगा दिया है। पीड़िता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर ससुराली जनों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जा रही है।

### नगरपालिका के ब्रांड एंबेस्डर बने समीर पुरी

**लहरपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत नगरीय स्वच्छता के लिए नागरिकों को जागरूक करने के लिए नगर पालिका परिषद का समीर पुरी अधिवक्ता को स्वच्छ भारत मिशन का ब्रांड एम्बेसडर बनाया गया। बुधवार को नगर पालिका सभागार में अधिशाषी अधिकारी अनरुद्ध पटेल और स्वच्छ भारत मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक संजीत यादव ने ब्रांड एम्बेसडर समीर पुरी को प्रमाण पत्र दिया।

# सरेराह छात्रा से बाइकसवार मनचलों ने की छेड़छाड़

**मुकदमा दर्ज**

▸▸ बिना नंबर की बाइक चला रहे युवकों ने छात्रा को रास्ते में रोका

**लहरपुर, अमृत विचार।** स्कूल से साइकिल से घर जा रही दलित छात्रा से बाइकसवार मनचलों ने छेड़छाड की। शोर मचाने पर जान से मारने की धमकी और गालियां दीं। छात्रा ने घर जाकर अपने परिजनों को घटना की जानकारी दी। ऐसे में पीड़िता के पिता ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दजर्ज करने की कार्रवाई की।

कोतवाली तालगांव क्षेत्र के एक ग्राम की हाईस्कूल छात्रा जो प्रतिदिन अपने गांव से साइकिल से लहरपुर इंटर कॉलेज में पढ़ने आती है। विगत दिवस विद्यालय से घर जाते समय नहर के पास बिना नंबर की बाइक से दो नवयुवकों ने उसे रोक लिया और हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर गालियां व जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़ित छात्रा ने घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी, जिस पर उसके पिता ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थनापत्र देकर आरोपी दोनों युवकों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। कोतवाली प्रभारी मुकुल प्रकाश वर्मा ने बताया कि आरोपी दोनों युवकों के विरुद्ध छेड़छाड़, जान से मारने की धमकी एवं एससी एसटी एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# युवाओं के लिए राष्ट्र सेवा का माध्यम है राजनीति

▸▸ भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में लोकसभा युवा व महिला सम्मेलन आयोजित




युवा सम्मेलन के दौरान मौजूद मंत्री कपिल अग्रवाल व जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** बुधवार को लोकसभा युवा सम्मेलन का आयोजन नगर के आनंदी देवी इंटर कॉलेज विद्यालय में किया गया। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में उप्र सरकार के मंत्री कपिल देव अग्रवाल उपस्थित रहे। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए युवा शक्ति के विषय में बताया।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि आज भारत युवा शक्ति से लबरेज है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी इस युवा शक्ति का अभिनंदन करते हैं तथा निरंतर युवाओं को अपने अनुभव की दिशा देते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे याद है कि कैसे युवावस्था में स्वामी विवेकानंद ने शिकागो में भारत का डंका बजा दिया था। वहीं 23 वर्ष की अवस्था में भगत सिंह ने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। लोकतंत्र में युवाओं के लिए राष्ट्र सेवा का माध्यम राजनीति है और भारतीय जनता पार्टी उन्हें राष्ट्र सेवा के लिए मंच प्रदान करती हैं। युवाओं का यह फर्ज है कि वह पार्टी को मजबूत करते हुए अपने राष्ट्र प्रेम को प्रदर्शित करें।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कोषाध्यक्ष अमरजीत मिश्रा व सीतापुर सदर के विधायक नगर विकास राज्यमंत्री राकेश राठौर गुरु उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयुमो जिला अध्यक्ष सचिन मिश्रा ने की। कार्यक्रम में तरुण शुक्ला अनूप विश्वकर्मा अमन विक्रम सिंह कामेश शुक्ला प्रतीक पांडे सहित पार्टी से जुड़े पदाधिकारी कार्यकर्ता व समर्थक उपस्थित रहे।

# भाजपा का प्रचार अभियान धुआंधार विपक्षी स्टार प्रचारक दिख रहे फरार

▸ सीतापुर, मिश्रिख, धौरहरा में विपक्षी नेताओं की गैर मौजूदगी बनी चर्चा का विषय

अभिषेक सिंह, सीतापुर

**अमृत विचार।** चौथे चरण को लेकर जैसे-जैसे लोकसभा चुनाव के मतदान की तारीख नजदीक आती जा रही है, वैसे-वैसे भाजपा के स्टार प्रचारकों के उड़नखटोले जमीन पर और तेजी से उतरते नजर आ रहे हैं। भाजपा चुनाव प्रचार में जातिवार अपना नेता मैदान में उतारकर जातीय समीकरण साधते हुए परिणाम अपने पक्ष में करने के आतुर नजर आ रही है। जबकि इसके विपरीत विपक्षी दलों के स्टार प्रचारक क्षेत्र से फरार नजर आ रहे हैं। चुनाव प्रचार से स्टार प्रचारकों की दूरी मतदाताओं में जहां चर्चा का विषय बना हुआ है। तो वहीं कार्यकर्ता मायूस सा होता दिखाई दे रहा है।

मालूम हो कि सीतापुर, मिश्रिख और धौरहरा लोक सभा सीट पर आगामी 13 मई को मतदान होना है। ऐसे में भाजपा अपनी जीत के लिए प्रचार में कोई कसर नहीं छोड़ना चाह रही है। शायद यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत पार्टी के दिग्गज नेता अमित शाह भी पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रैली कर मतदाताओं के रिझाने का प्रयास कर चुकें है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्या और बृजेश पाठक भी इन लोक सभा सीटों पर कई कई सभाओं को संबोधित कर मतदाताओं को रिझाने का प्रयास कर चुकें है। जबकि विपक्षी दलों का हाल इससे बिल्कुल उलट नजर आ रहा है। चुनाव की तारीख नजदीक आने को है, लेकिन कोई बडा नेता अब तक सीतापुर में चुनाव प्रचार करने नहीं पहुंच सका। बसपा के आकाश आंनद ने एक सभा सीतापुर में की, लेकिन अपने विवादित बयान के चलते वह भी अर्श से फर्श पर आ गए। वहीं सीतापुर व धौरहरा क्षेत्र गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में अभी तक कोई स्टार प्रचारक चुनाव प्रचार करने मैदान में नहीं उतरा है। स्टार प्रचारकों के न आना जहां जनता के बीच चर्चा का विषय है तो वहीं पार्टी के कार्यकर्ताओं के लिए हताशा भरा है।

### स्टार प्रचारकों के आने से कार्यकर्ताओं का जोश होगा हाई

किसी भी पार्टी की नींव कार्यकताओं के बल पर मजबूत होती है। लेकिन जब कार्यकर्ता ही मायूस होने लगे तो चुनाव परिणाम बेहतर होने की संभावना काफी कम हो जाती है। ऐसा ही हाल विपक्षी कार्यकर्ताओं का है। ऐसे में अगर विपक्षी दलों के स्टार प्रचारक नेता जिले का दौरा कर चुनाव प्रचार करना शुरू कर दें तो यकीनन कार्यकर्ताओं का जोश हाई हो जाएगा।

### क्या बोले कांग्रेस जिला अध्यक्ष

सीतापुर लोकसभा सीट पर गठबंधन प्रत्याशी कांग्रेस का होने के चलते कांग्रेस जिलाध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी का कहना है कि कांग्रेस और सपा की तरफ से सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कांग्रेस से प्रियंका गांधी और राहुल गांधी का प्रोग्राम मांगा गया था। कार्यक्रम के मिलते ही चुनाव प्रचार में तेजी आयेगी। प्रत्याशी और संगठन की तरफ से चुनाव प्रचार लगातार जारी है।

# प्रशिक्षण से गायब कार्मिकों पर कार्रवाई करें कार्यालयाध्यक्ष

**सीतापुर, अमृत विचार।** जिला विकास अधिकारी/सहायक प्रभारी अधिकारी (मतदान कार्मिक) हरिश्चन्द्र प्रजापति ने बताया कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में तैनात किये गये मतदान कार्मिकों में से 218 पार्टियों को प्रशिक्षण बुधवार को को प्रथम पाली में जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल में दिया गया। इस प्रशिक्षण में 03 मतदान अधिकारी प्रथम, 04 मतदान अधिकारी द्वितीय एवं 08 मतदान अधिकारी तृतीय अनुपस्थित रहे। उक्त के अतिरिक्त 01 पीठासीन अधिकारी, 01 मतदान अधिकारी प्रथम, 01 मतदान अधिकारी द्वितीय एवं 02 मतदान अधिकारी तृतीय कुल 05 कार्मिक समय से पहले प्रशिक्षण से चले गये। ऐसे कार्मिक जो समय से पहले प्रशिक्षण छोड़कर चले गये उनके कार्यालयाध्यक्षों को उनके विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही करने के निर्देश दिये जा रहे हैं। साथ ही तीन से सात तक कुल 351 अनुपस्थित कार्मिकों का भी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें 40 पीठासीन अधिकारी, 18 मतदान अधिकारी प्रथम, 71 मतदान अधिकारी द्वितीय एवं 69 मतदान अधिकारी तृतीय कुल 198 कार्मिक अनुपस्थित रहे। अनुपस्थित कार्मिकों के कार्यालयाध्यक्ष को निर्देश दिये गये हैं कि संबंधित कार्मिक के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही संस्थित करना सुनिश्चित करें तथा कृत कार्यवाही से अवगत भी करायें।

## सार-संक्षेप

### भाजपा में महिलाओं का है सबसे ज्यादा सम्मान



मोदीनगर विधायक को नंदी महाराज की प्रतिमा भेंट करतीं पालिकाध्यक्ष खैराबाद बेबी अभिषेक गुप्ता। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** शहर के एक निजी गेस्ट हाउस में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में महिला सम्मेलन लोकसभा सीतापुर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच उपस्थिति रहीं। उन्होंने महिला सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत दुनिया का इकलौता देश है जहां महिलाओं को पूजा जाता है और भाजपा में महिलाओं का सबसे ज्यादा सम्मान है। आज नारी शक्ति अधिनियम बन जाने के बाद राष्ट्र की महिला लोकतांत्रिक तरीके से मजबूत और शक्ति संपन्न हुई है। ऐसे में हमारा दायित्व है कि हम अधिक से अधिक महिला शक्ति को भाजपा से जोड़ें। जिला अध्यक्ष राजेश शुक्ला ने बताया कि हम धरती माता, गौ माता, गंगा माता के साथ-साथ समस्त मातृशक्ति के पूजक हैं। आज हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा निरंतर महिला कल्याण के कार्य हो रहे हैं उन्हें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में 33 प्रतिशत आरक्षण देने का मामला हो या बहन बेटी की सुरक्षा का मामला भारतीय जनता पार्टी ने नारी शक्ति का वंदन किया है। राजेश शुक्ला ने महिला सम्मेलन में आई हुई मातृशक्ति का अभिनंदन एवं स्वागत भी किया। कार्यक्रम का संचालन भाजपा जिला मंत्री जया सिंह ने किया। इस अवसर पर इंदू सिंह, लक्ष्मी पांडे, गीता सिंह, बीके योगेश्वरी, नमिता आदि लोग उपस्थित रहे।

### मतदान के प्रति जागरूक करने को मैराथन दौड़ में भागे लोग



विजयी प्रतियोगी को पुरस्कृत करते बीडीओ।

**तालगांव, सीतापुर, अमृत विचार।** लोक सभा निर्वाचन चुनाव के तहत विकास खंड परसेंडी में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जिसमें बीडीओ धनंजय सिंह व एडीओ पंचायत हंसराज सिंह ने ब्लाकस्तरीय मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित कराई। इस प्रतियोगिता में ब्लॉक अधिकारी, कर्मचारी, पीआरडी जवान सहित सभी आयु वर्ग के बच्चों ने हिस्सा लिया। ब्लाक परिसर से प्रारंभ होकर परसेंडी पंचायत घर पर दौड़ समाप्त हुई। दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर एडीओ पंचायत हंसराज सिंह रहें। द्वितीय स्थान पर रिषभ गुप्ता और तृतीय स्थान पर मोहम्मद जियान रहे। विजई प्रतिभागियों को बीडीओ धनंजय सिंह ने पुरुस्कृत किया। मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के जलपान की व्यवस्था की गईं।

### महिला अध्यापक ने सड़क पर बैठकर किया हंगामा



कॉलेज के सामने सड़क पर बैठकर हंगामा करती महिला अध्यापक।

**कमलापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** राजा बहादुर डाक्टर सूर्य बख्श सिंह इण्टर कालेज की महिला अध्यापक स्नेह लता कालेज प्रशासन से क्षुब्ध होकर नेशनल हाइवे पर बैठ गईं। ऐसे में देखते ही देखते काफी भीड़ जमा हो गई। महिला अध्यापक का आरोप है कि कालेज प्रशासन और प्रबंधन उनको परेशान कर रहा है, कोई उनकी नहीं सुनता। पूर्व में भी वह इसको लेकर पत्राचार कर चुकी हैं, लेकिन कोई न्याय नहीं मिला। वहीं कालेज के प्रधानाचार्य साकिब जमाल अंसारी ने बताया कि एक एडमिशन का प्रकरण था। जिसको लेकर स्नेह लता वीडियो बना रही थी। उन्हें रिकार्डिंग से मना किया गया तो वह कॉलेज से बाहर जाकर हाइवे पर बैठ गईं और हंगामा करने लगी। साथ ही वह कालेज की महिला अध्यापक पर अभद्र आरोप भी लगाने लगी। ऐसे में थाना पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंचकर सब इंस्पेक्टर अनिल और टीबी सिंह ने उनको हाइवे से उठाकर कॉलेज ले गये और महिला अध्यापक से कहा कि आपको जो भी परेशानी हो, लिखकर थाने में दीजिए। जिस पर वह उनके साथ थाने चली गई। इस संबंध में थाना प्रभारी कृष्ण बली ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, जांच की जा रही है।

# ड्रामा, नृत्य, फैंसी ड्रेस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा




सांस्कृतिक कार्यक्रम में बच्चों को उपहार देतीं अध्यापिकाएं। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** आरपी चिल्ड्रन्स हाईस्कूल ने मातृ दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर मे सांस्कृतिक कार्यक्रम व अभिभावक-माताओं के लिए प्रतियोगिता का आयोजन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन रेड हाउस व प्रतियोगिता का संयोजन समन्वयक ज्योति पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विद्यालय की प्रधानाचार्या अर्चना श्रीवास्तव ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर पुष्पार्चन कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिखर सिंह, अर्णव पुष्कर, दिव्यम गुप्ता, शिवांस पटेल, कार्तिक दीक्षित, सूर्यांश त्रिवेदी, सचिन श्रीवास्तव, निधि वर्मा, माही वर्मा, सचिन श्रीवास्तव, प्रियांशी दीक्षित, निकिता बघेल, अंकिता राज, शानवी राणा, आराध्या मिश्रा, रस्मी बाजपेई, आदि छात्र-छात्राओं ने ड्रामा, नृत्य, फैंसी ड्रेस की प्रस्तुति दी। प्रतियोगिता में माताओं ने बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। अंत में स्कूल प्रबंधक अनिल श्रीवास्तव ने बच्चों को बधाई देकर उनका उत्साहवर्धन किया। इस दौरान मिथलेश गुप्ता, स्वाति पाण्डेय, आयुष मिश्रा, अंजनी वैश्य, रुचि, मुस्कान आदि उपस्थित रहीं।

# कल मिलिट्री फार्म में आमद दर्ज करायें वाहन, अन्यथा होगी कार्रवाई




एआरटीओ कार्यालय में कैम्प लगाकर डीजल पर्ची बनाते कर्मचारी। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** लोकसमा सामान्य निर्वाचन, 2024 के लिये लगाये गये वाहनों के अधिग्रहण को लेकर परिवहन विभाग तैयारियों को अन्तिम रूप देने में जुट गया है। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने बताया कि 13 मई को पोलिंग पार्टियों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिये 6000 से अधिक वाहनों को अधिग्रहण आदेश पहले ही जारी किये जा चुके हैं।

अधिग्रहीत किये गये हल्के एवं भारी वाहनों को 10 मई को दोपहर 12 बजे नगर मजिस्ट्रेट/प्रभारी अधिकारी (यातायात) सीतापुर को मिलिट्री फार्म आरएमपी कालेज के सामने वाहन सुपुर्द कर अपनी आमद दर्ज करायी जानी है। एआरटीओ प्रशासन माला बाजपेयी ने कहा कि यदि किसी वाहन स्वामी द्वारा निर्धारित तिथि व समय पर वाहन नहीं उपलब्ध करायी गयी तो उनके विरूद्ध विधिक कार्यवाही करते हुए प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करा दी जायेगी। एआरटीओ प्रशासन ने बताया कि वाहन स्वामियों को अपना वाहन ठीक हालत में निर्धारित तिथि पर मय वाहन चालक व उसके क्लीनर सहित सभी आवश्यक जरूरतों के साथ उपलब्ध कराना है। वाहन स्वामियों को मोबाइल फोन के माध्यम से सूचित किया जा चुका है। एआरटीओ ने बताया कि व्यवस्थाओं को सुगम बनाने के लिये एआरटीओ कार्यालय में कैम्प लगाकर 400 से अधिक वाहनों को डीजल पर्ची उपलब्ध करायी है। एआरटीओ ने बताया कि जिन वाहन स्वामियों द्वारा कार्यालय से डीजल पर्ची नहीं प्राप्त की गयी है उनके विरूद्ध कार्रवाई के लिये पत्र भेजा जा रहा है।

**अपील** हरगोविंद इंटर कॉलेज में शत-शत मतदान के लिए छात्र संवाद कार्यक्रम आयोजित

# चुनाव में मतदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें




छात्र संवाद कार्यक्रम में मौजूद छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

संवाददाता, लहरपुर, सीतापुर

**अमृत विचार।** बुधवार को अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद नगर इकाई ने स्थानीय हरगोविंद इंटर कॉलेज में शत-शत मतदान करने एवं अन्य लोगों को भी मतदान करने के लिए जागरूक करने के लिए छात्र संवाद का आयोजन किया। कार्यक्रम में मिनाक्षी मिश्रा ने उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं छात्र छात्राओं को जागरूक करते हुए लोकतंत्र की मजबूती के लिए शत् प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर तहसील संयोजक विकास मौर्य ने कहा कि सशक्त राष्ट्र के लिए शत प्रतिशत मतदान करना आवश्यक है, उन्होंने सभी से स्वयं मतदान करने व दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करने का आवाहन किया। सभी लोगों से अपील की गई की खुद भी मतदान करें और अपने करीबियों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने जागरूक करते हुए कहा कि अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए घरों से निकलकर मतदान स्थल तक जरूर जाएं और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित नगर उपाध्याय सनी यादव, अमित नाग एवं छात्र छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

# चोरी के माल सहित दो गिरफ्तार

**सीतापुर।** चौथे चरण के शांतिपूर्ण मतदान के लिए अपराधियों के खिलाफ चलाई जा रही प्रभारी कार्रवाई के क्रम में पुलिस टीम द्वारा चोरी किए गए माल सहित दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। क्षेत्राधिकारी मिश्रिख के निकट पर्यवेक्षण में थाना मिश्रिख पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान दों अभियुक्तों टोर्रे पुत्र कल्लू निवासी ग्राम हुमांयुपुर, रोहित पुत्र जगरूप निवासी ग्राम हुमांयूपुर, को रमुवापुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के कब्जे से उक्त अभियोग से संबंधित चोरी किये गये आरमेचर बॉडी, अल्टीनेटर, क्वॉयल बेड (आठ अदद) बरामद हुआ है। अभियुक्तों का चालान न्यायालय किया गया है।

**कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार, फर्म्स सोसाइटी तथा चिट्स लखनऊ मण्डल, लखनऊ।**

पत्रांक: 29(2)/1 दिनांक: 05/04/2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री परम जीत सिंह पुत्र श्री अमरीक सिंह संस्था:- **गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा भौली, पता:- ग्राम भौली, पोस्ट रेउसा, तहसील बिस्वां, जिला सीतापुर** के अध्यक्ष की हैसियत से पंजीकरण सोसा0रजि0अधि0 1860 के अन्तर्गत ऑनलाईन पंजीकरण शुल्क व प्रपत्र प्रस्तुत किये गये है उक्त संस्था के स्मृति पत्र व नियमावली में निम्नलिखित पदाधिकारी व सदस्य दर्शाये गये है:-

| क्रम सं0 | नाम/पिता/पति का नाम | पद |
|---|---|---|
| 1 | श्री परम जीत सिंह पुत्र श्री अमरीक सिंह | अध्यक्ष |
| 2 | श्री सज्जन सिंह पुत्र श्री प्रगट सिंह | उपाध्यक्ष |
| 3 | श्री तसतीर सिंह पुत्र श्री गुरनाम सिंह | सचिव/प्रबंधक |
| 4 | श्री रणबीर सिंह पुत्र श्री गुरनाम सिंह | कोषाध्यक्ष |
| 5 | श्री रंजीत सिंह पुत्र श्री स्वर्ण सिंह | सदस्य |
| 6 | श्री बलजीत सिंह पुत्र श्री सरजन सिंह | सदस्य |
| 7 | श्री सरबजीत सिंह पुत्र श्री रेशम सिंह | सदस्य |
| 8 | श्री गुरमुख सिंह पुत्र श्री बलकार सिंह | सदस्य |

उपरोक्त संस्था के पंजीकरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के अन्दर इस कार्यालय को दस्तावेजों साक्ष्यों एवं फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र सहित आपत्ति पत्र प्रस्तुत किया जा सकता उपरोक्त सार्वजनिक सूचना/नोटिस सोसा0 रजि0अधि0 1860 की धारा 3(1) के ''परन्तुक'' को अन्तर्गत जारी की जा रही है।

(डिप्टी रजिस्ट्रार)

एतान्यनिगृहीतानि व्यापादयितुमप्यलम्।
अविधेया इवादान्ता हया: पथि कुसारथिम्॥

जैसे बेकाबू और अप्रशिक्षित घोड़े मूर्ख सारथी को मार्ग में ही गिराकर मार डालते हैं। वैसे ही यदि इंद्रियों को वश में न किया जाए तो ये मनुष्य की दुश्मन बन जाती हैं।

## संपादकीय

# गंभीर समस्या

उत्तराखंड के जंगलों में आग प्रमुख आपदाओं में से एक है। जंगलों में आग लगने का संकट इस बार ज्यादा गंभीर नजर आ रहा है। राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा जल रहा है। हर वर्ष उत्तराखंड में जंगल की आग से वन पारिस्थितिकी तंत्र, वनस्पतियों, जीवों की विविधता और आर्थिक संपदा को भारी नुकसान होता है। उच्चतम न्यायालय में एक याचिका पर सुनवाई के दौरान बुधवार को पीठ ने कहा कि 'क्लाउड सीडिंग' (कृत्रिम बारिश) या 'इंद्र देवता पर निर्भर रहना' इस मुद्दे का समाधान नहीं है। राज्य को निवारक उपाय करने होंगे। न्यायमूर्ति बीआर गवई और संदीप मेहता की पीठ को राज्य सरकार ने बताया कि पिछले साल नवंबर से उत्तराखंड में जंगल में आग लगने की 398 घटनाएं हुईं और ऐसी घटनाओं में पांच लोग मारे गए। राज्य के उप महाधिवक्ता ने बताया कि सभी आग मानव निर्मित थीं। एक अधिवक्ता ने पीठ को बताया कि राज्य एक 'गुलाबी तस्वीर' पेश कर रहा है, लेकिन मीडिया रिपोर्टों का दावा है कि जंगल की आग से निपटने में शामिल पूरी मशीनरी चुनाव-संबंधी काम में व्यस्त है। उधर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि सरकार पहाड़ों में लग रही आग को आपदा मानते हुए इस पर काबू पाने को जमीनी प्रयास कर रही है। प्रशासन जनसहभागिता से आग बुझाने के काम में लगा है। कुछ मामलों में वन विभाग की लापरवाही भी सामने आई है जिसके बाद 17 वन कर्मियों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई की गई है। जंगल की आग को कम करने के उद्देश्य से पिरुल (चीड़ के पत्तों) को एकत्र करने के लिए पिरुल लाओ-पैसे पाओ मिशन की शुरूआत की गई है।

इस काम के लिए 50 करोड़ रुपये जारी कर दिए गए हैं। वास्तव में जंगल की आग एक गंभीर समस्या है। पिछले कुछ वर्षों में आग की घटनाओं में वृद्धि हुई है और इन घटनाओं से पर्यावरण को बड़े पैमाने पर नुकसान होता है। जंगल पहाड़ी इलाकों में लोगों के साथ सामाजिक और पर्यावरणीय रूप से जुड़े हुए हैं और क्षेत्र के आर्थिक कल्याण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। साथ ही वन और वन्यजीव महत्वपूर्ण प्राकृतिक संसाधन हैं और मानव जीवन व पर्यावरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। स्थिति दयनीय है। जो लोग आग बुझाने जाते हैं उनके पास उचित उपकरण तक नहीं हैं। दरअसल सरकारों की प्राथमिकता में पर्यावरण व वन संरक्षण शामिल ही नहीं हो पाया है। ग्लोबल वार्मिंग के चलते वातावरण में तापमान बढ़ने से भी आग लगने की घटनाएं बढ़ी हैं। हमें बढ़ते तापमान के साथ प्रकृति संरक्षण के उपायों को बढ़ावा देना होगा। निस्संदेह जंगलों की आग पर ग्रामीणों के सहयोग के बिना काबू नहीं पाया सकता।

# धर्म और कम्युनिकेशन के अंतस्संबंध की समस्याएं



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है।

अनेक विचारक सलाह दे रहे हैं कि अभिव्यक्ति की आजादी की सीमा होनी चाहिए। वरना अराजकता फैल जाएगी। इस तरह के लोगों के विचारों को सुनकर एक पल के लिए यही लगता है, अभिव्यक्ति की आजादी का दायरा खींचने की जरूरत है। सच यह है अभिव्यक्ति की आजादी की सीमाएं तय करना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का लक्ष्य मात्र अभिव्यक्ति नहीं है, बल्कि उसका परम लक्ष्य तो अभिव्यक्ति की सीमाओं का विस्तार करना और तोड़ना है। हर दौर में लेखकों-कलाकारों ने यह काम किया है, वे यह काम आज भी कर रहे हैं।

सामान्य कम्युनिकेशन भी सीमाएं नहीं मानता। एक जमाना था औरतें पर्दे की आड़ लेकर, घूंघट में से बोलती थीं, लेकिन बोलते-बोलते वे आज जहां तक चली आई हैं उसकी हम कल्पना भी नहीं कर सकते। बोलना या अभिव्यक्ति तो परिवर्तन की प्रक्रिया में, सीमा तोड़ने की प्रक्रिया में शामिल होना है। इसीलिए हिंदी में कहावत भी है "बोला और मरा"। अभिव्यक्ति की प्रक्रिया में मनुष्य जब भी दाखिल होगा वह देर-सबेर अभिव्यक्ति की सीमाएं तोड़ेगा। एक जमाना था कोई लड़की किसी लड़के से बात करती हुई देख ली जाती थी तो हंगामा हो जाता था, लेकिन आज स्थिति यह है कि सामान्य तौर पर शिक्षित लड़कियों के पास अपने मित्र लड़कों के मोबाइल में नंबर रहते हैं और वे घर में ही आराम से बातें करती रहती हैं। अभिव्यक्ति की विशेषता है कि वह सीमा नहीं मानती। चाहे जितने कानून बनाओ, चाहे जितने आदेश लागू करो।

अभिव्यक्ति और धर्म के अंतस्संबंध में एक बात साझा है वह है, धर्म भी नियम सीमा नहीं मानता और अभिव्यक्ति भी नियम सीमा नहीं मानती। धर्म को यदि प्राचीन नियमों के अनुसार ही चलाया जाए तो धर्म अनाकर्षक होगा। उसकी कोई अपील नहीं होगी। दूसरी बात यह कि प्राचीन काल में तो धर्म ही कम्युनिकेशन था। कालांतर में अन्य कम्युनिकेशन के रूप आए हैं। धर्म की भूमिका मूलतः कम्युनिकेशन की ही रही है। कम्युनिकेशन में ज्योंही एक-दूसरे के बीच संवाद आरंभ होगा, कम्युनिकेटर और समाज के बीच में संवाद आरंभ होगा, अभिव्यक्ति की सीमाएं क्रमशः टूटने लगेंगी। यह अभिव्यक्ति का अंतर्निहित नियम है। हिंदू धर्म में भगवान से बड़ा भक्त है, जबकि इस्लाम में अल्लाह बड़ा है, बाकी उसके मातहत हैं। हिंदू धर्म में भगवान नियंता नहीं है, भक्त नियंता है। हिंदू धर्म में नियम महत्वपूर्ण नहीं है, आदत या संस्कार महत्वपूर्ण हैं। आदतें महत्वपूर्ण होने से हिंदू धर्म में किसी भी किस्म के शारीरिक नियंत्रण की संभावनाएं नहीं हैं। धर्म का लंबे समय से अंदर से रुपांतरण होता रहा है। हमारे यहां कोई एक नियंता नहीं है। हर नागरिक का अपना-अपना हिंदू धर्म है। हिंदू धर्म में यह उदारता या खुलापन बड़े वैचारिक संघर्षों के कारण पैदा हुआ है और यह प्रक्रिया बड़ी श्रमसाध्य और त्यागपूर्ण रही है। इसके विपरीत इस्लाम में नियंता रहे हैं और नियंता के प्रति हर मुसलमान को समर्पण करना और उसके बनाए नियमों का आचरण करना जरूरी है। वरना उसके प्रति संदेह या अविश्वास पैदा होगा। इसलिए जिन देशों में इस्लाम नियंता और नियामक है, वहां पर अभिव्यक्ति की आजादी का सवाल ही पैदा नहीं होता। अभिव्यक्ति की आजादी के लिए धार्मिक नियंता की अनुपस्थिति जरूरी है। इस्लामिक देशों में चूंकि नियंता अल्लाह है। अतः वहां अभिव्यक्ति की आजादी नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रूप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की।

इसके विपरीत भारत में भगवान तो है, लेकिन वह नियंता नहीं है। यहां पर भगवान भक्त का संबंध स्वैच्छिक है। इसमें भक्त बड़ा है, भगवान से। आराधना के सारे नियम भक्त बनाता है, भगवान या उसके नुमाइंदे तय नहीं करते। यही वजह है हिंदू धर्म में सबसे ज्यादा मत-भिन्नता है, इस्लाम में एक अल्ला है, हमारे यहां तैतीस करोड़ देवी-देवता हैं, अनेक ईश्वरों के सहस्रनाम हैं। हमने एक भगवान की धारणा को कभी नहीं माना। भगवान एक नहीं है तो नियंता भी एक नहीं है। अमूमन एक ही मंदिर में अनेक देवी-देवता मिलेंगे। बड़ी तादाद में ऐसे भी मंदिर मिलेंगे जिनमें आराधक-प्रचारक की भगवान के साथ प्रतिमा लगी हुई है। यानी हमारे यहां भक्त को भगवान के बराबर का दर्जा दिया गया है। इसलिए हिंदू धर्म की परिस्थितियों के साथ इस्लाम की तुलना करना सही नहीं होगा, इस्लाम के आईने में हिंदू धर्म को नए सिरे से संगठित करना भी सही नहीं है।

हिंदू धर्म में भगवान को नियंता के रुप नहीं मानते, बल्कि संस्कार के रूप में मानते हैं। आदत है इसलिए मंदिर के सामने से गुजरते समय सिर झुका लेते हैं। यह आदत मस्जिद या गिरिजाघर के सामने से गुजरते समय नहीं होती। ईश्वर कब हमारी आदत या संस्कार में घुल-मिल गया हम नहीं जानते, लेकिन इसके बावजूद ईश्वर कभी भी हिंदू समाज का नियंता नहीं रहा। हिंदू धर्म के विभिन्न पंथों और संप्रदायों के प्रचारकों ने भी कोई संहिता बनाकर उसे लागू करने की कोशिश नहीं की। हिंदू धर्म के बहुत सारे कोड या संहिताएं सभ्यता के विकास में बहुत बाद में आए, इनके आने के बाद भी समाज में संहिताओं को न मानने की परंपरा बनी रही है। हिंदू धर्म में ईश प्रशंसा भी कर सकते हैं, ईश-समालोचना भी कर सकते हैं, चाहें तो अपने लिए नया भगवान बना सकते हैं और उसका समूचा ताम-झाम भी खड़ा कर सकते हैं। हिंदू धर्म में कोई धार्मिक कानूनी किताब नहीं है जिसके आधार पर सामाजिक दंड दिए गए हों। यदि किसी ने मनुस्मृति बना दी है तो वह भी रहेगी, लेकिन जरूरी नहीं है लोग उसे मानें। भारत में कोई भी ऐसा कालखंड नहीं रहा जिसमें मनुस्मृति के हिसाब से समाज को संचालित किया गया हो। समाज संचालन के नियम धार्मिक किताबों के बाहर थे, हो सकता है उनकी किसी लाक्षणिकता का मनुस्मृति से साम्य मिल जाए, लेकिन भारत कभी भी मनुस्मृति या धर्मशास्त्र संचालित देश नहीं रहा। भारत में ईश निंदा के लिए किसी की हत्या नहीं की गई, जबकि उनके खिलाफ क्या-क्या किया जाए उसके प्रावधान जरूर हैं, लेकिन ईशनिंदा के कारण या नास्तिक होने के कारण किसी को जान से नहीं मारा गया, जबकि इस्लाम में ऐसा नहीं है। ईश निंदा हमारी परंपरा में नास्तिकों के संघर्ष के द्वारा अर्जित संस्कार और हक है।

भारत में भगवान का सम्मान करने के लिए कानून को हाथ में लेने की जरुरत नहीं है। कानून के भय से आम जनता में ईश्वर के प्रति सम्मान भावना पैदा नहीं की जा सकती। कानून का काम सामाजिक नियमन का है। ईश्वर के प्रति आस्था पैदा करना कानून का लक्ष्य नहीं है। हमारे यहां ईश्वर है, लेकिन वह वैसे ही है जैसे टीवी है, रेडियो, इंटरनेट है। ईश्वर हमेशा से संस्कारों के कम्युनिकेशन का चैनल रहा है और आज भी है। कुछ संगठनों की भूमिका इसी प्रसंग में सबसे खतरनाक तौर पर उभरकर सामने आई है, वे इस्लाम से प्रेरणा लेकर काम कर रहे हैं। इस तरह वे सुचिंतित ढंग से हिंदू धर्म की परंपराओं और मान्यताओं को फंडामेंटलिस्टों की तरह परिभाषित कर रहे हैं और यदा-कदा लागू करने की कोशिशें भी करते रहे हैं। सच्चाई यह है कि कौन किस धर्म में जाएगा, किससे शादी करेगा यह हिंदू धर्म में कभी भी सामाजिक चर्चा के केंद्र में नहीं रहा। आदि शंकराचार्य के जमाने से लेकर तुलसीदास के जमाने तक यह चीज साफ तौर पर देख सकते हैं कि किससे शादी करोगे और कौन सा धर्म मानोगे यह नागरिक के विवेक पर छोड़ दिया गया था।

मूल बात यह कि धर्म तो कम्युनिकेशन है और कम्युनिकेशन को आप नियमों में बांध नहीं सकते। कम्युनिकेशन का नियम है तोड़ना, वह समाज को तोड़कर बनाने का काम करता है। वह पुराने को नष्ट नहीं करेगा तो नया आएगा कैसे? हर किस्म का कम्युनिकेशन अपने लिए तोड़ने-बनाने की यह जंग लड़ता है और इसे नियमों में बांधना संभव नहीं है। अभिव्यक्ति का दायरा वहां तक फैला है, जहां तक अर्थ का दायरा फैला हुआ है। हम सोचें क्या अभिव्यक्ति के अर्थ की कक्षा तय की जा सकती है?

## प्रसंगवश

# गणराज्य और निरंकुश राजा

श्रीकृष्ण जन्मजात विद्रोही थे। उनके जन्म के समय मथुरा में गणराज्य था-अंधक, वृष्णि, भोजक, यदगण थे। गणपति उग्रसेन था। सचिव यादव वसुदेव था। दूसरी ओर उस समय मगध में राजा जरासंध निरंकुश था। उसने अनेक राजाओं को बंदी बनाकर राज्यविस्तार किया और हजारों कन्याओं का अपहरण किया था।

मथुरा की इस गण-शक्ति से जरासंध डरता भी था, लेकिन वह अपने सैन्य-दल के साथ टोह लेने को मथुरा के पास यमुना की ओर छावनी बनाकर ठहरा हुआ था। वहां एक घटना यह घटी कि उसका एक हाथी सांकल तोड़कर भाग गया, सैनिकों की पकड़ में नहीं आया। यह दृश्य अपने अखाड़े पर खड़ा युवराज कंस देख रहा था। वह अखाड़े से कूदा और उसने हाथी को सूंड से पकड़कर बैठा लिया। बस, मथुरा को जरासंध की नजर लग गई। उसने आगे की सोची और अपनी दोनों बेटी अस्ति-प्राप्ति का विवाह कंस से कर दिया। मगध जरासंध ने अस्ति-प्राप्ति देकर मथुरा का शासन-सूत्र अप्रत्यक्ष-रूप से संभाल लिया था। जरासंध के आदेश से पहले तो उग्रसेन को हटाया गया, फिर वसुदेव को हटाने की चाल चली। वसुदेव को कैद करवाया। मथुरा के चारों ओर या तो गोपों के कबीले घूमते थे या मांसाहारी वन्य जातियां थीं, जो गोपों से शत्रुता का भाव पाले हुए थीं। गोप सम्पन्न थे और सभ्यता की अग्रिम सीढ़ी पर आ चुके थे। इसलिए वसुदेव गोपों के स्वाभाविक मित्र थे, जबकि मांसाहारी असुर जातियां जरासंध के साथ थीं। कंस निरंकुश साम्राज्यवाद की कठपुतली की तरह था। आतंक-अत्याचार बढ़ता गया। आतंक-अत्याचार के खिलाफ आग भी सुलग रही थी।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

गोपों की शक्ति संगठित थी। वसुदेव का बालक उन्हीं की छाया में बडा हो रहा था। षड्यंत्र हुए किंतु हर बार कंस का दाव खाली जाता। अंत में अक्रूर को भेजा, वे चाचा थे। कृष्ण-बलराम आए और सुलगती आग में घी डालकर कंस को अकेला कर के मार दिया। कंस के शासन के विरुद्ध मथुरा ही नहीं उबल रहा था, यह पूरे मध्यदेश में गूंजने वाला विद्रोह और धधकने वाली ज्वाला थी और इसका कारण कंस का श्वसुर जरासंध था। ये ही कृष्ण विद्रोह के नायक बने और पांडवों से मित्रता कर के जरासंध को मारा था। यही कृष्ण महाभारत के महानायक थे।

# चुनाव में युवा और रोजगार के मुद्दे गायब



अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है।

लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरण का मतदान हो चुका है। 1 जून को अंतिम चरण का मतदान हो जाएगा और 4 जून को नई आने वाली सरकार की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी। विभिन्न राजनीतिक पार्टियां अपने-अपने तरीके से एड़ी चोटी का जोर लगा रही हैं। हर कोई सत्ता में काबिज होना चाहता है। आम जनता के लिए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि किन मुद्दों को लेकर ये अपनी उम्मीदवारी रख रही हैं।

देश में बहुत सारी समस्याएं हैं जिनका समाधान इतने वर्षों से नहीं हुआ है। जनता त्रस्त है। सबसे बड़ी समस्या आज महंगाई की है। रोटी, कपड़ा और मकान जो एक आम इंसान की बेसिक जरूरत है, एक बड़े तबके के लिए उसे पूरा करना बहुत मुश्किल हो रहा है। खाद्य पदार्थ, सब्जियों के दाम इतने अधिक बढ़ चुके हैं कि एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार के लिए भी पेट पालना मुश्किल हो रहा है। निर्धन वर्ग की तो बात ही क्या करें?

बेरोजगारी एक बहुत बड़ा मुद्दा है। बीते वर्षों में देश में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक बढ़ी है। यूं तो अर्थव्यवस्था के मजबूत होने की बात कही जाती है। अंतरिम बजट पेश करने से पहले सरकार ने द इंडियन इकोनामी ए रिव्यू शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की थी जिसमें वर्ष 2027 तक जीडीपी के वर्तमान मूल्य पर अर्थव्यवस्था के 50 खरब डॉलर के स्तर को पार कर लेने की बात कही गई थी। इस तरह भारत के दुनिया में तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की राह आसान दिखती है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के आंकड़ों के अनुसार वर्तमान मूल्य पर भारत की जीडीपी अभी लगभग 37.3 खरब डॉलर है। अमेरिका, चीन, जर्मनी और जापान जैसे मात्र चार देश जीडीपी के मामले में भारत से आगे हैं। दो देशों के बीच उत्पादकता और लोगों के रहन-सहन की गुणवत्ता लिविंग स्टैंडर्ड की तुलना करने के लिए इन देशों की सेवाओं और उत्पादों के साथ वहां की मुद्राओं की क्रय क्षमता के बीच तुलना की जाती है जिससे व्यक्ति के खरीदने की क्षमता का पता चलता है। इसे पर्चेजिंग पावर पैरिटी कहते हैं, लेकिन बहुत ज्यादा विश्वासनीय यह पैमाना नहीं कहा जा सकता। 2027 में विश्व की तीसरी मजबूत अर्थव्यवस्था बनने में कोई संदेह नहीं है, लेकिन युवाओं में फैली बेरोजगारी से हम आंखें नहीं मोड़ सकते।

सरकारी नौकरियों में पदों की संख्या बहुत कम है। रिटायर होने वाले कर्मचारियों के स्थान पर नई भर्तियां बंद हैं। लाखों पद खाली हैं, पर उनकी जगह संविदा या आउटसोर्स से ही काम चलाया जा रहा है जिससे विभागों की कार्य प्रणाली पर भी बहुत असर पड़ा है। इसके साथ ही साथ प्राइवेट सेक्टर में तो हाल बहुत ही बुरा है। विभिन्न संस्थाओं में इंजीनियरिंग छात्रों की परीक्षाएं लगभग हो चुकी हैं। 15 लाख के लगभग छात्र पास आउट होंगे पर नौकरी 1-1.5 फीसदी छात्रों को ही मिलेगी। आईआईएम के छात्रों तक को नौकरी नसीब नहीं है। अर्थव्यवस्था का असली चेहरा यही है। अर्थव्यवस्था बढ़ती तो रोजगार के द्वार भी अवश्य खुलते। इकोनॉमी टाइम्स के अनुसार 25 साल में नौकरियां में सबसे ज्यादा कटौती हुई। रेलवे, पुलिस, पोस्ट ऑफिस में ढेरों पद खाली है। पेटीएम, स्वीगी, फ्लिपकार्ट, बाइजू जैसी कंपनियां लगातार छंटनी कर रही हैं। ईपीएफ में जुड़ने वाले कर्मचारियों की संख्या बहुत कम है। लिंकडिन के अनुसार कर्मचारियों पर काम का बोझ बहुत है और वे दूसरी नौकरी की तलाश में हैं। काम के घंटे बढ़ रहे हैं, जबकि मनोवैज्ञानिक काम के घंटों के बीच आराम की वकालत करते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय संगठन और मानव विकास संस्थान की नई रिपोर्ट इंडिया अपॉइंटमेंट रिपोर्ट 2024 के अनुसार देश में नियमित वेतन पाने वाले और स्वरोजगार में लगे लोगों की वास्तविक कमाई में पिछले एक दशक के दौरान गिरावट आई है। यह आकलन मुद्रा स्फीति की दर के आधार पर किया गया है। इसी तरह खेती-बाड़ी से जुड़े 42.8 प्रतिशत नियमित श्रमिकों को और 51.9 प्रतिशत आकस्मिक श्रमिकों को निर्धारित पारिश्रमिक नहीं मिल पा रहा है। युवाओं का वोट बैंक राजनीतिक पार्टियों के लिए काफी महत्वपूर्ण है, लेकिन फिर भी प्रमुख राजनीतिक दलों के चुनाव पत्रों से रोजगार जैसे मुद्दे गायब दिखाई देते हैं। बेरोजगारी के कई प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष दुष्प्रभाव हैं, जैसे मानसिक तनाव, विवाह की उम्र में देरी होना, पारिवारिक कलह, जीवन से विरक्ति आदि। जरूरत है कि राजनीतिक पार्टियां थोड़ा संवेदनशीलता दिखाकर रोजगार जैसे गंभीर मुद्दों पर सोचें और विचारें।

## सोशल फोरम

# परेशानी की वजह

धर्म-कर्म में रत और पति से विरत स्त्रियां मुझे पसंद नहीं। पति धर्म भी एक धर्म है जिसका पालन जरूरी है, लेकिन शायद भारत में स्त्रियां शारीरिक रूप से पहले मानसिक रूप से बूढ़ी हो जाती हैं। इस पर अगर पुरुष खुद से 10-12 साल छोटी स्त्री से विवाह करना चाहे तो उसे गलत नहीं कह सकते। क्योंकि यहां स्त्रियां जितनी तेजी से जवान होती हैं उससे दुगनी तेजी से बूढ़ी हो जाती हैं और उसके बाद उन्हें एक ही "काम" सूझता है। पूजा पाठ और केवल पूजा पाठ।



तजिंदर सिंह
जमशेदपुर, झारखंड

मेरे एक मित्र हैं, जो अपनी बेगम के इस व्यवहार से बड़े दुखी हैं। उन्होंने उसे प्यार से समझाया, मनाने की कोशिश की। फिर धर्म में एक बेगम का फर्ज याद दिलाया और इस संबंध में धर्म गुरुओं की तकरीरें भी सुनाईं। मित्र ने फिर एक और प्रयास किया। खोज-खाज कर कुछ आयतें भी सुनाईं। उस धर्म गुरू की तकरीर खास रूप से सुनाई जिसमें वे कहते हैं कि पति के काम से लौटने पर बेगम मुश्क वगैरह लगा, सज-धजकर अपने खाविंद का स्वागत मुस्कुराकर करे, लेकिन इतना सब करने के बावजूद कोई असर नहीं हुआ।

अब मित्र इतने दुखी हैं कि कहते हैं, अगर मेरे पास थोड़ी दौलत होती तो मैं एक निकाह और कर लेता। वैसे भी हमारे लिए चार निकाह तक जायज है और यहां दूसरे निकाह के लिए तो मेरे पास जायज वजह भी है।

मित्र डिप्रेशन से भी पीड़ित हैं। अब वजह क्या है मुझे नहीं पता? एक मनोचिकित्सक के पास जाने पर डॉक्टर ने बेगम को भी साथ लाने के लिए कहा, लेकिन बेगम साथ जाने को तैयार नहीं। उसका एक ही कहना है कि ये तुम मर्दों की दुनिया है। वहां अपना दुखड़ा रो-रो कर तुम मेरी बेज्जती करवाओगे। तुम सब मर्द एक जैसे ही हो।

आप शायद मेरे मित्र की बेबसी पर हंस रहे हैं, लेकिन ये एक बड़ी गंभीर समस्या है और एक बड़ी आबादी इससे पीड़ित है। मानसिक परेशानी और घरेलू झगड़ों की ये एक बड़ी वजह है।

-फेसबुक वॉल से

# हर चुनाव के समय याद किए जाते रहेंगे टीएन शेषन



राज खन्ना
वरिष्ठ पत्रकार

शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई।

त्रिची की ओर जाती बस को ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के डायरेक्टर ने हाथ दिया। बस रुकी। ड्राइवर की सीट के पीछे पहुंचे डायरेक्टर ने खुद बस चलाने के लिए उसे सीट से हटने का इशारा किया। ड्राइवर उन्हें पहचान चुका था। सम्मान व्यक्त किया, लेकिन ड्राइविंग जारी रखी। दो-तीन बार उन्हें अनसुना करने पर वे ड्राइवर पर बिफर पड़े। बस के पैसेंजर दोनों की बात सुन रहे थे। उन्होंने डायरेक्टर से पूछा क्या आपका बस को कहीं भिड़ा देने का इरादा है? जवाब मिला कि मैं प्रशिक्षित ड्राइवर हूं। सबूत में अपना बैज नंबर 2956 भी दिखाया। फिर विलुपुरम्म से पेरांबलुर तक वे ही बस की ड्राइविंग सीट पर थे।

बात यहीं पूरी नहीं हुई। शासन से इजाजत लेकर बस मैकेनिक की भी ट्रेनिंग ली। फिर बस की धुलाई, ग्रीसिंग, टायर बदलने से लेकर गेयर बॉक्स खोलने तक के काम अंजाम दिए। मद्रास (तामिलनाडु) में ब्रेक डाउन के नाम पर जगह-जगह खड़ी हो जाने वाली बसों और इसके लिए ड्राइवर-मैकेनिकों द्वारा एक-दूसरे पर जिम्मेदारी डालने के आरोपों की असलियत जानने के लिए एक आईएएस ऑफिसर सीधे ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। ड्राइवर, कंडक्टर और मैकेनिक सभी की भूमिकाएं निभाईं। ये टीएन शेषन थे जिनकी मुख्य चुनाव आयुक्त के तौर पर यादगार पारी के लिए हर चुनाव के मौके पर उन्हें जरूर याद किया जाता है। इसके अलावा भी उन्होंने कुछ किया। उनकी आत्मकथा के हवाले से यह रोचक प्रसंगः तामिलनाडु की मौजूदा मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कारपोरेशन उन दिनों मद्रास का ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट था। सिटी बसें भी उसके अधीन थीं। मद्रास-बंगलौर, मद्रास-त्रिची और कन्याकुमारी के लिए भी सरकारी बसें उपलब्ध थीं। शेष रूट्स पर प्राइवेट बसें थीं। सरकारी बसों की उम्दा सेवाओं का आलम यह था कि उनकी टाइमिंग से घड़ी मिलाई जा सकती थी। किसी भी हालत में बस में 35 से अधिक पैसेंजर बिठाने की अनुमति नहीं थी। समस्या सिर्फ एक थी कि पीक आवर्स में ब्रेक डाउन हो जाता। ड्राइवर तकनीकी खामियों के नाम पर बस सड़क किनारे खड़ी कर देते। वर्कशॉप से मैकेनिक पहुंचते। वे बस को दुरुस्त और चलने लायक बताते। ड्राइवर पर ड्यूटी से बचने के लिए झूठी कंप्लेंट का आरोप जड़ते। इस खींचातानी में सरकार को नुकसान और यात्रियों को भारी परेशानी झेलनी पड़ती। डायरेक्टर के तौर पर तैनात मर्ज की असलियत जानना चाहते थे।

शेषन की तैनाती के समय उनके बड़े भाई लक्ष्मी नारायण आईएएस डिपार्टमेंट के सेक्रेटरी इंचार्ज थे, लेकिन ट्रांसपोर्ट से जुड़ी फाइलें एडिशनल सेक्रेटरी आर.थिरुमलाई के पास जाती थीं। एक दिन थिरुमलाई के पास बस ड्राइविंग सीखने की इजाजत के लिए शेषन का पत्र पहुंचा। वे चौंके। इसकी क्या जरूरत है? फिर शेषन उन्हें राजी करने में कामयाब रहे। बाकायदा ट्रेनिंग हासिल की। सफल होने पर बैज नंबर 2956 मिला। सिर्फ लाइसेंस काफी नहीं था। भीड़ भरी सड़कों पर ड्राइविंग के दौरान ड्राइवर को होने वाली दिक्कतें जानने के लिए वे एक सुबह साढ़े पांच बजे वर्कशॉप पहुंचे। माइलापोर और पैरी कॉर्नर के बीच चलने वाली बस की स्टीयरिंग संभाली और फिर डेढ़ बजे दोपहर तक की शिफ्ट पूरी की। लंबे रूट की बसों की चेकिंग के लिए वे स्टेशन बैगन से निकलते थे।

एक दिन शेषन ने कंधे पर कंडक्टर का बैग टांगा। फुटकर रुपए-रेजगारी ली। सुबह साढ़े पांच बजे से डेढ़ बजे तक की पहली शिफ्ट की। हालांकि उन्होंने यूनिफॉर्म नहीं पहनी थी। कंडक्टर की उनकी भूमिका पर सवाल उठे। सहयोगियों ने कहा कि फिर आईएएस बनने की क्या जरूरत थी? अनेक ने उन्हें पागल भी कहा, लेकिन शेषन पर इन सबका कोई असर नहीं था। वे ड्राइवर, कंडक्टर, वर्कशॉप और सवारियों सभी की वास्तविक कठिनाइयां जान उसका निदान चाहते थे। एक काम उन्हें सीखना और जरूरी लगता था। वह बस के तकनीकी पक्ष से जुड़ा था। शासन में शेषन की अगली चिट्ठी बस इंजन के रिपेयर की ट्रेनिंग की मंजूरी के लिए पहुंची। वहां बैठे आला हाकिम फिर चौंके, लेकिन इस बार जल्दी ही इजाजत मिली गई। शेषन ने याद किया कुछ समय के भीतर मैंने बस को रैंप पर ले जाना, धुलाई, ग्रीसिंग, टायर्स और बैट्री बदलना, गियर बॉक्स खोलकर उसकी सफाई सहित सभी कुछ सीखा। 1962 में शेषन जब विभाग में पहुंचे थे तो सिटी बसों की वहां तादाद 1400 थी। डेढ़ साल बाद यह तादाद 1800 थी।

# अपरिपक्व उत्तराधिकारी

अपरिपक्व व्यक्ति को उत्तराधिकारी बनाने के बाद उसे उसकी जिम्मेदारियों से हटा दिया गया। उम्र के एक दौर के बाद मायावती ने अपना उत्तराधिकारी अपने परिवार के ही व्यक्ति को बनाया, लेकिन बकौल मायावती वह अपरिपक्व है इसलिए उसे हटा दिया गया। बिना किसी मेहनत के बिना किसी परीक्षा के सिर्फ वह उत्तराधिकारी इसलिए है कि उसकी योग्यता इतनी सी है कि वह परिवार का सदस्य है, इसके कारण कई बड़े लोगों को नुकसान उठाना पड़ा है।



धीरेंद्र वीर सिंह धीरू
बरेली

रतन टाटा ने भी अपने उत्तराधिकारी को चुना था। उस चुने हुए व्यक्ति ने अपरिपक्वता दिखाई और टाटा ब्रांड को नुकसान पहुंचाया। टाटा के कई व्यापारों को बेच दिया। बाद में टाटा ने इसे उत्तराधिकार से हटा दिया और इसके बाद टाटा ने अपनी कंपनी को दुबारा से मजबूत किया। शायद किसी शायर ने सही लिखा है -मुझ को थकने नहीं देता ये जरूरत का पहाड़/मेरे बच्चे मुझे बूढ़ा नहीं होने देते, अयोग्य और अपरिपक्व को उत्तराधिकारी घोषित करने के बाद मायावती को अपनी गलती जल्द समझ आ गई। हरिवंश राय बच्चन ने लिखा है-मेरे बेटे, सिर्फ मेरे बेटे होने से मेरे उत्तराधिकारी नहीं होंगे, बल्कि जो मेरे उत्तराधिकारी होंगे वो मेरे बेटे होंगे।

# डिजिटल फ्रॉड

फ्रॉड करने वाले दिन-प्रतिदिन धोखा देने के नए-नए तरीके अपना रहे हैं जिसके प्रति भारतीय रिजर्व बैंक बराबर सतर्क करता रहता है। अभी कुछ दिन पहले मेरे एक रिश्तेदार ने ओलेक्स पर कुछ सामान बेचने के लिए फोटो शेयर किए थे। जवाब में तुरंत किसी ने सामान खरीदने की इच्छा व्यक्त की और क्यूआर कोड स्कैन करने को कहा यह भी फ्रॉड करने का एक नया तरीका है, अगर ऐसा हो जाता तो शायद पूरा खाता ही खाली कर दिया जाता। सजग होने से वे फ्रॉड से बच गए।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

आज के डिजिटल युग में कॉल करके, मैसेज भेजकर ओटीपी शेयर कराकर धोखाधड़ी की घटनाएं बढ़ रही है। भेजे गए मैसेज में किसी भी प्रकार का नंबर या लिंक प्रेस करने से बचने चाहिए। किसी भी स्थिति में किसी अनजान के कहने पर कोई एप डाउनलोड नहीं करना चाहिए। अनजान लोगों के द्वारा बैंक, कोरियर, आरबीआई या पुलिस का नाम लेकर कॉल करने वालों के किसी दबाव या धमकी से कोई जानकारी साझा न करें। ये केवल धोखा है जिससे आप सतर्क रहकर ही बच सकते हैं। किसी सर्विस सेंटर के नंबर के लिए कभी भी गूगल से नंबर नहीं खोजना चाहिए, बल्कि उस कंपनी की वेबसाइट पर जाकर कस्टमर केयर नंबर निकालकर सर्विस संबंधी शिकायत दर्ज कराना चाहिए। हमारी जागरूकता ही हमको इस तरह की धोखाधड़ी से बचा सकती है।

## एक नजर

### उपराष्ट्रपति 10 को पहुंचेंगे अयोध्या

**अयोध्या, अमृत विचार :** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ शुक्रवार को अयोध्या पहुंच रहे हैं। उनके जनपद आगमन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। स्वास्थ्य विभाग की तरफ से उपराष्ट्रपति के अयोध्या दौरे को लेकर चिकित्सकों की ड्यूटी लगा दी गई है। बता दें की एक मई को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अयोध्या पहुंचकर रामलला का दर्शन-पूजन किया था।

### अक्षय तृतीया पर होगा सवा लाख हनुमान चालीसा का पाठ

**अयोध्या, अमृत विचार :** विश्व शांति के लिए पंचमुखी हनुमान मंदिर गुप्तार घाट पर सवा लाख हनुमान चालीसा पाठ किया जाएगा। इसके मुख्य अतिथि श्री श्री 1008 महंत नृत्य गोपाल दास जी होंगे। यह जानकारी मंदिर के महांत विमल कृष्ण दास ने दी।

### शिविर में 20 लोगों का विद्युत लोड बढ़ाया

**कुमारगंज, अयोध्या। अमृत विचार :** विद्युत उपखंड कुमारगंज के उपखंड अधिकारी ने संतोष कुमार ने बुधवार को कुमारगंज उपकेन्द्र के पिठला गांव में कैंप लगाया। पिठला गांव में 20 लोगों के परिसर पर लगे एसी स्वीकृत भार से अधिक भार पाया गया। मीटर की डिमांड के अनुसार लोड बढ़ाया गया। वहीं मीटर रीडर द्वारा निकाले गए उपभोक्ता के बिल को भी चेक किया गया। कैंप में 50 हजार की राजस्व वसूली की गई। 20 लोगों का बिल संशोधन किया गया।

### परशुराम जयंती का आयोजन कल

**अयोध्या।** सनातन ब्राह्मण समाज 10 मई को नाका हनुमानगढ़ी पर भगवान परशाम की जयंती का आयोजन करेगा। जिलाध्यक्ष अजय रंजन पांडेय ने बताया कि इसके मुख्य अतिथि महांत राम दास होंगे। शाम चार बजे भगवान परशुराम की भव्य आरती का आयोजन होगा।

# सीएम योगी की जिले में दूसरी बार जनसभा आज, तैयारी पूरी

## बिसवां में भाजपा प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में करेंगे जनसभा

कार्यालय संवाददाता, सीतापुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के चुनाव प्रचार को लेकर भाजपा से चुनावी मैदान में पूरी ताकत झोंक दी है। सीएम मंगलवार को दो चुनावी जनसभाओं के बाद आज फिर एक जनसभा को सम्बोधित करने बिसवां विधानसभा पहुंच रहे है। आज दोपहर करीब 2:55 पर हेलीकॉप्टर से सीएम बिसवां स्थित अर्जुनगढ़ कंदुनी में एक विशाल जनसभा को सम्बोधित कर भाजपा सांसद और प्रत्याशी राजेश वर्मा के समर्थन में वोट की अपील करेंगे।

सीएम योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन ने सभी तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जनसभा स्थल से लेकर हेलीपैड और अन्य सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डीएम-एसपी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर अधीनस्तों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए है। गुरुवार को सीएम योगी आदित्यनाथ जिले की बिसवां विधानसभा क्षेत्र में सीतापुर लोकसभा सीट से प्रत्याशी सांसद राजेश वर्मा के समर्थन में कुंदनी स्थित अर्जुनगढ़ आईटीआई के निकट स्टेडियम के मैदान में विशाल जनसभा को सम्बोधित करेंगे। जिला मजिस्ट्रेट ने सीएम योगी के कार्यक्रम को लेकर विभागवार सभी अफसरों को ड्यूटी मुस्तैद कर दी है। सुरक्षा व्यवस्था व हेलीपैड को लेकर पुलिस बल की भी ड्यूटी निर्धारित कर जनसभा को सकुशल संपन्न कराने के निर्देश दिए है। बताते चले कि सीएम योगी आदित्यनाथ मंगलवार को जिले की मिश्रिख और सेउता विधानसभा में दो प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया गया था। इससे पूर्व गृहमंत्री और प्रधानमंत्री ने भी भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित कर विपक्ष पर निशाना साधा था।


तैयारियों का जायजा लेते भाजपा विधायक निर्मल वर्मा। अमृत विचार

▶▶ मुख्यमंत्री कुंदनी स्थित अर्जुनगढ़ आईटीआई के निकट स्टेडियम के मैदान में जनसभा को सम्बोधित करेंगे


सीएम योगी की जनसभा को लेकर तैयार किया जा रहा मंच। अमृत विचार

## ट्रेन की चपेट में आकर श्रमिक की हुई मौत

**अयोध्या, अमृत विचार।** लखनऊ-वाराणसी रेल प्रखंड पर बुधवार को कैंट थाना क्षेत्र में एक श्रमिक की ट्रेन की चपेट में आकर मौत हो गई। थाना क्षेत्र के हाजीपुर सिंहपुर का रहने वाला बाबूराम यादव (65) पुत्र रामभरोसे रोज की तरह सुबह काम की तलाश में घर से चौक श्रमिक मंडी आ रहा था। इसी दौरान वो बनवीरपुर के रामसिंह का पुरवा स्थित रेलवे क्रॉसिंग पर उधर से गुजर रही एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। उसकी मौके पर ही उसकी मौत हो गई। कैंट थाने के प्रभारी निरीक्षक संजय मौर्य का कहना है कि आशंका जताई जा रही है कि वृद्ध होने के चलते वह आ रही ट्रेन को नहीं भांप सका और ट्रेन की चपेट में आ गया। पोस्टमार्टम के शव अंतिम संस्कार के लिए परिवार के हवाले किया गया है।

## सफेद संगमरमर से बनी रामलला की मूर्ति की तस्वीर वायरल

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** प्राण प्रतिष्ठा के लिए राजस्थान के सफेद संगमरमर से बनाई गई रामलला की मूर्ति सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। मूर्ति को आकर्षक रंगों से सजाया गया है। जयपुर के मूर्तिकार सत्यनारायण पांडेय ने मूर्ति को तैयार किया है।

22 जनवरी को राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के लिए मूर्तिकारों के ने तीन मूर्ति बनाई थीं। कर्नाटक के अरुण योगीराज की कृष्ण शिला पर बनाई गई मूर्ति ही प्राण प्रतिष्ठा के लिए चयनित की गई थी। अन्य दो मूर्तियां रामसेवकपुरम में रखी हुई हैं। जिसमे एक मूर्ति राजस्थान के सफेद संगमरमर पत्थर से बनी थी। मूर्तिकार सत्य नारायण पांडेय ने बताया कि 40 वर्ष पहले इस पत्थर को निकाला गया। जिसे राम मंदिर में लगाने के लिए निःशुल्क समर्पित किया गया। इस पर आठ माह तक कार्य कर पत्थर को स्वरूप दिया गया है।


रामसेवकपुरम में रखी रामलला की मूर्ति।


रामलला का दर्शन करते केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद।

### राममंदिर हमारे लिए खुशी नहीं, गर्व की बात

**अयोध्या, अमृत विचार :** मैं जनवरी में दो बार अयोध्या आ चुका हूं। जो भाव उस समय था वही भाव आज भी है। मैं अयोध्या का पड़ोसी हूं और पहले भी बहुत आता रहा हूं। राममंदिर हमारे लिए खुशी नहीं गर्व की बात है। 22 जनवरी के पहले आया था और अब 22 जनवरी के बाद आया हूं। ये बातें बुधवार को केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने रामलला के दर्शन के बाद कहीं। इससे पहले महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह पहुंचे राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान का अधिकारियों ने स्वागत किया। सर्किट हाउस में विश्राम के बाद वह रामलला के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महामंत्री चंपत राय ने उन्हें श्रीरामचरित मानस की पुस्तक भेंट की। ट्रस्ट सदस्य डॉ. अनिल मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## फर्जी मेडिकल स्टोर संचालक को चार साल की सजा

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार:** बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर संचालित करने के मामले में कोर्ट ने विनोद कुमार शर्मा को दोषी पाते हुए चार साल के करावास की सजा सुनाई है। कोर्ट ने उस पर 1.20 लाख का जुर्माना भी ठोका है। फैसला विशेष न्यायाधीश औषधि व प्रशाधन सामग्री अधिनियम प्रेम प्रकाश की अदालत से बुधवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि बाराबंकी के औषधि निरीक्षक जीसी श्रीवास्तव ने 22 फरवरी 2013 को विनोद मेडिकल स्टोर भीलवाड़ा हैदरगढ़ बाराबंकी की दुकान पर छापा डाला था। मेडिकल स्टोर संचालक विनोद निवासी मकनपुर थाना लोनी कटरा तहसील हैदरगढ़ जिला बाराबंकी को लाइसेंस के बगैर मेडिकल स्टोर संचालित करते हुए पाया था। कई दवावों का नमूना लिया था। मेडिकल स्टोर में ना तो कोई बीजक रजिस्टर पाया गया और न ही एक्सपायर दवाओं को रखने के लिए ही उचित प्रबंध किया गया था। इस पर औषधि निरीक्षक ने परिवाद दाखिल किया था। सुनवाई के बाद कोर्ट ने विनोद को दोषी पाते हुए सजा दी।

# मस्जिद के लिए चंदे की अवैध वसूली का मामला दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अयोध्या में इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से निर्माण के लिए प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद की फोटो और बैंक अकाउंट की डिटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर अवैध रूप से चंदा वसूलने की कोशिश करने के मामले में गौतमपल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

गौतमपल्ली थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष अदम तहरीर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया कि बुधवार सुबह 10:50 बजे ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उनके व्हाटसअप नंबर पर एक फोटो भेजी। उसमें ट्रस्ट की तरफ से प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र बना था। इसके अलावा बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी, सीबीआईएन 0282584, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लिखा है। सचिव ने अदम को बताया कि उक्त फोटो अयोध्या के अरशद अफजाल खान ने भेजी है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अदम के मुताबिक, मस्जिद के चित्र का दुरुपयोग कर चंदा एकत्रित करने की मंशा से बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। जबकि उक्त ट्रस्ट का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता नहीं है। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली वेदप्रकाश राय के मुताबिक इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। सर्विलांस व अन्य माध्य से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।



▶▶ सोशल मीडिया पर बैंक खाते का नंबर जारी कर चंदा वसूलने का प्रयास

### इसलिये वायरल की गई पोस्ट

अदम तहरीर के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के विवाद में पारित आदेश में जनपद आयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए 5 एकड़ की जमीन उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को आवंटित की थी। इसी भूमि पर मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद प्रस्तावित है। इसके चलते अज्ञात ने वसूली की मंशा से यह पोस्ट वायरल की।

### आईजी से मिला प्रतिनिधिमंडल, सौंपा ज्ञापन

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** सोहावल के धन्नीपुर गांव स्थित पांच एकड़ जमीन पर प्रस्तावित मस्जिद के निर्माण के लिए फर्जीवाड़ा कर चंदा वसूली के मामले में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मिली पांच एकड़ जमीन पर सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड ने मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद के साथ अस्पताल, समुदायिक भोजनालय, पुस्तकालय आदि के निर्माण की योजना बनाई है। इसके लिए इन्डो इस्लामिक कल्चरल फाउन्डेशन ट्रस्ट का गठन किया है। गत दिवस सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ट्रस्ट की प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र व बैंक खाता का विवरण प्रसारित होने का मामला चर्चा में आया था। जिसको लेकर ट्रस्ट के मुख्य ट्रस्टी एवं उत्तर प्रदेश सुन्नी सेन्ट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष जुफर अहमद फारूकी ने मंगलवार को लखनऊ के गौतमपल्ली थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को आईजी को सौंपे ज्ञापन में मांग कि है कि नियावां के फेडरल बैंक में खोले गए खाते के संबध में यहां रिपोर्ट दर्ज करवा जाँच व कार्रवाई कराई जाए। इस गोरखधंधे में शामिल लोगों की पहचान व तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराना जरूरी है।

## अभिसाक्षी के हस्ताक्षर बिना शपथपत्र निष्पादित करने वाले आयुक्त को हटाया

**प्रयागराज, अमृत विचार।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने शपथपत्रों को अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना निष्पादित करने की परंपरा की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि न्यायालय के समक्ष अनुचित और गलत हलफनामे दाखिल करने से न्याय प्रशासन में गतिरोध उत्पन्न होता है और मामलों की कार्यवाही में भी देरी होती है, क्योंकि मामलों को इस आधार पर स्थगित कर दिया जाता है कि हलफनामे का उचित रूप से पालन नहीं किया जा रहा है। कोर्ट ने माना कि यद्यपि कोर्ट के समक्ष उचित हलफनामा दाखिल करने की प्राथमिक जिम्मेदारी वादी और उसके अधिवक्ता की है, लेकिन शपथ आयुक्त को हलफनामे को उचित ढंग से निष्पादित करने का कर्तव्य दिया जाता है तो उनकी यह जिम्मेदारी बनती है कि वह शपथ पत्रों की जांच ठीक से करें।

अभिसाक्षी के हस्ताक्षर के बिना शपथपत्रों के निष्पादन को गंभीरता से लेते हुए न्यायमूर्ति विक्रम डी. चौहान की एकलपीठ ने कहा कि वर्तमान मामला इस बात का ज्वलंत उदाहरण है कि शपथ आयुक्त शपथपत्र के निष्पादन कार्य को किस प्रकार कर रहे हैं। यह सक्षम प्राधिकारी का कर्तव्य है कि वह शपथ आयुक्तों के मानक के उच्चतम स्तर को बनाए रखें और कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही देखकर शपथ आयुक्त को तत्काल पदमुक्त कर दें। कोर्ट ने आगे कहा कि इस विषय में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी सूचित किया गया था, लेकिन इस दिशा में कोई सार्थक कदम नहीं उठाया गया। वर्तमान मामले में शपथ आयुक्त कमलेश सिंह द्वारा दाखिल हलफनामे पर गौर करते हुए कोर्ट ने कहा कि उन्हें पता था कि शपथकर्ता ने हलफनामे पर हस्ताक्षर नहीं किया, फिर भी उन्होंने इसका निष्पादन कर दिया। अंत में कोर्ट ने शपथ आयुक्त को पद से हटाने के निर्देश के साथ दाखिल पूरक हलफनामे पर 10 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

## नृत्य गोपाल दास ने रामलला के दर्शन कर देखा मंदिर निर्माण

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** वैशाख अमावस्या पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने रामलला का दर्शन पूजन किया। मंदिर के दूसरे तल व अन्य निर्माण कार्यों का अवलोकन भी किया। रामनवमी के बाद बुधवार को ट्रस्ट अध्यक्ष मंदिर परिसर पहुंचे थे।

ट्रस्ट अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास ने कहा कि धाम में रामलला के दर्शन करने वाले भक्तों की संख्या में लगातार वृद्धि प्रभु की कृपा का परिणाम है। राम भक्तों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ट्रस्ट कृतसंकल्पित है। दूसरे मंजिल के साथ परकोटे के निर्माण का कार्य अपनी गति से चल रहा है। निर्माण समिति की देखरेख में कार्यदायी संस्थाएं बेहतर कार्य कर रही हैं। विश्व के सुंदरतम मंदिर का निर्माण ट्रस्ट की प्रथमिकता में है।


रामलला के दर्शन-पूजन के बाद मौजूद श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अध्यक्ष महंत नृत्य गोपाल दास। अमृत विचार

### सपा नेता के बयान को बताया मूर्खतापूर्ण

महंत नृत्य गोपाल दास ने सपा के वरिष्ठ नेता रामगोपाल यादव द्वारा मंदिर को लेकर दिए बयान को मूर्खता पूर्ण बताया और कहा रामलला ऐसे लोगों को सद्बुद्धि प्रदान करें। रामलला का मंदिर शास्त्रसम्मत और विद्वानों के कुशल मार्ग दर्शन में निर्मित हुआ है। इस दौरान विहिप के प्रांतीय मीडिया प्रभारी शरद शर्मा, संत जानकी दास, जगन्नाथ दास, श्रेषकर, रामशंकर आदि उपस्थित रहे।

## बेंगलुरु से नहीं आई फ्लाइट यात्रियों ने किया हंगामा

अयोध्या कार्यालय

▶▶ एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें रद्द होने से हुई समस्या

**अमृत विचार :** अयोध्या के महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार सुबह यात्रियों ने जमकर हंगामा काटा। बेंगलुरु से फ्लाइट न आने के कारण एयरपोर्ट पहुंचे यात्रियों का गुस्सा सातवें आसमान पर दिखा।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद ही कोलकाता-अयोध्या-बेंगलुरु के बीच एयर इंडिया एक्सप्रेस के विमान का संचालन शुरू हुआ था। यह विमान सुबह बेंगलुरु से टेक ऑफ होने के बाद अयोध्या एयरपोर्ट पर सुबह 8:35 पर लैंड करता है। इसके बाद यहां से यही विमान कोलकाता के लिए उड़ान भरता है। कोलकाता से अयोध्या आता है और फिर यहां से टेकऑफ होकर बेंगलुरु में लैंड होता है। बताया जाता है कि अचानक हुई हड़ताल के कारण एयर इंडिया एक्सप्रेस की कई उड़ानें रद्द कर दी गईं। सूत्रों की मानें तो एयरपोर्ट पहुंचे कोलकाता जाने वाले यात्रियों को जैसे ही इसकी सूचना मिली तो वह भड़क गए। किसी तरह उन्हें समझाया गया। एयरपोर्ट डायरेक्टर विनोद गर्ग ने बताया कि हमारे पास ऐसी कोई शिकायत नहीं आई है। न ही हंगामे की जानकारी है। कभी भी फ्लाइट रद्द होती है तो यात्रियों को मैसेज भेजकर अलर्ट कर दिया जाता है।

## सार-संक्षेप

### फ्यूज उड़ जाने से बिजली आपूर्ति ठप


ट्रांसफार्मर के पास उड़ा फ्यूज अमृत विचार

**झरेखापुर, सीतापुर, अमृत विचार।** भवानीपुर विद्युत उपकेन्द्र के अंतर्गत आवासी पुरवा गांव में दो दिन से ट्रांसफार्मर के पास से फ्यूज उड़ जाने से विद्युत आपूर्ति ठप है। जिसकी शिकायत ग्रामीणों ने जेई और लाइन मैन से की थी लेकिन शिकायत के बाद भी लाइनमैन फ्यूज सही करने नही गया। विद्युत आपूर्ति बहाल न होने से हजारों की आबादी इस उमस भरी गर्मी मे अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। ग्रामीण आशीष शर्मा अंकुल, लवकुश, अंकित, कृष्ण कुमार, शिवम ने बताया कि लाइनमैन से जब भी लाइन सही करने को कहा जाता है तो पहले पैसे मांगता है न देने पर लाइन दुरुस्त करने नही आता है जिससे आये दिन लाइन खराब रहती है। इस संबंध मे एसडीओ सफलधीर ने बताया शीघ्र ही लाइन दुरुस्त करवाता हूं।

### राष्ट्रीय लोक अदालत का करें प्रचार-प्रसार


परविधिक स्वयंसेवकों के साथ अपर जिला जज। अमृत विचार

**सीतापुर, अमृत विचार।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मनोज कुमार तृतीय के निर्देशानुसार बुधवार को 11 बजे से पराविधिक स्वयंसेवकों की एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में अपर जिला जज/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने उपस्थित समस्त पीएलवी को निर्देश दिये कि वह अपने-अपने क्षेत्र में पूर्ण ईमानदारी व निष्ठा से कार्य करें। सचिव ने समस्त पीएलवी को यह भी निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत 13 मई को अपने-अपने तहसील क्षेत्र में व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये, जिससे कि आम जनमानस तक उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत की जानकारी प्राप्त हो सके तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके।

## चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारी से पुलिस को शांति भंग की आशंका

▶▶ 107/16 सीआरपीसी के तहत पुलिस ने किया पाबंद, लोगों में रोष

**सीतापुर, अमृत विचार।** चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद रेउसा पुलिस का निरोधात्मक कार्रवाई के मामले में अजब-गजब कारनामा सामने आया है। बताया जाता है कि पुलिस ने अपना लक्ष्य पूरा करने के लिए लगभग साठ किलोमीटर दूर हरगांव विधानसभा क्षेत्र में लगे चुनाव कर्मचारी को भी निरोधात्मक कार्रवाई में पाबंद कर दिया है।

मामला थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत चैंसा का होना बताया जा रहा है। यहां पुलिस ने 107/16 सीआरपीसी में पाबंद करने के लिए भेजी गई सूची में हिफाजत पुत्र कमाल का नाम भेजा है। जो क्रमांक संख्या 36 पर दर्ज है। हैरत की बात यह है कि हिफाजत की ड्यूटी मतदान अधिकारी तृतीय के रूप में हरगांव विधानसभा क्षेत्र में लगी हुई है। बावजूद इसके रेउसा पुलिस ने उनसे शांति भंग होने की संभावना जताई है। यही नहीं पाबंद सूची में क्रम संख्या 14 पर अंकित मिर्जा पुत्र अहमद व क्रम संख्या 34 पर अंकित कल्लू पुत्र अय्यूब नाम का कोई व्यक्ति गांव में नहीं होने का दावा किया जा रहा है। रेउसा थाना प्रभारी घनश्याम राम ने बताया कि यदि नाम डाल दिया गया है तो क्या हो गया क्या वो राजनीति नहीं करते हैं। थानाध्यक्ष का यह बयान गैर जिम्मेदाराना प्रतीत होता है।

**व्यवस्था** परिषदीय विद्यालयों में रसोइया के लिए बना ड्रेस कोड, एप्रेन और टोपी भी लगाएंगे

# भूरी साड़ी में महिला व बादामी टी-शर्ट में होंगे पुरुष

कमर अब्बास, अयोध्या

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों में रसोइयां अब किसी बड़े होटल की कुक की तरह नजर आएंगे। इसके लिए ड्रेस कोड भी लागू कर दिया गया है। इसके लिए अलग से बजट निर्धारित किया जायेगा। जो रसोइया को मिलने वाले मानदेय में जोड़ कर भेजा जाएगा।

जिले में करीब 1792 परिषदीय विद्यालयों में दो हजार से अधिक रसोइयां वर्तमान में कार्यरत हैं। इनमें पुरुष रसोइयां की संख्या 745 है। शासन द्वारा निर्देश दिया गया है कि परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत रसोइयां अब एक ड्रेस में रहेंगे। महिला रसोइयां के लिए भूरी (ब्राऊन) रंग की साड़ी, एप्रेन और सफेद दस्ताने और सफेद टोपी होगी। जैसे बड़े होटलों के कुक धारण करते हैं। वहीं पुरुष रसोइयां के लिए बादामी रंग की शर्ट और भूरी (ब्राऊन) रंग की पैंट निर्धारित की गई है।


इस तरह के ड्रेस में दिखेंगी रसोइया।

> ड्रेस व्यवस्था से लागू की जा रही है। इसके लिए खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है। ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया गया है। -संतोष कुमार राय, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी

बेसिक शिक्षा विभाग के अनुसार महानिदेशक स्कूली शिक्षा कंचन वर्मा द्वारा इसका आदेश जारी कर दिया गया है। बताया गया कि रसोइयां को मिलने वाले मानदेय में जोड़ कर यह धनराशि जुलाई से शुरू होने वाले सत्र से प्रदान की जाएगी। गर्मी की छुट्टियां 20 मई से हो रहीं हैं। इसलिए यह व्यवस्था जुलाई से शुरू की जाएगी। शासन की मंशा है कि इससे रसोइयां में आत्मविश्वास और कार्य के प्रति जिम्मेदारी का भाव भी बढ़ेगा। हालांकि इसे वर्ष 2022-23 में भी जारी किया गया था, लेकिन व्यवस्था सुचारू नहीं हो पाई। अब फिर ड्रेस कोड लागू किए जाने की कवायद की जा रही है। रसोइयां को डीबीटी के माध्यम से मानदेय निर्गत किया जाता है।

इलेक्शन बायस्कोप




चुनाव में मतदान के प्रति जागरुकता अभियान में इन दिनों युवाओं का जोश भी देखते बन रहा है। इसी क्रम में बुधवार को शिया पीजी कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने केडी सिंह बाबू स्टेडियम से रैली निकाल कर मतदाताओं को किया जागरूक। -अमृत विचार

## राहुल-अखिलेश 12 मई को राजधानी में कर सकते हैं चुनावी सभा

**अमृत विचार, लखनऊ**: कांग्रेस नेता राहुल गांधी व सपा प्रमुख अखिलेश यादव इंडी गठबंधन के तहत 12 मई को राजधानी लखनऊ में चुनावी सभा कर सकते हैं। प्रदेश कांग्रेस की ओर से आधिकारिक तौर पर चुनावी सभा की जानकारी नहीं दी गई है, पर सूत्रों के अनुसार राजधानी में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। सूत्रों के अनुसार दुबग्गा क्षेत्र में चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि 10 मई को कन्नौज व कानपुर में चुनावी सभाओं के बाद राजधानी में चुनावी सभा कराने का कार्यक्रम है। इसी दिन बाराबंकी में भी चुनावी सभा कराने की तैयारी चल रही है। पार्टी सूत्रों के अनुसार तीन चरणों के मतदान के बाद इंडी गठबंधन बाकी चरणों के चुनाव में गठबंधन प्रत्याशियों को जिताने के लिए बूथ स्तर पर पकड़ बनाने में जुट गया है। गठबंधन में शामिल नेताओं व कार्यकर्ताओं को आपसी समन्वय बनाकर चुनावी रणनीति पर कार्य करने को कहा गया है।

# अखिलेश का आकाश के बहाने बसपा पर वार, मायावती ने किया पलटवार

### सपा और बसपा प्रमुख ने एक दूसरे पर एक्स पर पोस्ट कर दी तीखी प्रतिक्रिया

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को सत्तासीन भाजपा ही नहीं विपक्ष में इंडी गठबंधन से अलग खड़ी बसपा से भी राजनीतिक मोर्चे पर निपटना पड़ रहा है। दरअसल, मायावती ने कई लोकसभा सीटों पर ऐन वक्त पर प्रत्याशी बदले जिससे सपा को अपनी चुनावी गणित गड़बड़ाती दिखी। वहीं, राजनीतिक समीक्षकों की नजर में इसमें भाजपा को लाभ पहुंचाने वाला कदम दिखा। ऐसे में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जहां पहले बसपा के प्रति अचानक प्रत्याशी बदले जाने को लेकर नाराजगी प्रकट की थी वहीं, अब आकाश आनंद के बहाने मतदाताओं से यह अपील कर दी कि बसपा उम्मीदवारों को वोट देकर अपना मत खराब न करें। ऐसे में मायावती की ओर से भी कड़ी प्रतिक्रिया आनी स्वाभाविक थी।

### विफलता के कारण बसपा संगठन में फेर-बदल: अखिलेश



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने आकाश आनंद प्रकरण को बसपा का आंतरिक मामला तो कहा लेकिन इसके पीछे का कारण भी बताया है। बुधवार को अखिलेश ने दावा किया कि बसपा की एक भी सीट आती हुई नहीं दिख रही है क्योंकि बसपा के अधिकांश परंपरागत समर्थक भी इस बार संविधान और आरक्षण को बचाने के लिए इंडी गठबंधन को ही वोट दे रहे हैं। इस बात को बसपा अपने संगठन की विफलता के रूप में ले रही है। इसीलिए उनका शीर्ष नेतृत्व संगठन में इतना बड़ा फेर-बदल कर रहा है। अखिलेश ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट में लिखा कि सच तो ये है कि जब बसपा का प्रभाव क्षेत्र होते हुए भी पिछले तीन चरणों में उनकी एक भी सीट नहीं आ रही है तो फिर बाकी के चार चरणों में तो कोई संभावना बचती ही नहीं है।

### सपा कोई टिप्पणी न करें तो बेहतर: मायावती



बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने अखिलेश यादव के बयानों का संज्ञान लेते हुए पलटवार किया है। बुधवार को अखिलेश के बाद मायावती ने भी एक्स पोस्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। कहा कि, बसपा संगठन में क्या कुछ चल रहा है इस पर घोर दलित-विरोधी सपा अगर कोई टिप्पणी व चिन्ता नहीं करे तो बेहतर। इसके बदले सपा नेतृत्व को चुनाव में उतारे गए उनके अपने परिवार व उनके यादव समाज के प्रत्याशियों का क्या हाल है इसकी केवल चिन्ता करें क्योंकि उन सब का हाल बेहाल है। मायावती ने कहा, सपा का चाल, चरित्र व चेहरा, हमेशा की तरह आज भी, जबरदस्त दलित, अति-पिछड़ा व संविधान में इनको दिए गए आरक्षण आदि के अधिकारों की विरोधी पार्टी का है। प्रमोशन में आरक्षण को खत्म करना तथा इस सम्बंध में बिल को संसद में फाड़ना आदि इनके ऐसे कार्य हैं जिसे माफ करना मुश्किल।

### यूं ही नहीं आकाश को हटाया

**अमृत विचार।** बहुजन समाज पार्टी की ओर से जौनपुर सीट पर जीतने वाले प्रत्याशी को एकाएक बदलने की कड़वाहट अभी खत्म भी नहीं हुई थी कि मंगलवार को आकाश आनंद को पार्टी के सभी दायित्वों से मुक्त कर देने की खबर से सभी हैरत में पड़ गये। हालांकि पार्टी सूत्रों का कहना है कि सीतापुर में आकाश आनंद की वजह से पार्टी के अन्य नेता भी एफआईआर की चपेट में आ गए हैं। इससे लोकसभा चुनाव में प्रचार की सक्रियता प्रभावित हुई। इसको लेकर बसपा प्रमुख काफी नाराज थी। इतना ही नहीं, मायावती द्वारा रोक देने के बावजूद आकाश आनंद दिल्ली में रहकर प्रचार-प्रसार कर रहे थे। इस दौरान आकाश ने अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी (एएमयू) में और दिल्ली विश्वविद्यालय के शिक्षक व छात्रों के अलावा विदेश में बसे बहुजन समाज के लोगों के साथ संपर्क करते हुए न केवल बसपा का प्रचार किया बल्कि उसे सोशल मीडिया पर भी साझा किया। जो कि पार्टी प्रमुख के निर्देशों की अवहेलना के साथ ही सिद्धांत विपरीत भी है।

### अपनी ढपली अपना राग



रामद्रोही कहते हैं कि मंदिर बेकार बन गया। ये जब सत्ता में आते हैं तो हर जगह डकैती डालते हैं। इनके लिए किया गया बुलडोजर का अविष्कार। -योगी आदित्यनाथ



सपा और कांग्रेस गरीबों के लिए बनाई गई योजनाओं को भ्रष्टाचार से हड़पने का मंसूबा पाले हैं। अनुसूचित वर्ग से आरक्षण छीन कर मुसलमानों को देना चाहते हैं। - धर्मपाल सिंह



हम हर उस चीज के लिए लड़ रहे हैं जिनके लिए हमारे पूर्वज लड़े। देश की परिस्थितियों को गहराई से समझना होगा और मजबूती से लड़ाई लड़नी पड़ेगी। -प्रियंका गांधी



भाजपा जानबूझकर गर्मी में वोटिंग करा रही है। फिर भी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें, क्योंकी यह आपका जीवन बदल सकता है। -डिंपल यादव

## चुनावी चक्कर

● **राजनीति की इच्छा जुनून की हद तक:**

राजनीति करने की इच्छा भी किसी-किसी शख्स में जुनून की हद तक चली जाती है। मामला जौनपुर जिले का है। यहां एक शख्स ने निर्दल प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन किया। इसके बाद वह प्रचार में भी जुट गया। बाद में जब नामांकन पत्रों की जांच हुई तो कुछ कमी पाए जाने पर निर्वाचन अधिकारी ने उसका पर्चा खारिज कर दिया। पर्चा खारिज हुआ नहीं कि वह शख्स सरेराह फूट-फूट कर रोने लगा। उसने कहा कि उसका शौक था लोकसभा चुनाव लड़ने का। भले ही मुझे एक ही वोट मिलता, इसका गम नहीं होता, लेकिन चुनाव ही न लड़ पाया इससे ज्यादा दुखी हूं। इस निर्दल प्रत्याशी का नाम है अमित कुमार सिंह। दरअसल, अमित का दर्द यूं ही नहीं फूटा। उसने लड़ने के लिए उसने अपना मकान, सोने- चांदी सब कुछ बेच दिया था। पर्चा खारिज होने के बाद उसने अपने सहयोगी पर आरोप लगाते हुए कहा कि मुंह मांगा पैसा दिया। अब मेरा पर्चा खारिज हो गया। तो वह भाग गए। कहते हैं कि मेरी कोई गलती नहीं है। बहरहाल, यह वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

# रायबरेली का सलोन होगा अमेठी के रण का प्रमुख निर्णायक

### पिछले दो लोकसभा चुनावों में सलोन में बढ़त लेने वाले दल का प्रत्याशी बना सांसद

धर्मेन्द्र प्रधान, रायबरेली

**अमृत विचार।** सलोन विधानसभा क्षेत्र रायबरेली का वह हिस्सा है जो लोकसभा चुनाव में अमेठी लोकसभा सीट की तस्वीर को साफ करता है। इसी सीट पर जो बढ़त लेता है वह अमेठी का सांसद बनता है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसी विधानसभा में बड़ी लीड लेने के कारण 2014 में राहुल गांधी और 2019 में स्मृति इरानी सांसद बनी। एक बार फिर से यह विधानसभा कांग्रेस और भाजपा के लिए गेम चेंजर सरीखी होगी।


रायबरेली की सलोन विधानसभा सीट (आरक्षित) है तथा लोकसभा चुनाव में यह सीट अमेठी का हिस्सा है। असल में इसके अतीत की भी कहानी है। 1952 के लोकसभा चुनाव में सलोन एक प्रोविंशियल लोकसभा थी। इसके पहले सांसद ब्रजलाल कुरील थे। इसके साथ ही रोखा विधानसभा भी थी। बाद में 1967 में अमेठी लोकसभा सीट बनीं और सलोन को रायबरेली की विधानसभा बना दिया गया तथा रोखा विधानसभा को खत्म कर दिया गया। असल में आजादी के पहले से सलोन का हिस्सा अमेठी से सटा रहा था तो राजनीतिक लिहाज से सलोन में अमेठी की राजनीति हावी रहती थी। जब अमेठी लोकसभा सीट बनी तो आरक्षित विधानसभा सीट और अमेठी से लगा होने के चलते सलोन को लोकसभा के चुनाव में उसका हिस्सा बना दिया गया। करीब 2.10 लाख मतदाता वाली सलोन विधानसभा वर्ष 2024 के लोकसभा चुनावों के तैयार है।

लोकसभा चुनाव में लड़ाई भाजपा और कांग्रेस के बीच ही रहती है। सपा ने 2009 से अमेठी सीट पर वॉक ओवर दे रखा है। इस कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच ही घमासान होता है। सलोन विधानसभा में एससी वोटर सबसे अधिक है। इसी कारण भाजपा और कांग्रेस के बीच इस वोटबैंक को पाने के लिए जोर आजमाइश होती रहती है। जो सलोन में लीड करता है वह अमेठी लोकसभा जीतता है। यह कहानी 2014 के लोकसभा चुनावों से चल पड़ी है। इससे पहले के चुनावों में सलोन सीट की मार्जिन जीत के अंतर को कम अधिक करती थी लेकिन पिछले दो चुनावों से सलोन सीट पर एकतरफा वोट से अमेठी सीट जीती जा रही है। वर्ष 2014 लोकसभा चुनाव में कांग्रेस से राहुल गांधी को सलोन विधानसभा में 88,111 मत (71.8 फीसदी) मत मिले। वहीं भाजपा से चुनाव मैदान में उतरीं स्मृति जूबिन इरानी को 55,014 (27.09 फीसद) मत मिले थे। 33,097 मतों से राहुल गांधी ने सलोन से बड़ी लीड ली थी और इस तरह वह चुनाव जीते थे। इसके बाद 2019 का रोमांचक लोकसभा चुनाव हुआ जिसमें स्मृति जूबिन इरानी ने सारे समीकरण ध्वस्त करते हुए सलोन विधानसभा से 90,195 मत हासिल लिए जो रिकार्ड रहे। इसके पहले किसी भी प्रत्याशी को सलोन से इतने मत नहीं मिले थे।

स्मृति ने वर्ष 2014 के लोकसभा चुनाव के मुकाबले 35181 मत अधिक हासिल किए। वहीं कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी को 88285 मत मिले तथा 2019 के चुनाव की तुलना में 174 मत अधिक मिले थे लेकिन स्मृति इरानी ने सलोन से इनती बड़ी लीड थी कि वह अमेठी लोकसभा चुनाव जीत गईं। साथ ही गांधी परिवार को 1977 के बाद हार का सामना करना पड़ा।



### पिछले दो विधानसभा चुनाव में दलों को मिले मत




### बसपा प्रत्याशी के उतरने से मुकाबला होगा रोमांचक

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा से गठबंधन के कारण बसपा ने प्रत्याशी ने नहीं उतारा था और यही कारण रहा कि उस चुनाव में बसपा का कैडर वोट भी खिसक कर भाजपा के खेमे में चला गया था। यही कारण रहा था कि भाजपा को रिकार्ड मत मिले थे। इस बार स्थिति बदली हुई है। कांग्रेस ने पत्ते नहीं खोले हैं तो वही बसपा प्रत्याशी उतारेगी यह तय है लेकिन किसे उतारेगी इस पर कार्ड बंद है। बसपा के मैदान में आने से सलोन विधानसभा का चुनावी मैदान जोरदार होने की उम्मीद है। बसपा का अपना काडर वोट है तथा 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा ने भले ही 9495 मत पाए हों लेकिन उसने भाजपा का खेल खराब किया था। जबकि 2019 में भाजपा को बसपा के प्रत्याशी न उतरने से चुनावी रणक्षेत्र को जीतने में दिक्कत नहीं हुई। भाजपा का ग्राफ 27 फीसदी से बढ़कर 70 फीसदी के ऊपर पहुंच गया।

### विधानसभा चुनाव में सपा ने दी थी भाजपा को टक्कर

सलोन में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा को सपा ने जोरदार टक्कर दी थी। भाजपा इस सीट को 2111 मतों से जीत सकी थी। लोकसभा चुनाव में सपा ने कांग्रेस को वॉक ओवर दिया है तो सपा का पिछड़ा और बेस वोटर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में रहने की पूरी उम्मीद है। ऐसे परिदृश्य में 2019 की तुलना में इस बार भाजपा को सधी हुई रणनीति के साथ मैदान में उतराना होगा। भाजपा का थिंक टैंक भी इस पर नई रणनीति बनाने पर काम कर रहा है।

# भाजपा-सपा की सीधी लड़ाई में संघर्ष करती दिख रही बसपा

### जातीय समीकरण के आधार पर इंडी प्रत्याशी को उतारा गया है मैदान में

### भाजपा के समर्थकों का कहना है कि पिछली बार की तरह होगी जीत

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

**अमृत विचार:** कहा जाता है कि यदि कोई घर का व्यक्ति कोई गलत कार्य करता है तो आने वाली पीढ़ी उसका फल भोगती है। यदि अच्छे आचरण, अच्छे काम होते हैं तो उसकी सात पीढ़ियों तक उसका फल मिलता है। लेकिन अभी अधिक समय नहीं हुआ है। वर्ष 2009 की बात है जब एक दबाओ तीन गिराओ का नारा उठा तो जिले के तीन क्षत्रप धराशायी हो गए। और कांग्रेस के टिकट पर बाराबंकी से चलकर आए बाबू बेनी प्रसाद वर्मा जीतकर केंद्र में इस्पात मंत्री बन गए। बाबू बेनी प्रसाद वर्मा का बड़ा कद देखते हुए गोंडा के मतदाताओं ने उन्हें हाथों हाथ लिया और इस आशा से कि बाबू जी मंत्री बनेंगे और गोंडा में विकास की गंगा बहेगी। बाबू जी ने यहां तीन स्टील फैक्ट्रियों का उद्घाटन कर दिया। लेकिन जमीन पर न तो फैक्ट्री बनी और न ही विकास की गंगा बही। 2014 का चुनाव आया तो न कोई स्टील फैक्ट्री लगी न कहीं उसकी जमीन दिखी। नतीजा 2014 में बाबू बेनी प्रसाद वर्मा को गोंडा की जनता ने सिरे से खारिज कर दिया और वह जीतने को कौन कहे चौथे स्थान पर खिसक गए।

अब दस साल बाद बाबू बेनी प्रसाद वर्मा तो नहीं रहे लेकिन उनकी विरासत लेकर गोंडा संसदीय सीट पर उनकी पौत्री श्रेया वर्मा आ गई। बेनी प्रसाद वर्मा कांग्रेस से चुनाव लड़े थे और श्रेया इंडी गठबंधन में सपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। जिस जातीय समीकरण पर बाबू बेनी प्रसाद वर्मा मैदान में उतरे थे उसी जातीय समीकरण को आधार बनाकर सपा ने श्रेया वर्मा को मैदान में उतारा है। धर्मजाति के नाम पर राजनीतिक दलों ने सबका बंटवारा जरूर कर दिया है लेकिन जब श्रेया वर्मा मैदान में जाती हैं तो उनके पास उपलब्धियां गिनाने को कुछ नहीं है। पार्टी के कैडर वोट, मुस्लिम वोट तथा कुर्मी विरादरी की बदौलत वह मैदान में हैं। गोंडा लोकसभा सीट पर पूरा दारोमदार कुर्मी बिरादरी पर टिक गया है। चित पट की लड़ाई चल रही है। भाजपा अपने दो सजातीय विधायकों के भरोसे समीकरण साध रही है तो बिरादरी का प्रत्याशी होने के नाते सपा सीधे मुकाबले की रणनीति में लगी है। कुर्मी वर्ग के राम तीरथ वर्मा कहते हैं कि सपा उम्मीदवार के पास बताने के लिए कुछ नहीं है। 2009 से 2014 के बीच जो झूठे वादे बाबू बेनी प्रसाद वर्मा ने किए थे वह सब आसामानी थे। यहां के लोगों को अब ठगना आसान नहीं है। लोग पूछते हैं कि बाबू जी ने गोंडा वासियों को पांच साल में क्या दिया। इसीलिए 2014 में मुहं की खानी पड़ी।

विक्रम वर्मा कहते हैं कि कुर्मी विरादरी को अधिक समय तक नहीं बरगलाया जा सकता है। विरादरी के नाम पर कुर्मी कब तक बेवकूफ बनते रहेंगे। वहीं सपा उम्मीदवार के साथ लगे लोगों का कहना है कि भाजपा का झूठ भी किसी से छिपा नहीं है। इसलिए जनता मन बना चुकी है कि यदि विकास करना है तो सपा को ही आगे बढ़ाना होगा। सपा जाति धर्म की राजनीति नहीं करती है। वहीं भाजपा के समर्थकों का मानना है कि पिछला चुनाव दो लाख से अधिक मतों से विजय मिलेगी उससे कम इस बार भी मत नहीं मिलेगा।



कीर्तिवर्धन सिंह



श्रेया वर्मा



सौरभ मिश्रा

### प्रत्याशियों के सामने चुनौतियां कम नहीं


सपा और भाजपा दोनों के सामने चुनौतियां कम नहीं हैं। विकास की बात हमेशा होती है परंतु चुनाव आते ही सारे दांव पेंच जाति धर्म पर आ टिकती है। सारे चेहरे भूल जाते हैं और याद रह जाता है अपना धर्म और जाति। ऐसा पिछले चुनावों में भी दिखा। लेकिन बीते दो चुनावों में भाजपा का बेड़ापार मोदी के नाम पर हुआ था। भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिहं को इस बार भी मोदी नाम का सहारा है लेकिन चुनौती कठिन है। इसी तरह सपा को जिस बड़े चेहरे बाबू बेनी के नाम पर उनकी पोत्री श्रेया को मैदान में उतारा गया है उसका असर उतना नहीं दिख रहा है। राजनीति के जानकार प्रोफेसर शैलेंद्र नाथ मिश्र कहते हैं कि सपा जिसे अपना कैडर वोट मानती है वह तो मिलेगा लेकिन जितनी अपेक्षा है उतना नहीं। वहीं भाजपा को भी मेहनत करनी होगी। सीधी लड़ाई होने के नाते चुनौती अवश्य है। बसपा सौरभ मिश्रा को यहां से उतार कर अपना पैठ बना रही है। यदि उसका संदेश कैडर तक पहुंचेगा तो आगे आने वाले विधानसभा में असर दिखेगा। फिलहाल अभी बसपा संघर्ष करती दिख रही है।

### 2019 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 5,08,190 |
| सपा | विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह | 3,41,830 |
| कांग्रेस | कृष्णा पटेल | 25,686 |
| पीएसपी | कुतुबुद्दीन खान | 6,212 |

### 2014 चुनाव के आंकड़े

| दल | उम्मीदवार | वोट |
|---|---|---|
| भाजपा | कीर्ति वर्धन सिंह | 3,59,643 |
| सपा | नंदिता शुक्ला | 1,99,227 |
| बसपा | अकबर अहमद डम्पी | 1,16,178 |
| कांग्रेस | बेनी प्रसाद वर्मा | 1,02,254 |




### मोदी नाम का सहारा

बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने में भाजपा उम्मीदवार भी लगे हैं। देश दुनिया में हो रहे भारत के नाम की चर्चा कर स्थानीय मुद्दों को दर किनार किया जा रहा है। गोंडा से छिने विश्वविद्यालय, सीवर लाइन का न बनना, आईटी बेस इंजीनियरिंग कालेज का छिनना, तीन रेलवे क्रासिंगों पर ओवरब्रिज न बनना आदि मुद्दे गौड़ हो गए हैं। भाजपा उम्मीदवार के सामने भी मोदी नाम केवलम का मंत्र है जिससे बिरासत की जंग को आगे बढ़ाने की कसरत चल रही है। 40 साल से जिस राजघराने में राजनीति की कुर्सी पर पिता और पुत्र काबिज हो रहे हैं उन्हें भी जाति, धर्म के नाम पर जंग लड़ना पड़ रहा है। इतना ही नहीं चार टर्म पिता तो चार टर्म बेटा भी कुर्सी संभाल चुका है और लोग उनसे भी सवाल दाग रहे हैं कि 40 साल की राजनीति में गोंडा को क्या मिला। राष्ट्रीय मुद्दों पर भाजपा भले ही आगे बढ़ने का प्रयास कर रही है लेकिन स्थानीय मुद्दे कहीं न कहीं उछल कर आम लोगों के सामने जरूर आ रहे हैं।

### वोट पाने की जुगत हो गई थी फेल

2019 के लोकसभा चुनाव में कुर्मी वर्ग की अधिकता को देखते हुए कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को मैदान में उतारा था। लेकिन उन्हें मात्र 25 हजार वोट से ही संतोष करना पड़ा था। जबकि कृष्णा पटेल गोंडा की जमीन 25 साल से तैयार कर रही थीं। सोनेलाल पटेल भले ही गोंडा से चुनाव नहीं लड़े लेकिन वह गोंडा से लगातार जुड़े रहे और पूरे परिवार के साथ विरादरी से अपना नाता जोड़ने की कवायद करते रहे। यही सोचकर कृष्णा पटेल को कांग्रेस ने कृष्णा पटेल को उतारा था लेकिन विरादरी ने उनका साथ तक नहीं दिया था। इस बार सपा ने विरादरी वोट की खातिर श्रेया को मैदान में उतारा है लेकिन परिस्थितियां दूसरी हैं।

### ब्राह्मणों पर सबकी नजर

वैसे इस चुनाव में हिंदू-मुस्लिम मुकाबले की दुहाई दी जा रही है लेकिन सपा मुस्लिम, यादव के साथ सजातीय उम्मीदवार की दुहाई दे रही है। इन सबके मध्य सजातीय होने के नाते क्षत्रिय भाजपा के साथ दिख रहे हैं। दलित व पिछड़ों पर भी डोरे डाले जा रहे हैं लेकिन ब्राह्मणों को लेकर संशय बना है। भाजपा मानती है कि ब्राह्मण उनके साथ है तो सपा अपने साथ मानकर चल रही है। बसपा उम्मीदवार ब्राह्मण है इसलिए उसे भी आशा है कि कुछ न तो कुछ उसे भी मिलेगा। लेकिन यदि ब्राह्मण की बंधी गांठ खुल गई तो सपा को लाभ हो सकता है और यदि बंधी रह गई तो भाजपा को लाभ मिल सकता है।

# संगठनात्मक बैठकों में आज शामिल होंगे जेपी नड्डा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



● **नड्डा चित्रकूट व फतेहपुर में जनसभाओं को भी करेंगे सम्बोधित**

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार को भाजपा मुख्यालय लखनऊ में आयोजित पांचवे चरण के लोकसभा क्षेत्रों के विधानसभा सदस्यों और विधान परिषद सदस्यों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे। इसके बाद वह लखनऊ कलस्टर के तहत लोकसभा क्षेत्र लखनऊ, उन्नाव, मोहनलालगंज एवं रायबरेली के लोकसभा संयोजको, प्रभारियों, विधानसभा संयोजक व प्रभारियों, जिलाध्यक्ष व जिलाप्रभारियों सहित लोकसभा विस्तारों की बैठक में भी शामिल होंगे। भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित बैठकों में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी व प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह साथ रहेंगे।

इससे पहले जेपी नड्डा दिन में चित्रकूट व फतेहपुर में आयोजित जनसभाओं को सम्बोधित करेंगें। प्रदेश महामंत्री गोविन्द नारायण शुक्ला ने बताया कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा गुरुवार की दोपहर गोस्वामी तुलसीदास गर्वमेंट कॉलेज बेड़ी पुलिया, चित्रकूट में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। इसके बाद वह रामलीला मैदान, विन्दकी, फतेहपुर में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करेंगे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी भी इन जनसभाओं में राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के साथ रहेंगे।

# मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई : संजय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार:** आप सांसद संजय सिंह ने कहा, मोदी-अडानी भाई-भाई, देश बेचकर खाई मलाई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को 10 साल बाद अडानी-अंबानी का भ्रस्टाचार नजर आया है। मोदी बोल रहें हैं कि बोरो में नोट भर भर , टेंपो से रूपया गया है। उनके इस बयान पर ईडी और सीबीआई को स्वतः संज्ञान लेकर अडानी और अंबानी के यहां पर जांच करनी चाहिये।

सांसद ने बुधवार को सोशल मीडिया पर जारी वीडियो में कहा कि मोदी ने पूंजीपति दोस्तों को रेल, सेल, कोयला, बिजली, पानी, सड़क, एफसीआई, एलआईसी, बीपीसीएल समेत हिन्दुस्तान की सारी संस्थाओं को बेचने का काम किया है। करीबी दोस्त अडानी के नाम सबकुद नीलाम कर दिया है। उसे पोर्ट दिया, एयरपोर्ट दिया, कोयला, गैस, बिजली, बड़ी-बड़ी खद्यानें, और 2.5 लाख करोड़ का कर्ज दिया है। सदन में उन्होंने, मोदी के सामने सदैव पूंजी पतियों की लूट का मुद्दा उठाया है। मगर मोदी को कभी समझ में नहीं आया है, आज जब सत्ता से विदाई का समय आया है तो उन्हें अडानी-अंबानी का भ्रस्टचार नजर आ रहा है।



इंदौर और उज्जैन संभाग की इन सीटों में रतलाम, धार व खरगोन अदिवासी समुदाय को आरक्षित

**2009** में इनमें चार सीटें जीतने वाली कांग्रेस पिछले दो चुनावों से हर सीट पर खा रही है मात

## मध्य प्रदेश में चौथे चरण में 13 मई को आठ सीटों पर मतदान के साथ खत्म हो जाएगा लोकसभा चुनाव

# इंदौर-उज्जैन संभाग में भाजपा की हैट्रिक रोक पाएगी कांग्रेस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचार।** मध्यप्रदेश में लोकसभा चुनाव चौथे चरण में देवास, उज्जैन, मंदसौर, रतलाम, धार, इंदौर, खरगोन और खंडवा में 13 मई को मतदान होने के साथ समाप्त हो जाएगा। इंदौर और उज्जैन संभाग की इन आठ सीटों पर 74 प्रत्याशी मैदान में हैं। इनमें से तीन सीटें रतलाम, खरगोन और धार अदिवासी समुदाय के लिए आरक्षित हैं। बीते दो चुनावों से भाजपा सभी सीटों पर कमल खिला रही है। 2009 में भी कांग्रेस केवल देवास, खंडवा, मंदसौर और उज्जैन लोकसभा सीट पर चुनाव जीत सकी थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रतलाम सीट से ही मध्य प्रदेश में चुनावी बिगुल फूंका था। अब उनकी एक बार फिर यहां सभा कराने की तैयारी है। जवाब में राहुल गांधी और प्रियंका गांधी की भी सभाएं अगले दो दिन में होंगी।





### इंदौर में जीत का नया रिकार्ड बनाने का प्रयास

इंदौर लोकसभा सीट पर भाजपा अब तक की और प्रदेश की सबसे बड़ी जीत दर्ज करने की कोशिश में है। यहां कांग्रेस उम्मीदवार अक्षय कांति बम के पर्चा वापस लेकर भाजपा में जाने के बाद भाजपा उम्मीदवार शंकर लालवानी के सामने कोई चुनौती नहीं रह गई है। 2019 के चुनाव में भाजपा के शंकर ललवानी को 10 .68 लाख वोट मिले थे। वह 5 .47 लाख वोटों से जीते थे। इस बार उनके सामने बसपा प्रत्याशी समेत 14 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन कांग्रेस ने किसी का भी समर्थन नहीं किया है। इंदौर को भाजपा का गढ़ माना जाता है। यहां की सभी आठ विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा है। कांग्रेस को इस सीट पर पिछले 40 साल से जीत का इंतजार है। कांग्रेस आखिरी बार 1984 में यहां जीती थी, तब पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश चंद्र सेठी सांसद चुने गए थे।

**कांग्रेस का न तो प्रत्याशी न किसी को समर्थन**

| वोट प्रतिशत -2019 | | 2014 में मिले मत | |
|---|---|---|---|
| 49.70% | 43.23 % | 50.20 % | 41.88 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

### रतलाम में कांग्रेस लगा रही इस बार जीत की उम्मीद

- इनमें रतलाम–झाबुआ और धार सीट पर सबसे तगड़ा मुकाबला माना जा रहा है। रतलाम में भाजपा की अनीता नागर सिंह चौहान और कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया में सीधा मुकाबला है। अनीता आलीराजपुर क्षेत्र की रहने वाली हैं और उनके पति नागर सिंह चौहान वन मंत्री हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा प्रत्याशी गुमान सिंह डामोर ने कांतिलाल भूरिया को 90 हजार वोटों से हरा दिया था, लेकिन इस बार भूरिया कड़ी चुनौती पेश कर रहे हैं। लोकसभा क्षेत्र में आठ विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें पांच अलीराजपुर, पेटलावद, रतलाम ग्रामीण, रतलाम शहर और सैलाना में भाजपा, जबकि तीन विधानसभा सीटों जोवट, झाबुआ और थांदला में कांग्रेस का कब्जा है। 1952 से 2019 तक यहां हुए 18 लोकसभा चुनावों भाजपा सिर्फ तीन बार जीती है। 2015 में हुए उपचुनाव में कांग्रेस के कांतिलाल भूरिया ने जीते थे।

| 2019 में मत प्रतिशत | | वोट प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.60% | 35.02 % | 58.19% | 35.44 % |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

### देवास में कांग्रेस को 2009 दोहराने की तलाश

- 2008 के परिसीमन के बाद अस्तित्व में आई देवास लोकसभा सीट पर 2009 में कांग्रेस की जीत के बाद दो बार से भाजपा जीत रही है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार पूर्व जज महेन्द्र सिंह सोलंकी ने कांग्रेस उम्मीदवार कबीर भजन गायक पद्मश्री प्रहलाद सिंह टिपानिया को 3 लाख 72 हजार वोटों से हराया था। भाजपा ने एक बार फिर सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी पर दांव लगाया है, तो कांग्रेस से राजेंद्र मालवीय उनके सामने हैं।

### धार में भाजपा का गढ़ भेदने के लिए जूझ रही कांग्रेस

- धार लोकसभा सीट पर भाजपा ने मौजूदा सांसद की जगह पूर्व सांसद सावित्री ठाकुर का उतारा है, जिनकी कांग्रेस के राधेश्याम मुवेल से टक्कर है। मुवेल पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं और कांग्रेस नेताओं के पाला बदलने से परेशान हैं। 2019 के चुनाव में भाजपा के छतरसिंह दरबार ने कांग्रेस के दिनेश गिरवाल को 1.56 लाख वोटों से हराया था। लोकसभा क्षेत्र की आठ विधानसभा सीटों में पांच पर कांग्रेस और तीन पर भाजपा का कब्जा है। भाजपा से 2014 में यहां से सावित्री ठाकुर जीती थीं, जबकि 2009 में कांग्रेस ने चुनाव जीता था।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 53.72 % | 42.12 % | 51.84 % | 42.18% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

### खंडवा में स्थानीय मुद्दों से भाजपा को घेरने की कोशिश

- खंडवा की पहचान कवि माखनलाल चतुर्वेदी, गायक किशोर कुमार और कवि प्रदीप से है। इस लोकसभा सीट पर कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री अरूण यादव ने 2009 में जीत दर्ज की थी। उप चुनाव मिलाकर यहां पिछले तीन चुनावों 2014, 2019 और 2021 में भाजपा का कमल ही खिलता रहा है। यहां लोगों के सामने बिजली, पानी, सड़क और रोजगार जैसी बुनियादी समस्याएं हैं। भाजपा के मौजूदा सांसद और प्रत्याशी ज्ञानेश्वर पाटिल मोदी के चेहरे पर चुनाव लड़ रहे हैं, जबकि कांग्रेस उम्मीदवार उन्हें स्थानीय समस्याओं पर घेर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2021 उपचुनाव | | मत प्रतिशत -2019 | |
|---|---|---|---|
| 49.85 % | 43.40% | 57.14 % | 38.52% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

### उज्जैन में दिलचस्प हुआ चुनाव

- महाकाल की नगरी उज्जैन प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव का गृह क्षेत्र है। उज्जैन लोकसभा सीट को भाजपा का गढ़ माना जाता है। कांग्रेस पिछली बार 2009 में जीती थी। लेकिन अब तक हुए चुनावों में 12 बार भाजपा तो कांग्रेस पांच बार ही जीत सकी है। 2014 में यहां से भाजपा के चिंतामणि मालवीय जीते थे। 2019 के चुनाव में भाजपा के अनिल फिरोजिया ने कांग्रेस के बाबूलाल मालवीय को 3 .65 लाख वोटों से हराया था। हालांकि वह 2018 में कांग्रेस के महेश परमार से विधानसभा चुनाव हार गए थे। कांग्रेस ने इस बार अनिल फिरोजिया का मुकाबला करने के लिए महेश परमार को मैदान में उतारकर चुनाव दिलचस्प बना दिया है।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 63.20 % | 34.01 % | 63.07 % | 32.61% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

### मंदसौर में लगाया जातीय दांव

- मंदसौर को रावण की सुराल और अफीम की खेती के लिए जाना जाता है। मंदसौर लोकसभा सीट पर भी कांग्रेस आखिरी बार 2009 में चुनाव जीती थी, तब कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन ने यह सीट कांग्रेस की झोली में डाली थी। इसके बाद से भाजपा का यहां कब्जा है। 2019 के चुनाव में भाजपा के सुधीर गुप्ता से कांग्रेस की मीनाक्षी नटराजन को 3 .76 लाख वोटों से हार गई थीं। इस सीट पर यह सबसे बड़ी जीत थी। तीन बार यहां जीत का अंतर 10 हजार से भी कम रहा है, जबकि चार चुनावों में एक लाख से कुछ अधिक रहा है। भाजपा सांसद सुधीर गौतम तीसरी बार मैदान में उतरे हैं। कांग्रेस से दिलीप सिंह गुर्जर उन्हें टक्कर देने की कोशिश कर रहे हैं।

| वोट प्रतिशत -2019 | | मत प्रतिशत -2014 | |
|---|---|---|---|
| 61.80 % | 34.37 % | 60.13 % | 34.0% |
| भाजपा | कांग्रेस | भाजपा | कांग्रेस |

# महाराष्ट्र में वोटर के मिजाज से बेचैनी में दोनों गठबंधन

चुनाव डेस्क

- एनडीए 400 पार के लिए पिछली बार जीती 41 सीटों से आगे निकलने की कर रहा कवायद
- इंडिया गठबंधन में कांग्रेस के साथ उद्धव और शरद पवार के लिए साख बचाने का सवाल

**61.20%** वोट पड़े थे 2019 के लोकसभा चुनाव में

**57 %** से कुछ अधिक मतदान हुआ पहले दो चरण में

**55.54%** लोगों ने ही वोट डाले तीसरे चरण में

**06** दलों के दो गठबंधन में होने से असमंजस में वोटर

**अमृत विचार ।** उत्तर प्रदेश के बाद लोकसभा की 48 सीटों वाले महाराष्ट्र का महत्व भाजपा के लिए इस बार सबसे ज्यादा है। पार्टी 400 पार के लक्ष्य को हकीकत में बदलने के लिए यहां से पिछली बार एनडीए गठबंधन को मिली 41 सीटों से आगे की सफलता की उम्मीद लगाए बैठी है, लेकिन राज्य की चुनावी कहानी कुछ अलग ही अंदाज में बदल गई है। छह बड़े दल और दो गठबंधनों के कारण मतदाता लगातार असमंजस और उलझन में है। इससे हर दल के समीकरण गड़बड़ा रहे हैं। तीसरे चरण के मतदान में बारामती में भी कुछ यही हुआ। मतदाता घरों से बाहर ही नहीं आए। 50 फीसदी से भी कम वोट पड़े, जबकि इस सीट पर मराठा छत्रप शरद पवार अपनी पुत्री सुप्रिया सुले तो उप मुख्यमंत्री अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार की जीत के लिए लगातार सभाएं कर रहे थे। राज्य में तीसरे चरण में 55 फीसदी से कुछ ज्यादा ही मतदाताओं ने वोट डाले। इससे पहले दो चरणों में 57.47% मतदान हुआ था। तीसरे चरण में मतदान प्रतिशत और नीचे गिरने से सभी दलों की धड़कनें और बेचैनी और बढ़ गई है। राज्य में 2019 को लोकसभा चुनाव में 61.20% और 2014 में 60.32% मतदान हुआ था।

महाराष्ट्र में शिसेना और राकांपा में टूट के बाद कौन असली-कौन नकली की जंग के बीच बाकी नारे और बातें जैसे पीछे छूटती नजर आ रही हैं।

यहां सतह पर दो गठबंधनों के बीच सीधा मुकाबला दिखता है, लेकिन जमीनी हालात दूसरे हैं। असल में दोनों गठबंधनों की सभी छह पार्टियों के बीच एक-एक सीट के लिए वर्चस्व की लड़ाई छिड़ी हुई है। महाराष्ट्र में 2019 में भाजपा और शिवसेना साथ चुनाव लड़ी थी, जिसमें भाजपा को 23 और शिवसेना को 18 सीटें मिली थीं। राज्य की कुल 48 सीटों में 41 पर एनडीए गठबंधन की जीत हुई थी। लेकिन 2024 के चुनाव में पिछली बार के मुकाबले राजनीतिक समीकरण बदल गया है। शिवसेना और राकांपा दो भागों में बंट गई है और दोनों दलों का एक-एक भाग एनडीए और इंडिया गठबंधन के साथ है। ऐसे में बड़े-बड़े राजनीतिक धुरंधर भी सही आकलन नहीं कर पा रहे हैं कि इस बार कहां किसका पलड़ा भारी है। बात यहीं तक नहीं है, वंचित बहुजन अघाड़ी भी मैदान में है। पिछली बार उसने 7% वोट लेकर कई सीटों पर प्रत्याशियों की हार-जीत तय की थी। इस बार भी वंचित अघाड़ी कई सीटों पर कमाल दिखा सकती है। राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) भाजपा के समर्थन में है। अब इस चुनावी माहौल के बीच मतदाता असमंजस की स्थिति में है, खासकर शिवसेना और राकांपा को वोट देने वाले। कभी वे प्रत्याशी का चेहरा देख रहे हैं, तो कभी नेता और सीट का समीकरण। राकांपा के कुछ कार्यकर्ता कहते हैं कि दिल से हम लोग शरद पवार के साथ हैं, लेकिन अजित पवार ने जो काम किए, उन्हें नजरअंदाज भी नहीं कर सकते हैं। यही स्थिति शिवसेना के कार्यकर्ताओं के साथ है। उद्धव की शिवसेना और शिंदे की शिवसेना में किसी एक को चुनने की परेशानी के बीच मराठा आरक्षण आंदोलन भी है, जिसकी आग अभी शांत नहीं हुई हैं।



**भारत के लाल** तेलंगाना के वारंगल में चुनावी रैली के लिएजाते समय रास्ते में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक छोटे बच्चे को भाजपा के पटका के साथ देखा तो रुककर उसे दुलराए बिना नहीं रहे।

# भाई-बहन और पिता-पुत्री के बीच जंग

**आंध्र प्रदेश विधानसभा चुनाव**

**अमृत विचार।** आंध्र प्रदेश में एक ही चरण में 13 मई को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। लेकिन मतदान से पहले यहां कई राजनीतिक परिवारों के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। कहीं, बहन के खिलाफ भाई मैदान में है तो कहीं बेटी ने अपने ही पिता के खिलाफ जंग का बिगुल बजा रखा है।

विजयवाड़ा को आंध्र प्रदेश की राजनीतिक राजधानी माना जाता है। यहां होने वाला मुकाबला बताता है कि राजनीति ने परिवारों को कितना बांट दिया है। केसिनेनी श्रीनिवास उर्फ नानी जो 2014 और 2019 में तेलुगु देशम के टिकट पर जीते थे, चंद्रबाबू नायडू से अलग होकर वाईएसआरसीपी में चले गए हैं। दरअसल उन्हें लगा कि नायडू उनके भाई केसिनेनी शिवनाथ उर्फ चिन्ना को बढ़ावा देने के लिए उन्हें दरकिनार कर रहे हैं। चिन्ना को तेलगू देशम से टिकट मिल गया था। उधर वल्लुरी भार्गव अपने चाचा को चुनौती देने के लिए कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में मैदान में हैं। काकीनाडा जिले में प्रभावशाली कापू नेता पूर्व सांसद मुद्रगदा पद्मनाभम की भी कुछ ऐसी ही कहानी है।

नाराज पूर्व सांसद और उनके बेटे पीथापुरम विधानसभा क्षेत्र में अभिनेता से नेता बने पवन कल्याण को हराने की कसम खाते हुए वाईएसआरसीपी में शामिल हो चुके हैं। हालांकि पूर्व सांसद की बेटी क्रांति उनसे सहमत नहीं हैं और उन्होंने पवन के साथ हाथ मिला लिया है। क्रांति ने वाईएस जगनमोहन रेड्डी पर जन सेना प्रमुख को निशाना बनाने के लिए अपने पिता का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है। उधर पद्मनाभम ने पवन पर उनके परिवार में फूट डालने, उनकी बेटी को राजनीति में खींचने और उनके खिलाफ बोलने के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। इस जिले में वरिष्ठ तेलगू देशम नेता और पूर्व वित्त मंत्री यानमाला रामकृष्णुडु ने अपनी बेटी दिव्या को तुनी विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा है।

उन्होंने दिव्या को अपना राजनीतिक उत्तराधिकारी बताया, इसके बाद उनके भाई यानमाला कृष्णुडु ने गुस्से में पार्टी छोड़ दी और वाईएसआरसीपी में शामिल हो गए। इसी तरह प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुथयाला नायडू अनाकापल्ली लोकसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी सीएम रमेश के सामने हैं। 2014 और 2019 में मदुगुला विधानसभा क्षेत्र से लगातार दो चुनाव जीतने वाले नायडू को अपनी विधानसभा सीट दूसरी पत्नी की बेटी अनुराधा को सौंपने के लिए कहा गया था। इससे उनकी पहली पत्नी के पुत्र रवि कुमार नाराज हो गए और उन्होंने अनुराधा के खिलाफ निर्दलीय चुनाव लड़ने की ताल ठोंक रखी है।

# सोरेन की सहानुभूति... बनाम मोदी की गारंटी

**गिरिडीह संसदीय सीट**

चुनाव डेस्क

**अमृत विचार।** झारखंड प्रांत की गिरिडीह संसदीय सीट पर इस बार लड़ाई सहानुभूति बनाम मोदी की गारंटी के बीच है। अबकी बार चार सौ पार और मोदी की गारंटी के सहारे मैदान में उतरी भाजपा की सहयोगी पार्टी आजसू के उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा की ओर से कड़ी चुनौती मिल रही है। वर्तमान सांसद एवं आजसू के उम्मीदवार चंद्रप्रकाश चौधरी अपनी हर सभा में केंद्र सरकार की लाभार्थी परक योजनाओं को गिना रहे हैं। वे यह बताने से नहीं चूकते कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जो वादे किए थे उसे पूरे किए हैं और आगे भी पूरे होते रहेंगे। जबकि झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो उन्हें यह कहकर घेर रहे हैं कि हर साल दो करोड़ युवाओं को रोजगार देने की गारंटी पूरी नहीं हुई। झामुमो मुखिया हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को मुद्दा बनाकर महतो मतदाताओं की सहानुभूति वोट के रूप में बटोरना चाहते हैं। इसमें उन्हें सफलता कितनी मिलेगी यह तो चार जून को पता चलेगा। इस सीट पर 25 मई को मतदान होगा।



मथुरा महतो।

गिरिडीह संसदीय सीट पर भाजपा ने 1989 में पहली बार जीत दर्ज की थी। राम मंदिर आंदोलन के मुद्दे को उभारकर भाजपा के रामदास सिंह यहां से संसद पहुंचने में कामयाब हो गए थे। तब यहां दो बार से लगातार जीत रही कांग्रेस को हराया था। लेकिन 1991 के चुनाव में भाजपा इस सीट को बरकरार नहीं रख पायी। उसके उम्मीदवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रत्याशी ने पटक दिया था। हालांकि भाजपा को इस हार का बदला लेने के लिए बहुत ज्यादा इंतजार भी नहीं करना पड़ा। जब 1996 में चुनाव हुआ तो पार्टी ने रवींद्र कुमार पांडेय को मौका दिया। रवींद्र ने न सिर्फ इस चुनाव में जीत दर्ज की बल्कि वे 1998 और 1999 में हुए चुनाव में भी जीत दर्ज करने में कामयाब हुए। इस सीट पर पहली हैट्रिक उन्हीं के नाम है। इसके बाद किसी दल के उम्मीदवार ने हैट्रिक नहीं लगाई। हालांकि 2004 के चुनाव में इस सीट को पार्टी हार गई।

जब 2009 में चुनाव हुआ तो मतदाताओं ने रवींद्र कुमार पांडेय को फिर से जिताया वे 2014 में भी जीते लेकिन 2019 में यह सीट गठबंधन की सहयोगी आजसू के खाते में गई और राज्य सरकार में तत्कालीन मंत्री चंद्रप्रकाश चौधरी यहां से मैदान में उतरे और जीत गए। इस बार वे फिर समर में हैं।

### मुस्लिम मतों का विभाजन जीत का आधार

इस सीट पर मुस्लिम मतों में विभाजन ही भाजपा की जीत का आधार बनता रहा है। इसी आधार पर भाजपा नीत राजग गठबंधन की सहयोगी आजसू के उम्मीदवार भी पिछला चुनाव जीते थे। हर किसी की निगाह यहां कोइरी, कुर्मी और मुस्लिम मतदाताओं पर होती है। 1996 में झारखंड मुक्ति मोर्चा ( झामुमो ), कांग्रेस, जनता दल व जेएमएम( एम ) अलग–अलग लड़े। मुस्लिम मत बंटा और भाजपा जीती। 1998 और 1999 में मुस्लिम मतदाता कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के बीच बंटे फिर भाजपा जीती। 2004 में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा साथ लड़े तो भाजपा हारी। 2009 में झामुमो को कांग्रेस का समर्थन नहीं मिला तो भाजपा जीती। 2014 में भाजपा की जीत का आधार मतों का बंटवारा ही रहा।

**06** बार इस सीट पर काबिज हो चुकी है भाजपा

**2019** में भाजपा की सहयोगी आजसू यहां जीती थी

### राजनीति के मंझे खिलाड़ी हैं चौधरी

- चंद्रप्रकाश चौधरी राजनीति के मंझे हुए खिलाड़ी है। झारखंड राज्य के गठन के लिए उन्होंने आंदोलन किया और इसी वजह से उन्हें जेल भी जाना पड़ा था। 2005 में वह अर्जुन मुंडा की सरकार में पहली बार मंत्री बने। 2006 में मधु कोड़ा, 2009 में शिबू सोरेन, 2010 में फिर अर्जुन मुंडा की सरकार में मंत्री बने। रघुवर दास की सरकार में भी उन्होंने मंत्री पद संभाला। उनके विरुद्ध लड़ रहे मथुरा महतो भी तीन बार के विधायक हैं। राज्य सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं। वे लोगों को बताने में जुटे हैं कि भाजपा ने किस तरह ईडी का दुरुपयोग कर हेमंत सोरेन को गिरफ्तार किया। वे लगातार हेमंत सोरेन को स्वच्छ और ईमानदार नेता बताने में जुटे हुए हैं।



चंद्रप्रकाश चौधरी।

## एक नजर

### एयर इंडिया की 3 और इंडिगो की 2 उड़ानें रद

अमृत विचार, सरोजनीनगर/लखनऊ : पायलटों व केबिन सदस्यों के अचानक छुट्टी पर जाने से अमौसी एयरपोर्ट से मुंबई जाने और बंगलुरू से आने और जाने वाली तीन उड़ानें रद हो गईं। एयरपोर्ट सूत्रों के मुताबिक, बंगलुरू जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स-1428 एवं लखनऊ से मुंबई जाने वाले आईएक्स-2784 को निरस्त कर दिया गया। इसके अलावा बंगलुरू से आने वाली (आईएक्स-2472) भी रद्द कर दी गई। इसके अलावा अन्य कारणों से इंडिगो की दिल्ली-लखनऊ 6ई 5081 और हैदराबाद-लखनऊ 6ई-453 उड़ान भी रद कर दी गई।

### एनडीए प्रत्याशी के लिए रालोद ने घर-घर वोट मांगे

अमृत विचार, लखनऊ : रालोद के प्रदेश स्तरीय पदाधिकारियों द्वारा एनडीए प्रत्याशी के समर्थन में 'घर-घर गली-गली' प्रचार प्रसार कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसकी शुरूआत बुधवार को प्रदेश महासचिव अम्बुज पटेल के द्वारा लखनऊ के यदुनाथ सान्याल वार्ड के कटरा मकबूल गंज क्षेत्र में हुई। एनडीए प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में घर-घर जाकर वोट मांगे और भारी वोटों से जिताने की अपील की। इस मौके पर यदुनाथ सान्याल वार्ड के भाजपा के संजू पाण्डेय एवं पार्षद दल के उप नेता सदन सुशील तिवारी पम्मी उपस्थित रहे।

### आशियाना में 3 मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग सील

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने बुधवार को आशियाना और पीजीआई क्षेत्र में मानक विपरीत बनाये गए व्यावसायिक व आवासीय निर्माण सील कर दिये। अमर पाल सिंह राठौर व अन्य द्वारा पीजीआई थानाक्षेत्र के साउथ सिटी, रत्नाकरखण्ड में सेटबैक को कवर करते हुए तीन मंजिला व्यावसायिक बिल्डिंग का निर्माण कराया जा रहा था। एमपी तिवारी व अन्य द्वारा कानपुर रोड योजना के सेक्टर आई में भूतल व प्रथम तल तक आवासीय भवन का निर्माण कराया गया था। तेलीबाग में शनि मंदिर चौराहे के पास गोरख नाथ यादव द्वारा लोवर व अपर ग्राउंड फ्लोर का निर्माण किया जा रहा था।

# राम मंदिर पर सत्तापक्ष और विपक्ष में संघर्ष तेज

## योगी और अमित शाह ने राहुल-अखिलेश को हिंदू और राम मंदिर का विरोधी ठहराया | अखिलेश बोले- हम भी राम समर्थक, प्रियंका ने कहा- राहुल के खिलाफ भाजपा का दुष्प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव का चौथा चरण करीब है और इस बीच राम मंदिर को लेकर राजनीतिक बयानबाजियां तीखीं होती जा रहीं हैं। प्रदेश में चुनावी जनसभाएं करने पहुंचे गृहमंत्री अमित शाह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को सीधेतौर पर हिंदू व राम मंदिर का विरोधी ठहरा दिया। वहीं, सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने अपने-अपने बयानों में इस आरोप को बेबुनियाद ठहराया है। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी निरंतर कांग्रेस और सपा को राम मंदिर का विरोधी बताते आ रहे हैं। बुधवार को भी उन्होंने इसी कड़ी में आगे कहा, यह सनातन सत्य है कि रामद्रोहियों का पतन हमेशा हुआ है।

दरअसल, यह मुद्दा मंगलवार को उस वक्त और गरमा गया जब सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव ने अयोध्या के राम मंदिर निर्माण को वास्तु की नजर से सही न ठहराते हुए इसे बेकार करार दे दिया। हालांकि बुधवार को मीडिया से इस संबध में उठे एक सवाल के जवाब में सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने सफाई दी। उन्होंने कहा कि हम भगवान राम के विरोधी नहीं हैं। हम सब भगवान को मानते हैं।

वहीं, दूसरी ओर कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने रायबरेली में पार्टी नेता राहुल गांधी के बचाव में कहा कि भाजपा की ओर से ऐसी प्रतिक्रियाएं राहुल की छवि खराब करने को लेकर है। उन्होंने मीडिया प्रतिनिधियों से प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि, भाजपा धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद के बारे में बात करती है लेकिन लोगों से जुड़े वास्तविक मुद्दों के बारे में बात नहीं करती।



### कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन जैसा

लखनऊ : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि कांग्रेस द्वारा अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र कहा जाना अपने आप में हास्यास्पद है। वास्तव में यह अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़ी जातियों के प्रति, भारत की सनातन आस्था के प्रति अन्याय पत्र है। कांग्रेस का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग के नए वर्जन के जैसा है। देश के सबसे पुराने राजनीतिक दल का घोषणा पत्र मुस्लिम लीग का प्रतिनिधित्व करता हो, इससे ज्यादा शर्मनाक दूसरा कुछ और नहीं हो सकता। बुधवार को अलग-अलग जिलों में चुनाव प्रचार के लिए निकलने से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखनाथ में मीडिया से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा, देश को जाति, भाषा, क्षेत्र के आधार पर बांटने की कुचेष्टा कांग्रेस ने की थी। अपने घोषणा पत्र में कांग्रेस ने जिस प्रकार की बातों का उल्लेख किया है, यह भारत की सनातन आस्था पर प्रहार तो है ही, समाज में वर्ग संघर्ष की स्थिति को पैदा करने वाला है।

# मस्जिद के लिए चंदे की वसूली का मामला दर्ज

## अयोध्या में बननी है मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सोशल मीडिया पर बैंक खाते का नंबर जारी कर चंदा वसूलने का प्रयास
- इंडो इस्लामिक फाउंडेशन के ट्रस्टी एवं सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड अध्यक्ष ने दिया प्रार्थना-पत्र

अमृत विचार : अयोध्या में इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट की तरफ से निर्माण के लिए प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद की फोटो और बैंक अकाउंट की डिटेल सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल कर अवैध रूप से चंदा वसूलने की कोशिश करने के मामले में गौतमपल्ली थाने में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई।

गौतमपल्ली थाना अंतर्गत माल एवेन्यू निवासी इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ट्रस्ट के ट्रस्टी और सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ के अध्यक्ष अदम तहरीर ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया कि बुधवार सुबह 10:50 बजे ट्रस्ट के सचिव अतहर हुसैन ने उनके व्हाटसअप नंबर पर एक फोटो भेजी। उसमें ट्रस्ट की तरफ से प्रस्तावित मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद का चित्र बना था। इसके अलावा बैंक खाता संख्या-5556317689, आईएफएससी, सीबीआईएन 0282584, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया लिखा है। सचिव ने अदम को बताया कि उक्त फोटो अयोध्या के अरशद अफजाल खान ने भेजी है। यह पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। अदम के मुताबिक, मस्जिद के चित्र का दुरुपयोग कर चंदा एकत्रित करने की मंशा से बैंक अकाउंट खुलवाया गया है। जबकि उक्त ट्रस्ट का सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया में खाता नहीं है। इंस्पेक्टर गौतम पल्ली वेदप्रकाश राय के मुताबिक इस मामले में अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी और आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया है। सर्विलांस व अन्य माध्य से आरोपी की पहचान का प्रयास किया जा रहा है।

### प्रतिनिधिमंडल आईजी से मिला, सौंपा ज्ञापन

अमृत विचार, अयोध्या कार्यालय : चंदा वसूली के मामले में एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। सुन्नी सेंट्रल बोर्ड सब कमेटी अयोध्या के मो. आजम कादरी ने प्रतिनिधिमंडल के साथ बुधवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रवीण कुमार से उनके कार्यालय में मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। नियावां के फेडरल बैंक में खोले गए खाते के संबध में यहां रिपोर्ट दर्ज करवा जांच व कार्रवाई कराए जाने की मांग की। उन्होंने कहा कि इस काले धंधे में शामिल लोगों की पहचान व तत्काल संबंधित बैंक खातों को बंद कराना जरूरी है।

### इसलिए वायरल की गई पोस्ट

अदम तहरीर के मुताबिक, सर्वोच्च न्यायालय ने श्री राम जन्मभूमि और बाबरी मस्जिद के विवाद में पारित आदेश में जनपद आयोध्या में मस्जिद निर्माण के लिए 5 एकड़ की जमीन उप्र सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड लखनऊ को आवंटित की थी। इसी भूमि पर मोहम्मद बिन अब्दुल्लाह मस्जिद प्रस्तावित है। इसके चलते अज्ञात ने वसूली की मंशा से यह पोस्ट वायरल की।

# भाजपा ने परोसी महंगाई और बेरोजगारी : गुरदीप सप्पल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य गुरदीप सप्पल। अमृत विचार

अमृत विचार : कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य व पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के राजनीतिक सलाहकार गुरदीप सप्पल ने कहा कि पिछले 10 सालों में अच्छे दिन के बजाय भाजपा ने देश के सामने महंगाई व बेरोजगारी परोसी है। कांग्रेस शासन में हुए विकास कार्यों पर रोक लगा दी दी गई है। तीन चरणों के चुनाव में मोदी सरकार के खिलाफ जनता का गुस्सा स्पष्ट हो चुका है। सप्पल बुधवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि दस साल पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चुनावी अभियान में 'वन रैंक, वन पेंशन' की बात करते थे, वह अग्निवीर योजना के आ जाने के बाद 'नो रैंक, नो पेंशन' पर पहुंच गई है। दस साल पहले मोदी जिस कश्मीर नीति को पूरी दुनिया में अपनी सबसे बड़ी उपलब्धि बताते नहीं थकते थे, 10 साल बाद भाजपा कश्मीर में अपने उम्मीदवार चुनाव में उतारने तक से घबरा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' का नारा दिया था, पर भाजपा सरकार में बेटियों पर अत्याचार करने वाले भाजपा नेता बृजभूषण शरण सिंह और प्रज्वल रेवन्ना पर कार्रवाई करने की हिम्मत भाजपा नहीं कर पा रही है।

### अफजाल और नुसरत दोनों खरीदेंगे पर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : गाजीपुर संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में अफजाल अंसारी और उनकी बेटी नुसरत दोनों पर्चा खरीदने जा रहे हैं। सुनवाई के दौरान फैसला अफजाल के पक्ष में आने पर अफजाल स्वयं लड़ेंगे अन्यथा नुसरत को प्रत्याशी माना जाएगा। यह फैसला इंडी गठबंधन के शीर्ष नेतृत्व ने भी लिया है।

गौरतलब हो कि अफजाल अंसारी की सजा पर इलाहाबाद हाईकोर्ट 13 मई को सुनवाई करेगा। ऐसी स्थिति में फैसला उनके पक्ष में भी आ सकता है और विपक्ष में भी। इसी को ध्यान में रखते हुए इंडी गठबंधन ने दोनों को पर्चा खरीदने का निर्देश दिया है। अफजाल स्वयं भी इस पक्ष में थे कि उनके अलावा बेटी भी पर्चा खरीदे। उधर, नुसरत लगातार अपने पक्ष में चुनाव प्रचार भी कर रही हैं। भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ वह समर्थकों के साथ गांव-गांव पहुंचकर अपने पक्ष में वोट मांग रही हैं।

# प्रदेश अध्यक्ष बदला तो राष्ट्रीय अध्यक्ष क्यों नहीं : बृजलाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कहा, सपा ने बताया था कि स्वयं के चुनाव में व्यस्त होने के कारण प्रदेश अध्यक्ष को हटाया



राज्यसभा सदस्य बृजलाल।

अमृत विचार : राज्यसभा सदस्य बृजलाल ने कहा कि तीन चरणों के मतदान के बाद स्पष्ट हो गया है कि देश में भाजपा और एनडीए गठबंधन प्रचंड बहुमत के साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाने जा रहा है। बृजलाल बुधवार को भाजपा मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि सपा की हालत इतनी खराब है कि पार्टी ने अचानक प्रदेश अध्यक्ष बदल दिया। सपा द्वारा बताया गया कि प्रदेश अध्यक्ष अब अपने चुनाव में व्यस्त हैं, इसलिए उन्हें क्षेत्र भेजा गया। ऐसे में राष्ट्रीय अध्यक्ष भी तो चुनाव लड़ रहे हैं। वह पद पर क्यों विद्यमान हैं। कहा कि आम जनमानस में भाजपा के प्रति व्यापक जनसमर्थन है। इसलिए विपक्षी गठबंधन के नेता हताश और निराश हैं और अनर्गल प्रलाप कर रहे हैं। बृजलाल ने कहा कि भाजपा को समाज के सभी वर्गों का समर्थन मिल रहा है, इससे विपक्षी भी हताश और निराश हैं। कहा कि इंडी अलायंस के नेताओं ने पहले चुनाव को मजहबी रंग देने का काम किया। अब वे जाति और रंग के आधार पर समाज को बांटने का काम कर रहे हैं।

# आरओ-एआरओ पेपर लीक मामले में 25 और नाम सामने आए

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से हैं शामिल, ट्रेस की जा रही लोकेशन, गिरफ्तारी जल्द

अमृत विचार : आरओ-एआरओ परीक्षा और सिपाही भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक करने वाले 25 और शातिर एसटीएफ की रडार पर हैं। तफ्तीश के दौरान पता चला है कि ये लोग प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रश्नपत्र लीक कराने वालों के रैकेट में शामिल थे।

गौरतलब हो कि एसटीएफ और उप्र. पुलिस की टीम ने पेपर लीक कराने में शामिल 196 शातिरों को अब तक गिरफ्तार कर चुकी है। इनसे हुई पूछताछ के दौरान 25 उन शातिरों के नाम सामने आए हैं, जो इस प्रश्नपत्र लीक कांड से जुड़े हुए थे। एसटीएफ इन आरोपियों की लोकेशन ट्रेस कर रही है। इसके अलावा सक्रिय 29 गिरोहों का पता लगाकर कार्रवाई शुरू की है।

### ईडी भी करेगी जांच

उधर, प्रवर्तन निदेशालय भी इस प्रकरण की जांच करने जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक, ईडी ने मामला भी दर्ज कर लिया है। जल्द ही निदेशालय के अधिकारी एसटीएफ से अभिलेख प्राप्त करेंगे। ईडी सूत्रों के मुताबिक, दोनों परीक्षाओं से जुड़े 16 मास्टरमाइंड पर ईडी की विशेष नजर है।

### बारिश-ओलावृष्टि से तबाह 14 हजार किसानों को मिली क्षतिपूर्ति

अमृत विचार, लखनऊ : अमृत विचार में लगातार मुद्दा उठने पर प्रदेश में रबी फसलों के व्यक्तिगत दावों का बीमा कंपनियों ने भुगतान कर दिया है। करीब 14 हजार किसानों को फसल क्षतिपूर्ति के 18 करोड़ रुपये मिले हैं। जो कंपनियां बचाने में लगी थीं। इसमें ज्यादा क्लेम महोबा के किसानों को मिला है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बीमित रबी की फसल गेहूं, आलू, सरसों, जौं, मटर, सरसों, मसूर आदि 2 व 3 मार्च को बारिश और ओलावृष्टि से बर्बाद हो गईं थी। किसानों ने टोल-फ्री नंबर पर कॉल कर क्षतिपूर्ति के लिए व्यक्तिगत दावा किया था। लेकिन, क्लेम बचाने के चक्कर में कंपनियों ने तय समय पर प्रक्रिया पूरी नहीं की और भुगतान से बचती रहीं।

# 7वां चरण : 14 प्रत्याशियों ने दाखिल किया नामांकन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश में 7वें चरण के चुनाव में बुधवार को 14 लोकसभा प्रत्याशियों ने नामांकन किया। इस चरण में 14 मई नामांकन की अंतिम तारीख है। एक जून को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि महराजगंज में एक, गोरखपुर में दो, कुशीनगर में एक, देवरिया में दो, घोसी में दो, सलेमपुर में एक, गाजीपुर में एक, चंदौली में एक, वाराणसी में दो व मिर्जापुर में एक प्रत्याशी ने नामांकन किया। उन्होंने बताया कि लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अब तक कुल 19 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया। महराजगंज सीट के लिए निर्दलीय प्रत्याशी छेदी मजदूर ने नामांकन किया। गोरखपुर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए अल-हिन्द पार्टी से श्रीराम प्रसाद व निर्दलीय प्रत्याशी में राधेश्याम सेहरा ने नामांकन किया। कुशीनगर सीट के लिए अपना दल यूनाइटेड पार्टी से अमीरूद्दीन ने नामांकन किया। देवरिया क्षेत्र के लिए जनता समता पार्टी से मुक्तिनाथ सिंह व निर्दलीय प्रत्याशी हरिकेश ने नामांकन किया। घोसी क्षेत्र के लिए बहुजन समाज पार्टी से बाल कृष्ण व जनराज्य पार्टी से राम नरेश यादव ने नामांकन किया। सलेमपुर क्षेत्र के लिए भारतीय जनता पार्टी से रवीन्द्र ने नामांकन किया।

# 75 सरकारी अस्पतालों से मोबाइल फोन पर मिलने लगी खून की जांच रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : प्रदेश के 75 सरकारी अस्पतालों से मरीजों को उनके मोबाइल फोन पर खून की जांच रिपोर्ट दी जाने लगी है। जल्द ही शेष करीब 275 अस्पतालों में यह सुविधा शुरू कर दी जाएगी। अब मरीजों को जांच रिपोर्ट के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ.बृजेश राठौर के मुताबिक राजधानी के बलरामपुर अस्पताल, लोकबंधु, सिविल अस्पताल, झलकारी बाई, रानी लक्ष्मी बाई अस्पताल, ठाकुरगंज जिला अस्पताल और राम सागर मिश्रा अस्पताल में मरीजों को ऑनलाइन जांच रिपोर्ट दी जा रही है। पूर्वी उप्र. में प्रयागराज व वाराणसी के चार-चार अस्पताल, अयोध्या व बस्ती के तीन-तीन, बलरामपुर, मऊ व बाराबंकी के दो-दो, आजमगढ़, बलिया, गोण्डा, जौनपुर, कुशीनगर, भदोही, चंदौली, रायबरेली, संतकबीरनगर, श्रावस्ती और सीतापुर के एक-एक अस्पताल में भी ऑनलाइन जांच रिपोर्ट भेजने की शुरूआत हो चुकी है।

इसी तरह मध्य उप्र. में कानपुर व महोबा के दो-दो, उन्नाव, उरई व मैनपुरी के एक-एक अस्पताल में यह सुविधा काम कर रही है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में गाजियाबाद व रामपुर के तीन-तीन, बरेली, इटावा, आगरा, फर्रुखाबाद, हाथरस, मुजफ्फरनगर, ललितपुर, मुरादाबाद के दो-दो और सीतापुर, अमरोहा, बदायूं, बिजनौर, कन्नौज, पीलीभीत, बुलंदशहर, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर के एक-एक अस्पताल में मोबाइल पर रिपोर्ट भेजने की सुविधा मरीजों को मिल रही है।

## वर्ग पहेली-64

**बाएं से दाएं**

2.1. जो भारी न हो, हलका 2. जिसने गुरु से उपदेश या शिक्षा न पाई हो 3. (छंदशास्त्र) मात्रा या वर्ण जो लघु हो।

4.1. भेद-प्रभेद 2. पार्थक्य, अलगाव, फूट 3. अंतर, प्रकार 4. खंड, विभाग 5. एक से विकसित होकर अनेक रूप बनना 6. विशेष रूप से किया गया भेद या अलगाव, (डिस्क्रिमिनेशन)।

6.1. अविचल होने की अवस्था या भाव 2. दृढ़ता, अटलता, अडिगपन 2. स्थिरचित्तता, निश्चिंतता 3. स्थिरता।

8.1. हाथ से बजाई जाने वाली ताली, थपोड़ी 2. कर-ताल।

**ऊपर से नीचे**

1.1. प्रकट या प्रत्यक्ष होने की क्रिया अवस्था या भाव 2. आविर्भाव, अवतार 3. ज़ाहिर होना 4. उत्पत्ति, पैदाइश।

2.1. अभेद या एकता स्थापित करने वाला 2. समान भाव से रहने वाला। 3. दे. गुदा।

5.1. याद आना, याद करना, हाल-चाल जानना 2. स्मरण होना।

6.1. एक प्रकार का धारीदार चिकना कागज़ 2. एक प्रकार का पीला पत्थर 3. एक प्रकार की लाख की रंगाई।

7.1. धातु से तैयार की गई पतली डोरी, तंतु 2. समाचार को तीव्र गति से प्रेषित करने का माध्यम, (टेलिग्राफ़) 3. तार द्वारा भेजी गई सूचना, (टेलिग्राम) 4. सूत, तागा। (मु.)-तार कर देना : टुकड़े-टुकड़े कर देना, छिन्न-भिन्न कर देना।

### वर्ग पहेली -63 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 रु | ■ | ■ | 2 प | ■ | ■ | ■ |
| टी | ■ | 3 प | र | लो | क | ■ |
| न | ■ | 4 से | व | ■ | ■ | 5 सा |
| ■ | 6 ओ | व | र | हॉ | लिं | ग |
| 7 धु | री | ■ | दि | ■ | ■ | वा |
| ■ | ■ | ■ | गा | ■ | ■ | न |
| 8 बा | र | ब | र | दा | र | ■ |

## सुडोकू -143

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | | | 2 | | |
| 3 | | | | 2 | | | | |
| 2 | | | 5 | 6 | | | | |
| | 8 | | 9 | | 7 | | | |
| | 9 | | | | | | 7 | |
| | 2 | | 3 | | 4 | | | |
| | | 4 | | 9 | 3 | | | |
| | | 6 | | 7 | | | | |
| | | 2 | | | | 1 | | |

### सुडोकू -142 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 6 | 7 | 4 | 5 | 1 | 8 | 3 |
| 4 | 7 | 8 | 2 | 1 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 2 | 4 |
| 7 | 4 | 9 | 3 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 |
| 8 | 6 | 1 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 5 | 6 | 8 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 5 | 9 | 2 | 4 | 3 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 6 | 1 | 4 | 8 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 3 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 2 | 4 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 9 मई गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-प्रतिपदा 06.21 तक तत्पश्चात द्वितीया 10 मई 04.17 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-दक्षिण। ऋतु-ग्रीष्म। चन्द्रबल-वृषभ, कर्क, सिंह, वृश्चिक, धनु, मीन। ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-कृत्तिका 11.55 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** — आज आपकी वाणी से लोग आकर्षित रहेंगे। विरोधी भी आपके साथ अच्छा व्यवहार रखेंगे। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा। निजी रिश्तों में शंका को लाने से बचें। जोखिम भरे निवेश के कारण आपको नुकसान हो सकता है।

**वृष** — आज आपके द्वारा किए गए कार्यों और योगदान की लोग प्रशंसा करेंगे। आप जीवनसाथी के साथ खुशियों के पलों का आनंद लेंगे। व्यवसाय में अपेक्षा से अधिक धन लाभ होगा। महंगे इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और आभूषणों के आप शौकीन रहेंगे।

**मिथुन** — आज व्यापार में आप कुछ त्वरित निर्णय ले सकते हैं। नए कार्यों में आपको नुकसान होगा। भोग में आप धन खर्च करेंगे। आपके शत्रु इस समय सक्रिय हो सकते हैं। बातचीत के दौरान शब्दों का चयन सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज व्यापार में बड़े अनुबंध हो सकते हैं। प्रेमी जोड़े काफी अच्छा समय व्यतीत करेंगे। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार आएगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद उठाएंगे। आपके घर में मित्रों का आगमन हो सकता है। दांपत्य संबंधों में सुख का अनुभव करेंगे।

**सिंह** — आज महिलाएं अपनी गृहस्थी के कार्यों में लगी रहेंगी। संतान की सफलता से हर्षित होंगे। जल्दबाजी के किए गए कार्यों में गड़बड़ियां हो सकती है। आपका मन काफी प्रसन्न रहेगा। परिवार और कारोबार में आपको संतुलन बनाकर रखना होगा।

**कन्या** — आज मन में किसी गंभीर विषय को जानने की लालसा रहेगी। लोग स्वार्थ वर्ष आपकी चापलूसी करने में लगे रहेंगे। व्यवसाय को लेकर यात्रा हो सकती है। रुके हुए कार्यों में तरक्की होने से आप प्रसन्न रहेंगे।

**तुला** — आज अचानक बड़े खर्चे सामने आ सकते हैं। महत्वपूर्ण पेपरवर्क्स को बेहद सावधानी पूर्वक करें। आपकी छोटी सी लापरवाही के कारण आपको बड़ा नुकसान हो सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर थोड़े असमंजस की स्थिति में रहेंगे।

**वृश्चिक** — आज विद्यार्थियों को शिक्षकों का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त होगा। घर में रिश्तेदारों का आना-जाना लगा रहेगा। प्रेम विवाह को लेकर परिवार में सहमति बन सकती है। व्यापार में विस्तार करने के मौके मिलेंगे। दांपत्य जीवन काफी रोमांटिक रहेगा।

**धनु** — आज जीवनसाथी की भावनाओं का ध्यान रखें। आपके व्यवहार से लोग प्रभावित रहेंगे। विदेश से जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। नए काम की प्लानिंग कर सकते हैं। जरूरतमंद लोगों की आप मदद करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**मकर** — आज आपको पुराने अनुभवों का लाभ प्राप्त होगा। प्रेमीजन से अपने दिल की बात कह सकते हैं। किसी पर्यटन यात्रा के लिए जा सकते हैं। आप आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। कारोबार में अच्छी ब्रान्डिंग करने में सफल रहेंगे।

**कुंभ** — आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। आप दूसरों की मदद करने के लिए धन खर्च कर सकते हैं। लोग आपके ऊपर मिथ्या आरोप लगा सकते हैं। आप जिस काम के लिए पूरी तरह निश्चित न हों तो तब तक उससे दूरी बनाकर रखें।

**मीन** — आज आप अपनी योग्यता के प्रदर्शन से आलोचकों को चौंका सकते हैं जिसके कारण आप उतनी ही शीघ्रता से काम पूरा भी कर लेंगे। आप अपने गृहकार्यों को काफी महत्व देंगे। मानसिक रूप से काफी मजबूत रहेंगे। अपने मन की बातें दूसरों से तुरंत शेयर न करें।

## आज की फिल्में

B4U Movies — सिक्का सुबह : 10.06; तकदीर का तमाशा रात : 07.00

&pictures — सैंडविच सुबह : 10.43; होटल मुंबई रात : 08.00

Sony Pix — स्टुअर्ट लिटिल सुबह : 10.21; 300 रात : 09.12

Zee Cinema — डोर सुबह : 11.30; प्रेम कहानी रात : 07.20

Colors Cineplex — यू मी और हम सुबह : 11.01; चलते चलते रात : 09.17

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए
पति "भूत" बना और बीवी बनी "चुड़ैल"
कुछ समय बाद दोनों मिले
बीवी- कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति- पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

संजू अपनी गर्लफ्रेंड के पिता से मिलने गया
लड़की का पिता- मैं नहीं चाहता कि मेरी बेटी अपनी पूरी जिंदगी एक मूर्ख इंसान के साथ गुजारे।
संजू- बस अंकल, इसीलिए तो मैं उसे यहां से ले जाने आया हूं दे जूते दे चप्पल...

## मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 990 फ्लैग 1105 डीएमओ 880 बोल्ड 1155, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 990 फ्लैग 1100 बोल्ड 1135 डीएमओ 885।

## लखनऊ मंडी

| | |
|---|---|
| **अनाज (प्रति क्वि.)-** | |
| गेहूं (आरआर 21) | 2360-2800 |
| गेहूं (के 65) | 3500-3800 |
| बाजरा | 2200-2300 |
| मक्का | 2700-2800 |
| जौ | 2900-3000 |
| **चावल (प्रति क्वि.)** | |
| चावल सेल्हा | 2800-3100 |
| चावल बासमती | 7000-8000 |
| चावल मोटा | 2800-3000 |
| चावल मन्सूरी | 3200-3500 |
| चावल शक्कर चीनी | 4800-5200 |
| चावल गोल्डन सेल्हा | 5600-8600 |
| चावल राजरानी | 7000-7500 |
| **दाल दलहन** | |
| चना देशी | 6800-7000 |
| चना फार्मी | 7200-7500 |
| चना काबली | 14500-17000 |
| मटर हरा | 6000-6200 |
| मटर सफेद | 6100-6500 |
| दाल चना | 8000-8400 |
| दाल मटर | 6400-6500 |
| उड़द हरा | 12000-12500 |
| उड़द काला | 9000-9500 |
| दाल उड़द हरी | 15500-16000 |
| दाल उड़द काली | 10500-11000 |
| दाल उड़द धोवा | 12000-12500 |
| मूंग खड़ा | 10000-10500 |
| मूंग दाल | 10500-11000 |
| मूंग धोवा | 12000-1300 |
| मसूर | 8800-9000 |
| मलका | 9000-9500 |
| दाल अरहर फूल | 16000-17000 |
| दाल स्पेशल | 13000-14000 |
| राज्मा सफेद | 13000-14000 |
| राज्मा काला | 11500-12500 |
| मूंगफली का दाना | 11000-12000 |
| **तेल तिलहन** | |
| अलसी | 5310-5510 |
| लाही | 4800-5200 |
| काली सरसों | 4900-5300 |
| पीली सरसों | 5600-5800 रुपये। |


### सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट जारी करके कही बात...

# एआई से सेवा पेशेवरों की होती समय की बचत

**बेंगलुरू, एजेंसी**

आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) के बढ़ते उपयोग के बीच सेवा क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों का कहना है कि इससे समय की बचत के साथ ही दक्षता और ग्राहक संतुष्टि में भी सुधार हो रहा है। सेल्सफोर्स ने अपनी नई स्टेट ऑफ सर्विस रिपोर्ट में यह बात कही है। इस रिपोर्ट में 30 देशों में 5,500 सेवा पेशेवरों के बारे में सर्वे के परिणाम दिए गए हैं, जिनमें भारत के 300 पेशेवार शामिल हैं।

इस रिपोर्ट में ग्राहक सेवा का निर्धारण करने वाली प्राथमिकताओं, चुनौतियों और रणनीतियों को शामिल किया गया है, जिनमें यह भी शामिल है कि सर्विस टीमें ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं के बीच अपना



राजस्व, एफिशियंसी और ग्राहक संतुष्टि बढ़ाने के लिए किस प्रकार एआई और डेटा का उपयोग कर रही हैं। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि संगठन एफिशियंसी बढ़ाने के लिए एआई का उपयोग कर रहे हैं। क्वालिटी से समझौता किए बिना सेवा में सुधार के लिए संगठन एआई के उपयोग की तरफ ज्यादा झुक रहे हैं। इसमें कहा गया है कि भारत में 73 प्रतिशत सेवा संगठन एआई का उपयोग या आकलन कर रहे हैं। देश में 93 प्रतिशत सेवा संगठन इस साल एआई में निवेश बढ़ाना चाहते हैं। भारत में सेवा के लिए एआई के उपयोग के सर्वोच्च 3 मामले हैं, ऑटोमेटेड सारांश और रिपोर्ट, बेहतर ऑफर एवं परामर्श, ज्ञानपूर्ण लेख की रचना। इसमें कहा गया है कि भारत में एआई का उपयोग करने वाले 94 प्रतिशत सेवा पेशेवरों ने कहा कि इससे उनका समय बचता है। सेवा संगठनों ने राजस्व निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया। सेवा को लागत केंद्र के रूप में राजस्व निर्माता के रूप में देखने का चलन बढ़ रहा है, और सेवा टीमें विस्तार के लिए निवेश कर रही हैं। देश में 79 प्रतिशत संगठनों को उम्मीद है कि इस साल उनके राजस्व में सेवा का योगदान ज्यादा रहेगा। भारत में 85 प्रतिशत सेवा संगठनों को इस साल ज्यादा बजट की उम्मीद है।

### ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रहीं हैं : अरुण

सेल्सफोर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सेल्स) अरुण कुमार परमेश्वरन ने कहा- ग्राहकों की अपेक्षाएं लगातार बढ़ रही हैं। एआई के फायदे साफ दिख रहे हैं, जिनमें ज्यादा उत्पादकता, कीमतों में कमी, और बेहतर ग्राहक अनुभव शामिल हैं। संगठन डेटा क्षमताओं और ऑटोमेशन की परिपक्वता बढ़ाकर गुणवत्ता और स्पीड के साथ सेवा प्रदान करने में बेहतर संतुलन बनाने में समर्थ हो रहे हैं। एआई और डेटा से अगले स्तर का ग्राहक अनुभव मिल रहा है, और एआई विभिन्न उपयोगों में कारगर साबित हो रहा है, तथा राजस्व निर्माण के अवसर उत्पन्न करके ग्राहकों को अतुलनीय मूल्य प्रदान कर रहा है।

## रेलवे ने प्रतिदिन 7.41 किमी की दर से बिछाई पटरियां

**नई दिल्ली।** भारतीय रेलवे ने पिछले 10 साल में औसतन 7.41 किलोमीटर प्रतिदिन की दर से पटरियां बिछाई हैं जिनमें नई लाइन के निर्माण के साथ-साथ मौजूदा लाइन का दोहरीकरण, तिहरीकरण और आमान परिवर्तन शामिल है। रेलवे ने सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में यह जानकारी दी। मंत्रालय की ओर से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, उसने 2014-15 से 2023-24 तक 10 वर्षों में कुल 27057.7 किलोमीटर रेल की पटरियां बिछाई हैं। आवेदन दायर करने वाले मध्य प्रदेश निवासी चंद्रशेखर गौड़ ने कहा कि जब मैंने आंकड़ों की गणना की, तो पता चला कि 10 वर्षों में प्रतिदिन औसतन करीब 7.41 किलोमीटर की दर से पटरियां बिछाने का काम किया गया।

# मोदी शासन में पीएसयू परेशान नहीं बल्कि फल-फूल रहे : सीतारमण

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- कांग्रेस पार्टी के आरोपों पर वित्त मंत्री ने दिया जवाब

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नीत संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के दौरान सार्वजनिक उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा था। उन्होंने कहा कि पहले उपेक्षित रहे हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) जैसे उपक्रमों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत सरकार के दौरान ''पुनरुत्थान'' हुआ।

कांग्रेस पार्टी तथा उसके नेता राहुल गांधी के सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के परेशानी झेलने के आरोपों का खंडन करते हुए सीतारमण ने कहा कि यह ''उल्टा चोर कोतवाल को डांटे'' जैसा है। मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम (पीएसयू) फल-फूल रहे



हैं, तथा उन्हें बढ़ी हुई परिचालन स्वतंत्रता के साथ-साथ उनमें पेशेवर संस्कृति का संचार हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नीत संप्रग सरकार के दौरान सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों को नुकसान उठाना पड़ा। हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड जैसे सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम जो पहले संप्रग सरकार के दौरान उपेक्षित थे, मोदी सरकार के दौरान फिर से खड़े हुए। सीतारमण ने कहा कि कांग्रेस और खासकर राहुल गलत आरोप लगा रहे हैं।

## सर्राफा

**कानपुर**

| | |
|---|---|
| चॉदी 999 (प्रति किलो) | 83,850 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 85,000 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 90,000 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 73,300 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 54,600-54,800 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 71,450 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 71,300 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42, 500 |
| चांदी (999) | 82,500 |
| चांदी तैयार | 82,600 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 71,000 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 70,000 |
| चांदी पक्की | 815 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 71,450 |
| चांदी आभूषण | 82,100। |

## सेबी ने भ्रष्ट गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए कड़े किए नियम

**नई दिल्ली।** पूंजी बाजार नियामक सेबी ने अपने कर्मचारियों की गड़बड़ी और भ्रष्ट गतिविधियों से निपटने के लिए नियम सख्त कर दिये हैं। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने इसके लिए अपने कर्मचारियों की सेवाओं को नियंत्रित करने वाले नियमों में संशोधन किया है। इसके तहत एक सक्षम प्राधिकार कानून के तहत सेबी को होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई के लिए सीधे तौर पर संबंधित कर्मचारी से राशि की वसूली कर सकता है। यह राशि कर्मचारियों के वेतन और उसे मिलने वाली अन्य रकम से ली जा सकती है।

# 10 जिलों में बिकी 26,828 एमटी अधिक यूरिया, जांच के निर्देश

**विशेष**

**लापरवाही**

- कन्नौज, फर्रुखाबाद, कासगंज सहारनपुर, पीलीभीत, लखीमपुर बदायूं में बिक्री संदिग्ध
- जायद में पिछले वर्ष 35 दिन में 97,811 एमटी और इस वर्ष 1.24 लाख एमटी बिक्री

**प्रशांत सक्सेना, लखनऊ**

**अमृत विचार :** प्रदेश के 10 जिलों में जायद फसल के दौरान 1 अप्रैल से 5 मई तक अनुमान से अधिक यूरिया बिक गई। कृषि निदेशालय ने इसे संदिग्ध मानकर संबंधित जिला कृषि अधिकारी को अधिक यूरिया बेचने वाले फुटकर विक्रेताओं की जांच कर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

कृषि विज्ञानियों की मानें तो जायद फसल मार्च से मई तक होती है। इसमें मक्का, उड़द, मूंग व ज्यादातर सब्जियां बोई जाती हैं। मक्का को छोड़कर बाकी जायद फसलों में यूरिया का इस्तेमाल कम होता है। जायद मक्का भी कन्नौज, फर्रुखाबाद समेत आलू बेल्ट में ज्यादा होती है। जहां, आलू की फसल के बाद मक्का करने पर यूरिया कम मात्रा में लगती है।



इसके बावजूद विभागीय आंकड़ों के अनुसार बिजनौर, कन्नौज, कासगंज, सहारनपुर, फर्रुखाबाद, पीलीभीत, लखीमपुर खीरी, बदायूं, मुजफ्फरनगर व मेरठ में 1 अप्रैल से 5 मई तक 1,24,639 मीट्रिक टन यूरिया बिकी। पिछले वर्ष इन 35 दिन के अंतराल में इन जिलों में 97,811 मीट्रिक टन यूरिया की बिक्री हुई थी। इस वर्ष 26,828 मीट्रिक टन अधिक यूरिया बिकी। हालांकि विभाग इसका कारण खेती का क्षेत्रफल बढ़ना बता रहा है। लेकिन, हकीकत जांच में पता चलेगी।

**खरीफ के लिए यूरिया डंप करने की आशंका:** जायद में यूरिया की खपत और बिक्री कम होती है। कालाबाजारी करने वाले इस सीजन का फायदा उठाकर खरीफ व रबी फसल के लिए यूरिया डंप कर लेते हैं। खेतों में इस्तेमाल होने वाली यूरिया नीमकोटेड होती है और अनुदान काटकर सस्ती पड़ती है। इसका इस्तेमाल फैक्ट्रियों में प्लाई बोर्ड, पेंट, पशु आहार आदि बनाने में भी किया जाता है। जबकि फैक्ट्रियों में कॉमर्शियल टेक्निकल ग्रेड यूरिया मान्य है। जो काफी महंगी मिलती है और नीमकोटेड खरीदने पर दो हजार रुपये तक बचते हैं। इस तरह के मामले पूर्व में पकड़े भी गए हैं।

इस मामले को लेकर संयुक्त कृषि निदेशक (उर्वरक) अनिल कुमार पाठक ने बताया कि यह नियमित समीक्षा है जो हर माह करते हैं। अधिक यूरिया की बिक्री होना जिलों में खेती का क्षेत्रफल बढ़ना है। फिर भी जांच के निर्देश दिए हैं कि कहीं अंसतुलित मात्रा में यूरिया का प्रयोग तो नहीं हुआ है।


## राष्ट्रीय

# शहजादे ने अंबानी-अडाणी से कितना माल उठाया: मोदी

### हैदराबाद में प्रधानमंत्री ने राहुल गांधी का नाम लिए बगैर दाल में कुछ काला होने की जताई आशंका

**हैदराबाद, एजेंसी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को आरोप लगाया कि पिछले पांच सालों से सुबह उठते ही 'अंबानी और अडाणी के नाम की माला जपने वाले कांग्रेस के शहजादे' ने उनसे 'कितना माल उठाया' है जो लोकसभा चुनाव घोषित होते ही उन्होंने उन्हें 'गाली देना' बंद कर दिया। उन्होंने पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल का नाम लिए बगैर 'दाल में कुछ काला' होने की आशंका जताई कि कोई न कोई 'चोरी का माल टेम्पो भर-भर के 'आपने पाया है' और उन्हें देश को इसका जवाब देना पड़ेगा। हैदराबाद से करीब 150 किलोमीटर दूर वेमुलावाड़ा में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने यह दावा भी किया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तेलंगाना में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान हाथ हिलाकर जनता का अभिवादन करते हुए। • एजेंसी

कि देश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण के बाद कांग्रेस और उसके 'इंडी' गठबंधन के घटक दलों का तीसरा 'फ्यूज' उड़ गया है।

उन्होंने कहा कि मतदान के चार चरण शेष हैं और जनता के आशीर्वाद से भाजपा और राजग जीत की ओर बढ़ रहा है। मोदी ने कहा-आपने देखा होगा। कि कांग्रेस के शहजादे (राहुल गांधी की ओर इशारा करते हुए) पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे। लेकिन जब से उनका राफेल वाला मामला ग्राउंडड हो गया तब से एक नई माला जपना शुरु किया। पांच साल से एक ही माला जपते थे।

### मोदी ने मित्रों पर ही हमला शुरू किया : खरगे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को दावा किया कि देश में तीन चरणों के चुनाव के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुर्सी डगमगा रही है और उन्होंने अपने ही मित्रों पर हमला शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि यह चुनाव परिणामों के 'असली रुझान' को दर्शाता है। खरगे ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा-वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा! तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं। इससे पता चल रहा है कि मोदी जी की कुर्सी डगमगा रही है। यही परिणाम के वास्तविक रुझान हैं। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने तेलंगाना में एक रैली में कहा था कि कांग्रेस को बताना चाहिए कि उसने 'अंबानी-अडाणी' मुद्दा उठाना क्यों बंद कर दिया है मोदी ने कहा-आपने देखा होगा कि कांग्रेस के शहजादे पिछले पांच साल से सुबह उठते ही माला जपना शुरु करते थे... पांच साल से एक ही माला जपते थे। इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया।



नादिया (पश्चिम बंगाल) जिले के शांतिपुर में नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती के जश्न के दौरान छात्राओं ने मनमोहक नाटिका का प्रदर्शन कर दर्शकों का मोह लिया मन। • एजेंसी

## एक नजर

### कोचिंग क्लास संचालक से 1.88 करोड़ की ठगी

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में 48 वर्षीय कोचिंग क्लास संचालक के साथ शेयर ट्रेडिंग की आड़ में 1.88 करोड़ रुपये से अधिक की ठगी की गई। पीड़ित को एक व्हाट्सएप ग्रुप का सदस्य बनाकर यह धोखाधड़ी की गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने कहा कि शिकायतकर्ता के अनुसार, एक अज्ञात व्यक्ति ने उसे मार्च में व्हाट्सएप ग्रुप 'स्टॉक वैनगार्ड (एफ)' में जोड़ा था। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि व्हाट्सएप ग्रुप में 170 सदस्य थे और शेयर बाजार से संबंधित जानकारियां ग्रुप में डाली जाती थीं।

### देह व्यापार का भंडाफोड़ 10 आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** हरियाणा की गुरुग्राम पुलिस और सीएम फ्लाइंग ने बुधवार को एक होटल की आड़ में चल रहे देह व्यापार गिरोह का भंडाफोड़ कर विदेशी महिलाओं सहित 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया सेक्टर-57 क्षेत्र में होटल की आड़ में रेट फिक्स करके देशी और विदेशी महिलाओं से देह व्यापार कराने की पुष्टि करने के लिए अपने बोगस ग्राहक होटल में भेजे गए। पुलिस टीम द्वारा भेजे गए बोगस ग्रहाक ने होटल में जाकर रेट फिक्स किया और देह-व्यापार धंधे का भंडाफोड़ किया।

# 20 लाख मरीजों का डेटा चोरी क्रिप्टोकरेंसी में मांगी गई फिरौती

**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी**

**आरसीसी साइबर हमला**

भारत में साइबर हमलों की सबसे बड़ी घटनाओं में से एक के तहत यहां क्षेत्रीय कैंसर केंद्र (आरसीसी) के 20 लाख रोगियों के विवरण से छेड़छाड़ की गई, जिससे 14 में से 11 सर्वर प्रभावित हुए और विकिरण विभाग सहित कई प्रभागों में व्यवधान उत्पन्न हुआ।

सूत्रों ने बताया कि हमले ने 20 लाख से अधिक मरीजों की स्वास्थ्य से जुड़ी जानकारियां जुरायी गयी और क्रिप्टोकरेंसी में फिरौती की मांग की। कथित तौर पर कोरियाई-आधारित साइबर अपराधियों ने आरसीसी के डेटा स्रोत में सफलतापूर्वक घुसपैठ की और 80 लाख से अधिक मरीजों की संवेदनशील जानकारियां निकालीं और 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर की फिरौतीफिरौती की मांग की। सूत्रों ने कहा-तिरुवनंतपुरम में आरसीसी के विकिरण विभाग पर साइबर हमला 30 अप्रैल, 2024 को हुआ था। यह एक राज्य के स्वामित्व वाला प्रीमियम कैंसर देखभाल अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र है, जो पूरे भारत के रोगियों की सेवा करता है। हमले ने विकिरण उपचार के लिए उपयोग किए जाने वाले सॉफ़्टवेयर को लक्षित किया। मरीजों को विकिरण



देने वाला सॉफ्टवेयर हैक कर लिया गया था। हमले के लिए जिम्मेदार समूह को डाइक्सिन टीम के नाम से जाना जाता है।

सूत्रों के अनुसार 20 लाख से अधिक लोगों की स्वास्थ्य संबंधी जानकारी संग्रहीत करने वाले दो प्रमुख सर्वरों हैक किया गया था। लाखों मरीजों के सर्जिकल, रेडिएशन और पैथोलॉजी परिणाम वाले सर्वर पर हमला किया गया था। हमले ने मरीजों के इलाज और अनुवर्ती जांच को नुकसान पहुंचाया। मरीजों को गलत विकिरण खुराक मिल सकती थी, जिससे जीवन के लिए खतरा पैदा हो सकता था। हैकर्स ने जिम्मेदारी ली और विदेश से एक ईमेल भेजा। उन्होंने अरबों रुपये की क्रिप्टोकरेंसी की मांग की। हमले के बाद से विकिरण उपचार रोक दिया गया है और आने वाले दिनों में फिर से शुरू होने की उम्मीद है।

# नफे सिंह राठी हत्याकांड की जांच करेगी सीबीआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**

- हरियाणा सरकार की सिफारिश पर दर्ज किया गया मामला

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दिल्ली के समीप बहादुरगढ़ में फरवरी में अज्ञात बंदूकधारियों द्वारा की गई इंडियन नेशनल लोकदल (इनेलो) की हरियाणा इकाई के अध्यक्ष नफे सिंह राठी एवं एक पार्टी कार्यकर्ता की हत्या की जांच अपने हाथों में ले ली। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

इस हमले में राठी के तीन निजी सुरक्षाकर्मी भी घायल हो गए थे। हमलावरों ने पूर्व विधायक राठी की गाड़ी पर गोलीबारी की थी। अधिकारियों ने बताया कि हरियाणा सरकार की सिफारिश पर सीबीआई ने इस संबंध में फिर से यह मामला दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि 26 अप्रैल की एक अधिसूचना के मार्फत केंद्र द्वारा यह मामला सीबीआई के पास भेजी गयी थी। अधिकारियों के मुताबिक सीबीआई ने इस मामले में पूर्व भाजपा विधायक नरेश कौशिक समेत सात आरोपियों को नामजद किया है। अन्य छह आरोपी करमबीर राठी, रमेश राठी, सतीश राठी, गौरव राठी, राहुल एवं कमल हैं। अधिकारियों ने बताया कि इस मामले में आपराधिक साजिश, हत्या तथा भादंसं की अन्य संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है।

# औरंगाबाद और उस्मानाबाद के नाम बदलने के निर्णय के विरुद्ध दायर याचिकाएं खारिज

**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने औरंगाबाद जिले का नाम बदलकर छत्रपति संभाजीनगर और उस्मानाबाद का नाम बदलकर धाराशिव करने के महाराष्ट्र सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं बुधवार को खारिज कर दीं और कहा कि 'नाम में क्या रखा है?' मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय और न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर की खंडपीठ ने कहा कि याचिकाओं में दम नहीं है तथा राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में किसी हस्तक्षेप की जरूरत नहीं है। हाईकोर्ट की पीठ ने कहा कि हमें यह कहने में कोई हिचक नहीं है कि औरंगाबाद और उस्मानाबाद का नाम बदलने के लिए राज्य सरकार द्वारा जारी की गयी अधिसूचना में कुछ भी गैरकानूनी या कानूनी खामी नहीं है।

## सिब्बल सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद के लिए लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) के अध्यक्ष पद के लिए अपनी उम्मीदवारी की घोषणा की है। हार्वर्ड लॉ स्कूल से स्नातक सिब्बल 1989-90 के दौरान भारत के अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल थे। उन्हें 1983 में वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया था। पूर्व केंद्रीय मंत्री सिब्बल ने 1995 और 2002 के बीच तीन बार एससीबीए के अध्यक्ष के रूप में कार्य किया। एससीबीए के मानद सचिव रोहित पांडे ने कहा कि वरिष्ठ अधिवक्ता सिब्बल उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ताओं के इस निकाय के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

# लिव-इन पार्टनर से दुष्कर्म के आरोप से विवाहित व्यक्ति बरी

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

- दोषमुक्ति में एक अनुबंध व्यक्ति का मददगार साबित हुआ
- मध्य प्रदेश की जिला अदालत ने सुनाया फैसला

इंदौर की जिला अदालत ने 34 वर्षीय व्यक्ति को अपनी "लिव-इन" जोड़ीदार से दुष्कर्म, जबरन गर्भपात और जान से मारने की धमकी देने के आरोपों से बरी कर दिया है। अभियोजन पक्ष के एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। खास बात यह है कि दोषमुक्ति में एक अनुबंध इस विवाहित व्यक्ति का मददगार साबित हुआ जिसमें 29 वर्षीय महिला ने इस बात पर सहमति जताई थी कि वह सात दिन उसके साथ और सात दिन अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा।

अधिकारी ने बताया कि महिला



ने इस व्यक्ति के खिलाफ शहर के भंवरकुआं पुलिस थाने में 27 जुलाई 2021 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी कि उसने शादी का झांसा देकर उसके साथ बार-बार बलात्कार किया, जबरन गोलियां खिलाकर उसका गर्भपात कराया और उसे जान से मारने की धमकी भी दी। अपर सत्र न्यायाधीश जयदीप सिंह ने तथ्यों और सबूतों पर गौर करने के बाद इस व्यक्ति को भारतीय दंड विधान की धारा 376 (दो) (एन) (महिला से बार-बार बलात्कार), धारा 313 (स्त्री की सहमति के बिना उसका गर्भपात कराना) और धारा 506 (धमकाना) के आरोपों से 25 अप्रैल को बरी कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में रेखांकित किया कि प्राथमिकी दर्ज कराने वाली महिला ने इस व्यक्ति के साथ 15 जून 2021 को बाकायदा अनुबंध किया था जिसमें साफ लिखा गया था कि आरोपी पहले से शादीशुदा है और वह एक हफ्ते उसके साथ और एक हफ्ते अपनी पत्नी के साथ बारी-बारी से रहेगा। अनुबंध में यह भी लिखा गया था कि महिला और इस व्यक्ति के बीच पिछले दो साल से प्रेम संबंध हैं। अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस अनुबंध से स्पष्ट है कि "लिव-इन" संबंध (किसी जोड़े का बिना शादी के साथ रहना) में रहने के दौरान महिला और इस व्यक्ति ने आपसी सहमति से शारीरिक रिश्ते बनाए थे और यह शख्स पहले से शादीशुदा होने के कारण उसके साथ विवाह करने की स्थिति में नहीं था। अदालत ने इस व्यक्ति को आरोपों से बरी करते हुए कहा कि ऐसी स्थिति में इस व्यक्ति को बलात्कार और जबरन गर्भपात का दोषी नहीं ठहराया जा सकता है।

# भारतीय संस्कृति के लिए लिव-इन रिलेशनशिप एक कलंक: हाईकोर्ट

- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट की टिप्पणी मुस्लिम पति हिंदू महिला से जन्में बच्चे का मांग रहा था संरक्षण

बिलासपुर, एजेंसी

लिव-इन रिलेशनशिप पाश्चात्य सभ्यता भारतीय सिद्धांतों की अपेक्षाओं के विपरीत है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने बच्चे का संरक्षण से जुड़े हुए एक मामले को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की। साथ ही कोर्ट ने लिव-इन रिलेशनशिप को एक कलंक बताया है।

न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी और न्यायमूर्ति संजय एस अग्रवाल की खंडपीठ ने समाज के कुछ संप्रदायों में अपनाया जाने वाला लिव-इन रिलेशनशिप अभी भी भारतीय संस्कृति में एक कलंक है, क्योंकि यह भारतीय सिद्धांत की अपेक्षाओं के विपरीत एक पाश्चात्य सभ्यता है। खंडपीठ ने 30 अप्रैल को 36 वर्षीय महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में पैदा हुए बच्चे का संरक्षण की मांग करने वाले याचिकाकर्ता की अपील को खारिज कर दिया। दंतेवाड़ा जिले के अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह एक अलग धर्म की महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था और उसने एक बच्चे को जन्म दिया।

याचिकाकर्ता ने कहा, पिछले साल दिसंबर में दंतेवाड़ा की एक अदालत ने बच्चे के संरक्षण से जुड़ी उनकी याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके बाद उन्होंने बिलासपुर जिले में स्थित हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हाईकोर्ट के आदेशानुसार, अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने अपनी याचिका में कहा कि वह 2021 में मतांतरण के बिना शादी से पहले तीन साल तक महिला के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में था।

बकौल याचिका, 31 अगस्त, 2021 को उनके रिश्ते से एक बच्चे का जन्म हुआ और 10 अगस्त, 2023 को महिला और बच्चा गायब हो गया। उसी साल उन्होंने हेबस कॉर्पस पिटीशन दाखिल कर महिला को हाईकोर्ट के समक्ष पेश किए जाने की मांग की। महिला ने हाईकोर्ट को बताया था कि वह अपनी इच्छानुसार, अपने माता-पिता के साथ रह रही है। बाद में दंतेवाड़ा परिवार अदालत की ओर से बच्चे का संरक्षण नहीं दिए जाने के बाद अब्दुल हमीद सिद्दीकी ने हाईकोर्ट का रुख किया था।

## रिश्तों को मजबूत करने भारत आ रहे मालदीव के मंत्री

**माले।** मालदीव और भारत के रिश्तों को मजबूत बनाने की कोशिशों के तहत विदेश मंत्री मूसा जमीर अपने पहले भारत दौरे पर आ रहे हैं। इस दौरे का मकसद भारत के साथ दीर्घकालिक रिश्तों को और मजबूत बनाना है।

पहली द्विपक्षीय और आधिकारिक यात्रा पर भारत आ रहे मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर बुधवार को रवाना हुए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 8-10 मई तक अपने दौरे के दौरान विदेश मंत्री मूसा भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात करेंगे। दोनों नेताओं के बीच भारत और मालदीव की दीर्घकालिक साझेदारी को और गहरा और विस्तारित करने पर चर्चा होगी। मूसा की यात्रा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं।

# वादे पर खरा उतरा भारत, आतंकवाद रोकने को यूएन को दिए लाखों डॉलर

*वैश्विक स्तर पर आतंकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत ने संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म (सीटीटीएफ) में पांच लाख डॉलर का योगदान दिया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि राजदूत रुचिरा कंबोज ने सात मई को भारत आतंकवाद विरोधी संस्था के प्रयासों को बल देने के लिए संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में आधा मिलियन डॉलर का स्वैच्छिक योगदान संयुक्त राष्ट्र आतंकवाद निरोधक कार्यालय (यूएनओसीटी) के अवर महासचिव व्लादिमीर वोरोंकोव को सौंपा।*

### भारत आतंकवाद से निपटने के लिए तैयार

यूएन में रूचिकरा कंबोज ने कहा है कि भारत आतंकवाद के खतरे से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सदस्य देशों की क्षमता निर्माण में यूएनओसीटी द्वारा किए गए जनादेश और कार्यों को बहुत महत्व देता है। पांच लाख डॉलर का योगदान वैश्विक स्तर पर आतंकवाद से निपटने में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व में बहुपक्षीय प्रयासों का समर्थन करने के लिए भारत की अटूट प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है।



### वित्तीय समर्थन 25.5 लाख डॉलर हुआ

अफ्रीका में आतंकवाद के बढ़ते खतरे के मुद्दे को संबोधित करना पिछले कुछ वर्षों से भारत की आतंकवाद-विरोधी प्राथमिकताओं में से एक रहा है। 2018 से, भारत भी सक्रिय रूप से इस खतरे का मुकाबला करने वाले कार्यक्रमों का समर्थन कर रहा है। पांच लाख डॉलर के योगदान के साथ ही ट्रस्ट फंड में भारत का अब वित्तीय समर्थन 25 .5 लाख डॉलर हो गया है।

### आतंकियों की कमर तोड़ना मकसद

भारत यूएनओसीटी के वैश्विक कार्यक्रमों मुख्य रूप से आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला ( सीएफटी) और आतंकवाद यात्रा कार्यक्रम ( सीटीटीपी) का मुकाबला करने में मदद करेगा ।इसका उद्देश्य पूर्वी और दक्षिणी अफ्रीका के सदस्य देशों की क्षमता को बढ़ाना है ताकि वे आतंकवाद के वित्तपोषण के महत्वपूर्ण मुद्दों से निपट सकें और आतंकवादियों की आवाजाही एवं यात्रा को रोक सकें।

### करीब दो साल पहले किया था वादा

साल 2022 में अक्टूबर में विदेश मंत्री जयशंकर ने यूएन की आतंकवाद-रोधी समिति को संबोधित किया था। तब उन्होंने कहा था कि वैश्विक स्तर पर आंतकवाद का खतरा बढ़ता जा रहा है। साथ ही वादा किया था कि आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए भारत संयुक्त राष्ट्र ट्रस्ट फंड फॉर काउंटर टेररिज्म में 500,000 डॉलर का योगदान देंगे।

## एक नजर

### हैदराबाद में बारिश के कारण ढही दीवार, सात लोगों की मौत

**हैदराबाद।** हैदराबाद के बाचूपल्ली इलाके में भारी बारिश के कारण एक निर्माणाधीन भवन की दीवार गिरने से चार साल के एक बच्चे समेत सात लोगों की मौत हो गई। बाचूपल्ली पुलिस के अनुसार घटना मंगलवार रात की है और इसमें मारे गए लोग ओडिशा तथा छत्तीसगढ़ के रहने वाले प्रवासी श्रमिक थे। बुधवार सुबह खुदाई करने वाली मशीन की मदद से मलबे से उनके शव निकाले गए। हैदराबाद और तेलंगाना के अनेक हिस्सों में मंगलवार को भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। शहर में कई जगहों पर जलभराव की वजह से यातायात अवरुद्ध रहा।

### किशोर ने वीडियो बनाने को महिला शौचालय में रखा कैमरा, गिरफ्तार

**मंगलुरु (कर्नाटक)।** मंगलुरु के कस्तूरबा मेडिकल कॉलेज के महिला शौचालय के अंदर कैमरे वाला एक मोबाइल रखने के आरोप में 17 साल के किशोर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि मामले की जानकारी तब मिली जब मोबाईल फोन की घंटी बजी और सुरक्षा कर्मी ने शौचालय से फोन बरामद किया। कॉलेज प्रशासन ने फोन पुलिस को सौंप दिया जिसके बाद फोन पर उपलब्ध विवरण के आधार पर नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। बताया जाता है कि आरोपी खुद को मरीज बता कर कॉलेज आया था। गिरफ्तारी के बाद किशोर को न्याय बोर्ड में पेश किया।

### जालंधर में मादक पदार्थ तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, 3 गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब के जालंधर में पुलिस ने बुधवार को ड्रग तस्करों के एक गिरोह का भंडाफोड़ कर तीन तस्करों को हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने कहा अवैध शराब, हथियारों और हेरोइन, टेबलेट जैसी दवाओं की तस्करी में शामिल एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के नेटवर्क को प्रभावी ढंग से नष्ट कर दिया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि गिरफ्तार किए तस्करों में वरिंदर कुमार, जतिंदर कुमार और रोहित कुमार, सभी भारगो कैंप के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके पास से हेरोइन भी बरामद की है।

### मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन का कैडर बाइक समेत गिरफ्तार

**इंफाल।** मणिपुर की राजधानी में प्रतिबंधित संगठन नेशनल रिवोल्यूशनरी फ्रंट ऑफ मणिपुर के एक कैडर को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने एक बयान में बताया कि प्रतिबंधित संगठन का सक्रिय सदस्य हेइसनम जेम्स सिंह जबरन वसूली में शामिल था और उसे मंगलवार को क्षेत्रीय आयुर्विज्ञान संस्थान के पास से गिरफ्तार कर, बाइक भी जब्त की है। पुलिस ने बताया कि जातीय हिंसाग्रस्त मणिपुर में पहाड़ी और घाटी जिलों के सीमांत और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों द्वारा तलाशी अभियान जारी है।

# कनाडा में खतरे की सीमा लांघ रहे सिख अलगाववादी, उच्चायुक्त ने दी नसीहत

## संजय बोले-दोनों देशों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से जारी है बातचीत

ओटावा, एजेंसी

भारत और कनाडा में खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर तनाव बना हुआ है। इस बीच, कनाडा में भारत के उच्चायुक्त संजय कुमार वर्मा ने दोनों देशों के बीच संबंधों को दशकों पुराने मुद्दों के रूप में वर्णित किया है जो दुर्भाग्यपूर्ण अपराधों और कनाडा की भूमि से उत्पन्न खतरों के साथ फिर से उभर आए हैं। मांट्रियल में मंगलवार को एक कार्यक्रम में भारतीय राजदूत ने कहा कि भारत में क्या होगा यह निर्णय भारतीय करेंगे न कि विदेशी इसका फैसला करेंगे।

संजय ने कहा, 'दोनों देशों की सरकारों के बीच कूटनीतिक माध्यमों से बातचीत चल रही है। दोनों पक्षों की परेशानियों के समाधान खोजने की कोशिश हो रही है। जिस तरह से बातचीत चल रही है, मुझे लगता है कि दोनों पक्षों के मुद्दे हल हो जाएंगे। मेरी चिंता राष्ट्रीय सुरक्षा और कनाडा से उभर रहे खतरे हैं। अधिकतर सिख अलगाववादी खतरे की सीमा पार कर रहे हैं। उन्होंने कहा- हम किसी भी दिन बात करने के लिए तैयार हैं और हम ऐसा कर रहे हैं। हम इस मुद्दे को सुलझाने की कोशिश कर रहे हैं। भारतीय उच्चायुक्त ने दोनों देशों के बीच वर्तमान संबंधों पर कहा, यदि विदेशों में रहने वाले भारतीय भारत के भाग्य का फैसला करना चाहते हैं, तो बेहतर होगा कि वापस जाएं और चुनाव प्रक्रिया में भाग लें। हर पांच साल में भारत में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव होते हैं। इसी तरह भारत के राज्यों में भी चुनाव होता है। उन्होंने कहा,जब हम द्विपक्षीय संबंधों में दो देशों को रणनीतिक साझेदार और मित्र कहते हैं तो हम उम्मीद करते हैं कि दोनों देश एक-दूसरे के दृष्टिकोण को समझें। दुर्भाग्य से कुछ मुद्दे रहे हैं और यह कोई नई बात नहीं है। दशकों पुराने मुद्दे फिर से उठे हैं। दुर्भाग्यपूर्ण यह है कि अपराध करने वाले वह कनाडाई नागरिक हैं, जो भारत से संबंध रखते हैं। राजदूत ने कहा कि भारत में दोहरी नागरिकता नहीं है। अगर किसी भारतीय को कनाडा की नागरिकता दी जाती है तो साफ है कि वह एक विदेशी है। इसलिए अगर कोई कनाडा का नागरिक या किसी अन्य देश का नागरिक बन जाता है, तो वह भारतीय नागरिक नहीं है।

### तीन भारतीय आरोपी कनाडा की अदालत में पेश



खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के मामले में आरोपी तीन भारतीय नागरिक पहली बार वीडियो के जरिए मंगलवार को कनाडा की एक अदालत के सामने पेश हुए। इन आरोपियों को पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया था और उन पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। मीडिया के मुताबिक, आरोपी करण बराड़ (22 वर्षीय), कमलप्रीत सिंह (22 वर्षीय) और करनप्रीत सिंह (28 वर्षीय) कथित हिट स्क्वॉड के सदस्य हैं और ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में सरे प्रांतीय अदालत के सामने पेश हुए। तीनों अंग्रेजी में चली अदालती कार्यवाई की सुनावई के लिए सहमत हुए और उनमें से प्रत्येक ने सिर हिलाकर जवाब दिया कि वे निज्जर की हत्या की साजिश रचने के आरोपों को समझते हैं। आरोप के मुताबिक, एक मई 2023 से निज्जर की हत्या की तारीख के बीच सरे और एडमोंटन दोनों साजिश रची गई। हत्यारों ने पिछले पांच वर्षों में कनाडा में प्रवेश किया और उन पर नशीले पदार्थों तस्करी और हिंसा में शामिल होने का शक था।

# भारत की वैश्विक धाक पर गर्व करते हैं भारतवंशी

- प्रवासी समूह के प्रमुख बोले अमेरिका में रहने वाले भारतीय भी चाहते हैं कि पीएम मोदी ही जीतें

वाशिंगटन, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अमेरिका में रहने वाले भारतीय पसंद करते हैं, अमेरिका की आर्थिक वृद्धि में भारतीयों का बड़ा योगदान है। भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेटिक फंडाराइजर अजय जैन भटूरिया ने यह कहा कि सरकार की नीतियों से देश तरक्की कर रहा है।

अमेरिका में रहने वाले भारतीयों को लेकर भारतीय अमेरिकी अजय ने मोदी सरकार की तारीफों के पुल बांधते हुए कहा है कि, अमेरिका में रहने वाले अधिकांश भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरा कार्यकाल चाहते हैं। उन्होंने कहा कि वे गर्व महसूस करते हैं, जब भारत पूरे विश्व में चमकता है, यही हर भारतीय चाहता है, इसलिए अधिकांश भारतीय देश पर पीएम मोदी की वापसी चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय संयुक्त राज्य अमेरिका की गहरी आर्थिक वृद्धि का हिस्सा हैं, वे आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं, भारत लगातार तरक्की कर रहा है। भारत लगभग छह से सात फीसदी की तेज गति से आर्थिक विकास कर रहा है। आंकड़ों की मानें तो इस साल के अंत तक यह जापान को पछाड़कर चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। 2027 तक भारत अमेरिका और चीन के बाद तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाए। भटुरिया ने कहा कि सरकार की नीतियां भारत को बदल रही हैं, वाणिज्य, छोटे व्यवसाय और बड़े व्यवसाय, रेलवे विकास, सड़क सबके बुनियादी ढांचे में बउनसच किया जा रहा है। जो कि सकारात्मक परिणाम दे रहे हैं।

उन्होंने कहा कि इस विकास को जारी रखने के लिए जरूरी है कि प्रधानमंत्री मोदी और उनकी टीम को फिर से चुना जाना चाहिए।

### ऑस्ट्रेलिया: जिम में महिला पर चाकू से हमला, घायल

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में सिडनी में एक जिम में एक व्यक्ति ने महिला पर चाकू से हमला कर दिया। आनन-फानन में घायल को अस्पताल में भर्ती कराया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने बताया है कि, घायल महिला को स्थिर हालत में है और उसे रॉयल प्रिंस अल्फ्रेड अस्पताल ले भर्ती किया गया है। जानकारी के मुताबिक आरोपी और पीड़ित दोनों ही एक-दूसरे को जानते हैं। पुलिस ने बताया है घटना की जांच शुरू कर दी है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

### चीनी कर्मियों की मौत के आरोपों पर पाक को फटकार

इस्लामाबाद। अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने बुधवार को पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया, जिसमें पाकिस्तानी सेना ने आरोप लगाया था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी। अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के इस बयान को गैरजिम्मेदाराना करार देते हुए वास्तविकता से दूर बताया। मालूम हो कि पाकिस्तानी सेना ने मंगलवार को कहा था कि चीनी इंजीनियरों पर किए गए आत्मघाती हमले की योजना पड़ोसी देश अफगानिस्तान में बनाई गई थी और आत्मघाती हमलावर भी अफगान नागरिक था। वहीं, पाकिस्तानी सेना के इस बयान पर तालिबान के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इनायतुल्ला खवाराजमी ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं के लिए अफगानिस्तान को दोषी ठहराना मामले की सच्चाई से ध्यान भटकाने का एक असफल प्रयास है और हम इसे दृढ़ता से खारिज करते हैं। उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तानी सेना के कड़े सुरक्षा घेरे वाले खैबर पख्तूनख्वा में चीनी नागरिकों पर हमला पाकिस्तान की सुरक्षा एजेंसियों की कमजोरी को दिखाता है। प्रवक्ता ने आगे कहा कि उनके देश ने चीन को आश्वासन दिया है कि पाकिस्तान में हुए चीनी नागरिकों पर हमले में अफगानिस्तान का कोई हाथ नहीं है।

## हाय गर्मी...



आगरा : दुनिया की बेपनाह खूबसूरत स्मारकों में शुमार ताजमहल के दीदार के लिए भीषण गर्मी में भी पर्यटक पहुंच रहे हैं। तपिश में सैलानियों ने साथ लेकर आए पानी की बोतल से कंठ की प्यास बुझाई। बुधवार को ताजनगरी का अधिकतम तापमान 40 डिग्री दर्ज किया गया। ● एजेंसी

# निजी पक्षों के अनुबंध बिना कारण रद नहीं

- कलकत्ता हाईकोर्ट के खिलाफ दायर अपील पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी फैसला रखा सुरक्षित

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने निजी कंपनी या पार्टी से जुड़े अनुबंध को रद करने के मामले में अहम टिप्पणी की है। सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली तीन जजों की पीठ ने कहा कि निजी पक्षों के अनुबंध कारण बताए बिना रद नहीं किए जाने चाहिए।

कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ दायर अपील पर सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने सवाल किया कि बिना कोई कारण बताए किसी अनुबंध को कैसे समाप्त किया जा सकता है? इस टिप्पणी के साथ अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, एक निजी पार्टी अनुबंध हासिल करने के बाद रिटर्न पाने की आशा के साथ निवेश करता है। चीफ जस्टिस ने कहा कि निवेश के बाद रिटर्न की आशा करना भी उचित है। अनुबंध रद करने के मामले में शीर्ष अदालत की जिस तीन जजों की पीठ में सुनवाई हो रही है, इसमें चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ के अलावा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा भी शामिल हैं। मामले से जुड़े तथ्यों का जिक्र करते हुए सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हाईकोर्ट के आदेश में अनुबंध रद करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सभी पक्षकारों की दलीलों को सुनने के बाद सीजेआई ने कहा, सुप्रीम कोर्ट इस मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख रही है। गौरतलब है कि कलकत्ता उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने 25 मई, 2023 को पारित आदेश में एकल न्यायाधीश का फैसला बरकरार रखा था। हाईकोर्ट ने सुबोध कुमार सिंह राठौड़ के फर्म को आवंटित अनुबंध को रद करने की मंजूरी दी थी। कंपनी को कोलकाता में ईस्टर्न मेट्रोपॉलिटन बाईपास पर दो अंडरपास के रखरखाव का ठेका मिला था। 10 साल के लिए दिए गए इस अनुबंध के हिस्से के रूप में, सुबोध सिंह की फर्म को अंडरपास के अंदर और ऊपर दोनों जगहों पर विज्ञापन लगाने की अनुमति भी मिली थी। इसके लिए उसे कुछ निर्माण करने की जरूरत थी।



## एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने महासंघ की पॉश नीति को दी मंजूरी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अपनी कार्यकारी समिति के सदस्य दीपक शर्मा के खिलाफ शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों से आहत अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने बुधवार को एआईएफएफ यौन उत्पीड़न रोकथाम (पॉश) नीति को मंजूरी दी और उसे तत्काल प्रभाव से लागू करने का फैसला किया। राष्ट्रीय महासंघ ने बयान में कहा कि एआईएफएफ कार्यकारी समिति ने इस मामले में गहन विचार विमर्श करने के बाद यह फैसला किया।

एआईएफएफ पॉश नीति का उद्देश्य फुटबॉल समुदाय के अंदर सुरक्षित और समावेशी वातावरण सुनिश्चित करना है। यह पॉश अधिनियम 2013 पर आधारित है और इसे एआईएफएफ की कानूनी टीम ने अच्छी तरह से जांचा परखा है। यह फैसला शर्मा पर लगाए गए शारीरिक उत्पीड़न के आरोपों के कुछ सप्ताह बाद आया है। शर्मा कार्यकारी समिति के सदस्य हैं और हिमाचल प्रदेश के एक फुटबॉल क्लब खाद एचसी के मालिक हैं। उन पर दो महिला फुटबॉल खिलाड़ियों ने शारीरिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया था। इसके बाद गोवा पुलिस ने शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था और बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया था। एक अन्य मामले में एआईएफएफ में महिला कर्मचारी ने पुरुष सहकर्मी के खिलाफ भी मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी।

**विज्ञान** अंतरिक्ष में संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा को लेकर वैज्ञानिक चिंतित

# पृथ्वी के मौसम के लिए बृहस्पति के पर्यावरण को समझना होगा

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** अंतरिक्ष मौसम का पूर्वानुमान वर्तमान की नितांत जरूरत है। इस कमी को दूर करने के लिए बृहस्पति ग्रह के अंतरिक्ष पर्यावरण को समझना होगा। अंतरिक्ष से पृथ्वी की संचार व्यवस्था को संचालित करने वाले सैटेलाइट प्रणाली की सुरक्षा के लिए अंतरिक्ष मौसम की जानकारी को लेकर वैज्ञानिक बेहद चिंतित हैं।

संचार उपग्रहों का एक बड़ा जाल पृथ्वी के चारों ओर बिछा हुआ है। जिसके माध्यम से टेलीविजन, मोबाइल फोन व इंटरनेट समेत तमाम संचार व्यवस्था संचालित होती है। हमारे द्वारा अंतरिक्ष में स्थापित किए गए कृत्रिम उपग्रहों के ऊपर बड़ा खतरा अंतरिक्ष मौसम का रहता है। सूरज से आने वाले सौर तूफान पलक झपकते ही इन्हें नष्ट कर सकते हैं। इतना ही नही पृथ्वी पर मौजूदा इलेक्ट्रॉनिक व इलेक्ट्रिकल व्यवस्था को भी भारी नुकसान पहुचा सकते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि आम तौर पर सौर तूफान सूर्य के कोरोनल द्रव्यमान निष्कासन से जुड़े होते हैं, जो चुंबकीय उतार-चढ़ाव और बिजली ग्रिड, पाइपलाइनों और संचार प्रणालियों में भारी नुकसान पहुचा सकते हैं। लिहाजा हमें सूर्य से आने वाले सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी है।

जिसे समझने के लिए बृहस्पति के मौसम को समझना होगा, जो पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम को आसानी से समझा सकता है। इस संदर्भ में अलास्का फेयरबैंक्स विश्वविद्यालय व यूएएफ जियोफिजिकल इंस्टीट्यूट और यूएएफ कॉलेज ऑफ नेचुरल साइंस एंड मैथमेटिक्स के वैज्ञानिकों ने सामुहिक शोध किया है। शोध में कहा गया है कि हम बृहस्पति की तरह पृथ्वी के मैग्नेटोस्फीयर (ऊपरी वातावरण) को नियंत्रित करने वाले मौलिक भौतिकी को बेहतर ढंग से समझ सकते हैं और पृथ्वी के अंतरिक्ष मौसम पूर्वानुमान में सुधार ला सकते हैं।



बृहस्पति ग्रह का वातावरण।

### अंतरिक्ष के मौसम को समझना जरूरी

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व सौर वैज्ञानिक डा वहाबउद्दीन के अनुसार अंतरिक्ष मौसम का प्रभाव पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों में आम बात है। वर्तमान में हजारों सैटेलाइट पृथ्वी के चारों ओर बिखरे हुए हैं। सूर्य से सौर तूफानों के साथ आने वाले उच्च ऊर्जावान कण सैटेलाइट को ध्वस्त कर सकते हैं। जिस कारण वर्तमान में सौर तूफानों का सटीक पूर्वानुमान बेहद जरूरी हो गया है। समय रहते हमें इस दिशा में तेजी से काम करना होगा, तभी भविष्य में सैटेलाइट सुरक्षित रह सकते हैं।

## सिंगापुर में एफ-16 लड़ाकू विमान क्रैश पायलट सुरक्षित

**सिंगापुर।** सिंगापुर वायुसेना का एफ-16 लड़ाकू विमान सैन्य हवाई अड्डे पर उड़ान भरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। रक्षा मंत्रालय ने कहा कि विमान तेंगाह वायु सेना अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त होने से पहले पायलट सफलतापूर्वक बाहर निकला और चिकित्सा सहायता दी जा रही है। किसी अन्य कर्मी को चोट नहीं आई है।

मंत्रालय ने कहा कि मामले में जांच जारी है। बता दें, सिंगापुर 30 से अधिक वर्षों से एफ-16 लड़ाकू विमानों का संचालन कर रहा है। मई 2004 में, अमेरिकी राज्य एरिजोना में एक रात्रि प्रशिक्षण मिशन के दौरान एक आरएसएएफ एफ-16सी विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था जिसमें 25 वर्षीय सिंगापुरी पायलट की मौत हो गई थी। जांच बोर्ड ने निष्कर्ष निकाला कि यह घटना मानवीय कारण से हुई थी।

# राफा पर कब्जे के बाद बमबारी, 20 की मौत

- काहिरा में बातचीत के बीच इजराइल ने रिहायशी घरों पर किए हवाई हमले

राफा, एजेंसी

राफा पर कब्जा करने के महज कुछ घंटों के अंदर इजराइल ने हवाई हमले शुरू कर दिए है। हवाई हमलों के साथ ही इजराइल के टैंक भी राफा में घुस गए हैं। 3 अलग-अलग हवाई हमलों में 20 लोगों की जान चली गई।

ये हमले रिहायशी घरों के ऊपर किए गए थे। हालांकि इजराइल का कहना है कि उसने हमास के आतंकी ठिकानों पर हमले किए हैं। इजराइल ने कहा कि इस सीमित कार्रवाई में मिस्र के साथ सीमा पार करने वाले गाजा बॉर्डर को उसने अपने नियंत्रण में ले लिया है। उसने राफा में भी सुरंगे मिलने का दावा किया है। मिस्र के विदेश मंत्रालय ने कहा गाजा और मिस्र के क्रॉसिंग बार्डर पर इजराइल के नियंत्रण सेदूसरी ओर, हमास के सीज फायर समझौते के लिए तैयार होने के बाद इजराइल मिस्र की राजधानी काहिरा में इसी हफ्ते एक डेलिगेशन भेज रहा है। हमास का डेलिगेशन भी पहुंच चुका है। कतर और मिस्र की मध्यस्थता में यह समझौता होगा। लेकिन इसी बीच समझौते की हमास की शर्तों के खिलाफ तेल अवीव और येरूशलम में इजराइलियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सड़कों पर धरना देकर गाजा को मानवीय सहायता के लिए जाने वाले ट्रकों को भी रोक दिया। इजराइली अधिकारियों ने कहा- हमास की शर्तें हमें स्वीकार नहीं।



न्यूयॉर्क में फिलिस्तीनी प्रदर्शनकारी महिला को गिरफ्तार करती पुलिस।

### 33 बंधक छोड़ेगा हमास, मृतकों के अवशेष देगा

हमास ने पहले चरण में 33 बंधकों को छोड़ने की बात कही है। जिनमें ज्यादातर बुजुर्ग, महिलाएं, घायल या बीमार लोग हंगि। वहीं जिनकी मौत हो चुकी है हमास उनके अवशेष इजराइल को सौंपेगा। माना जा रहा है कि हमास ने 7 अक्टूबर को किए हमले में 100 से ज्यादा इजराइलियों को बंधक बना रखा है। लेकिन यह साफ नहीं है कि उनमें से कितने जीवित बचे हैं। इससे 6 हफ्ते का सीजफायर होगा।